ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष पंचमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 11 जून 2024
वर्ष 2, अंक 291, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर नगर
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

विश्वकप में जीत को जरूरी हैं बुमराह 15
कल्कि से दीपिका पादुकोण का नया पोस्टर रिलीज 16

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार के
समर ऑफर मात्र ₹4 में प्रतिदिन
यह ऑफर केवल कानपुर के पाठकों के लिए
फोन: 0512- 2548300

एक नजर

डूंगरपुर मामले में आजम समेत छह आरोपी बरी

रामपुर। सपा नेता आजम खां से जुड़े डूंगरपुर के एक और मामले में एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने सभी छह आरोपियों को शुक्रवार को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। आजम के खिलाफ 2019 में डूंगरपुर बस्ती के लोगों ने बस्ती को खाली कराने के नाम पर लूटपाट, छेड़खानी समेत कई धाराओं में गंज थाने में मुकदमे दर्ज कराए थे। साक्ष्य के अभाव में कोर्ट ने आजम, उनके करीबी फसाहत अली खां शानू, इमरान, इकराम, शावेज खां, बरकत अली समेत सभी आरोपियों को बरी कर दिया।

प्रज्वल को न्यायिक हिरासत में भेजा

बेंगलुरु। जनता दल (सेक्युलर) के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना को बेंगलुरु शहर की एक विशेष अदालत ने उनके खिलाफ तीन यौन उत्पीड़न मामलों के पहले मामले में उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है।

मिलेगी किसान निधि की 17वीं किस्त, बनेंगे 3 करोड़ आवास

मोदी ने कहा-सरकार किसान कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध

नई दिल्ली, एजेंसी

लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को सबसे पहले जिस फाइल पर हस्ताक्षर किया, वह पीएम किसान निधि की 17वीं किस्त जारी करने से संबंधित है। अधिकारियों के मुताबिक प्रधानमंत्री ने कहा कि नई सरकार का पहला फैसला किसानों के कल्याण के लिए उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है और आने वाले समय में सरकार किसानों और कृषि क्षेत्र के लिए और भी अधिक काम करते रहना चाहती है। वहीं, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अपनी पहली बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में तीन करोड़ आवास निर्मित करने का निर्णय लिया है।

पीएम किसान निधि की 17वीं किस्त से 9.3 करोड़ किसानों को लाभ होगा और इसके तहत लगभग 20,000 करोड़ रुपये वितरित किए जाएंगे। अधिकारियों के मुताबिक फाइल पर हस्ताक्षर करने के बाद मोदी ने कहा कि हमारी सरकार किसान कल्याण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

तीसरे कार्यकाल में मोदी का पहला कदम

केंद्र सरकार की इस योजना के तहत साल में तीन बार दो-दो हजार रुपये की किस्तों के माध्यम से कुल मिलाकर 6,000 रुपये किसानों को दिए जाते हैं। इस योजना के तहत, हर चार महीने में एक बार पैसे हस्तांतरित किए जाते हैं।

वहीं, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अपनी पहली बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में तीन करोड़ आवास निर्मित करने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सोमवार को यहां हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की पहली बैठक में इस आशय के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना 2015-16 में आरंभ की गई थी और इसके अंतर्गत 4.21 करोड़ आवास निर्मित हो चुके हैं। इस योजना के अंतर्गत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जनता को अपना आवास निर्मित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

किसानों को संबल देगा पीएम का फैसला : योगी

लखनऊ। किसानों के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के पहले फैसले का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वागत किया है। योगी ने सोमवार को अपने एक्स हैंडल पर लिखा, तीसरे कार्यकाल के प्रथम दिवस का प्रथम निर्णय किसान कल्याण को समर्पित। प्रधानमंत्री ने किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त की फाइल पर हस्ताक्षर कर दिए हैं।

निरंतरता का संकेत : मोदी सरकार के प्रमुख मंत्रियों के विभाग बरकरार

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने निरंतरता का संकेत देते हुए सोमवार को अपनी नई सरकार में चार अहम मंत्रालयों - गृह, रक्षा, वित्त और विदेश - का प्रभार एक बार फिर क्रमशः अमित शाह, राजनाथ सिंह, निर्मला सीतारमण और एस. जयशंकर को सौंपा है। इन विभागों के प्रभारी चार मंत्री मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति (सीसीएस) के सदस्य होते हैं, जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री करते हैं। केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल नए चेहरों में मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को कृषि और ग्रामीण विकास मंत्रालय मिला है, जबकि भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा स्वास्थ्य मंत्रालय में लौट आए हैं।

देश भर में राजमार्ग नेटवर्क को बढ़ावा देने का श्रेय पाने वाले नितिन गडकरी ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय का प्रभार बरकरार रखा है। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को आवास एवं शहरी मामले तथा ऊर्जा मंत्रालय दिए गए हैं। अश्विनी वैष्णव को रेलवे, इलेक्ट्रॉनिक्स, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालयों का प्रभार था। उन्हें इस बार इन विभागों के साथ सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भी दिया गया है। धर्मेन्द्र प्रधान और पीयूष गोयल क्रमशः शिक्षा और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय का प्रभार संभालते रहेंगे। हरदीप सिंह पुरी के पास पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय बरकरार रखा है।

- 4 अहम मंत्रालयों - गृह, रक्षा, वित्त और विदेश - का प्रभार एक बार फिर क्रमशः अमित शाह, राजनाथ सिंह, निर्मला सीतारमण और जयशंकर को सौंपा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मोदी की सलाह के अनुसार प्रधानमंत्री समेत केंद्रीय मंत्रिपरिषद के 72 सदस्यों को विभागों का आवंटन करने का निर्देश दिया। किरेन रीजीजू संसदीय कार्य मंत्रालय देखेंगे, जबकि अर्जुन राम मेघवाल कानून मंत्री बने रहेंगे। सर्बानंद सोनोवाल को पोत-परिवहन विभाग, भूपेंद्र यादव को पर्यावरण मंत्रालय दिया गया। जनता दल (सेक्युलर) के एच डी कुमारस्वामी भारी उद्योग और इस्पात मंत्रालय, जबकि जीतन राम मांझी (हम-सेक्युलर) सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, जद(यू) के ललन सिंह पंचायती राज, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय की जिम्मेदारी संभालेंगे। तेलुगु देशम पार्टी के के. राममोहन नायडू को नागर विमानन मंत्रालय और लोजपा (रामविलास) नेता चिराग पासवान को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय दिया गया है। भाजपा नेता सी.आर. पाटिल जल शक्ति और गजेंद्र सिंह शेखावत संस्कृति और पर्यटन मंत्री होंगे। अमित शाह ने सहकारिता मंत्रालय भी अपने पास रखा है, जबकि सीतारमण कॉरपोरेट मामले भी देखेंगी। वीरेंद्र कुमार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री, जबकि जुएल ओरांव जनजातीय मामलों के नए मंत्री हैं। प्रहलाद जोशी को उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय का प्रभारी बनाया गया है। जी. किशन रेड्डी को कोयला एवं खान मंत्रालय ,गिरिराज सिंह को कपड़ा मंत्रालय में भेजा गया है। ज्योतिरादित्य सिंधिया को संचार और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय दिया गया है। अन्नपूर्णा देवी महिला एवं बाल विकास मंत्री होंगी।

पांच दिन तपेंगे उप्र समेत कई राज्य

नई दिल्ली, एजेंसी

उत्तर-पश्चिम और पूर्वी भारत में भीषण गर्मी का एक और दौर शुरू हो गया है और अगले पांच दिन के दौरान तापमान दो से तीन डिग्री सेल्सियस बढ़ने का अनुमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को यह जानकारी दी। देश में अप्रैल और मई महीने में कई दिन तक भीषण गर्मी पड़ी थी और लू चली थी। आईएमडी ने एक बयान में कहा कि अगले पांच दिन के दौरान उत्तर-पश्चिम और पूर्वी भारत में भीषण गर्मी पड़ने का अनुमान है। बयान में कहा गया है कि जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, उप्र, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल व गंगा के मैदानी इलाकों में भीषण गर्मी पड़ने के आसार हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यह अत्यधिक गर्मी प्राकृतिक रूप से घटित होने वाली अल नीनो घटना तथा वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैसों की तेजी से बढ़ती सांद्रता का परिणाम है। अल नीनो के दौरान मध्य और पूर्वी उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर में समुद्री सतह असामान्य रूप से गर्म हो जाती है।

गर्मी का एक और दौर

- तापमान में होगी दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि

ओबरा सी की इकाई फिर ठप, बिजली संकट गहराया

लखनऊ। भीषण गर्मी के चलते प्रदेश के बिजलीघरों में उत्पादन इकाइयों के बंद होने का सिलसिला लगातार जारी है। सोमवार को ओबरा सी की 660 मेगावाट क्षमता की इकाई फिर ठप हो गई। इससे प्रदेश में बिजली संकट गहरा गया। प्रदेश में अधिकतम बिजली मांग 29,038 मेगावाट दर्ज हुई। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार पिछले दिनों ओबरा सी की 660 मेगावाट क्षमता की इकाई ठप हुई थी। जैसे-तैसे चालू किया गया, पर सोमवार की सुबह यह इकाई फिर ठप हो गई, जिससे बिजली संकट गहरा गया है।

भाजपा नेता अमित मालवीय पर यौन शोषण के आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय पर यौन शोषण का आरोप लगाया गया है। मामले में कांग्रेस ने भाजपा से सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। कांग्रेस ने कहा है कि मालवीय पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के एक नेता ने दुष्कर्म का आरोप लगाया है, ऐसे में भाजपा को उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई करते हुए मामले की जांच करानी चाहिए।

कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा आईटी सेल प्रमुख पर आरएसएस के एक बड़े नेता ने यौन शोषण के गंभीर आरोप लगाए हैं। अमित मालवीय पर कठोर कार्रवाई और आरोपों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने मालवीय को प्रचार-प्रसार प्रमुख के पद से भी हटाने की मांग की। श्रीनेत ने कहा कि मालवीय की दरिंदगी को बेनक़ाब करने वाले शान्तनु सिन्हा पश्चिम बंगाल के भाजपा नेता राहुल सिन्हा के भाई हैं।

- कांग्रेस ने की भाजपा से सख्त कार्रवाई और जांच कराने की मांग

जम्मू-कश्मीर बस हमला

आतंकियों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान शुरू

किशोर कुमार, जम्मू

अमृत विचार : वैष्णो देवी जा रही तीर्थयात्रियों की बस पर आतंकी हमले की जांच एनआईए ने शुरू कर दी है। रविवार शाम हमले के दौरान बस खाई में जा गिरी थी। इस हमले में 9 लोगों की मौत हो गई और 40 से ज्यादा घायल हैं। मृतकों में दो और घायलों में 34 उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। बस पर की गई अंधाधुंध फायरिंग में 12 लोगों से ज्यादा को आतंकियों की गोलियां लगीं। गोली लगने से चालक समेत चार लोगों की मौके पर ही मौत हुई, जबकि गोली लगने से घायल 9 लोग जम्मू मेडिकल कालेज में भर्ती हैं। उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने मेडिकल कालेज का दौरा किया और मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता के लिए 10-10 लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने कहा आतंकियों की तलाश की जा रही है, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

सुरक्षा बल आतंकियों की तलाश में जंगल छान रहे हैं। ड्रोन की मदद ली जा रही हैं। एनआईए की टीम जिला रियासी पहुंच गई है। फोरेंसिक टीम ने भी नमूने लिए हैं। उधमपुर रियासी रेंज के डीआइजी रईस मौहम्मद भट ने बताया आतंकी हमले के संबंध में कुछ सुराग मिले हैं, उसके बाद 11 टीमें बनाकर तलाशी शुरू कर दी है। सुरक्षाबलों को सुराग मिला है कि हमले को चार आंतकियों ने अंजाम दिया और हमले के बाद जंगल में भाग गये। आतंकियों ने सोची समझी साजिश के बस के सामने आकर फायरिंग। ड्राइवर की गोली लगने से मौत हो गई और बस खाई में जा गिरी। हमले के दौरान दो आतंकी बस पर गोलियां बरसा रहे थे और दो अन्य उनको कवर कर रहे थे। हमले के बाद क्षेत्र में अलर्ट कर दिया गया है। वैष्णो देवी धाम और अमरनाथ धाम की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

- वैष्णोदेवी धाम जा रही तीर्थ यात्रियों से भरी बस पर आतंकवादियों ने किया था हमला
- चार आतंकियों ने दिया हमले को अंजाम, सुरक्षा बल और एनआईए की टीम तलाशी में जुटी



जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में सोमवार को तीर्थयात्रियों की बस पर हुए आतंकी हमले के बाद तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाकर्मियों के साथ जम्मू जोन के एडीजी आनंद जैन। ● एजेंसी

मृतकों में तीन लोग उत्तर प्रदेश के रहने वाले

मृतकों में रियासी निवासी चालक विजय, परिचालक अर्जुन, जिला बलरामपुर (उत्तर प्रदेश) के निवासी अनुराग वर्मा, रूबी, सौरभ गुप्ता, राजस्थान निवासी टीटू, ममता, राजेंद्र प्रसाद, पूजा शामिल हैं। इसके अलावा 9 लोग गोली लगने से घायल हुए हैं। बस के खाई में गिरने के कारण 31 अन्य घायल हैं। गंभीर घायलों को जम्मू मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है।

सात राज्यों की 13 विस सीटों पर उपचुनाव की घोषणा

नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने सोमवार को सात राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी। 10 जुलाई को मतदान और मतगणना 13 जुलाई को होगी। जिन सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं उनमें रूपौली (बिहार), रायगंज, राणाघाट दक्षिण, बागदा और मानिकतला (प. बंगाल), विक्रवंडी (तमिलनाडु), अमरवाड़ा (मप्र), बद्रीनाथ और मंगलौर (उत्तराखंड), जालंधर पश्चिम (पंजाब) और देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ (हिमाचल प्रदेश) शामिल हैं। चुनाव की अधिसूचना 14 जून को जारी की जाएगी।

घाघरा नदी में एक ही परिवार के पांच लोग डूबे, चार की मौत

संवाददाता लखीमपुर खीरी/निघासन

अमृत विचार : जिले में सोमवार की सुबह बड़ा हादसा हो गया। पढुआ क्षेत्र के गांव बोकरिहा के निकट घाघरा नदी पर रील बनाते समय पैर फिसलने से दस साल का कान्हा नदी में गिर गया। उसे बचाने में एक-एक कर परिवार के चार सदस्य डूब गए। गोताखोरों ने पांचों को बाहर निकाला, जिनमें चार को मृत घोषित कर दिया गया। मृतकों में एक युवक, दो महिलाएं और एक बच्चा शामिल है।

मोहल्ला ईदगाह निवासी सुशीला उर्फ पच्चो (45) थाना पढुआ के गांव तेलियार स्थित अपने मायके में भाई बृजेंद्र श्रीवास्तव के घर आईं थीं। सोमवार तड़के पांच बजे कार से सुशीला भतीजों व भतीजियों के साथ गांव बकरहिया के निकट घाघरा नदी पर गए थे। टिया (17), कान्हा (10), नैनी (13), सत्यम (26) समेत सात लोग साथ थे। सभी कान्हा को नदी के किनारे खड़ा कर रील बना रहे थे। तभी कान्हा नदी में जा गिरा। उसे बचाने में पांचों लोग डूब गए। लोगों ने हादसे की सूचना गांव तेलियार निवासी बृजेंद्र श्रीवास्तव और पुलिस को दी। पुलिस नदी से पांचों को निकलवाकर सीएचसी रमियाबेहड़ ले गई जहां डॉक्टर ने सुशीला देवी, सत्यम, प्रिया व कान्हा को मृत घोषित कर दिया, जबकि नैनी को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने कहा कि रील बनाने के दौरान हादसा हुआ है। मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

- रील बनाते समय नदी में गिरे बच्चे को बचाने में हुआ हादसा, मृतकों में एक युवक, दो महिलाएं और एक बच्चा भी शामिल

मणिपुर के मुख्यमंत्री के काफिले पर हमला, एक जवान घायल

इंफाल। उग्रवादियों ने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के अग्रिम सुरक्षा काफिले पर कांगपोकपी जिले में घात लगाकर सोमवार को हमला कर दिया, जिसमें एक जवान घायल हो गया। काफिला हिंसा प्रभावित जिरीबाम जिले की ओर जा रहा था तभी राष्ट्रीय राजमार्ग 53 पर कोटलेन गांव के पास सुबह साढ़े दस बजे हमला हुआ। पुलिस के अनुसार सुरक्षा बलों के वाहनों पर कई गोलियां दागी गईं, जिसके बाद सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। काफिले के एक वाहन के चालक के दाहिने कंधे पर गोली लगी है और उसे इंफाल के अस्पताल में ले जाया गया है। पुलिस ने बताया कि सुरक्षा बल राजधानी इंफाल से करीब 36किमी. दूर हुए हमले की जगह पर पहुंच गए हैं और तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री बीरेन सिंह अभी दिल्ली से इंफाल नहीं पहुंचे हैं। वह जिले में स्थिति का जायजा लेने के लिए जिरीबाम जाने की योजना बना रहे थे। उग्रवादियों ने शनिवार को जिरीबाम में दो पुलिस चौकियों, वन विभाग कार्यालय, 70 मकानों में आग लगा दी थी।

- सुरक्षा बलों शुरू किया तलाशी अभियान

छत्तीसगढ़ में जिलाधिकारी आफिस पर पथराव, कई वाहन जला दिए

बलौदाबाजार, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में धार्मिक स्तंभ को क्षति पहुंचाने के विरोध में सतनामी समाज का आंदोलन सोमवार को हिंसक हो गया। आंदोलनकारियों ने कई वाहनों को आग लगा दी और सरकारी कार्यालय में तोड़फोड़ की। 15 और 16 मई की रात को अज्ञात लोगों ने बलौदाबाजार के गिरौदपुरी धाम में अमर गुफा स्थित सतनामी समाज के पूजे जाने वाले जैतखंभ में तोड़फोड़ की थी।

इसके विरोध में सतनामी समाज ने सोमवार को दशहरा मैदान में विरोध-प्रदर्शन और डीएम कार्यालय के घेराव का आह्वान किया था। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए कई स्थानों पर अवरोधक लगाए थे। बलौदाबाजार एसपी सदानंद कुमार ने बताया कि सतनामी समाज ने शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन का आह्वान किया था, लेकिन वह हिंसक हो गया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पथराव किया और अवरोधक तोड़कर जिलाधिकारी (डीएम) कार्यालय में घुस गए।

उन्होंने कार्यालय भवन पर पथराव किया और वहां खड़े वाहनों को आग लगा दी। कुमार ने बताया कि स्थिति को नियंत्रित करने के प्रयास जारी हैं। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में प्रदर्शनकारी वाहनों और एक भवन में आगजनी करते दिख रहे हैं और दमकल विभाग के वाहन को भी आग लगा रहे हैं। वीडियो में प्रदर्शनकारियों और पुलिसकर्मियों में झड़प भी दिख रही है। राज्य सरकार ने पहले ही जैतखंभ की तोड़फोड़ की घटना की न्यायिक जांच के आदेश दे दिए हैं। अधिकारी ने बताया कि विभिन्न संगठनों और सतनामी समाज की मांग पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने घटना की न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं।

- प्रदर्शन के दौरान हिंसक हुआ सतनामी समाज का आंदोलन
- बलौदा बाजार जिले में जैतखंभ में की गई थी तोड़फोड़

चुनाव में मुकाबला जरूरी लेकिन यह झूठ पर आधारित न हो

संघ प्रमुख मोहन भागवत बोले- चुनावी बयानबाजी से बाहर आकर देश की समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत

नागपुर, एजेंसी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख डॉक्टर मोहन भागवत ने मणिपुर में एक वर्ष बाद भी शांति स्थापित नहीं होने पर सोमवार को चिंता व्यक्त की और कहा कि संघर्ष प्रभावित पूर्वोत्तर राज्य की स्थिति पर प्राथमिकता के साथ विचार किया जाना चाहिए।

यहां रेशमबाग में डॉ. हेडगेवार स्मृति भवन परिसर में संगठन के 'कार्यकर्ता विकास वर्ग-द्वितीय' के समापन कार्यक्रम में आरएसएस प्रशिक्षुओं की एक सभा को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि विभिन्न स्थानों और समाज में संघर्ष अच्छा नहीं है। उन्होंने चुनावी बयानबाजी से बाहर आकर देश के सामने मौजूद समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत पर जोर दिया। कहा कि चुनाव में हमेशा दो पक्ष होते हैं, लेकिन जीतने के लिए झूठ का सहारा नहीं लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि मणिपुर पिछले एक साल से शांति स्थापित होने की प्रतीक्षा कर रहा है। दस साल पहले मणिपुर में शांति थी। ऐसा लगा था कि वहां बंदूक संस्कृति खत्म हो गई है, लेकिन राज्य में अचानक हिंसा बढ़ गई है। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि मणिपुर की स्थिति पर प्राथमिकता के साथ विचार करना होगा। भागवत ने कहा कि अशांति या तो भड़की या भड़काई गई, लेकिन मणिपुर जल रहा है और लोग इसकी तपिश का सामना कर रहे हैं। पिछले साल मई में मणिपुर में मेइती और कुकी समुदायों के बीच हिंसा भड़क उठी थी।

- संघ प्रमुख ने कहा-मणिपुर में शांति बहाली के लिए प्राथमिकता से किया जाए विचार

कैसे हुआ, क्या हुआ जैसी चर्चाओं में शामिल नहीं होता है आरएसएस

हाल में हुए लोकसभा चुनावों के बारे में भागवत ने कहा कि नतीजे आ चुके हैं और सरकार बन चुकी है, इसलिए क्या और कैसे हुआ आदि पर अनावश्यक चर्चा से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि आरएसएस कैसे हुआ, क्या हुआ जैसी चर्चाओं में शामिल नहीं होता है। उन्होंने कहा कि संगठन केवल मतदान की आवश्यकता के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने का अपना कर्तव्य निभाता है। उन्होंने सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आम सहमति की आवश्यकता पर जोर दिया ताकि आम जनता के लिए काम किया जा सके। भागवत ने कहा कि चुनाव बहुमत हासिल करने के लिए होते हैं और यह एक प्रतिस्पर्धा है, युद्ध नहीं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दल और नेता एक-दूसरे की बुराई कर रहे हैं, लेकिन वे इस बात पर ध्यान नहीं दे रहे हैं कि इससे समुदायों के बीच दरार पैदा हो सकती है। उन्होंने अफसोस जताया कि आरएसएस को भी बिना किसी कारण के इसमें घसीटा जा रहा है। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि चुनाव में हमेशा दो पक्ष होते हैं, लेकिन जीतने के लिए झूठ का सहारा नहीं लेना चाहिए।

एक नजर

युवक ने फांसी लगाई

कानपुर। बर्रा थानाक्षेत्र में विश्व बैंक कालोनी निवासी 29 वर्षीय अक्षय गुप्ता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनके चचेरे भाई रॉबिन ने बताया कि मां लक्ष्मी नेहरु युवा केंद्र में काम करती थी। अक्षय उन्हीं के साथ काम निपटाता था। वह परिवार का इकलौता लड़का था। एक बहन सिमरन की एक वर्ष पहले शादी हो चुकी है। परिजन आत्महत्या का कोई कारण नहीं बता सके हैं। पुलिस ने मामले की जांच की। पुलिस ने कहा कि परिजनों से पूछताछ करके आत्महत्या का कारण जानने की कोशिश की जा रही है।

ट्रैक्टर की टक्कर से वृद्ध की मौत

कानपुर। बिधनू थानाक्षेत्र में गौरी मजरा सकरा थाना काकोरी लखनऊ निवासी 60 वर्षीय हरिगोविंद सिंह रविवार को बिधनू पत्नी शिवदेवी की दवा लेने के लिए आए थे। बेटे सुखवीर ने बताया कि यहां से लौटते समय रमईपुर और बिधनू के बीच में तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें हैलट पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

भीमसेन से गोविंदपुरी स्टेशन तक एलिविटेड ट्रैक का फिर सर्वे

अभी झांसी रूट की ट्रेनें दिल्ली-हावड़ा ट्रैक खाली होने के इंतजार में घंटों रुकतीं हैं

मिलेगी राहत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दिल्ली हावड़ा मुख्य रेलमार्ग पर नहीं फंसेगी झांसी रूट की ट्रेनें

अमृत विचार। झांसी रूट पर पड़ने वाले भीमसेन रेलवे स्टेशन से गोविंदपुरी स्टेशन तक एलिविटेड ट्रैक बनाने के लिए रेलवे एक बार फिर सर्वे की तैयारी कर रहा है। इस एलिविटेड ट्रैक के चालू होने से ट्रेनों की लेटलतीफी खत्म होगी और यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। अभी झांसी, बांदा रूट की ट्रेनें भीमसेन तक तो राइट टाइम आती हैं लेकिन उसके बाद दिल्ली-हावड़ा रूट के खाली होने का घंटों इंतजार करती हैं।

दिल्ली हावड़ा रूट के ट्रैक को झांसी रूट कैंचीनुमा काटता है। इसी कैंची के खाली होने का इंतजार झांसी की ट्रेनों को करना होता है।

भीमसेन से गोविंदपुरी स्टेशन तक एलिविटेड ट्रैक तैयार होने के लिए रेलवे बोर्ड के निर्देश पर जल्द ही उत्तर मध्य रेलवे की टीम गोविंदपुरी आएगी और भीमसेन तक सर्वे करेगी।

इसके लिए पूर्व में 1750 करोड़ का बजट पास हुआ था लेकिन महंगाई को देखते हुए रेलवे अधिकारी एक बार फिर आंकलन करेंगे कि इसको बनाने में कितना खर्च आएगा।

> रेलवे बोर्ड ने इसके पहले 1750 करोड़ रुपये एलिविटेड ट्रैक के लिए मंजूर किया था लेकिन ये कई साल पहले की बात है, अब सर्वे से स्पष्ट होगा कि इसपर कितना खर्च आएगा लेकिन सर्वे कब होगा, इसकी जानकारी नहीं है।
>
> **–हिमांशु शेखर उपाध्याय, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, उत्तर मध्य जोन**

एलिविटेड कार्य पूरा होने पर ऐसे चलेंगी ट्रेनें

दिल्ली मुख्य रेलमार्ग से कानपुर सेंट्रल स्टेशन की ओर से आने वाली ट्रेनें तीसरी लाइन, मुख्य ट्रैक, चौथी लाइन से होकर गुजरती हैं लेकिन झांसी, बांदा, जबलपुर, चित्रकूट की ओर से आने वाली ट्रेनें भीमसेन में रोक दी जाती हैं क्योंकि दिल्ली हावड़ा रूट पर कोई न कोई ट्रेन गुजरती रहती है जिससे भीमसेन का ट्रैक बीच में फंसा रहता है। एलिविटेड ट्रैक बनने के बाद झांसी, जबलपुर की ओर से आने वाली ट्रेनें दिल्ली हावड़ा रूट के ट्रैक को बाधित नहीं करेंगी बल्कि एलिविटेड रूट से सीधे निकल जाएंगी। ऐसे में यात्रियों का समय भी बचेगा और जल्दी अपनी यात्रा को पूरी कर लेंगे।

चार मौतों के बाद भी सोया है रोडवेज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

खुले में पड़ी बेंचों पर बैठते हैं यात्री। अमृत विचार

- 43 से 45 डिग्री तक पारा गर्म बेंच पर लू के थपेड़े झेलते हैं यात्री
- चिलचिलाती धूप में खड़ी बसों पर बैठने को मजबूर सवारियां

अमृत विचार। शहीद मेजर सलमान खान अंतर्राज्यीय झकरकटी बस अड्डे पर बीते बीस दिनों में चार यात्रियों की हीटस्ट्रोक से मौत हो चुकी है लेकिन उसके बाद भी परिवहन अधिकारियों के कान में जूं नहीं रेग रही है। चिलचिलाती धूप में बसें खड़ी रहती हैं और बस के अंदर बैठे, बच्चे, बूढ़े, महिलाओं का गर्मी से बुरा हाल रहता है।

बस अड्डे पर एआरएम आफिस के बाहर टिन शेड में यात्री गर्म बेंच पर लू के थपेड़े सहते हुए बैठे रहते हैं। धूप जब तेज होती है तो बेंच तक पहुंच जाती है। झकरकटी बस अड्डे के अंदर दाखिल होते ही वहां की अव्यवस्था दिखाई देने लगती है। गेट पर ही बसों की अराजकता होती है और पूरा बस अड्डा बिना किसी शेड का है इसलिए रेगिस्तान लगता है। बस अड्डे पर कोई प्लेटफार्म तक नहीं है। चिलचिलाती धूप में दर्जनों जिलों की बसें खड़ी रहती है। इन बसों में घंटों यात्री धूप में परेशान रहते हैं।

कैंटीन के बगल में धूप में पानी की टंकी का पानी अगर कोई पी ले तो उसके मुंह में छाले पड़ जाएंगे।

> बस अड्डे का पीपीपी मॉडल के तहत विस्तार होना है, यही कारण है कि टिन शेड, प्लेटफार्मों का सिस्टम नहीं बन पा रहा है। कई जिलों की बसों के प्लेटफार्म निधार्रित हैं। बस अड्डे पर कोई कमी नहीं है, ठंडा पानी है, यात्रियों के बैठने की समुचित व्यवस्था है।
>
> **महेश कुमार, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक, झकरकटी बस अड्डा**

बस अड्डे पर जगह नहीं होने के कारण ट्रांसपोर्ट नगर, अफीम कोठी की ओर खड़ी रहती हैं।

लाखों का चूना लगाने में दो आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बेकनगंज थानाक्षेत्र का मामला, एक फरार आरोपी की तलाश जारी

अमृत विचार। बेकनगंज थानाक्षेत्र में व्यापारी के चेक पर फर्जी हस्ताक्षर कर बैंक से रुपये निकालने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। फरार एक आरोपी की तलाश में दबिश दी जा रही हैं।

बेकनगंज निवासी ओसामा के अनुसार पिता शोएब कई वर्ष पहले मदरसे में शिक्षा लेने गए थे। जहां उनकी मुलाकात बिहार निवासी दो युवको सुहैल व उसके भाई इमरान से हुई। दोनों ने परिवार की दयनीय स्थिति की बात कहकर उनके पिता को अपने झांसे में ले लिया और उन्हें अपने साथ कानपुर ले आए। जहां पर पिता ने दोनों को अपनी मसाले की दुकान में काम पर लगा दिया और उनको रहने के लिए घर पर ही कमरा दे दिया। छह वर्ष पहले उनके पिता का देहांत हो गया था। इसके बाद दोनों आरोपियों ने पिता के फर्जी हस्ताक्षर करके खातों से रकम निकालना शुरू कर दिया। खातों से निकाली हुई रकम सुहैल ने बेटे हंजला के खाते में ट्रांसफर की थी। आरोपियों ने फर्जी कागजात तैयार करके उनका मकान हड़पने की कोशिश की। बेकनगंज पुलिस ने रविवार को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में बेकनगंज इंस्पेक्टर पकंज त्यागी ने बताया कि लैब टेस्ट के दौरान हस्ताक्षर फर्जी पाए गए थे।

गायब सफाई कर्मचारियों को किया जाएगा सेवा से मुक्त

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- महापौर ने स्वास्थ्य विभाग की बैठक कर अधिकारियों को दिये सख्त निर्देश
- गली पिट को पूरी तरह से साफ करने के निर्देश, हर जोन का मांगा आंकड़ा

अमृत विचार। महापौर प्रमिला पांडेय ने स्वास्थ्य विभाग के साथ बैठक कर कहा कि जो भी सफाई कर्मचारी (आउटसोर्स) लंबे समय से ड्यूटी पर नहीं आ रहे हैं उन्हें हटाकर नये कर्मचारियों की तैनाती की जाये। नालों पर अतिक्रमण है, जिसके नालों की सफाई नहीं हो पाती है वहां पर अतिक्रमण तोड़कर सफाई की जाये। गली पिटों की मरम्मत करायी जाये। उन्होंने हर जोन से गलीपिट का आंकड़ा मांगते हुये सफाई के निर्देश दिये।

नगर निगम सभागार कक्ष में महापौर ने विभागीय बैठक कर गलीपिट की जोनल स्वच्छता अधिकारियों से जानकारी मांगी। इस दौरान जोनवार गली पिट की जानकारी देते हुये बताया गया कि पूरे शहर में 1895 गलीपिट हैं जिनमें 90 फीसदी की सफाई कर दी गई है। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमित सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के पास छोटे नाले 1310 हैं। जिनकी सफाई हो रही है।

नगर निगम के सभागार कक्ष में स्वास्थ्य विभाग की बैठक करतीं महापौर प्रमिला पांडेय व उपस्थित अधिकारी। अमृत विचार

गलीपिट की लाइन ध्वस्त

महापौर ने कहा कि आफिसर्स कॉलोनी, नगर निगम गेस्ट हाउस मोतीझील के मध्य गली पिट की लाइन ध्वस्त है। जिसे तत्काल सही कराया जाये नहीं तो मोतीझील में पानी भरेगा। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि जोन 5 में 405 छोटे नाले हैं जिसमें 360 छोटे नालों की सफाई हो गयी है। 90 प्रतिशत की सिल्ट भी उठ गयी है।

युवक का शव मिला हत्या का आरोप

कानपुर। चकेरी थानाक्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में चमड़ा फैक्ट्री में काम करने वाले युवक का शव पुलिया के नीचे पड़ा मिला। पुलिस की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने युवक की शिनाख्त की। पुलिस ने जहर खाने से मौत की आशंका जताई है। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाकर लेनदेन का विवाद बताया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बिधनू जरकला निवासी 45 वर्षीय अनिल एक चमड़ा फैक्ट्री में काम करता था। साले अर्जुन सिंह ने आरोप लगाया कि वह पहले जिस फैक्ट्री में काम करता था, वहां पर उसे एक व्यक्ति से दिए उधार रुपये वापस लेने थे। वो रुपये लेने के लिए गया था। जिसके बाद से वह घर नहीं लौटा था। परिजनों का आरोप है, कि पिछले चार से पांच दिनों से वह घर नहीं लौटा था। परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन उसका कुछ नहीं पता चल सका। परिजनों ने आरोप लगाया कि युवक के शरीर पर चोटों के निशान हैं।

गुजैनी एसओ पर लगाया धमकाने का आरोप, जांच

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पीड़ित किशोरी व उसके परिजनों ने डीसीपी साउथ से की शिकायत
- पुलिस कमिश्नर ने मंगाये थाने के फुटेज, जांच एसीपी नौबस्ता को

अमृत विचार। गुजैनी निवासी किशोरी व उसके परिजनों ने गुजैनी पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए डीसीपी साउथ से शिकायत की। पीड़िता का आरोप है कि गुजैनी एसओ व दरोगा उसे रात भर थाने में बिठाए रहे और बयान न बदलने पर 6 साल की सजा व भाई व पिता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की धमकी दी। डीसीपी ने मामले की जांच एसीपी नौबस्ता को सौंपी।

गुजैनी निवासी 17 वर्षीय किशोरी के पिता ने बताया कि बीती 18 मई को उनकी बेटी संदिग्ध दशा में घर से लापता हो गई थी, मामले में गुजैनी थाने में अपहरण, धमकाने की धारा में रिपोर्ट दर्ज कराई। जानकारी हुई कि पड़ोसी युवक बेटी को बहला फुसला कर ले गया है। अगले दिन गोविंद नगर स्थित करन गेस्ट हाउस के सामने स्थित एक घर से बेटी युवक के साथ बरामद हुई, जबकि पुलिस ने 20 तारीख को गुजैनी क्षेत्र के बसंत पेट्रोल पंप के पास से अकेले घूमते हुए बरामद होना दिखाया।

इस दौरान पुलिस रात भर बेटी को थाने में बिठाए रही और उस पर बयान बदलने का दबाव बनाया। किशोरी ने बताया कि थाना प्रभारी विनय तिवारी और एक दरोगा ने उसकी गलती बताते हुए बयान न बदलने पर 6 साल की सजा होने और पिता व उसके भाई पर भी मुकदमा दर्ज करने की धमकी दी।

आरोप है कि मजिस्ट्रेट के सामने बयान के लिए ले जाए जाने के दौरान महिला सिपाही व दरोगा ने उसे धमकाया और जबरन वीडियो बनवाकर हस्ताक्षर कराए। आरोपियों पर कार्रवाई न होने पर पीड़ित परिवार ने शुक्रवार को पुलिस कमिश्नर कार्यालय में गुहार लगाई, जहां थाने के कैमरों की सीसीटीवी फुटेज मांगी गई। सोमवार को पीड़ित डीसीपी साउथ कार्यालय पहुंचे। डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार ने बताया कि एसीपी नौबस्ता से जांच कराई जाएगी। तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

वकीलों के मामले में पुलिस लापरवाह

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन देते अधिवक्ता। अमृत विचार

- वकीलों का प्रतिनिधिमंडल पुलिस कमिश्नर से मिला

अमृत विचार। अधिवक्ताओं के उत्पीड़न का आरोप लगा सोमवार को अधिवक्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस कमिश्नर से मिलने पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि पुलिस अधिवक्ताओं के मामले में लापरवाही बरत रही है। अधिवक्तओं पर लगातार हमले बढ़ रहें हैं और पुलिस उन मामलों में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं कर रही है।

सोमवार को लॉयर्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रविंद्र शर्मा के नेतृत्व में एक दर्जन अधिवक्ता पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से मुलाकात करने उनके कार्यालय पहुंचे।

अधिवक्ताओं ने शिकायत करते हुए कहा कि बीते दिनों अधिवक्तओं के साथ जो मारपीट की घटनाएं हुई हैं। उन मामलों में थानों में शिकायत दर्ज करने में पुलिस लापरवाही बरत रही है। अगर शिकायत दर्ज भी की जाती है तो आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की जाती। कई थानों में अधिवक्ताओं पर फर्जी मुकदमें दर्ज किए जा रहे हैं। इस संबंध में पुलिस कमिश्नर ने आश्वासन दिया कि अधिवक्ताओं के मामले में पुलिस गंभीरता से कार्रवाई करेगी और शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाएगा।

फर्जी वकील धूमिल कर रहे हैं छवि

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बार एसो. ने जिलाजज, डीएम, पुलिस कमिश्नर को लिखा पत्र
- कहा, काला कोट पहनकर कर रहे गैरकानूनी काम

अमृत विचार। सोमवार को बार एसोसिएशन ने फर्जी अधिवक्ताओं पर कार्रवाई की मांग लेकर जिलाजज, डीएम, बार कांउसिल व पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखा। एसोसिएशन ने बताया कि कथित अधिवक्ता काला कोट पहन कर गैरकानूनी कामों में संलिप्त हैं। बिना सीओपी के कोर्ट में मुकदमा लड़ रहे हैं, जो पूरी तरह से अवैधानिक है।

सोमवार को बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद कुमार द्विवेदी और महामंत्री आदित्य कुमार सिंह ने डीएम, पुलिस कमिश्नर, जिला जज और बार काउंसिल ऑफ इंडिया के चेयरमैन को पत्र लिखा है। पत्र में लिखा है कि कानपुर कचहरी में आपराधिक प्रवृत्ति के लोग काला कोट पहनकर घूम रहे हैं। साथ ही पत्र में चार उदाहरण दिया है कि ग्वालटोली निवासी एक युवक क्राइस्ट चर्च कॉलेज का पूर्व छात्र है। इसी कॉलेज की दो छात्राओं ने बार एसोसिएशन से शिकायत की है कि अधिवक्ता नहीं होने के बाद भी युवक काला कोट पहनकर खुद को अधिवक्ता बताकर गैर कानूनी काम कर रहा है। कॉलेज की छात्राओं को अपने जाल में फंसाकर यौन उत्पीड़न भी कर रहा है। इससे संबंधित साक्ष्य भी बार एसोसिएशन को दिए गए हैं। इसी तरह पनकी निवासी एक युवक बगैर सीओपी के मुकदमों की पैरवी कर रहा है, जबकि बगैर सीओपी के किसी भी कोर्ट में कोई भी मुकदमें की पैरवी नहीं कर सकता है। लोगों को गुमराह किया जा रहा है, जिससे अधिवक्ताओं की छवि खराब हो रही है। वहीं बिठूर का एक दबंग अपने घर के बाहर अधिवक्ता का बोर्ड लगाकर विवादित जमीनों का काम कर रहा है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरा वर्ष–2022, रजिस्ट्रेशन नं0—92396 का ए0 एन0 एम0 प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है।– **अंजना पुत्री राम सिंह, निवासी– ग्राम–शीतलपुर, पो0– कुसमरा, हमीरपुर मो0न0– 9794973363**

सर्वविदित हो कि कुछ दस्तावेजों पर मेरा नाम विजय लक्ष्मी अंकित है परन्तु आधार कार्ड में मेरा नाम विजय लक्ष्मी वैश्य (पत्नी श्री सूरज प्रकाश वैश्य, नि. म. सं. 184 – 185, आशियाना, कानपुर रोड, लखनऊ–226012) दर्ज है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। भविष्य में मुझे विजय लक्ष्मी वैश्य के नाम से जाना – पहचाना जाये।

सूचना

सूचित हो कि मैं **मोहम्मद यूसुफ पुत्र स्व0 अलादीन, निवासी ग्राम– मुगलखेडा मजरा जमोलिया थाना रहीमाबाद परगना व तहसील मलिहाबाद, जिला लखनऊ** मेरे चार पुत्र है मोहम्मद इस्लाम, मोहम्मद इरशाद, मोहम्मद इस्तियाक व मोहम्मद अदीम व चार पुत्रियों नगमा बानो, नजमा बानो, उजमा बानो व रिजवाना है। जिसमे से मोहम्मद इरशाद का व्यवहार व चाल चलन एवं आचरण अपने परिवार के प्रति ठीक न होने के कारण मैं आत्यधिक शारीरिक व मानसिक रूप से पीड़ित रहता है। उसके इन कृत्यों से तंग आकर पुत्र मोहम्मद इरशाद के गलत व्यवहार एवं आचरण के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता है।अब मेरा उससे किसी प्रकार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा। वह अपने समस्त क्रिया कलापों एवं आचरण के प्रति स्वयं जिम्मेदार होगा

NOTICE

I, Govind ji Rastogi, son of late. B.C. Rastogi, R/o Mohalla Jankipuram, Lucknow, am severing all ties with my son Shivam and daughter-in-law Shaili as they have fallen into bad company and also evict them from my all movable and immovable properties. Both of them will be responsible for any of their act in future. Govind ji Rastogi, S/o late. B.C. Rastogi, R/o 645/009-A, Near Lucknow University New Campus, 60 Feet Road, Jankipuram Extension, Lucknow, Uttar Pradesh 220021

सूचना

सूचित हो कि मैं **बाबूलाल पुत्र श्री जगनू, निवासी– ग्राम गोझीहार रूसेना परगना व तहसील मलिहाबाद जिला लखनऊ** मैं अपने पुत्र नीरज व बहू पूनम देवी दोनो से काफी परेशान हूँ यह दोनो मेरी कोई बात नहीं मानते और अपनी मनमानी करते है तथा उल्टे सीधे कार्य करते है अपने पुत्र नीरज में बहू पूनम देवी से परेशान होकर इन दोनो को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता है और अब आज के बाद से मेरा इन लोगों से कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा यह लोग कोई भी अच्छा बुरा कार्य करते है तो उसकी सारी जिम्मेदारी इन दोनो की होगी है।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा इंटरमीडिएट का अंकपत्र सहप्रमाणपत्र वर्ष 2021 अनुक्रमांक 217188087 वास्तव में खो गया है। – **मोहम्मद यासीन, पुत्र श्री मुनव्वर अली मोहल्ला काजीपुरा उत्तरी पोस्ट आफिस प्रधान डाकघर बहराइच, थाना कोतवाली नगर, वशीरगंज पुलिस चौकी बहराइच जनपद बहराइच, पिन कोड 271801**

सूचना

सूचित किया किया जाता है कि मेरा नाम **सच्चिदानंद पाठक पुत्र आदित्य प्रसाद निवासी ग्राम– चिलौली, पो0– बिराहिमपुर बेल्हौरा, जिला– बहराइच, यूपी पिनकोड 271903** है। मेरे आधार में मेरा नाम सच्चिदानंद पाठक और शैक्षिक अभिलेख में मेरा नाम सच्चिदानंद है। सच्चिदानंद व सच्चिदानंद पाठक दोनों एक ही व्यक्ति हैं और भविष्य में मुझे सच्चिदानंद पाठक के नाम से जाना पहचाना जाए।

वाहे गुरु गुरु अर्जन देव जी की शहादत पर शबद कीर्तन और प्रसाद वितरण

जपयो जिन अरजन गुरु, फिरि संकट ना आयी...

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

गुरुद्वारा बाबा नामदेव किदवई नगर में शबद कीर्तन करते रागी जत्थे। अमृत विचार

अमृत विचार। श्री गुरु अर्जन देव जी की शहादत पर शहरभर के गुरुद्वारों में शबद गायन हुआ और ठंडे शरबत की छबील व छोले का प्रसाद का वितरण किया गया। गुरुद्वारा बाबा नामदेव जी में रागी जत्थों ने, जपयो जिन अरजन गुरु फिरि संकट जोनिगरब ना आयी... शबद गायन करके संगत को निहाल किया।

सोमवार को 11 ब्लाक किदवई नगर, 13 ब्लाक , गुरुद्वारा कीर्तनगढ़, गुरुद्वारा नवाबगंज, गुरुद्वारा भाई बन्नो साहिब समेत शहर के विभिन्न गुरुद्वारों में शहादत दिवस मनाया गया। गुरुवाणी एवं कीर्तन व गुरु का इतिहास भी संगत को बताया गया।

कहा गया कि कलयुग जहाज अरजन गुरु यानी इस कलयुग के दौर में जीवन मुक्ति पाना है तो गुरु अरजन देव के बताये सिद्धांतों पर चलने की जरूरत है। गुरुद्वारा के प्रधान सरदार नीतू सिंह ने संगत की सेवा की।

इस मौके पर चरनजीत सिंह, कुलवंत सिंह, श्रीचंद्र असरनी, अवि गांधी, गुरदीप सहगल, गुरमीत सिंह, समरजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

उधर गुरुद्वारा नवाबगंज में कच्ची लस्सी, छोले, हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। गुरुद्वारा के प्रधान सरदार मानसिंह बग्गा ने संगत की सेवा की। सुरेंद्र अरोड़ा, कैलाश बाबू, नीतू डंग, रीता रुपानी, गुरदीप सिंह आदि ने संगत की सेवा की। गुरुद्वारा कीर्तनगढ़ में भी शबद गायन हुआ।

शेर सिंह राणा को मिठाई खिलाते विजय कपूर।

शहीदी दिवस पर लस्सी बांटी

कानपुर। सोमवार को राष्ट्रवादी जन लोक पार्टी राष्ट्रीय शेर सिंह राणा ने कोपेस्टेट कार्यालय में चेयरमैन विजय कपूर एवं अन्य उद्यमियों से भेंट की। विजय कपूर एवं उद्यमियों ने शेर सिंह राणा को पगड़ी एवं अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया। गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित छबील वितरण कार्यक्रम में विजय कपूर के साथ शेर सिंह राणा भी उपस्थित रहे। इस मौके पर सुरेश पुरी, दिनेश कुशवाहा, आरपी सिंह, अंश चन्देल, गुरविन्दर सिंह गप्पी, नरेश पंजाबी, गोपाल सदाना, अरूण जैन, अवधपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

गूगल मीट के माध्यम से कैमरे लगवाने के निर्देश

कानपुर। पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने पूर्वी जोन के सभी बीट पुलिस अधिकारी की पूर्वी कार्यालय पर मीटिंग की। इस दौरान सभी सहायक पुलिस आयुक्त व थाना प्रभारी गूगल मीट के माध्यम से मीटिंग में जुड़े।

ऑपरेशन त्रिनेत्र के अंतर्गत चौराहों और घर-घर कैमरे लगवाने के दिशा निर्देश दिए गए। कहाकि सभी बीट पुलिस अधिकारी अपने क्षेत्र मे अधिक से अधिक कैमरे लगवाएं जिससे सभी टप्पेबाजी, लूट ,चोरी आदि घटनाओं में कैमरे की मदद से समय से घटनाओं का अनावरण हो सके।

आज का मौसम

तेज धूप रहेगी उमस के बीच हल्के बादल छाए रहने के आसार हैं।

43.6° अधिकतम तापमान | 25.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:15 | सूर्यास्त 07:02

एक नजर

आज लगेगा रोजगार मेला

कानपुर। सेवायोजन विभाग की ओर से मंगलवार को रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। सहायक निदेशक सेवायोजन उज्जवल कुमार सिंह ने बताया कि सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक लगने वाले रोजगार मेले में 6 निजी कंपनियां युवाओं को रोजगार देने विभाग आ रही हैं। यह कंपनियां 400 पदों पर युवाओं का साक्षात्कार लेंगी। मेले में शामिल होने वाली निजी कंपनियां कई सेक्टर की हैं।

किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

कानपुर। चाउमीन खिलाने के बहाने ले जाकर 17 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म करने के आरोपी को गोविंद नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। किशोरी की मां ने बताया था कि बेटी के संग दुष्कर्म करने का आरोपी लोडर चालक है, जो घर के पास रहता है। पीड़ित की मां ने गोविंदनगर थाने में तहरीर दी थी। थाना प्रभारी प्रशांत मिश्रा ने बताया आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

बिल्डर व साथी की हत्या में तीन को उम्रकैद

एडीजे 20 की कोर्ट ने सुनाया फैसला, तीनों दोषियों पर 65 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया गया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। वर्ष 2017 में फीलखाना थानाक्षेत्र में बिल्डर व उसके साथी की दिनदहाड़े चाकुओं से गोद कर हत्या करने के मामले में सोमवार को एडीजे 20 की कोर्ट ने सफाई नायक व दो सगे भाइयों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साक्ष्य के अभाव में कोर्ट ने एक महिला आरोपी को बरी कर दिया। निर्माणाधीन मकान के बाहर कूड़ा डालने को लेकर बिल्डर का सफाई नायक से विवाद हुआ था। जिस पर बिल्डर ने नगर निगम से शिकायत कर उसका ट्रांसफर करवा दिया था। जिसके बाद दोषी सफाई नायक ने साथियों संग घटना को अंजाम दिया था।

फीलखाना, चावल मंडी निवासी प्रेम कुमार कश्यप का छोटा भाई सतीश कुमार कश्यप उर्फ छोटे बब्बन बिल्डर था। सतीश के साथ मोहल्ले का ही युवक ऋषभ पांडेय भी काम करता था। प्रेम के मुताबिक सतीश की निर्माणाधीन बिल्डिंग के बाहर चटाई मोहाल निवासी सफाई नायक शिवपर्वत कूड़े का ढेर जमा करता था। जिस पर सतीश ने नगर निगम में शिकायत कर उसका ट्रांसफर करवा दिया था, जिसके बाद से शिवपर्वत उससे रंजिश रखने लगा था। 29 नवंबर 2017 को सतीश साथी ऋषभ के साथ जा रहा था, तभी महेश्वरी मोहाल स्थित हनुमान मंदिर के पास शिवपर्वत व उसके साथियों ने सतीश पर चाकुओं से हमला कर दिया था। बचाने के दौरान हमलावरों ने ऋषभ को भी बुरी तरह घायल कर दिया था। परिजनों ने सतीश को हैलट व ऋषभ को उर्सला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी मौत हो गई थी। प्रेम कुमार ने सफाई नायक शिवपर्वत, चावल मंडी निवासी उसके साथी दिनेश कश्यप, उसके भाई उमेश व इटावा बाजार निवासी कल्पना शर्मा के खिलाफ फीलखाना थाने में हत्या, आर्म्स एक्ट व अपराध की साजिश रचने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने हत्यारोपी शिवपर्वत को घटना के दिन ही गिरफ्तार कर आला कत्ल बरामद किया था। मामला एडीजे 20 नीलांजना की कोर्ट में विचाराधीन था। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। एडीजीसी संजय कुमार झा ने बताया कि अभियोजन की ओर से प्रेम कुमार, मृतक की बेटी मीनाक्षी, भतीजी पूजा कश्यप समेत 12 गवाह पेश किए गए थे। कोर्ट ने कल्पना शर्मा को दोषमुक्त कर दिया। वहीं शिवपर्वत, दिनेश व उमेश को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा व 20-20 हजार की सजा सुनाई। साथ ही शिवपर्वत को आर्म्स एक्ट की धारा में 25 हजार का अर्थदंड लगाया।

सजा सुनाए जाने के बाद मां को मिठाई खिलाती मीनाक्षी। अमृत विचार

- नवंबर 2017 को महेश्वरी मोहाल में दिनदहाड़े हुई थी वारदात

महिला व शिवपर्वत को पकड़ा था आपत्तिजनक स्थिति में

- मीनाक्षी ने अपने बयानों में बताया कि उसके पिता ने कल्पना शर्मा के पड़ोस में मकान खरीदा था, जिसका वह निर्माण करा रहे थे। घटना के करीब डेढ़ माह पहले कल्पना के घर के सामने रहने वाले ऋषभ ने शिवपर्वत व कल्पना को आपत्तिजनक हालत में देखा था, जिसका उसने वीडियो भी बनाया था। जिसकी जानकारी शिवपर्वत को हुई तो उसने ऋषभ को धमकी भी दी थी।

सतीश पर 16 व ऋषभ पर 6 बार किया था वार

- मृतक सतीश की बेटी मनीक्षी ने बताया घटना की जानकारी पर वह और उनके छोटा भाई अमन मौके पर पहुंचे थे। घायल पिता को वह स्कूटी पर लेकर हैलट पहुंची, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बताया गया कि हत्यारों ने सतीश पर 16 बार व ऋषभ पर 6 बार चाकुओं से वार किया था।

दिनेश का मकान खरीदने को लेकर हुआ था विवाद

- चावल मंडी निवासी दिनेश कश्यप प्रापर्टी का व उसका छोटा भाई उमेश चाट का ठेला लगाता था। मीनाक्षी के मुताबिक पिता चावल मंडी में एक मकान खरीदना चाहते थे, जिसे दिनेश भी खरीदना चाहता था। जिसको लेकर दोनों के बीच विवाद भी हुआ था। विवाद के दौरान उमेश ने उनके पिता को जान से मारने की धमकी भी दी थी।

अवैध संबंध के शक में खुन्नस रखता था शिवपर्वत

- मीनाक्षी ने बताया कि उनके पिता ने जो मकान खरीदा था, उसमें रहने वाले किराएदारों से मकान खाली कराने के एवज में कल्पना शर्मा को डेढ़ लाख रुपये दिए थे। बताया कि घटना के दिन कल्पना की बेटी की शादी भी थी। शिवपर्वत व कल्पना के अवैध संबंधों की जानकारी के चलते उसकी बेटी की एक बार शादी टूट चुकी थी। जिसके बाद कल्पना ने शिवपर्वत से दूरी बना ली थी। यह बात शिवपर्वत को अखरती थी। उसे शक था कि मृतक सतीश व कल्पना के बीच अवैध संबंध हैं, जिस कारण वह सतीश से रंजिश रखता था और इसी कारण सतीश के निर्माणाधीन मकान के बाहर कूड़े का ढेर जमा कराता था।

75 लाख का बिस्किट नौकरानी ने चुराया था

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पुलिस ने किया खुलासा नौकरानी गिरफ्तार
- सोने का बिस्किट बरामद किया गया

अमृत विचार। चकेरी थानाक्षेत्र में सराफा कारोबारी विपिन सिंह के घर से 75 लाख रुपये कीमत का सोने का बिस्किट (गोल्ड बुलियन) चोरी करने वाली नौकरानी मानसी विश्वकर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके पास से सोने का बिस्किट बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने खुलासा करते हुए बताया कि कालीबाड़ी लालबंगला निवासी विपिन सिंह ने पुलिस को बताया था कि वह गोल्ड का काम करते हैं। चौक सर्राफा में उनकी दुकान है। उन्होंने सोने का 954 ग्राम का बिस्किट घर पर अलमारी में रखा था। नौकरानी मानसी विश्वकर्मा ने उसे बिस्किट अलमारी में रखते हुए देख लिया था।

इसके बाद 2 जून को शाम को नौकरानी मानसी विश्वकर्मा निवासी चन्द्रनगर ने बिस्किट पार कर दिया था। उन्हें पता नहीं चला था। वह पत्नी को डॉक्टर को दिखाने चले गए थे। वहां से लौटकर रात करीब 11 बजे जब अलमारी देखी तो वहां से बिस्किट गायब था। उन्होंने तत्काल 112 पर सूचना दी। इसके बाद नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसके बाद फरार नौकरी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगाई गई थीं। डीसीपी पूर्वी ने बताया कि नौकरानी को गिरफ्तार करके सोने का बिस्किट उसके पास से बरामद कर लिया है। नौकरानी ने चोरी की बात कुबूली है। नौकरानी को कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

आरोपी के पास से बरामद सोने का बिस्किट।

इरफान की सजा बढ़वाने हाईकोर्ट जाएगी पुलिस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कोर्ट ने इरफान सोलंकी समेत पांच लोगों को सात साल की सजा सुनाई है

अमृत विचार। सपा विधायक इरफान सोलंकी, भाई रिजवान सोलंकी समेत पांच लोगों को कोर्ट ने प्लॉट पर आगजनी के मामले में सात साल की सजा सुनाई थी। अब सजा बढ़ाने के लिए पुलिस ने हाईकोर्ट जाने की तैयारी पूरी कर ली है।

एडिशनल पुलिस कमिश्नर हेडक्वार्टर एवं क्राइम विपिन मिश्रा ने मीडिया ब्रीफिंग में बताया कि सभी आरोपियों को धारा 147, 436, 427, 504, 506, 323 में दोषी ठहराया गया है। धारा 386, 120B से सभी दोष मुक्त कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि सबसे प्रमुख आईपीसी की धारा 436 है। इसमें कम से कम 10 वर्ष की सजा और अधिकतम उम्रकैद हो सकती है। इसमें कोर्ट ने इरफान को महज 7 वर्ष की सजा सुनाई है। इसके चलते पुलिस हाईकोर्ट में अपील करेगी।

धारा	कितनी है सजा
436	10 साल से लेकर आजीवन कारावास
506	2 साल तक की कैद या जुर्माना
147	2 साल का कारावास या जुर्माना
427	2 साल का कारावास या जुर्माना
323	1 साल का कारावास या जुर्माना
504	2 साल की सजा या जुर्माना

आगजनी कांड में सातों आरोपियों की एक साथ की जाएगी पत्रावली



कानपुर। इरफान सोलंकी को सजा सुनाए जाने के बाद सोमवार को अन्य शेष सात आरोपियों के मामले की सुनवाई की गई। पुलिस की ओर से भेजी गई सातों आरोपियों की तीन पत्रावलियों को अभियोजन ने एक साथ किए जाने की मांग की, जिसकी कोर्ट ने स्वीकृति देते हुए मामले की सुनवाई 24 जून की तिथि निर्धारित की।

नजीर फातिमा की झोपड़ी में आग लगाने के मामले में सपा विधायक इरफान सोलंकी समेत पांच दोषियों को एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने बीते सात जून को सात साल की सजा सुनाई थी। मामले में शेष अन्य आरोपी अनूप यादव, महबूब आलम, शमशुद्दीन उर्फ चच्चा, एजाजुद्दीन उर्फ सबलू, मो.एजाज, मुरसलीन भोलू, शकील चिकना के खिलाफ पुलिस ने तीन पत्रावली कोर्ट में दाखिल की थी। मामले में सोमवार को सुनवाई की गई। एडीजीसी भास्कर मिश्रा ने बताया कि अज्जन व मुरसलीन भोलू की एक, अनूप यादव, महबूब आलम, शमशुद्दीन व एजाजुद्दीन की दूसरी व शकील चिकना की तीसरी पत्रावली कोर्ट में पुलिस ने पेश की थी। तीनों पत्रावलियों को एक में समायोजित करने का प्रार्थना पत्र कोर्ट में दिया गया था। सुनवाई के दौरान शकील चिकना के अधिवक्ता की ओर से कोई विरोध नहीं किया गया। जिसके बाद कोर्ट ने पत्रावलियों को समायोजित करने की अनुमति दे देते हुए साक्ष्य प्रस्तुत करने की तिथि 24 जून निर्धारित की।

- कोर्ट ने अभियोजन की मांग स्वीकृत करके अगली तारीख 24 जून की दी
- पुलिस ने सात आरोपियों की तीन पत्रावली कोर्ट में पेश कीं

छह और शव मिले, हीट स्ट्रोक से मौत की आशंका

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अलग-अलग थानाक्षेत्रों में पड़े मिले शव

अमृत विचार। नौतपा खत्म होने के बाद भी गर्मी का सितम लगातार बरकरार है। नौतपा में रोजाना शहर में दस से ज्यादा अज्ञात शव मिल रहे थे, वहीं अब शवों के मिलने की संख्या कम हुई है। सोमवार को छह शव पड़े मिले।

गोविंद नगर थानाक्षेत्र के शिवनगर विद्युत कालोनी निवासी 55 वर्षीय राजू वर्मा ई-रिक्शा चलाते थे। बेटी नेहा ने बताया कि वह दो दिन से घर नहीं आए थे। पुलिस ने सूचना दी कि गुलाबराज के सामने सड़क पर उनका शव पड़ा मिला है। इसी प्रकार बाबूपुरवा थानात्रक्षेत्र में द्वारिकापुरी बाजार सीसामऊ के रहने वाले 36 वर्षीय प्रमोद कुमार का शव टाटमिल के पास पड़ा पाया गया। भाई विनोद ने बताया कि वह ई-रिक्शा चलाता था।

भाई ने गर्मी के कारण मौत होना बताया है। मूलगंज थानाक्षेत्र में एक 60 वर्षीय बुजुर्ग का शव पड़ा मिला। उसकी पहचान नहीं हो सकी। बिधनू थानाक्षेत्र में टीकर मथई निवासी 70 वर्षीय दिलजले नमक फैक्ट्री में काम करके वहीं रहते थे। रविवार को काम करके खाना खाकर सो गए थे। लेकिन सोमवार सुबह उनका शव पड़ा मिला। परिजनों ने गर्मी से मौत की आशंका जताई है। वहीं जीआरपी को कानपुर सेंट्रल में सिटी साइड के अंदर टिकट घर के पास 40 वर्षीय व्यक्ति मृत मिला। पुलिस की जांच में उसका नाम अशोक प्रजापति निवासी गोरा हथगांव फतेहपुर है। इसी तरह सेंट्रल स्टेशन में इंटरसिटी के अंदर 53 वर्षीय गुलाब सिंह निवासी धमना माधौगढ़ जालौन का शव पड़ा पाया गया। जीआरपी ने हीट स्ट्रोक से मौत होने की आशंका जताई है।

चार दिन बाद एसी लगा तो बोर्ड फुंक गया

- पोस्टमार्टम हाउस में अज्ञात शवों के लिए अलग से एक अस्थाई कमरा बनाया जा रहा है। कर्मचारी वहां एसी लगाने पहुंचे लेकिन शवों को देखकर भाग निकले थे। रविवार शाम को एक कर्मचारी ने दो एसी फिट कर दिए। सोमवार को एक एसी का बोर्ड लोड के कारण फुंक गया। जिससे पोस्टमार्टम करने में डॉक्टरों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

बदली के बाद भी पारा 43 के पार

दिनभर रही बदली।

कानपुर। सोमवार को बदली के बावजूद नगर में पारा सामान्य से 3.6 डिग्री ऊपर चढ़कर 43.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। न्यूनतम तापमान 2.5 डिग्री सेल्सियस नीचे उतरकर 25.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। अभी गर्मी और दिन में लू की स्थिति बनी रहेगी। मौसम विभाग के अनुसार कानपुर मंडल में अभी लू जैसी स्थितियां बनी रहने की संभावना है। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डा. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि बुधवार तक लू चलने के आसार हैं। लू के थपेड़े शहर में औसतन 5.4 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चले। उन्होंने बताया कि अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के आसार हैं किन्तु वर्षा की कोई संभावना नहीं हैं तथा दिन और रात के तापमान सामान्य से अधिक रहने के आसार हैं। प्रदेश में सोमवार को 46.3 डि.से. तापमान के साथ प्रयागराज सबसे गर्म शहर रहा।

स्कूल ने जांच रिपोर्ट के नाम पर भेजा घटनाक्रम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- फर्जी भर्ती घोटाले में दो स्कूलों से शिक्षा विभाग ने मांगी थी जांच रिपोर्ट

अमृत विचार। शिक्षा विभाग के फर्जी भर्ती घोटाला में फर्जी शिक्षकों को नियुक्ति देने वाले स्कूल ने जांच के नाम पर लीपापोती कर दी है। एक स्कूल ने अपनी जांच रिपोर्ट में पूरे घटनाक्रम को ही लिखकर विभाग को दे दिया है। यह वही स्कूल है जिसने फर्जी नियुक्ति पाने वाली शिक्षिका को चार माह का वेतन दे दिया था।

फर्जी भर्ती घोटाले में मदनमोहन अग्रवाल इंटर कॉलेज में पैनल में शामिल 9 फर्जी शिक्षक-शिक्षिकाओं में से एक को नियुक्ति दी थी। शिक्षिका को 4 माह का वेतन भी दे दिया था। वेतन दिए जाने से पहले स्कूल को शिक्षिका के दस्तावेज का सत्यापन कराना था। सत्यापन न कराए जाने की वजह शिक्षा विभाग की जांच में स्कूल से पूछी गई थी। स्कूल की ओर से पूरे घटनाक्रम को ही जांच के नाम पर विभाग को भेज दिया। अब विभाग दोबारा स्कूल से पूरी जांच कराकर रिपोर्ट भेजे जाने के लिए स्कूल को पत्र भेजने जा रहा है। जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि स्कूल की ओर से गुमराह किया जा रहा है। नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। स्कूल को स्पष्ट जांच रिपोर्ट के लिए पत्र भेजा जा रहा है।

शिक्षिका ने प्रबंधक के जरिये भेजा था संदेश

- पैनल में शामिल शिक्षिका को नियुक्ति देने और मामला खुलने के बाद आरोपी शिक्षिका ने अंतिम बार प्रबंधक के जरिए ही संदेश भेजा था। उस वक्त प्रबंधक ने यह बताया था कि शिक्षिका ने वेतन वापस करते हुए कहा था कि वे सही समय आने पर अपनी बात रखेंगी। यह बात प्रबंधक की ओर से शिक्षा विभाग के अधिकारियों को भी बताई जा चुकी है।

नीट के रिजल्ट को लेकर आक्रोश, भरी हुंकार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दोबारा परीक्षा कराने की मांग कर रहे छात्रों के समर्थन में उतरी एबीवीपी
- प्रदर्शन स्थल पर पहुंचकर पुलिस ने धारा 144 लागू होने की दी जानकारी

अमृत विचार। नीट के रिजल्ट को लेकर आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को काकादेव में नाराज युवकों ने प्रदर्शन किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर धारा 144 लागू होने की जानकारी दी। इसके बाद छात्र शांत हो गए।

नीट के रिजल्ट से असंतुष्ट छात्रों ने नारेबाजी कर अपना विरोध जताया और दोबारा परीक्षा कराने की मांग की। बीते मंगलवार को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने नीट 2024 का परिणाम घोषित कर दिया था।

इस साल 13.16 लाख बच्चों ने नीट परीक्षा पास की है। रिजल्ट आने के बाद से तमाम छात्र परिणाम पर असंतोष जता रहे हैं। सोमवार को एबीवीपी के महानगर मंत्री मयंक पासवान की अगुवाई में सृजल, प्रांजुल आदि युवा काकादेव में जमा हो गए। सड़क पर प्रदर्शन की जानकारी होते ही पुलिस मौके पर पहुंची। चौकी इंचाज राहुल शुक्ला ने दोबारा परीक्षा की मांग कर रहे युवाओं को धारा 144 लागू होने का पत्र सौंपा। नाराज छात्रों को समझाकर शांत कराया।

काकादेव में एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने की नारेबाजी। अमृत विचार

एबीवीपी ने कोचिंग संस्थानों में दी दस्तक

न्यू स्पीड में निदेशक रोहित अवस्थी से मुलाकात कर एबीवीपी के पदाधिकारियों ने समर्थन मांगा। यहां पर सोनू पांडेय ने युवाओं को शांत कराया। प्रशासन की तरफ से सभी कोचिंग संस्थानों में धारा 144 लागू होने के पत्र प्रशासन की ओर से भेजे गए हैं।

17 जून से चलेगा शारदा अभियान

कानपुर। बीच सत्र में पढ़ाई छोड़ने वाले बच्चों को नए सत्र की शुरुआत से ही स्कूल लाने के लिए अभियान चलाया जाएगा। राज्य परियोजना निदेशक कंचन वर्मा ने परिषदीय स्कूलों में प्रवेश लेने के बाद बीच सत्र में पढ़ाई छोड़ने वाले बच्चों को वापस शिक्षा की मुख्यधारा में लाने पर जोर दिया है। निदेशक ने स्कूल हर दिन आएं (शारदा) अभियान की कार्ययोजना जारी कर दी है। जिले के बीएसए को कहा गया है कि 17 जून से स्कूल के स्टाफ को परिवार सर्वेक्षण के जरिये आउट ऑफ स्कूल बच्चों का चिह्नांकन, पंजीकरण और स्कूल में नामांकन कराएं।

जन समस्या | जल निगम की पाइप लाइन फटने से तारघर वाली सड़क पर हुआ जलभराव

माल रोड पर फूटा फव्वारा, पानी को तरसे 12 मोहल्ले

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जोनल पंपिंग स्टेशन फूलबाग से जलापूर्ति बंद, आज से शुरू होगी मरम्मत

अमृत विचार। मालरोड की तारघर वाली सड़क पर सोमवार शाम एक बार फिर से पेयजल लाइन फटने के कारण तेज फव्वारा छूटने लगा। सड़क के बीच दो फीट ऊपर तक पानी का फव्वारा निकलते देखकर क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सड़क पर जल जमाव हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर फूलबाग जोनल पंपिंग स्टेशन से पानी की सप्लाई रोकी गई।

इस कारण 12 मोहल्लों में रहने वाली 80 हजार आबादी को शाम को पानी नहीं मिल पाया। जलनिगम के अवर अभियंता अनुराग सिंह ने बताया मंगलवार को पेयजल लाइन की मरम्मत शुरू की जाएगी, देर शाम पानी की सप्लाई दोबारा शुरू किए जाने की उम्मीद है।

माल रोड पर रिजर्व बैंक के सामने स्थित तारघर रोड पर सोमवार शाम करीब 7 बजे पानी की लाइन फटने से फव्वारा बह निकला। जोनल पंपिंग स्टेशन फूलबाग से होने वाली जलापूर्ति बंद करके सड़क पर बहता पानी रोका गया। इस कारण 12 मोहल्लों में पेयजल आपूर्ति ठप होने से नल सूखे पड़े रहे। पिछले माह भी इसी स्थान पर पेयजल लाइन फटी थी। केस्को ने खोदाई कार्य के दौरान जलनिगम की पेयजल लाइन तोड़ दी थी।

तारघर वाली सड़क पर जलनिगम की पेयजल लाइन फटी।

जल निगम की लापरवाही सामने आई

समाजसेवी चंदन राय गर्ग ने बताया कि जलनिगम ने टूटी पेयजल लाइन को ठीक कर दिया था लेकिन सड़क को मोटरेबल नहीं किया गया था। इस कारण वाहनों के दबाव की वजह से सोमवार शाम एक बार फिर से पेयजल लाइन फट गई। इलाके में जल भराव की स्थिति हो गई।

इन मोहल्लों में संकट

इटावा बाजार, फूलबाग, कुरसवां, पटकापुर, रामनारायण बाजार, हूलागंज में पानी का संकट खड़ा हो गया है। एक दर्जन मोहल्लों में मंगलवार सुबह पानी की सप्लाई नहीं हो पाएगी। जलकल ने टैंकर भिजवाने की बात कही है।

कांग्रेस आज निकालेगी धन्यवाद यात्रा

कार्यालय संवादाता, कानपुर

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव में नगर सीट पर मिले जनसमर्थन से गदगद कांग्रेस मंगलवार को शहर में तिलकहाल से धन्यवाद यात्रा निकालेगी। इसके अतिरिक्त विधानसभा स्तर पर कार्यकर्ताओं की बैठक करके जन-जन तक पहुंचने के लिए जनता से जुड़ने का प्रयास होगा।

कांग्रेस के इस कदम को 2027 में यूपी में होने वाले विधानसभा की तैयारियों को इसे जोड़कर देखा जा रहा है।

सोमवार को तिलक हाल में शहर अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी एवं कानपुर लोकसभा प्रत्याशी आलोक मिश्रा ने पत्रकार वार्ता की। उन्होंने बताया कि मंगलवार 11 जून को सायं 4 बजे तिलक हाल से घंटाघर तक धन्यवाद यात्रा निकाली जाएगी। जल्द ही विधानसभावार धन्यवाद यात्रा निकाली जाएगी एवं विस स्तर पर समीक्षा की जाएगी। गठबंधन दल के सभी घटक दलों के कार्यकर्ताओं एवं नेताओं का समागम कर आगामी चुनावों को लेकर रणनीति पर चर्चा की जाएगी। शहर कांग्रेस कमेटी की तरफ से विजयी वार्डों के अध्यक्षों एवं बूथ प्रभारी के सम्मान समारोह का भी आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया तथा पूरे चुनाव में अच्छा समन्वय करने वाले कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा। शीघ्र ही उन्हें प्रदेश नेतृत्व और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी से भेंट कराएंगे। आगामी कार्यक्रमों को 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारी को ध्यान में रखकर बूथ स्तर से कार्यक्रम किए जाएंगे। प्रेस वार्ता में दिलीप शुक्ला, लल्लन अवस्थी, सतीश वाल्मीकि, शकील मंसूरी, भारत आजाद, गुफरान अहमद चांद, मनु पांडे, चंद्र मणि मिश्रा, राधेश्याम कश्यप, राजेंद्र बाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

प्रेस वार्ता में आलोक मिश्रा और नौशाद आलम मंसूरी। अमृत विचार

- इंडिया गठबंधन को साथ लेकर 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरू
- वार्डस्तर पर टीम को मजूबत करेंगे, कार्यकर्ताओं को राहुल गांधी से मिलाएंगे

आतंकी हमले में शहर का युवक भी घायल, आईसीयू में भर्ती

सीसामऊ थानाक्षेत्र के जवाहर नगर शांति निकेतन लाइन पटरी का रहने वाला है

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। रविवार को जम्मू-कश्मीर के रियासी में हुए आतंकी हमले में शहर का एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। परिजनों को उसे आईसीयू में भर्ती होने की जानकारी तो मिल गई लेकिन उसके बाद का हाल अब तक नहीं पता चला है। घायल युवक की मां और बड़ा बेटा व उनकी बहू उसकी खबर जानने के लिए इंतजार में व्याकुल हो रहे हैं। परिजनों का कहना था कि एसडीएम का फोन आया था जिन्होंने बेटे की भर्ती होने की जानकारी दी।

मूलरूप से जिला गोंडा के परशुरामपुर की रहने वाली निर्मला देवी ने बताया कि वह परिवार के साथ सीसामऊ थानाक्षेत्र के जवाहर नगर शांति निकेतन के सामने लाइन पटरी में रहती हैं। उनका 25 वर्षीय पुत्र दिनेश कुमार गुप्ता जम्मू-कशमीर के रियासी में हुए आतंकवादी हमले में गंभीर रूप से घायल हो गया है। मां निर्मला के अनुसार वह 4 जून की सुबह गोंडा गया था। जहां से रात में ट्रेन से बहन नीलम गुप्ता उर्फ रानी, बहनोई देवी प्रसाद व उनके बच्चों 12 वर्षीय प्रिंस, 10 वर्षीय पलक समेत आठ लोगों के साथ वैष्णों देवी के दर्शन करने गया था। जहां से वह शिवखोड़ी गए थे। बताया कि घटना में बस में दिनेश के अलावा अन्य और भी लोग घायल हो गए।

घटना की जानकारी देते परिजन। अमृत विचार

खस्ते-कचौड़ी का ठेला लगाकर चलाता है परिवार

दिनेश की पड़ोसी ज्योति श्रीवास्तव ने बताया कि हमले में घायल दिनेश ही पूरे परिवार का पालन पोषण करता है। उसका विवाह नहीं हुआ है। वह गुमटी में खस्ता-कचौड़ी का ठेला लगाकर परिवार की देख रेख करता है।

मीडियाकर्मियों के फोन पर जानकारी देने पर मामला संज्ञान में आया है। लेकिन घायल के विषय में कोई आधिकारिक पुष्टि या सूचना थाने पर नहीं मिली है।

-हिमांशु चौधरी, सीसामऊ एसओ

परिजन भूखे-प्यासे नहीं पहुंचे जिम्मेदार

हादसे में गंभीर रूप से घायल दिनेश कुमार गुप्ता के बड़े भाई रमेश कुमार गुप्ता ने बताया कि वे लोग टीवी से चिपके रहे। रात तक घायलों की लिस्ट दिखाई तो उसमें दिनेश का भी नाम था। घायल युवक की भाभी संध्या के फोन पर सोमवार दोपहर किसी की कॉल आई थी। उसने खुद को एसडीएम बताया और दिनेश के घायल होने की जानकारी दी थी। मोहल्ले की ज्योति के अनुसार एक टीवी चैनल पर उन्होंने घायल दिनेश और उसके साथ गए बहन-बहनोई को देखा था। परिजनों का कहना था कि स्थानीय प्रशासन, नेता व पुलिस झांकने तक और जानकारी देने तक घर नहीं आई।

दिनेश कुमार।

कुर्बानी करने से दोनों जहां का मिलता फायदा

कानपुर। कुर्बानी से दुनिया और आखिरत दोनों ही जगह का फायदा है। कुर्बानी अल्लाह का हुक्म है, जिसके ऊपर कुर्बानी वाजिब हो गई ,उससे कुर्बानी के बदले में कोई दूसरा अमल कुबूल नहीं है।

सोमवार को मदरसा जामे उल उलूम जामा मस्जिद पटकापुर के जेरे एहतमाम मुहीउद्दीन खुसरू ताज की सरपरस्ती में जारी नौ दिवसीय 'फजायल, मसायल व तारीखे कुर्बानी' कार्यक्रम के तहत मस्जिद रैकेपुर कल्यानपुर और छोटी मस्जिद मुसाफिरखाना परेड में जलसा हुआ। कल्यानपुर स्थित मस्जिद में मदरसा जामे उल उलूम के उस्ताद मुफ्ती अमीरुल्लाह कासमी ने अवाम को कुर्बानी के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से रूबरू कराते हुए कहा कुर्बानी से गरीबों की आर्थिक स्थिति बेहतर होती है। दूसरी जानिब छोटी मस्जिद मुसाफिरखाना परेड में मुफ्ती मुहम्मद आकिबा शाहिद ने लोगों को कुर्बानी से सम्बन्धित फज़ायल व मसायल से वाकिफ कराये। हाफिज मुहम्मद जावेद, मौलाना मुहम्मद मजहर कासमी, हाफिज मुहम्मद लईक, मुहम्मद आरिफ, काशिफुद्दीन, मुहम्मद इरफान के अलावा बड़ी संख्या में स्थानीय अवाम मौजूद रहे।

पटरी पर नहीं आई बिजली व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कई क्षेत्रों में कई घंटों तक बना है बिजली का संकट
- आरडीएसएस के कार्य की वजह से शटडाउन

अमृत विचार। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बिजली विभाग के सभी डिस्कॉम के प्रबंध निदेशकों को अनावश्यक बिजली कटौती न किए जाने स्पष्ट निर्देश दिए हैं, लेकिन इसके बावजूद शहर में आरडीएसएस योजना का कार्य की वजह से घंटों तक शटडाउन लिया जा रहा है। इसके अलावा फॉल्ट और ट्रांसफार्मर की मरम्मत में भी केस्को के लाइनमैन व टेक्नीशियनों को काफी वक्त लग रहा है। इसका परिणाम लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

शहर में बिजली संकट थमने का नाम नहीं ले रहा है। केस्को के अधिकारी 23 घंटे से अधिक बिजली देने का दावा कर उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट सौंप रहे हैं जबकि एक्स पर कानपुर इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कॉरपोरेशन के अकाउंट पर शिकायतों पर भरमार है। रविवार रात को रामादेवी, एचएएल कॉलोनी, मधावपुरम, अहिरवां, विराट नगर, दाल मिल, बर्रा-चार, बारासिरोही, रविंद्र नगर, यशोदा नगर, आवास-विकास हंसपुरम, आंबेडकरपुरम समेत एक दर्जन क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था पूरी रात चौपट रही। सोमवार को नई सड़क, परेड, बेकनगंज, यादव नगर, किदवई नगर, यशोदा नगर, बाबूपुरवा, खलासी लाइन, रविंद्र नगर, घंटाघर, विकास नगर झंडा चौराहा, मोती मोहाल व समेत 60 से अधिक मोहल्लों में बिजली संकट रहा। सात फीडर क्षेत्रों में आरडीएसएस योजना के तहत काम होने की वजह से सुबह लेकर दोपहर तक बिजली गुल रही।

चोरी की बिजली से चार्ज होते ईरिक्शे पकड़े गए। अमृत विचार

केस्को के मुताबिक बस दो हुए फाल्ट

केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत के मुताबिक नौ जून को अधिकतम लोड 595 मेगवाट रहा। औसत विद्युत आपूर्ति 23 घंटे 32 मिनट रही। 10 जून को एचटी केबल क्षतिग्रस्त होने से दबौली फीडर की आपूर्ति 10 बजकर 55 मिनट से 11 बजकर 40 मिनट तक नहीं थी। 11 केबी एचटी लाइन क्षतिग्रस्त होने पर नानकारी फीडर की आपूर्ति सुबह सात बजे से आठ बजे तक नहीं थी। जबकि हकीकत में बिजली इन दोनों फीडर क्षेत्रों में भी तीन से चार घंटे तक नहीं थी।

चोरी की बिजली से चार्ज हो रहे 13 ई-रिक्शे पकड़े

कानपुर। किदवई नगर खंड के अंतर्गत बाबूपुरवा सहायक अभियंता व अवर अभियंता ने टीम के साथ अजीतगंज में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान टीम को 13 ई-रिक्शें चोरी की बिजली से चार्ज होते मिले। केस्को मीडिया प्रभारी के मुताबिक विद्युत अधिनियम की धारा 135 के अंतर्गत रेहान अहमद के खिलाफ प्राथमिक सूचना संबंधित थाने में दर्ज करा दी गई है। इधर, केस्को प्रथम की प्रवर्तनदल की टीम ने परेड स्थित हलीम कांपाउंड में राबिया बानो को परिसर में बिजली चोरी करते पकड़ा। मीटर की सर्विस केबिल के अलावा सी पैनल से केबल सीधे जोड़कर अवैध रूप से बिजली का उपयोग कर रहीं थीं।

यूपी कैटेट आज, 6 केंद्रों पर परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 3 हजार से अधिक परीक्षार्थी देंगे प्रवेश परीक्षा

अमृत विचार। प्रदेश के कृषि विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए होने वाली यूपी कैटेट की तैयारी पूरी हो गई है। 6 केंद्रों पर प्रवेश परीक्षा में मंगलवार को करीब 3 हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे।

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर समेत प्रदेश के पांचों कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए यूपी कैटेट प्रवेश परीक्षा 2024 दिनांक 11 एवं 12 जून 2024 को होगी। इस वर्ष यूपी कैटेट प्रवेश परीक्षा 2024 का आयोजन सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेरठ द्वारा हो जा रहा है। सीएसए के कुलसचिव डॉ. पी के उपाध्याय ने बताया कि कानपुर में कुल 6 केंद्रों पर प्रवेश परीक्षा आयोजित कराई जाएगी। जिनमें स्नातक स्तर पर दिनांक 11 जून को कुल 3330 तथा दिनांक 12 जून को परास्नातक एवं पीएचडी स्तर के कुल अभ्यर्थी 902 तथा एमबीए में कुल 103 अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होंगे। उन्होंने बताया कि दिनांक 11 जून को स्नातक की प्रवेश परीक्षा प्रातः 9:00 से 12:00 बजे तक छः केंद्रों पर तथा परास्नातक एवं पीएचडी की प्रवेश परीक्षा 12 जून को प्रातः 9:00 से 12:00 बजे तक दो केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। जबकि एमबीए की 12 जून को प्रवेश परीक्षा अपराहन 3:00 से 5:00 तक एक केंद्र पर आयोजित कराई जाएगी। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ खलील खान ने बताया कि समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

यह हैं परीक्षा केंद्र

कुल सचिव ने बताया कि जय नारायण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज विकास नगर, कैलाश सरस्वती इंटर कॉलेज कृष्णा विहार पनकी रोड कल्याणपुर, सेठ मोतीलाल खेरिया एसडी इंटर कॉलेज विष्णुपुरी, विक्रमाजीत सिंह सनातन धर्म कॉलेज नवाबगंज, कानपुर विद्या मंदिर महिला इंटर कॉलेज स्वरूप नगर, शिवाजी इंटर कॉलेज केशव नगर परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थी प्रवेश परीक्षा देंगे।

बच्चे के साथ बुजुर्ग ने की अश्लील हरकत

कानपुर। जूही क्षेत्र में छह वर्षीय बच्चे के साथ एक बुजुर्ग ने अश्लील हरकतें की। इस दौरान घर की छत पर खड़े एक युवक ने घटना का वीडियो बनाकर परिजनों को जानकारी दी। जिसके बाद परिजनों ने पुलिस से शिकायत की।

बच्चे के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। जूही इंस्पेक्टर संजय पांडेय ने बताया परिजनों ने तहरीर दी है, आरोपी के खिलाफ कुकर्म की धारा में मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर बुजुर्ग के परिजन उसके मानसिक बीमार होने की बात कह रहे हैं। पुलिस ने कहा कि जांच की जा रही है।

ट्रैक के बगल में झाड़ियों में लगी आग, ट्रेनें बचीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शहर के अलग-अलग थानाक्षेत्रों में हुईं घटनाएं

अमृत विचार। सोमवार को चार थानाक्षेत्रों में झाड़ियों में भीषण आग लग गई। चकेरी थानाक्षेत्र और गोविंद नगर थानाक्षेत्रों में रेलवे ट्रैक किनारे झाड़ियों में आग की ऊंची-ऊंची लपटें उठीं। दमकल की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। रेलवे के गैंगमेनों ने जली झाड़ियों को ट्रैक से किनारे हटाया।

चकेरी थानाक्षेत्र में कृष्णानगर इलाके में रेलवे लाइन के किनारे झाड़ियों में भीषण आग लग गई। जाजमऊ से 2 फायर यूनिट घटनास्थल पर पहुंची और आग बुझाई। वहीं गोविंद नगर थानाक्षेत्र में गोविंदपुरी रेलवे स्टेशन के पास जंगल में झाड़ियों में भीषण आग लग गई। इस दौरान तेज उठती लपटें पास में खड़ी ट्रेन की बोगियों तक पहुंच रही थीं। दमकल कर्मियों ने आग बुझाई। वहीं ग्वालटोली थानाक्षेत्र में खलासी लाइन में मार्डन इंटरनेशनल स्कूल के पास बंद पड़े मकान में कूड़े में भीषण आग लग गई। नवाबगंज थानाक्षेत्र में एनआरआई सिटी के पास प्लॉट में उगी झाड़ियों में आग लग गई। हवा तेज चलने के कारण आग ने अगल बगल कूड़े को भी अपनी चपेट में ले लिया।

एनआरआईसिटी में रहने वाले लोगों ने दमकल को सूचना दी। जिसके बाद आग बुझाई गई। इसी प्रकार रूपम चौराहे के पास रद्दी लदे लोडर में आग लग गई। घनी आबादी के बीच आग लगने से अफरातफरी मच गई। फायर बिग्रेड कर्मियों ने आग को बुझाया। इस संबंध में सीएफओ दीपक शर्मा ने बताया कि झाड़ियों में अगर आग फैलती तो वह ट्रेन को अपनी जद में ले सकती थी।

कृष्णा नगर में रेलवे ट्रैक के बगल में झाड़ियों में आग व निकलती ट्रेन।

बेतरतीब यातायात खत्म कर रहा है बाजारों को

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने पुलिस आयुक्त को दिया ज्ञापन
- कल्याणपुर बाजार में वनवे खत्म करने की समीक्षा करने की हुई मांग

अमृत विचार। शहर की बेतरतीब यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग को लेकर सोमवार को कारोबारियों ने पुलिस आयुक्त को ज्ञापन दिया। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने इस दौरान शहर में घंटाघर सहित अन्य बाजारों, चौराहों पर यातायात व्यवस्था को बेहतर करने, कल्याणपुर बाजार मे वनवे व्यवस्था को खत्म करने व सुरक्षा के लिहाज से शहर की प्रमुख बाज़ारो मे शनिवार से रविवार की रात गश्त बढ़ाये जाने की मांग की। कारोबारियों की मांग पर शाम को पुलिस आयुक्त ने कल्याणपुर क्रॉसिंग से बाजार तक यातायात व्यवस्था का निरीक्षण भी किया।

ज्ञापन दिए जाने के दौरान भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्र व महानगर अध्यक्ष गुरुजिन्दर सिंह ने कहा कि महानगर की शहरी सीमा में शहर के अंदर चौराहों पर बदली यातातात व्यवस्था से कुछ जगह सुधार हुआ है। इसके बावजूद खासकर घंटाघर ,मूलगंज ,बादशाहीनाका चौराहा, बड़ा चौराहा , डिप्टी पड़ाव , रावतपुर क्रॉसिंग मे यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। खासतौर पर कल्याणपुर बाजार मे वनवे व्यवस्था से व्यापार प्रभावित हो रहा है। इसी तरह अन्य कुछ बाज़ारो व चौराहों में ट्राफिक व्यवस्था में बदलाव करने के बाद जाम और बढ़ रहा है। इससे व्यापार प्रभावित हो रहा है। कारोबारियों की मांग पर पुलिस आयुक्त अखिल कुमार ने कहा कि कल्याणपुर बाजार में वनवे व्यवस्था व कुछ चौराहो पर यातायात समस्याओं को देखकर निस्तारण किया जाएगा।

पुलिस आयुक्त को ज्ञापन देने जाते व्यापारी। अमृत विचार

दहेज के लिए तलाक देने का आरोप

कानपुर। जाजमऊ में एक महिला ने दहेज की मांग पूरी न होने पर तीन तलाक देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने जाजमऊ थाने में मामले की शिकायत की है। जाजमऊ निवासी पीड़िता के अनुसार उनका निकाह जनवरी 2023 में शुक्लागंज निवासी युवक के साथ हुआ था। पीड़िता ने बताया कि शादी के कुछ माह बाद से ही आरोपी सास, ससुर, जेठ और पति दहेज में दो लाख रुपये और बाइक देने की मांग करने लगे। एक जून को पति ने मारपीट की और तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया। जिसके बाद उन्होंने जाजमऊ थाने में शिकायत की। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि कार्रवाई की जा रही है।

राजनाथ ने लिया कानपुर का हाल-चाल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कs आवास पर पहुंच सांसद रमेश अवस्थी ने दी बधाई

अमृत विचार। राजनाथ सिंह को दोबारा रक्षा मंत्रालय मिलने पर कानपुर के सांसद रमेश अवस्थी उनके आवास पर बधाई देने पहुंचे तो राजनाथ ने रमेश अवस्थी से कानपुर के हाल चाल लिये। इस दौरान शहर को विकसित बनाने को लेकर चर्चा हुई।

रमेश अवस्थी ने कहा कि राजनाथ सिंह ने जल्द शहर आने का वादा किया है। वहीं, दूसरी ओर अब रमेश अवस्थी के भव्य स्वागत के लिये जिलाध्यक्षों को जिम्मेदारी सौंप दी गई है।

पीएम नरेंद्र मोदी के तीसरी बार शपथ ग्रहण समारोह में क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल, जिलाध्यक्ष दीपू पांडे, शिवराम सिंह और दिनेश कुमार कुशवाहा समेत क्षेत्र के सह मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी दिल्ली पहुंचे थे। इस दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष ने भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नवनियुक्त केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा के आवास पर आयोजित रात्रि भोज में हिस्सा लिया। वहीं, रमेश अवस्थी ने अमित शाह से भेंट कर पुनः गृह मंत्री बनाए जाने पर शुभकामनाएं दीं। रमेश अवस्थी ने नई दिल्ली वेस्टर्न कोर्ट एनेक्सी में जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों से मुलाकात की।

यहां वह विधान परिषद सदस्य एवं प्रदेश उपाध्यक्ष सलिल विश्नोई से भी मुलाकात की। रमेश अवस्थी ने बताया कि वह जल्द कानपुर आ रहे हैं। यहां वह जनता का धन्यवाद देंगे। उन्होंने कहा कि अब कानपुर के विकास की गाथा शुरू कर देंगे। शहर को विकसित बनाना है। जो काम रुके हैं उनको पूरा किया जायेगा।

राजनाथ सिंह के साथ रमेश अवस्थी।

अपराध जगत | दो माह के भीतर हुईं कई घटनाएं , सीसीटीवी में कैद हुए लुटेरे लेकिन किसी का नहीं हुआ खुलासा

लुटेरों का आतंक, पीड़ित बेबस और पुलिस है मौन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। कमिश्नरेट के थानाक्षेत्रों में इन दिनों चेन स्नेचर्स का गैंग सक्रिय होने के साथ हिंसक भी हो चुका है। इस बात का प्रमाण शनिवार देर रात कल्याणपुर थानाक्षेत्र में यूनिवर्सिटी के पास हुई वारदात से मिल गया। चेन लूट का विरोध करने पर स्नेचर्स ने चलती गाड़ी से महिला को गिरा दिया और दुपट्टा पकड़कर 20 मीटर तक घसीट दिया था। जिनका गंभीर हालत में इलाज हैलट अस्पताल में चल रहा है। पिछले दो माह में पूर्वी, पश्चिमी और सेंट्रल जोन में बेखौफ लुटेरों ने आतंक मचा कर रख दिया है। एक भी वारदात का खुलासा न होने के कारण अपराध रजिस्टर का भार बढ़ता जा रहा है।

ऑपरेशन त्रिनेत्र भी इस मामले में फेल

कानपुर कमिश्नरेट के अफसरों ने अपराध को हर हाल में अंकुश लगाने के लिए शहर के चौराहों, तिराहों और मुख्य नुक्कड़ों पर ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत कैमरे लगवाए थे। जिनकी दृश्य को कैद करने की क्षमता और रिकार्डिंग काफी अच्छी है। कैमरों की मदद से पुलिस के कई मामले हल हुए। लेकिन पिछले दो माह से अब तक हो रही चेन और मोबाइल लूट की कुछ घटनाएं कैमरे में कैद हुई लेकिन अब तक एक को भी पुलिस नहीं पकड़ सकी है।

50 से ज्यादा बाइक सवार कर रहे गश्त

ताबड़तोड़ हो रही चेन स्नेचिंग की घटनाओं के बाद डीसीपी पश्चिम विजय ढुल ने एक नई पैंतरा आजमाया है। जिसमें 50 से ज्यादा पुलिस कर्मियों को सुबह और शाम अपने जोन में गश्त करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस कर्मी पार्क, स्टेशन, बाजार और जीटी रोड में गश्त करते दिख जाएंगे। वह किसी को भी संदिग्ध दिखने पर रोकते हैं, इसके बाद नाम पता नोट करने के बाद छोड़ देते हैं। बरगदाही के ठीक दो दिन बाद यूनिवर्सिटी के पास हुई चेन स्नेचिंग ने सुरक्षा की पोल खोलकर रख दी थी।

वारदातों के खुलासे के लिए लगातार टीमें काम कर रही हैं। ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगवाए गए कैमरों की मदद से जल्द खुलासे किए जाएंगे।

-विपिन मिश्रा, एडिशनल सीपी हेडक्वार्टस एवं क्राइम

खुलासे से दूर इन घटनाओं पर डालिए नजर

- कल्याणपुर में आवास विकास निवासी सबिया खान को अपाचे सवार दो बदमाशों ने चलती स्कूटी से गिरा दिया था। इस दौरान लुटेरों ने चेन और पर्स लूट लिया था।
- कल्याणपुर कला में भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के मंडल अध्यक्ष की पत्नी चित्रा मिश्रा बरगदाही की पूजा करके लौट रही थी, तभी चेन लूट ली गई थी।
- केशवपुरम में टहलने निकली सेवानिवृत्त प्रवक्ता सुषमा त्रिपाठी को धक्का मार कर बाइक सवार लुटेरे चेन लूटकर तमंचा लहराते फरार हुए थे।
- कल्याणपुर चौकी से 100 कदम की दूरी पर बैटरी रिक्शा से उतरी लक्ष्मी तिवारी की चेन लूटकर काली पल्सर सवार दो लुटेरे भाग निकले थे।
- अवधपुरी निवासी राजेश खन्ना की सुबह टहलते समय लखनपुर स्थित संजय प्रोविजन स्टोर के पास बाइक सवार दो लुटेरों ने चेन लूट ली थी।
- कानपुर न्यायालय के पेशकार अभिषेक निगम के साथ घर लौट रही पत्नी का रतन आर्बिट से चंद कदम की दूरी पर दो लुटेरों ने पर्स लूट लिया था। उनका आईफोन मोबाइल, चांदी के आभूषण और नकदी थी।
- पुराना शिवली रोड निवासी दीक्षा का फोन कल्याणपुर क्रॉसिंग के पास बस से उतरते ही लूट लिया।
- रावतपुर में मसवानपुर चौराहे के पास सुंदर नगर निवासी प्रियंका की पति प्रशांत के साथ खाटू श्याम मन्दिर दर्शन करते जाते समय सफेद अपाचे सवार दो लुटेरों ने चेन लूट ली थी।
- कल्याणपुर स्टेशन में बेटी को छोड़ने आई पुष्पा देवी के बाले लूटकर लुटेरा भाग निकला था। इस वारदात में महिला के कान फट गए थे जिससे वह लहूलुहान हो गई थी।
- चकेरी के अहिरवां में मार्निंग वॉकर विराट नगर निवासी सुरेश चंद्र कुशवाहा जीटी रोड पर टहल रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार लुटेरों ने धक्का देकर सोने की चेन लूट ली थी।
- चकेरी में फौजी राजकुमार पाल की पत्नी रीता को रोककर बदमाशों ने चेन लूटने का प्रयास किया था। रीता लुटेरे से भिड़ी तो लुटेरे ने तमंचा निकालकर फायर झोंक दिया था।

हम गुनहगार बंदे आजमाइश के काबिल नहीं

कानपुर। अल्लाह की बारगाह में आसमान की तरफ हाथ उठाकर शहरकाजी मौलाना हाफिज अब्दुल कुद्दूस हादी ने गर्मी से निजात पाने के लिए दुआ की तो सैकड़ों लोगों ने आमीन कहा। शहरकाजी ने कहा कि ऐ खुदा, हम तेरे इम्तेहान के लायक नहीं है, हम गुनाहगार बंदे आजमाइश के काबिल नहीं हैं, हम सब को गर्मी से निजात दे दीजिए।

सोमवार को मस्जिद आयशा कुलीबाजार में गर्मी से निजात पाने के लिए शहरकाजी ने दुआ कराई। कहा, हमारे ऊपर बाराने रहमत (बारिश) कर। दुआ के बाद शहरकाजी ने लोगों से गुजारिश की कि गर्मी में राहगीरों को ठंडा पानी पिलाएं। उन्होंने हाथ उठाकर दुआ कराई कि बारिश हो जाए तो लोगों को राहत मिले। उन्होंने लोगों को आह्वान किया कि ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं।

23 लाख से आईटीआई में सौर ऊर्जा संयंत्र

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नेडा लगाएगा 40 किलोवॉट का सोलर पैनल

अमृत विचार। आईटीआई में नए सत्र से प्रशिक्षण लेने वाले युवाओं को बिजली जाने की समस्या से छुटकारा मिलेगा। उन्हें बिजली जाने के बाद प्रशिक्षण बीच में नहीं छोड़ना होगा। इसकी वजह संस्थान में सोलर पैनल लगाए जाने का रास्ता साफ हो गया है। इसके तहत संस्थान में 40 किलोवॉट का सोलर पैनल लगाया जाना है। इस योजना के लिए 23.88 लाख रुपये का बजट पास हुआ है।

आईटीआई में बिजली एक बड़ी समस्या हमेशा से रही है। अचानक बिजली से जाने से यहां पर विभिन्न ट्रेड का प्रशिक्षण अचानक बंद हो जाता था। अप्रैल महीने में संस्थान में लगातार तीन दिन बिजली समस्या को लेकर विवाद जैसी स्थिति भी बनी थी। अब संस्थान की यह समस्या दूर हो गई है। संस्थान की ओर से बताया गया कि संस्थान में नेडा के जरिए सोलर पैनल पास हो गया है। नए सत्र से पहले इसे शुरू कर दिया जाएगा। इस योजना के तहत पूरे प्रदेश में 17.91 करोड़ का बजट पास किया गया है। इसमें प्रदेश के सभी 75 राजकीय प्रशिक्षण संस्थान में सौर ऊर्जा संयंत्र लगेंगे। आईटीआई पांडु नगर को लगभग 23 लाख रुपये योजना के तहत मिलेंगे। सोलर पैनल के लगने से संस्थान की बिजली विभाग पर निर्भरता पूरी तरह से खत्म हो जाएगी। आईटीआई के प्रधानाचार्य डॉ. नरेश कुमार ने बताया कि सोलर पैनल पास होने के बाद उसे लगाए जाने के स्थान का चयन भी हो गया है। जून के अंतिम सप्ताह में पैनल लगाए जाने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

आसमान में उड़ने का सपना पर पायलट बनना महंगा

जमीर सिद्दीकी, कानपुर

अमृत विचार। परिंदों की तरह खुले आसमान में उड़ना हर किसी का सपना होता है। लेकिन इसके लिए पायलट बनने का प्रशिक्षण लेना काफी महंगा है। हालांकि अपने शहर में स्थित गर्ग एवियेशन फ्लाइंग क्लब दशकों से युवाओं की पायलट बनने की हसरत को पंख दे रहा है। पिछले पांच साल में करीब 800 युवा यहां से विमान उड़ाने का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं और विभिन्न एयर लाइंस में पायलट की सेवाएं दे रहे हैं।

कानपुर के सिविल एयरोड्रम में साल 1996 में गर्ग एवियेशन ने पायलट ट्रेनिंग अकादमी स्थापित की थी। निजी क्षेत्र में स्थापित यह अकादमी अब तक करीब पांच हजार पायलट तैयार कर चुकी है। यहां से पायलट का प्रशिक्षण प्राप्त करने में 50 लाख रुपये का खर्च आता है। नागर विमानन महानिदेशालय के दिशा-निर्देशों पर कार्यरत यह अकादमी कामर्शियल पायलट का लाइसेंस प्रदान करती है, जिसे प्राप्त करने के बाद एयर लाइंस में पायलट की नौकरी के लिए पात्रता हासिल हो जाती है।

12
वीं की परीक्षा भौतिकी, रसायन विज्ञान और गणित विषयों के साथ उत्तीर्ण होने पर ले सकते प्रवेश

28
साल पहले शहर के सिविल एयरोड्रम में खुला था निजी क्षेत्र का फ्लाइंग क्लब

800
पायलट पिछले पांच साल में गर्ग एवियेशन से विमान उड़ाने की ट्रेनिंग ले चुके हैं।

50
लाख रुपये से कम नहीं आता है कामर्शियल पायलट लाइसेंस प्राप्त करने का खर्च

- **प्रवेश के लिए न्यूनतम योग्यता :** पायलट प्रशिक्षण के लिए फिजिक्स, केमेस्ट्री, मैथ विषयों से कम से कम 50 फीसदी अंकों के साथ 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण होना तथा न्यूनतम 18 वर्ष आयु होना जरूरी है।

छह विषयों की लिखित परीक्षा

- नागर विमानन महानिदेशालय हर तीन माह में परीक्षा कराता है। यूपी में लखनऊ में परीक्षा होती है। पायलट का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं को छह विषयों की परीक्षा पास करनी होती है। इसमें ढाई से तीन वर्ष समय लग जाता है।

200 घंटे की उड़ान होती जरूरी

- यदि किसी छात्र ने 200 घंटे विमान उड़ाने की ट्रेनिंग ले ली है तो नागर विमानन महानिदेशालय अपने यहां उक्त छात्र का पंजीयन कर लेता है। इसके बाद कामर्शियल पायलट लाइसेंस जारी किया जाता है।

करीब दो लाख रुपये प्रतिमाह वेतन

पायलट का वेतन डेढ़ लाख रुपये से शुरु होता है। यदि भारत में किसी एयरलाइंस में नौकरी मिलती है तो आरंभ में अधिकतम दो लाख रुपये मासिक का पैकेज होता है। यदि विदेश में किसी एयरलाइंस में अवसर मिला तो चार लाख रुपये से शुरुआत होती है लेकिन विदेशी एयरलाइंस में पायलट बनने के लिए काफी मशक्कत करना पड़ती है।

रायबरेली में सरकारी ट्रेनिंग अकादमी

- रायबरेली के फुरसतगंज हवाई अड्डे पर इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी स्थापित है। केंद्र सरकार के अधीन कार्यरत इस अकादमी में 300 युवा पायलट का प्रशिक्षण ले रहे हैं। इस संस्थान में प्रवेश लेने के लिए टीसीएस प्रवेश परीक्षा आयोजित कराता है। संस्थान से पायलट का प्रशिक्षण प्राप्त करने में 50 लाख रुपये से अधिक का खर्च आता है। इस समय रायबरेली में चीफ फ्लाइट इंस्ट्रक्टर नहीं होने के कारण गर्ग एवियेशन कानपुर के चीफ फ्लाइट इंस्ट्रक्टर मयंक गर्ग छात्रों को ट्रेनिंग दे रहे हैं।

> एक कामर्शियल पायलट पर यात्रियों को आरामदायक और सुखद उड़ान सुनिश्चित कराते हुए कार्गो को गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचाने की जिम्मेदारी होती है। नागर विमानन महानिदेशालय से वैसे तो पॉयलट का लाइसेंस 10 साल का होता है लेकिन मेडिकल सर्टिफिकेट हर साल स्वास्थ्य की जांच के बाद ही मिलता है।
> – विजय गर्ग, मुख्य अधिकारी, गर्ग एवियेशन।

गंगा सफाई में आखिर कब रुकेगा भ्रष्टाचार ?

नाले लगातार नदी में उड़ेल रहे हैं सीवेज, बायोरेमिडिएशन के नाम पर शहर में हो रहा खिलवाड़, अफसर चुप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। कानपुर में नाले लगातार गंगा में गंदगी उड़ेल रहे हैं। जो नाले बंद किए गए हैं, वहां गड़बड़ी निरीक्षण में ही पकड़ आती है, लेकिन जो अभी बंद नहीं हैं और हर साल 73 लाख रुपये उनके सीवेज के बायोरेमिडिएशन पर खर्च किया जा रहा है, वह तो खुलेआम सीवेज बहा रहे हैं। इसके साथ ही टेनरियां और एसटीपी भी अशोधित पानी गंगा में बहाने से बाज नहीं आ रहे हैं। लेकिन मॉनिटरिंग का जिम्मेदार उत्तर प्रदेश प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड (यूपीपीसीबी) सिर्फ नोटिस जारी करके कागजी खानापूरी कर रहा है। बीते एक वर्ष में 100 से अधिक नोटिस नगर निगम, कार्यदायी संस्था, जलनिगम और टेनरियों को जारी की गई हैं लेकिन किसने कितना जुर्माना अदा किया और कहां कितना सुधार आया यह बताने वाला कोई नहीं है।

छह नाले लगातार प्रदूषित कर रहे धारा: गंगा को छह अनटैप्ड सीवेज नाले लगातार प्रदूषित कर रहे हैं। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार शहर के डब्का, सत्तीचौरा, गोलाघाट, रानीघाट, परमिया और भगवतदास-गुप्तारघाट नाले के सीवेज का गंगा में गिरने से पहले जैविक शोधन किया जाता है। नालों के पास जैविक शोधन के लिए स्थापित डोजिंग प्लास्टिक टैंक में सीडिंग और माइक्रोबियल कल्चर ही नहीं डाला जा रहा है। जो बायोरेमिडिएशन के लिये जरूरी है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों ने कई बार इस लापरवाही को पकड़ा और जुर्माना लगाया, लेकिन हालात जस के तस हैं। नालों में बायोरेमिडिएशन का काम नगर निगम द्वारा अनुबंधित संस्था विशान्त चौधरी कांट्रैक्टर जेवी नेक्सजेन इन्फोवर्ड कर रही है।

ट्रीटमेंट प्लांट से सीवेज बहाने पर 32 लाख जुर्माना: इसी साल फरवरी में जाजमऊ एसटीपी पर 39 दिन तक गंगा में गंदगी बहाने पर 14.62 लाख रुपये जुर्माना लगा था। बिनगवां एसटीपी से पांडु नदी में गंदा पानी बहाने पर केआरएमपीएल पर 17.25 लाख रुपये जुर्माना लगा था। दोनों प्लांटों से निकल रहे पानी में बीओडी ज्यादा था।

मैस्कर घाट पर गंगा में गिरता नाला। अमृत विचार

1810
करोड़ रुपये गंगा सफाई पर शहर में हो चुके खर्च

166
करोड़ इंडो डच परियोजना में लगाए

746
करोड़ जेएनएनयूआरएम सीवेज योजना-1 पर

423 करोड़ जेएनएनयूआरएम सीवेज योजना-2 में खर्च

57 करोड़ से नमामि गंगे में सीसामऊ नाले सहित 6 नालों की टैपिंग

> गंगा में गिर रहे नालों को लेकर मैं लगातार चिंतित हूं। जो भी नाले गिर रहे हैं, और जो इसके लिए दोषी है शासन स्तर पर उनकी शिकायत करूंगी।
> – प्रमिला पांडेय, महापौर

गंदा पानी गिरा एफआईआर, जुर्माना नहीं भरा

- सीसामऊ नाले से पिछले माह 13 दिन तक दूषित पानी गंगा में गिरता रहा था। इस लापरवाही पर जल निगम ग्रामीण ने प्लांट का संचालन व रखरखाव का काम करने वाली संस्था कानपुर रिवर मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड पर जुर्माना लगाने के साथ एफआईआर भी दर्ज कराई थी। ग्वालटोली थानाध्यक्ष पवन कुमार ने बताया कि जलनिगम की ओर से मिली तहरीर पर एफआईआर दर्ज की है। मामले की जांच कर रहे हैं। चुनाव की वजह से कुछ ज्यादा नहीं हो पाया है। उच्च अधिकारियों को जानकारी दी जाएगी।

जुर्माने की संस्तुति पर आगे कुछ नहीं पता

- क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी अमित मिश्रा का कहना है कि हम नोटिस देकर जुर्माने की संस्तुति करते हैं। स्टेट बोर्ड में शासन स्तर पर इसका अनुमोदन होता है। वहां से नगर विकास विभाग को जुर्माने की नोटिस और खाता नंबर देकर बताया जाता है कि किस मामले में कंपनी और नगर निगम पर जुर्माने की राशि अधिरोपित की गई है। यह सब शासन स्तर पर होता है। हमारे पास इसकी कोई जानकारी नहीं रहती है।

केआरएमपीएल और नगर निगम पर 62 लाख जुर्माना

- उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने चार माह पहले परमिया नाला, रानीघाट नाला और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) से गंगा में गंदगी बहाने पर 62 लाख रुपये जुर्माना लगाया था। इसमें 30 लाख का जुर्माना नगर निगम और शेष एसटीपी का संचालन कर रही कानपुर रिवर मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड (केआरएमपीएल) पर लगाया गया था। इसके साथ ही रानी घाट नाले में बायोरेमेडिएशन कार्य न होने पर 10 लाख रुपये जुर्माना लगाया गया था।

9 माह पहले लगा था डेढ़ करोड़ जुर्माना

- यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने अगस्त 2023 में छह नालों (आईसीआई, पनकी थर्मल नाला, रतनपुर नाला, रानी घाट, बुढ़िया घाट, शीतला बाजार नाले) का गंदा पानी गंगा और पांडु नदी में जाने और नालों में बायोरेमिडिएशन नहीं होने पर कार्यदायी संस्था नगर निगम को नोटिस का जवाब नहीं देने पर पर्यावरण क्षतिपूर्ति के तहत एक करोड़ पचपन लाख रुपये का जुर्माना लगाया था। यह धनराशि उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के खाते में 15 दिन में जमा की जानी थी, लेकिन इस मामले आगे क्या हुआ किसी को कुछ नहीं पता है।

सार-संक्षेप

आकाश कोचिंग के मेधावी छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

आकाश के 61 छात्रों ने पाई सफलता

कानपुर। कानपुर से आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लि. (एईएसएल) के 61 छात्रों ने जेईई एडवांस्ड 2024 में सफलता प्राप्त की है। यह जानकारी देते हुए संस्थान के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. एच.आर. राव ने बताया कि सफल छात्रों में शिखर गुप्ता ने 1268वीं, नवीन कुमार ने 1565 वीं, सत्यांश गुप्ता ने 2585 वीं, रुद्र प्रताप सिंह ने 2923वीं, प्रखर गुप्ता ने 3562 वीं और पार्थ राजपूत ने 3943वीं एआईआर रैंक प्राप्त की है। छात्रों ने जेईई एडवांस्ड की तैयारी के लिए एईएसएल के क्लासरूम प्रोग्राम में दाखिला लिया, जिससे उन्हें सफलता मिली है। छात्रों ने कहा कि एईएसएल की सामग्री और कोचिंग के बिना, हम कम समय में विभिन्न विषयों में कई अवधारणाओं को नहीं समझ पाते। क्षेत्रीय निदेशक डॉ. एच.आर. राव ने कहा कि हम छात्रों को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई देते हैं।

वकीलों ने मिठाई बांटी। अमृत विचार

कोर्ट परिसर में हुआ मिष्ठान वितरण

कानपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरी बार शपथ लेने व रमेश अवस्थी के कानपुर के सांसद बनने पर कानपुर कोर्ट में सोमवार को मिष्ठान वितरण हुआ। विधि प्रकोष्ठ कानपुर दक्षिण द्वारा वकीलों व अन्य लोगों बधाई दी। जिला संयोजक विधि प्रकोष्ठ मोहित दुबे, एडवोकेट कैलाश शुक्ला, राजेश यादव, राजेंद्र शुक्ला, सर्वेश दीक्षित, ओपी दुबे, अमर मोदी, प्रदीप साहू, संजय झा उपस्थित रहे।

भाजपाइयों ने शपथ ग्रहण पर जश्न मनाया। अमृत विचार

भाजपा कार्यकर्ताओं ने काटा केक

कानपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने पीरोड में एमएलसी सलिल विश्नोई के कार्यालय के बाहर मिठाई का वितरण किया। कार्यकर्ताओं ने केक भी काटा और आतिशबाजी की। इस अवसर पर कौशलपुरी मंडल के संयोजक संजय अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष अभिमन्यु सक्सेना, सौरभ तिवारी, गोलू बाजपेई, नवाब सिंह आदि रहे।

शरद अग्निहोत्री लायंस इंटरनेशनल में उप मंडलाध्यक्ष बने

कानपुर। कानपुर के लायन शरद अग्निहोत्री लायंस इंटरनेशनल मण्डल 321-बी2 के उपमंडलाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किए गए। हरिद्वार में आयोजित लायंस इंटरनेशनल मण्डल 321-बी2 के वार्षिक अधिवेशन ज्ञान उदघोष में उन्हें उपमंडलध्यक्ष द्वितीय के पद पर चुना गया। मंडलध्यक्ष पद पर झांसी के लायन अनिल अरोड़ा व उपमंडलाध्यक्ष प्रथम पर ललितपुर के लायन सन्मति सर्राफ निर्वाचित हुए। शहर के लायंस क्लबों व पूर्व मंडलायक्षों ने नई टीम के चयन पर हर्ष जताते हुए कहा है कि नयी ऊर्जा के साथ लायंस के सेवा कार्यों के नये आयाम स्थापित करेगी।

शरद अग्निहोत्री।

आवासीय योजनाओं के 50 हजार लोगों को मिलेगा लाभ

कानपुर। मण्डलायुक्त अमित गुप्ता नेसोमवार को जिलाधिकारी, नगर आयुक्त, उपाध्यक्ष केडीए एवं अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में सचिव, कानपुर विकास प्राधिकरण, मुख्य अभियन्ता नगर निगम, जोनल अभियन्ता व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। कानपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-05 के अन्तर्गत विकसित की गयी महावीर नगर विस्तार योजना, ट्रान्सपोर्ट नगर फेस-1, फेस-3 योजना, कालपी नगर योजना तथा जोन-02 के अन्तर्गत चन्द्र नगरी पार्ट-3 योजना एवं हाइवे सिटी नियर काशीराम योजना नगर निगम को हस्तानान्तरण की गई। इन कालोनियों के विकास कायों में केडीए द्वारा कुल 2614.35 लाख की धनराशि नगर निगम को दी गई। सड़क सुधार, नाला/नाली सुधार कार्य, फुटपाथ एवं पार्क इत्यादि के विकास कार्य कराये जायेगे। जिसका लाभ शहर में 50 हजार लोगों को मिलेगा।

कार से चोर ने मोबाइल किया पार

कानपुर। कल्यानपुर थानाक्षेत्र के कैलाश बिहार निवासी अर्चना त्रिपाठी के अनुसार रविवार रात को कार से सीएसए चौराहे से रावतपुर की तरफ जा रही थी। रावतपुर क्रांसिंग पर जाम लगा हुआ था इसी दौरान एक लड़का आया और चोट लगने की बात कहने लगा। इस पर उन्होंने कार का शीशा नीचे कर दिया और बात करने लगी। इसी दौरान मौका पाकर आरोपी ने ड्राइवर की सीट के बगल वाली सीट पर रखा मोबाइल चोरी कर लिया। पीड़ित ने मामले की शिकायत काकादेव थाने में की।

नौकरी के नाम पर युवती से 12 लाख की ठगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- रेलबाजार का मामला, आरोपी ने खुद को गृह विभाग का बड़ा अफसर बताया था

अमृत विचार। रेल बाजार की रहने वाली खुशी उर्फ उजमा बानो ने पुलिस को बताया कि दिसंबर 2021 में रेल बाजार निवासी पुष्पेंद्र अग्निहोत्री उनके घर आया और खुद को उ.प्र. गृह विभाग का बड़ा अधिकारी बताया। पुष्पेंद्र ने बैंक में नौकरी लगवाने की बात उनसे कही। आरोपी ने नौकरी लगवाने का झांसा देकर दिसंबर 2021 से फरवरी 2023 के बीच कई बार में लगभग 12 लाख रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिए। नौकरी न लगने पर जब पीड़िता ने अपने रुपये वापस मांगे तो आरोपी ने फरवरी 2023 को बैंक ऑफ बड़ौदा बैंक का एरिया मैनेजर पोस्ट की ट्रेनिंग का फर्जी लेटर उन्हें वाटसअप कर दिया। शिकायत रेल बाजार थाने में की मगर कोई सुनवाई नहीं हुई। इस पर पीड़िता ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

नौकरी का झांसा दे उड़ाए 40 हजार

कानपुर। चकेरी में साइबर ठग ने युवक को ऑनलाइन नौकरी करने का झांसा देकर खाते से 40 हजार रुपये उड़ा दिए। पीड़ित ने चकेरी थाने में शिकायत की है। सनिगवां निवासी अर्पित वर्मा के अनुसार उन्होंने फेसबुक पर ऑनलाइन नौकरी कर घर बैठे 50 हजार रुपये कमाने का विज्ञापन देखा था। उन्होंने दिए गए नंबर को मिलाया। फोन पर बात करने वाले ने उन्हें फार्म सबमिट करने के नाम पर मोबाइल पर एक लिंक भेजा। लिंक को क्लिक करते ही फोन हैंग हो गया। कुछ देर बाद खाते से 40 हजार रुपये निकल गए।

मेधावियों ने शुरू की च्वाइस फिलिंग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पांच चरणों में चलेगी काउंसलिंग, कंप्यूटर साइंस को प्राथमिकता दे रहे मेधावी

अमृत विचार। जेईई एडवांस्ड के सफल छात्र-छात्राओं ने सोमवार को सीट लॉक करना शुरू कर दिया। कंप्यूटर साइंस को मेधावियों ने जहां प्राथमिकता पर रखा वहीं आईआईटी मुंबई, दिल्ली और कानपुर को को वरीयता के क्रम में च्वाइस फिलिंग की है।

बता दें भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास ने जेईई एडवांस्ड 2024 का परिणाम रविवार को जारी किया था। 180,200 उम्मीदवारों में से कुल 48,248 उम्मीदवार पास हुए हैं, जिसमें 7,964 लड़कियां हैं। मेधावी देश के 23 आईआईटी, 32 एनआईटी, 26 ट्रिपलआईटी एवं 40 जीएफटीआई सहित 121 कॉलेजों की 600 से अधिक कॉलेज ब्रांच में एडमिशन लेंगे। विशेषज्ञों की मानें तो कैंडिडेट की रैंक, उनके मार्क्स और सीट की उपलब्धता के आधार पर ही टॉप आईआईटी में एडमिशन मिलता है। कालरा शुक्ला क्लासेस के निदेशक रोहित मिश्रा ने बताया कि काउंसलिंग पांच चरणों में होगी। सोमवार से च्वाइस फिलिंग शुरू हो गई है। जिन स्टूडेंट्स का स्कोर 280 से अधिक होगा, उन्हें टॉप आईआईटी बॉम्बे, दिल्ली, कानपुर, मद्रास में कम्प्यूटर साइंस मिलने की संभावना है। स्टूडेंट्स की पसंद आईआईटी मुम्बई सीएस ब्रांच रहती है, फिर दिल्ली सीएस को लॉक करते हैं। तीसरी प्राथमिकता में कानपुर की सीट लॉक करते हैं। वर्कस्पेस के निदेशक विवेक पाण्डे ने बताया कि 250 से अधिक स्कोर करने वाले मेधावियों को दिल्ली, कानपुर समेत चारों आईआईटी की इलेक्ट्रीकल, खड़गपुर की सीएस की सीट मिल सकती है। 225 से अधिक अंक लाने वाले कैंडिडेट्स को बीएचयू, हैदराबाद, गुवाहाटी, मुम्बई, दिल्ली, कानपुर की कोर ब्रांच में एडमिशन मिल सकता है।

मुकाबला | केसीपीएल-3 डे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में खेले गए मैच

निहाल के शतक से ब्लू वॉरियर्स ने जीता मैच

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। कानपुर क्रिकेट प्रीमियम लीग लिजेंड केसीपीएल3 रात्रि मैच एसटीआई ग्रांउड पर ब्लू वॉरियर्स और एचिवर्स के बीच खेला गया। ब्लू वॉरियर्स ने 20 ओवरों में पांच विकेट के नुकसान पर 232 रन बनाए। जबकि 232 रनों का पीछा करने उतरी एचिवर्स की टीम 19.4 ओवर में 10 खोकर 151 पर ही सिमट गई। निहाल जेर्म्स की सेंचुरी से टीम की जीत आसान हुई। निहाल ने 54 गेंदों पर 110 रन बनाए। जबकि अनुज खुराना ने 32 गेंदों पर अपने 50 रन पूरे किए।

वेयर हब और मायरास मारवल ने दर्ज की जीत : एनआरआई सिटी में हो रहे एनपीएल में सोमवार को दो सेमीफाइनल क्रिकेट मैंच खेले गए। पहला सेमी फाइनल वेयर हब और बंसीवाला-11 के बीच हुआ। बंसी वाला टीम को हराकर वेयर हब ने फाइनल में अपनी जगह बनाई। वहीं, दूसरा सेमी फाइनल क्रिकेट मैच ग्राजिआ गैंट्स और मायरास मारवल के बीच हुआ। मायरास मारवल ने ग्राजिआ गैंट्स को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। अब मायरास मारवल और वेयर हब के बीच फाइनल मैच खेला जाएगा।

टीम के साथ मौजूद डॉ.फहीम अंसारी। अमृत विचार

रंधीर व यशवीर के प्रदर्शन से केएन टाइटन जीता

कानपुर। कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित केसी अवस्थी स्मारक क्रिकेट प्रतियोगिता में सोमवार को केएन टाइटन और गोल्डन स्पॉटिंग के बीच सेमीफाइन मैच खेला गया। केएन टाइटन के रंधीर सिंह ने शानदार प्रदर्शन कर 54 रन और यशवीर सिंह ने 55 रन की नाबाद पारी खेली। प्रनव मिश्रा ने 23 और राज आर्यन ने 20 रन बनाए। टीम ने 35 ओवरों में 197 रन बनाए। 197 रनों का पीछा करने गोल्डन स्पॉटिंग के बल्लेबाज पियूष नाथ ने 44, आदित्य पाठक ने 44, साहिल सिंह ने 28 व प्रांशू चतुर्वेदी ने 24 रन बनाए। लेकिन गोल्डन स्पॉटिंग की पूरी टीम 34.4 ओवर पर 191 रन बनाकर ढेर हो गई। सचिव कौशल कुमार सिंह ने बताया कि केएन टाइटन ने सेमीफाइनल में छह रनों से जीत हासिल की है।

जीत के बाद जीटीबी टीम। अमृत विचार

जीटीबी वारियर्स व रचित सर्विसेज जीती

कानपुर। कानपुर साउथ बी मैदान में जीटीबी वारियर्स और स्पार्क इंटरनेशनल टीम के बीच मुकाबला हुआ। जीटीबी के विशेष अग्निहोत्री ने 128 व युवराज सिंह ने 44 रनों की बेहतरीन पारी खेली। टीम ने 32.5 ओवर में 220 रन बनाए। स्पार्क इंटरनेशनल ने 35 ओवरों में आठ विकेट के नुकसान पर 212 रनों तक ही पहुंच सके। टीम में सर्वाधिक तेजस निगम ने 75 और देव दुबे ने 37 रनों की शानदार पारी खेली। इधर, कानपुर साउथ-ए मैदान में क्रेजी रेंजर्स और रचित फाइनेन्सियल सर्विसेज के बीच मुकाबला हुआ। क्रेजी रेंजर्स टीम ने पहले बल्लेबाजी कर 19.2 ओवर में 61 रन बनाए। जबकि रचित फाइनेन्सियल सर्विसेज की टीम ने 15.2 ओवर में ही 62 रन बनाकर जीत अपने नाम की।

रिटायर्ड एयरफोर्स कर्मी के घर से चोरी

महाराजपुर क्षेत्र के लालापुरवा में चोरों ने बोला धावा, साल भर पहले भी इसी घर में हुई थी चोरी की वारदात

संवाददाता, सरसौल

अमृत विचार: महाराजपुर थाना क्षेत्र के लालापुरवा गांव की नई बस्ती में रविवार की रात चोरों ने एयरफोर्स से रिटायर अनिल गुप्ता के घर को निशाना बनाया और गेट सहित कमरों के ताले तोड़कर अलमारी में रखे जेवर और नकदी समेट ले गए। महाराजपुर थाने की पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर जांच-पड़ताल की। फिलहाल चोरों का कोई सुराग नहीं लगा है।

काजीखेड़ा लालबंगला निवासी अनिल गुप्ता वायुसेना से रिटायर हैं। लगभग 5 साल पहले उन्होंने रूमा के नजदीक लालापुरवा गांव में हुई प्लाटिंग में एक प्लॉट लेकर मकान बनवा लिया था। रविवार की शाम को परिवार सहित लालबंगला स्थित पुराने घर गए हुए थे। इधर, रात में चोरों ने नए मकान के गेट और कमरों का ताला तोड़ कर अलमारी में रखे बहू के सोने के जेवर एक चेन, एक अंगूठी, पायल और पांच हजार नकदी के अलावा बक्से में रखे कीमती कपड़े समेट ले गए।

सोमवार की सुबह पड़ोसियों ने गेट खुला देखा तो अनिल गुप्ता को फोन पर इसकी जानकारी दी। अनिल गुप्ता ने महाराजपुर पुलिस को इसकी सूचना दी तो चौकी प्रभारी कुलगांव ने मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया। महाराजपुर एसओ सुरेंद्र सिंह ने बताया कि बंद मकान में चोरी की वारदात की बात सामने आई है। घटना की जांच कर जल्द ही चोरों को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

जांच में जुटी पुलिस

- रविवार की शाम लालबंगला वाले घर गया था परिवार
- सोने के जेवरात, नकदी और कपड़े ले गए शातिर चोर

खुला पड़ा बक्सा। अमृत विचार

खुली अलमारी और टूटा लॉकर।

तेजपुर में पूर्व फौजी के घर से जेवर व नकदी चोरी

घाटमपुर। थाना क्षेत्र के नंदना चौकी क्षेत्र के तेजपुर गांव में दीवार काटकर घुसे चोर अलमारी और बक्सों के ताले तोड़कर लाखों रुपये के जेवरात और नकदी ले गए। तेजपुर निवासी पूर्व फौजी श्रीकृष्ण यादव के पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि रविवार की रात चोर घर के पिछवाड़े लगे दरवाजे के बगल से दीवार में सेंध लगाकर दरवाजा खोला और फिर अंदर घुसकर अलमारी व बक्से का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात में चार सोने के कंगन, झाला, मंगलसूत्र, 6 अंगूठी, एक जंजीर, एक बिंदी, एक बेसर, एक जोड़ी चांदी की पायल, 7 जोड़ी तोड़िया, पांच जोड़ी मीना, बिछुआ, झुमकी, चांदी का छल्ला सहित 1,20,000 रुपये नकद ले गए। घर से करीब 200 मीटर दूर खेत पर ट्रॉली बैग पुलिस को मिला है। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने पहुंचकर जांच-पड़ताल की। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि चोरी की तहरीर मिली है। जल्द ही वारदात का खुलासा किया जाएगा।

चोरी के बाद खुली पड़ी अलमारी।

लग्जरी कार से 21 बकरियां चोरी

संवाददाता, घाटमपुर

अमृत विचार: तहसील क्षेत्र के पतारा चौकी क्षेत्र के तिलसड़ा गांव में रविवार की रात शातिर चोरों ने लग्जरी कार से चोरी की वारदात को अंजाम दिया। एक्सयूवी कार से पहुंचे शातिर फार्म हाउस से 21 बकरियां चोरी कर ले गए। चोरी की यह वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है, जिसके आधार पर पुलिस शातिरों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

तिलसड़ा गांव के राकेश साहू की पत्नी पूनम साहू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रविवार की रात चोर उनके बकरी फार्म हाउस से 16 बकरियां और पांच बकरी के बच्चे चोरी करके एक्सयूवी कार में लाद ले गए। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। राकेश साहू मूल रूप से कानपुर नगर के निवासी हैं। उनकी तिलसड़ा में ससुराल है। वह अपनी पत्नी पूनम साहू के साथ ससुराल तिलसड़ा में ही रहते हैं। उन्होंने फार्म हाउस में बकरी और भैंस का चट्टा और एक गेस्ट हाउस बनवा रखा है। इसी से अपने परिवार का गुजारा करते हैं। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि बकरी चोरी की सूचना मिली है। कार्रवाई की जाएगी।

तिलसड़ा गांव में छानबीन करने के लिए पहुंची पुलिस। अमृत विचार

दस दिन में चोरी की पांच वारदात

घाटमपुर थाना क्षेत्र में 10 दिन के अंदर पांच चोरी की घटना हुई हैं। चोरों के हौसले इतने बुलंद है कि वह आए दिन चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। फिलहाल अभी तक एक भी चोरी का खुलासा नहीं हो सका। पहले चोरी इटर्रा गांव, दूसरी चोरी कुंवरपुर गांव में, तीसरी चोरी कठेठा में, चौथी चोरी तीडसडा गांव में, पांचवीं चोरी तेजपुर गांव में चोरों घटना को अंजाम दिया है। फिलहाल अभी तक चोरी की घटनाओं का खुलासा न होने पर चोरों के हौसले बुलंद है।

मोदी के पीएम बनने पर मनाया जश्न

संवाददाता, घाटमपुर

अमृत विचार: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ग्रहण किये जाने और देवेंद्र सिंह भोले के तीसरी बार अकबरपुर का सांसद बनने की खुशी में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान वितरित कर जश्न मनाया। केंद्र में तीसरी बार सरकार बनने पर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह दिखा रहा है।

इस दौरान भाजपा नेता ज्ञान सिंह ज्ञानी ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री बनकर भारत वर्ष का इतिहास दोहराया है। ज्ञान सिंह ने कहा कि अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र से देवेंद्र सिंह भोले ने भी तीसरी बार सांसद बनकर इतिहास बनाने का काम किया है। सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की लाभकारी योजनाओं का लाभ सीधे जनता को मिल रहा है। जिसके चलते जनता ने तीसरी बार सांसद देवेंद्र सिंह भोले पर विश्वास जताया है।

इस दौरान प्रमुख रूप से पिंटू तिवारी, सिद्धार्थ सचान, अजय कुमार, राजकुमार मिश्रा, विनय, जितेंद्र सचान, सुरेंद्र सचान, संदीप सचान आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे। वहीं रेउना मंडल में भाजपा नेता रामकुमार सैनी के नेतृत्व में मिष्ठान वितरण किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फोटो रखकर तिलक कर माल्यार्पण भी किया गया। यहां पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि धनविजय सिंह, अमित दीक्षित, विमल सचान ग्राम प्रधान मखौली, ऋषि तिवारी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

घाटमपुर में एक-दूसरे को लड्डू खिलाते भाजपा समर्थक। अमृत विचार

- तीसरी बार सरकार बनने पर भाजपाइयों में दिखा उत्साह
- अकबरपुर में देवेंद्र सिंह भोले की जीत पर जताईं खुशियां

फाइटर ने केकेआर को 47 रन से हराया

संवाददाता, घाटमपुर

अमृत विचार: कस्बे में चल रहे जीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन सोमवार को रियल फाइटर और केकेआर के बीच मुकाबला खेला गया, जिसमें रियल फाइटर ने 47 रनों से केकेआर को हराया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार राघव अवस्थी को दिया गया।

घाटमपुर के कैप्टन सुखवासी इंटर कॉलेज में टूर्नामेंट के दूसरे दिन रियल फाइटर व केकेआर के मध्य मैच खेला गया, जिसमें रियल फाइटर ने पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट होकर 204 रन बनाए। इसमें राघव अवस्थी ने 56 रन और अभिषेक पाल ने 29 रन, वेद यादव ने 47 रन, आकाश गुप्ता ने 28 रन बनाए।

केकेआर की तरफ से गेंदबाजी करते हुए मनोज कुमार ने चार, ओम और अनुज ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी केकेआर की टीम शुरुआत में ही लड़खड़ा गई। केकेआर 18 ओवर में अपने सभी विकेट खोकर मात्र 157 रन ही बना सकी और 47 रनों से मैच हार गई। केकेआर की ओर से बल्लेबाज गौरव यादव ने 28 रन और अनुज ने 37 रन बनाए। रियल फाइटर की तरफ से गेंदबाजी करते हुए आरुषि ने तीन विकेट, आकाश और राघव ने दो-दो विकेट हासिल किए। ऑफ द मैच का पुरस्कार राघव अवस्थी को दिया गया।

क्रिकेट टूर्नामेंट

- मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार राघव अवस्थी को दिया गया
- महज 157 रनों के स्कोर पर सिमट गई केकेआर की टीम

कहां गए सफाईकर्मी...

शिवराजपुर क्षेत्र के बाकरगंज गांव में सफाई कर्मचारियों के नहीं आने से सड़कों और गलियों में जगह-जगह गंदगी का ढेर लगा है। नालियों में सिल्ट जमा होने से गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। इसके चलते लोगों को खासी परेशानी झेलनी पड़ रही है। अब तो गांव वाले खुद ही नालियों की सफाई करने लगे हैं। रविवार को ग्रामीणों की टोलियां सफाई करती हैं। बाकरगंज गांव में स्वच्छता अभियान का असर कहीं नजर नहीं आ रहा। ग्रामीणों का आरोप है कि सफाई कर्मचारियों की तैनाती है, लेकिन गांव में सफाई करने कोई नहीं आता है। हाल यह है कि जगह-जगह गंदगी का ढेर लगा है और नालियां उफना रही हैं। सफाईकर्मी के न आने से ग्रामीण प्रतिमाह तीन-तीन लोगों की टोलियां बनाकर नालियों से कूड़ा निकालकर फेंकते है। उधर, खण्ड विकास अधिकारी सच्चिदानंद मिश्रा का कहना है कि ब्लॉक की सभी ग्राम पंचायतों में सफाईकर्मी तैनात है। जांच कर लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

● अश्वेंद्र कटियार

जेसीबी से रौंदने वाला चालक पकड़ से बाहर

संवाददाता, बिल्हौर

अमृत विचार: ककवन थाना क्षेत्र के कोठीपुरवा गांव में सात जून की भोर एक युवक को जेसीबी से कुचलने वाला चालक पुलिस की गिरफ्त से दूर है। मृतक चन्द्रशेखर के परिजन रोते-बिलखते हुए पुलिस से जवाब मांग रहे हैं, लेकिन पुलिस के पास कोई जवाब नहीं है।

सात जून को मिट्टी खोदाई में लगी जेसीबी सड़क पर सो रहे चन्द्रशेखर के ऊपर चढ़ गई थी। गांव का ही संजय पाल ठेके पर जेसीबी से एक माह से कोठीपुरवा गांव में खेत समतलीकरण और मिट्टी खोदाई का काम कर रहा था। इसी दौरान सात जून की भोर पहर जब वह काम खत्म कर जेसीबी लेकर घर जा रहा था, तभी रास्ते में चन्द्रशेखर के सिर के ऊपर से जेसीबी का पहिया निकल गया था, जिसमें चंद्रशेखर की मौत हो गई थी।

- कोठीपुरवा गांव में सात जून को जेसीबी से हुई थी युवक की मौत
- घटना के दिन से फरार चालक को पकड़ नहीं पाई पुलिस

मृतक के परिजनों ने बताया कि उस रात गांव के कई ट्रैक्टर मिट्टी के कार्य में लगे थे। परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात जेसीबी चालक के विरुद्ध एफआईआर तो दर्ज कर ली, लेकिन मामले में अभी तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई। मृतक के परिजन बच्चों को लेकर न्याय के लिए भटक रहे हैं, लेकिन अभी तक पुलिस गांव से फरार संजय पाल व उसके परिजनों को ढूंढ नहीं पाई है। कार्यवाहक थाना प्रभारी अबरार खान ने बताया कि मोबाइल की लोकेशन के आधार पर गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है, जल्द ही जेसीबी चालक की गिरफ्तारी की जाएगी।

एटीएम से चोरी हो गए 6 हजार रुपये

कानपुर। फीलखाना थानाक्षेत्र के बिरहाना रोड एटीएम से रुपये चोरी करने के मामले में पुलिस चोरों की तलाश में जुट गई है।

एसीपी कोतवाली अर्चना सिंह के अनुसार एटीएम से चोरी में सिक्योरिटी मैनेजर ने रविवार को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सोमवार को जांच के लिए पुलिस ने बैंक अफसरों के सामने ट्रे खुलवाई तो उसमें 4 हजार रुपये फंसे मिले, जबकि शनिवार देर रात एटीएम पहुंचे युवक ने 10 हजार रुपये फंसने की बात बताई थी। अधिकारियों के अनुसार ट्रे में अगर एक भी नोट फंसता तो मशीन लॉक हो जाती है। अगर चोर ने ट्रे खोली तो उसने 6 हजार रुपये चुराकर 4 हजार रुपये क्यों छोड़ दिए। वहीं एटीएम की चाभी भी उस समय बैंक अधिकारियों के पास थी। पुलिस सीसीटीवी खंगाल रही है। एसीपी के अनुसार सुबह के समय एटीएम में दो व्यक्ति आए थे एक बाहर खड़ा रहा जबकि दूसरा अंदर गया था। दोनों सीसीटीवी में कैद हैं।

शिवराजपुर थाने में पीस कमेटी की बैठक करते एसओ सुबोध कुमार। अमृत विचार

पीस कमेटी की बैठक में शांति की अपील

संवाददाता, शिवराजपुर

अमृत विचार। सोमवार को शिवराजपुर थाना परिसर में बकरीद को लेकर पीस कमेटी की बैठक थानाध्यक्ष सुबोध कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न समुदायों के लोग शामिल हुए।

बैठक के दौरान थानाध्यक्ष सुबोध कुमार ने कहा कि बकरीद को शांतिपूर्वक और आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। सरकार की गाइड लाइन को ध्यान में रखते हुए प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी नहीं देना है। उन्होंने सभी मीडिया बंधुओं से गुजारिश की कि प्रशासनिक तौर पर पुष्टि करने के बाद ही खबरें प्रकाशित करें। किसी तरह के अफवाह पर ध्यान नहीं दें।

लाइनमैन को दबंग ने डंडे से पीटा, रिपोर्ट

कानपुर। अनवरगंज थाना क्षेत्र में केस्को के संविदाकर्मी को एक दबंग ने डंडे से पीट दिया। लाइनमैन की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

अनवरगंज के आलू मंडी केस्को उपकेंद्र चीना पार्क में केस्को संविदा कर्मी जाहिद अली लाइनमैन है। उनके अनुसार शनिवार को वह रामचंदी का अखाड़ा निवासी अनवरी बेगम के यहां पर बिजली की लाइन चेक कर रहे थे, तभी उनके वहां कुछ गड़बड़ी नजर आई, इस पर वह अधिकारियों को फोन मिलाने लगे। इसी दौरान वहां पर खड़े अरशद बेग नाम के युवक ने उनसे गालीगलौज करते हुए डंडे से जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित ने किसी तरह बचकर अपनी जान बचाई और अनवरगंज थाने में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

'गंगा और धर्म ग्रंथों के प्रति श्रद्धा भाव जरूरी'

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मोतीझील में राम कथा के दौरान दिया गया संदेश

अमृत विचार। गंगा सिर्फ एक नदी नहीं बल्कि यह सनातनियों के लिए मोक्षदायनी भी है। धर्म ग्रंथ में लिखे तथ्य बहुत कुछ सिखाते हैं। उनके अनुकरण से धर्म, शास्त्र व वैज्ञानिक लाभ प्राप्त होता है। गंगा सहित सभी धर्म ग्रंथों के प्रति श्रद्धा जरूरी है।

प्रेमभूषण महाराज।

यह संदेश मोतीझील में गंगा समग्र कानपुर प्रांत के पावन संकल्प से आयोजित गंगा महोत्सव मेला व सरस श्रीराम कथा गायन में दिया गया। प्रभु राम कथा का गायन करते हुए सोमवार को प्रेमभूषण जी महाराज ने भक्तों को गंगा के प्रति आस्था का संदेश दिया। गंगा की निर्मलता बरकरार रखने के लिए दूषित होने से बचाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भगवान राम ने 14 वर्ष का वन प्रवास स्वीकार कर हमें यह बताया कि बिना तपे (तपस्या) इस धरती पर कुछ भी प्राप्त नहीं होना है। कथा में मुख्य रूप से महापौर प्रमिला पांडे भी मौजूद रहीं।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

सियासी गणित | बिल्हौर विधानसभा इकाई के अध्यक्ष विनय यादव की मेहनत रंग लाई

लोकसभा चुनाव में बढ़ा सपा का वोट बैंक

संवाददाता, बिल्हौर

अमृत विचार: विधानसभा चुनाव के मुकाबले लोकसभा चुनाव में सपा का वोट बैंक बढ़ा है। इसमें विधानसभा इकाई के अध्यक्ष विनय यादव की मेहनत रंग लाई। हर बूथ पर प्रबंधन की रणनीति से विधानसभा चुनाव की तुलना में लोकसभा चुनाव में सपा को वोट ज्यादा मिले हैं। हर ब्लाक में संगठन की कसावट के कारण ही सपा अच्छा चुनाव लड़ी, जिसमें संगठन के पदाधिकारियों ने अहम भूमिका निभाई।

लोकसभा प्रत्याशी ने क्षेत्र में जनसंपर्क तो कम किया, लेकिन सपा की विधानसभा इकाई ने क्षेत्र में खूब प्रचार किया। हालांकि सपा के कई दिग्गज अपना बूथ भी नहीं बचा सके और चुनाव हार गए, लेकिन युवाओं की टोली ने पुराने दिग्गजों को पीछे छोड़ते हुए चुनाव में कामयाबी की नई इबारत लिखी। समाजवादी पार्टी विधानसभा इकाई के अध्यक्ष विनय यादव ने अपने बूथ पर एकतरफा वोट सपा को दिलवाया, जबकि विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी रचना सिंह ने भी अपने बूथ को छह वोट से जीता है।

दिग्गज सपाई एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख अनिल कटियार के बूथ में सपा हार गई। पूर्व ब्लाक प्रमुख बिल्हौर अशोक कटियार, सपा के सिंबल पर ककवन जिला पंचायत सदस्य मीना गौतम के पति रामलखन गौतम, सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष निर्भय सिंह, जिला पंचायत सदस्य कार्तिकेय शुक्ला, गगन सिंह अपने बूथ में चुनाव नहीं जिता पाए। सपा जिलाध्यक्ष मुनेन्द्र शुक्ला भी अपने चौबेपुर ब्लाक में चुनाव नहीं जितवा सके, जहां से उनके परिवार के लोग कई बार ब्लाक प्रमुख रह चुके हैं। युवा पदाधिकारियों ने पार्टी के लिए मेहनत की और विधानसभा चुनाव के सापेक्ष लोकसभा में लगभग 15 हजार वोट अधिक दिलवाए।

- कई दिग्गज नेता अपने बूथ पर नहीं जितवा सके चुनाव

कांग्रेस गठबंधन का नहीं मिला विशेष लाभ

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस व समाजवादी पार्टी के बीच गठबंधन था, इस लिहाज से कानपुर लोकसभा सीट कांग्रेस के खाते में गई, जबकि मिश्रिख सीट समाजवादी पार्टी के हिस्से में आई थी। यहां कांग्रेस के वोट बैंक का कोई विशेष फायदा समाजवादी पार्टी को नहीं मिल सका। यहां तक कि कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अमित पांडेय अपने बूथ पर भी समाजवादी पार्टी को नहीं जितवा सके। ऐसे में यह कहा जा सकता है कि कांग्रेस के साथ गठबंधन में समाजवादी पार्टी को मिश्रिख लोकसभा में विशेष लाभ नहीं मिल सका। वहीं विधानसभा चुनाव के सापेक्ष बहुजन समाज पार्टी को वोट का नुकसान देखना पड़ा।

विधानसभा क्षेत्र में 10 हजार वोट अधिक मिले

विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को लगभग 85 हजार वोट मिले थे, जबकि लोकसभा चुनाव में पार्टी को लगभग 95000 वोट मिले। ऐसे में यह कहा जा सकता है कि चुनाव में बेहतर संगठन के कारण ही भाजपा को कड़ी टक्कर दी, लेकिन प्रत्याशी की निष्क्रियता के चलते पार्टी को हार का सामना करना पड़ा। स्थानीय पदाधिकारियों में भी इस बात को लेकर रोष रहा।

जनपद की 387 ग्राम पंचायतें बनेंगी मॉडल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जिला पंचायत राज अधिकारी ने कार्यों की समीक्षा की
- 31 मार्च 2025 तक सारे कार्यों को पूरा करने के निर्देश

अमृत विचार। जनपद में विभिन्न गांवों को मॉडल बनाने एवं स्वच्छ भारत मिशन को शत प्रतिशत लागू कराने के उद्देश्य से 387 ग्रामों का चयन किया गया है। ग्राम पंचायत द्वारा तैयार की गई कार्ययोजना का प्रस्तुतिकरण राज्य स्तर पर गठित टीम के समक्ष 13 जून को किया जाना प्रस्तावित है। इसके बाद जिला स्वच्छता समिति की बैठक उपरांत 2024-25 के लिए 389 ग्रामों में धनराशि आवंटन की कार्रवाई की जाएगी। समस्त कार्य 31 मार्च तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

जिला पंचायत राज अधिकारी कमल किशोर की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज 2 के अंतर्गत जनपद में कराई जा रही गतिविधियों- कार्यों की प्रगति समीक्षा बैठक हुई। वित्तीय वर्ष 2022-23 के कुल 107 ग्राम (51 ग्राम 5000 से अधिक आबादी ग्राम पंचायतों के ग्राम एवं 40 गंगा ग्राम पंचायत के 56 ग्राम) इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 407 ग्राम (310 ग्राम पंचायत) की अनुमोदित कार्ययोजना के सापेक्ष कराए गए कार्यों की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की समीक्षा की गई। शासनादेश के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 में मॉडल ग्राम विकसित किए जाने के लिए कुल 387 अवशेष हैं जिसकी कार्ययोजना तैयार किए जाने के लिए संबंधित सचिवों, सहायक विकास अधिकारी पंचायत को निर्देश दिए गए।

एक नजर

पत्र वितरक को पितृशोक

रूपचंद्र।

कानपुर। जरीब चौकी सेंटर के पत्र वितरक सागर कुमार के 75 वर्षीय पिता रूप चंद्र का हृदय गति रुक जाने से देहांत हो गया। उनके निधन पर समाचार पत्र विक्रेताओं ने शोक जताया है।

ई-हॉस्पिटल पर जोर देना है जरूरी

कानपुर। जीएसवीएसएस पीजीआई में सोमवार को जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला ने पीजीआई के नोडल अधिकारी डॉ.मनीष सिंह बैठक की, जिसमे हैलट अस्पताल के प्रमुख अधीक्षक डॉ.आरके सिंह समेत पीजीआई के विशेषज्ञ डॉक्टर व हैलट के अधिकारी मौजूद रहें। बैठक में ई-हॉस्पिटल पर जोर दिया गया। सर्वर संबंधित आ रही दिक्कतों को दूर करने और मरीजों को बेहतर इलाज मुहैया कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा जो भी कमियां है, उनको दूर करने और ई-हॉस्पिटल पर जोर का निर्देश दिए।

ट्रेन से कटकर ईंट भट्ठा मजदूर की मौत

पुखरायां। बिरोहा गांव के समीप एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के एक भट्ठे पर कानपुर नगर के घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के काबेड़ी गांव निवासी मनोज कुमार ईंट पथाई का काम करता था। सोमवार को वह भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के बिरोहा गांव के समीप से निकली झांसी-कानपुर रेलवे लाइन पर ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया।

डंपर बैक करते समय कुचला युवक, मौत

कानपुर। सचेंडी में रहने वाले 40 वर्षीय राजू सविता एक जून को डंपर से गदनखेड़ा में मिट्टी गिरवा रहे थे। इसी दौरान डंपर बैक करते समय पहिया उसके दोनों पैरों पर चढ़ गया था। राजू के भाई संजय ने बताया कि उन लोगों ने उसे सचेंडी के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां इलाज के दौरान रविवार देर रात दम तोड़ दिया।

पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा 11 सेंटरों पर होगी

कानपुर। पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा शहर में 11 परीक्षा केंद्रों में आयोजित होगी। पॉलीटेक्निक के प्रधानाचार्य मुकेश आनंद ने बताया कि यह परीक्षा 13 से 18 जून के बीच आयोजित होगी। परीक्षा के लिए 19 व 20 को आरक्षित दिन रखा गया है। परीक्षा में 34,279 परीक्षार्थी शामिल होंगे। यह परीक्षा तीन चरण में आयोजित की जाएगी। सुबह 8 बजे से शाम 6:30 बजे तक परीक्षा चलेगी। एक दिन में परीक्षा के तीन चरण होंगे। परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र के साथ ही आधार कार्ड लाना अनिवार्य है।

15 जुलाई तक आवेदन

कानपुर। मनोविज्ञानशाला, प्रयागराज की ओर से डिप्लोमा इन गाइडेंस साइकोलाजी कोर्स संचालित किया जाएगा। इस कोर्स में प्रवेश पाने के लिए आवेदक 15 जुलाई तक आवेदन कर सकेंगे। मंडलीय मनोविज्ञान केंद्र के प्रभारी डॉ. नरेश चंद्र ने बताया कि अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए सभी सूचनाएं भी आवेदकों को वेबसाइट के माध्यम से मिल सकेंगी।

कहीं सेहत न बिगाड़ दें केमिकल से पके आम

सावधानी जरूरी

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

दुकान में बेचने के लिए रखे आम। अमृत विचार

अमृत विचार। इन दिनों केला, लीची, आम, पपीता से बाजार पटा है। इन फलों को पकाने के लिए केमिकल का प्रयोग होता है। यह केमिकल सेहत के लिए बेहद नुकसानदायक होते हैं। इनका सीधा असर लीवर पर होता है।

धीरे-धीरे यह शरीर को कमजोर कर देता है। हालांकि इसे लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। विभागीय अधिकारी महज कागजी कोरम पूरा कर रहे हैं। बाजार फलों से सजा है। कहीं आम, केला तो पपीता नजर आ रहा है। इन फलों के भीतर आम आदमी नहीं, बल्कि केमिकल के खतरनाक मिश्रण से पकाया जा रहा है।

इसका लंबे समय तक प्रयोग किया जाए तो यह लीवर पर प्रभाव डालता है और इंसान गंभीर बीमारी का शिकार हो जाता है। फल मंडी में जाएंगे तो वहां ड्रम में रखे पानी में कच्चे फलों को डालकर बेंच दिया जाता है। यह पानी कुछ और नहीं बल्कि कैल्शियम कार्बाइड है, जो फलों को पका देता है। यह फल सेहत के लिए खतरनाक होते हैं। ऐसे फलों के सेवन से बचना चाहिए। वरना बीमार पड़ते देर नहीं लगेगी।

- कार्बाइड और अन्य केमिकल से पकाए जा रहे फल

ऐसे पहचानें केमिकल युक्त फल

कार्बाइड व केमिकल से पकाए गए फलों की पहचान करना बेहद आसान है। केमिकल से पकाए गए फलों का रंग बेहद चटख होगा। इसे धुलकर ही खाना जरूरी है। दूसरे ऑफ सीजन बाजार में उपलब्ध पके फल भी केमिकल से ही पकाए जाते हैं। इनका उपयोग भी हानिकारण है।

फलों को पकाने के लिए टॉक्सिन गैस का इस्तेमाल किया जाता है। जिसे खाने से सेहत के लिए खतरा हो सकता है। फल के लगातार सेवन से लीवर प्रभावित होता है। यह एक गंभीर बीमारी को बुलावा देता है। ऐसे में पेड़ पर पके फलों का ही सेवन करना चाहिए।

-डॉ. आदित्य सचान डिप्टी सीएमओ

जिले में अब तक फलों का एक भी नमूना नहीं लिया गया है। वैसे कार्बाइड से फल पकाने पर रोक है। इसके अलावा अन्य किसी प्रकार से फल को पकाने पर कोई रोक-टोक नहीं है।

-शैलेष दीक्षित अभिहीत अधिकारी

थाना प्रभारी से अभद्रता में सब इंस्पेक्टर निलंबित

रूरा थाने में फरियादियों के सामने दोनों के बीच हुई थी हाथापाई

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

रूरा थाना। अमृत विचार

अमृत विचार। रूरा थाने में फरियादियों के सामने इंस्पेक्टर से अभद्रता करना दरोगा को महंगा पड़ गया। सीओ की जांच रिपोर्ट मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक ने दरोगा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

रविवार की दोपहर रूरा थाना क्षेत्र के भिखनापुर गांव में घूरा डालने को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई थी। इसमें एक पक्ष की शकुंतला, उनकी बेटी अनामिका व बेटा अंशुल और दूसरे पक्ष के श्याम, हर्षित व रामनारायण घायल हो गए थे। इस मामले में दरोगा राजेश कुमार घायलों के बयान दर्ज कर रहे थे। इसी बीच दूसरा पक्ष थाना प्रभारी के पास पहुंच गया। इस पर थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने दोनों पक्षों पर कार्रवाई की बात कही।

इस पर दरोगा राजेश कुमार भड़क गए और दोनों लोगों ने एक-दूसरे पर थाना परिसर में जमकर दलाली करने के आरोप लगाए। इसी बीच मामला हाथापाई तक पहुंच गया। साथी पुलिस कर्मियों ने समझा कर दोनों को अलग-अलग किया। घटना देखकर थाना परिसर में मौजूद फरियादी बिना शिकायत बताए ही चले गए थे। विवाद की जानकारी पर सीओ भोगनीपुर देवेंद्र सिंह शाम को थाने पहुंचे थे और बंद कमरे में थाना प्रभारी, दरोगा व अन्य पुलिस कर्मियों के बयान दर्ज कर उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट दर्ज देने की बात कही थी।

पुलिस क्षेत्राधकारी की जांच रिपोर्ट मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक ने दरोगा के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति ने बताया कि सीओ की जांच में अनुशासनहीनता के आरोपों की पुष्टि होने के बाद दरोगा राजेश कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

- सीओ की जांच रिपोर्ट मिलने के बाद एसपी ने की कार्रवाई
- दो पक्षों के झगड़े के मामले में दोनों के बीच हुआ था विवाद

डॉक्टर पर 10 हजार रुपये लेने का लगाया आरोप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। बांदा निवासी श्रीकांत दीक्षित ने सोमवार को हैलट अस्पताल के प्रमुख अधीक्षक डॉ.आरके सिंह से शिकायत की। बताया कि 26 मई को भतीजी प्रिंसी दीक्षित (24) को पेट में असाहनीय दर्द होने पर हैलट इमरजेंसी में लाए थे। यहां पर डॉक्टरों ने भतीजी की हालत गंभीर बताते उसे आईसीयू में भर्ती किया था। एक हफ्ते तक वह भर्ती रही। इसी बीच डॉक्टरों ने इलाज के नाम पर भाभी से 10 हजार रुपये ले लिए। श्रीकांत का आरोप है कि वार्ड में कैमरे लगे थे, इसलिए वह भाभी को बाथरूम की तरफ गए और वहां पर पैसे ले लिए। दो जून की रात प्रिंसी की मौत हो गई। परिजन शव लेकर वापस बांदा चले गए। अंतिम संस्कार के बाद परिजन सोमवार को बांदा से हैलट में आए। यहां पर संबंधित डॉक्टर से भतीजी की हालत ठीक होने के बाद अचानक मौत की जानकारी करने का प्रयास किया तो डॉक्टर ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया। गार्डों को बुलाकर धमाकाया और बाहर भगा दिया। तब वह प्रमुख अधीक्षक कार्यालय आए। प्रमुख अधीक्षक डॉ.आरके सिंह के मुताबिक तीमारदार की शिकायत पर उनकी पूरी बात सुनी गई हैं। जांच के बाद संबंधित पर कार्रवाई की जाएगी।

प्रमुख अधीक्षक कार्यालय के बाहर खड़े परिजन। अमृत विचार

48 करोड़ से खलवा पुल का खत्म होगा जलभराव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। जूही खलवा पुल पर पानी निकालने के लिये नया स्ट्रार्म वाटर पंप हाउस का निर्माण होगा। जलनिगम ने धन आवंटन के लिये अधिशाषी अभियंता जोन 5 को पत्र लिखा है। स्ट्रार्म वाटर पंप हाउस के निर्माण में करीब 4809.30 लाख रुपये खर्च होंगे। स्टॉर्म वाटर पंप हाउस बनने से जूही खलवा पुल पर भरने वाले पानी को निकालने में आसानी हो जाएगी।

जूही खलवा पुल पर हर साल बरसात में पानी भर जाता है। मौजूदा संपवेल सुचारू न होने से रास्ता बंद हो जाता है। पिछली बरसात में भरे पानी में डूबकर एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। इसी समस्या को देखते हुये नये स्ट्रार्म वाटर पंप हाउस के निर्माण की योजना बनाई गई है।

इससे पहले जलनिगम के परियोजना प्रबंधक जीके चौधरी ने योजना के सर्वेक्षण और डीपीआर कार्य की प्रगति के संबंध में महापौर के प्रतिनिधि और महापौर ने धन आवंटन करने को कहा था। लेकिन इसमें असमर्थता जाहिर की गई थी।

अब एक बार फिर से नगर निगम की ओर से पहल के बाद जलनिगम ने स्टॉर्म वाटर पंप के लिये 4809.30 लाख रुपये आवंटित करने के लिये पत्र लिखा है।

- जूही खलवा अंडर पास पर जलभराव की गंभीर समस्या होगी दूर
- धन आवंटन के लिये अधिशाषी अभियंता को जलनिगम ने लिखा पत्र

पुलिस कमिश्नर ने देखा घटनास्थल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। कल्याणपुर थानाक्षेत्र में यूनिवर्सिटी के पास शनिवार देर रात आवास विकास निवासी सबिया खान पति सज्जन खान और दो बेटियों के साथ घर वापस स्कूटी से जा रहे थे। इसी दौरान अपाचे सवार दो लुटेरों ने महिला के गले में झपट्टा मारकर चेन तोड़ा था। इस दौरान स्कूटी अनियंत्रित होने से महिला नीचे सिर के बल गिर गई थी। जिसके बाद लुटेरों ने 20 मीटर तक घसीट दिया था। जिससे मेडिकल में महिला के 10-12 चोटें आई थीं। इस गंभीर घटना में महिला का इलाज हैलट अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने 50 से ज्यादा सीसीटीवी चेक किए लेकिन किसी नतीजे पर अब तक नहीं पहुंच पाई है।

सोमवार को पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने चेन स्नैचिंग की घटना से संबधित घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने डीसीपी पश्चिम विजय ढुल को घटना का जल्द से जल्द खुलासा करने व भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए दिशा-निर्देश दिए। घटनास्थल का निरीक्षण कर थाना क्षेत्र का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान लोगों से ऑपरेशन त्रिनेत्र के अन्तर्गत सीसीटीवी लगवाने की अपील की गई। इस दौरान उनके साथ अपर पुलिस उपायुक्त विजेन्द्र द्विवेदी, सहायक पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था चित्रान्शु गौतम व थाना प्रभारी मय फोर्स मौजूद रहे।

- डीसीपी को निर्देश, जल्द करें खुलासा, दोबारा इस तरह की घटना न हो
- कल्याणपुर क्षेत्र में दुकानदारों को सीसीटीवी लगाने के निर्देश दिए

घटनास्थल का निरीक्षण करने पहुंचे पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार को जानकारी देते डीसीपी विजय ढुल। अमृत विचार

सार-संक्षेप

प्रेसवार्ता में जानकारी देते कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेश कटियार व मौजूद पदाधिकारी।

कांग्रेस जिले भर में निकालेगी आभार यात्रा

कानपुर देहात। लोकसभा चुनाव 2024 में जो इंडिया गठबंधन को 3,90,758 मत प्राप्त हुए हैं। वह एनडीए गठबंधन से लगभग 70 हजार मतों से अधिक है। यह बात जिला कांग्रेस कमेटी पार्टी कार्यालय में प्रेसवार्ता करते हुए जिलाध्यक्ष नरेश कटियार ने कही।उन्होंने जनपद वासियों का आभार जताते हुए कहा कि वह जनता की समस्याओं के लिए लगातार संघर्ष करते रहेंगे। आगामी 11 जून को अकबरपुर विधानसभा, 12 जून को रसूलाबाद विधानसभा, 13 जून को भोगनीपुर व 14 और 15 को सिकंदरा विधानसभा में धन्यवाद आभार यात्रा निकाली जाएगी। इसके माध्यम से जनपद के आम मतदाताओं का वंदन व अभिनंदन किया जाएगा। इस मौके पर शमीम कुरैशी, हरीशंकर चतुर्वेदी, डीपी राठौर, सुरेंद्र कटियार, रोहित कटियार, उपेंद्र शुक्ला, ब्रजेंद्र स्वरूप कटियार, अनिल कटियार, मो. कलाम, शेष नारायण गुप्ता, मो. फिरोज़, सुनील पांडेय समेत अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

मुंगीसापुर में धू-धूकर जलती पेटी। अमृत विचार

गुमटी में आग लगने से हजारों का सामान जला

डेरापुर। थाना क्षेत्र के मुंगीसापुर में खानपान पेटी में अचानक रात को आग लग गई। मौके पर पहुंची दमकल ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक पेटी में रखा हजारों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। मुंगीसापुर में विजय मेडिकल स्टोर के बगल में छोटू पेटी रखकर दुकान चलाता था। रोज की तरह वह रविवार शाम दुकान बंद कर अपने घर चला गया था। तभी रात में अचानक उसकी पेटी में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। लोगों ने सूचना पुलिस व फायर ब्रिगेड को दी। मौके पर अग्निशमन विभाग के राज नारायण सिंह यादव व अन्य दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का काम शुरू किया। करीब आधे घंटे तक कड़ी मेहनत करने के बाद आग पर काबू पाया जा सका। लेकिन तब तक पेटी में रखा हजारों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। डेरापुर एसडीएम भूमिका यादव ने बताया है कि मामले की जानकारी मिली है। लेखपाल को क्षति आकलन रिपोर्ट बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

शादी से पहले पौधरोपण कर जागरूकता का संदेश देते वर-वधू। अमृत विचार

शादी से पहले वर-वधू ने किया पौधरोपण

राजपुर। सिकंदरा एमएनपी ग्रुप ऑफ स्कूल के डायरेक्टर व अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण योद्धा से सम्मानित मोहम्मद मारूफ ने अपने शादी समारोह में पौधा लगाने के बाद रस्मों को पूरा किया। उन्होंने पर्यावरण बचाने का विवाह के शुभ अवसर पर पूरे समाज को संदेश दिया। सिकंदरा के विमला रॉयल गार्डन में वैवाहिक समारोह में नई सामाजिक जागरूकता पहल पर्यावरण प्रेमियों के विवाह में देखने को मिली। फालतू खर्चों को दूर कर दुल्हन ही दहेज है को अपनाते हुए वरिष्ठ समाजसेवी एमएनपी ग्रुप ऑफ स्कूल के डायरेक्टर मोहम्मद मारूफ ने कानपुर की शबाना पुत्री अनवर अहमद एवं माता-पिता के साथ सबसे पहले पौधा लगाया और बाद में शादी की रस्मों को पूरा किया। इस दौरान दोनों पक्षों के लोग मौजूद रहे।

लहूलुहान हालत में पड़ा मिला युवक, रिपोर्ट दर्ज

कानपुर। घर वालों से गोविंद नगर जाने की बात कहकर रविवार दोपहर उस्मानपुर से बाइक से निकला युवक देर रात किदवई नगर में लहुलुहान अवस्था में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को हैलट में भर्ती कराकर परिजनों को सूचना दी है। परिजनों ने किदवई नगर थाने में हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कराया है। उस्मानपुर निवासी सुनील तिवारी ने बताया कि उनके छोटे भाई संजीव तिवारी की घर के पास मोबाइल की दुकान है। रविवार दोपहर करीब 3:30 बजे संजीव अपनी अपाचे बाइक से गोविंदनगर जाने की बात कह कर निकला था लेकिन रात तक वापस नहीं लौटा। देर रात करीब तीन बजे किदवई नगर पुलिस ने फोन कर घटना के बारे में जानकारी देकर उसे हैलट अस्पताल में भर्ती कराया। किदवई नगर थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित के भाई की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

निरोगी काया | सीएसजेएमयू समेत जगह-जगह हुआ कार्यक्रम

स्वर्ण प्राशन से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

स्वर्ण प्राशन के दौरान मौजूद बच्चे एवं डा. वंदना पाठक। अमृत विचार

अमृत विचार। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में स्वर्ण प्राशन कारगर है। यह बात बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डा वंदना पाठक ने कही। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में अधिक मसालेदार भोजन, अधिक व्यायाम एवं चटक धूप से परहेज करना चाहिए।

सोमवार को छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के स्कूल आफ हेल्थ साइंसेज अंतर्गत संचालित स्वास्थ्य केन्द्र, राजकीय बाल गृह, कानपुर और आरोग्य क्लीनिक, लाल बंगले में स्वर्ण प्राशन कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें 110 बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले इन बच्चों का निःशुल्क रूप से स्वर्णप्राशन कराया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डा. वंदना पाठक, डॉ. निरंकार गोयल, डॉ प्रवीन कटियार, आदि ने दीप प्रज्वलन व धन्वन्तरि पूजन किया। मुख्य अतिथि ने उपस्थित अभिभावकों और लोगों को ग्रीष्म ऋतु के अनुसार आहार-विहार पर ध्यान देने का परामर्श दिया।

डॉ वंदना पाठक ने बताया कि गर्मी के मौसम में बच्चों को मौसम के अनुसार फल और सब्जियों का सेवन करना चाहिए। इस समय खरबूज, तरबूज, खीरा, ककड़ी नारियल पानी का भरपूर सेवन करना चाहिए। सब्जियों में परवल, तौरी, लौकी और मूंग दाल का सेवन लाभदायक है।

- मसालेदार भोजन, अधिक व्यायाम व चटक धूप से बचें

75 गुम मोबाइल पुलिस ने खोजे

कानपुर। साउथ जोन की सर्विलांस सेल व साइबर टीम ने करीब 15 लाख रुपये की कीमत के 75 मोबाइल बरामद किए। सोमवार को डीसीपी साउथ ने पीड़ितों को उनके मोबाइल सौंपे, जिसे पाते ही उनके चेहरे खिल उठे। मोबाइल पाकर लोगों ने बताया कि उन्होंने तो फोन मिलने की उम्मीद ही छोड़ दी थी।

डीसीपी रविंद्र कुमार ने बताया कि पिछले छह-सात महीने में मोबाइल गुम व चोरी होने के करीब 70 शिकायती पत्र आए थे। गुम हुए मोबाइलों को सर्विलांस पर लगाकर खोजा जा रहा था।

काफी समय तक मोबाइल स्विच ऑफ होने के कारण उनका पता लगाने में देर हो रही थी। डीसीपी साउथ ने बताया कि जांच में लगी सर्विलांस व साइबर टीम ने मोबाइल खोज निकाले। बताया कि कानपुर समेत आसपास के जनपद बांदा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, उन्नाव और लखनऊ से भी मोबाइल बरामद किए गए हैं।

साइबर सुरक्षा में आईआईटी की होगी भागीदारी, सेना से एमओयू के आसार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

आईआईटी में जानकारी लेते लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि।

अमृत विचार। आईआईटी की कंप्यूटर लैब सी3आई में साइबर सुरक्षा से जुड़े अलग-अलग टूल विकसित किए जा रहे हैं। सेना के अधिकारियों ने संस्थान की लैब में काम काज देखा साथ ही साइबर सुरक्षा के नए टूल भी देखे। सबकुछ ठीक रहा तो साइबर सुरक्षा के मामले में आईआईटी कानपुर बड़ी भागीदारी करेगा।

बता दें हाल ही में सूर्या कमांड के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने अपनी टीम के साथ आईआईटी का भ्रमण किया था। यह जानकारी देते हुए सूत्रों ने बताया कि आईआईटी के निदेशक प्रोफेसर मीणंद्र अग्रवाल ने लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि से मुलाकात कर उपहार स्वरूप पुस्तक भेंट की है। देश की सुरक्षा के लिए जैसे बड़े हथियारों की आवश्यकता होती है वैसे ही साइबर सुरक्षा भी बहुत जरूरी है। वैज्ञानिकों की टीम साइबर सुरक्षा के लिए नए-नए टूल विकसित कर रही है। आईआईटी में स्थापित अत्याधुनिक कंप्यूटर लैब सी3आई में साइबर सुरक्षा से जुड़े अलग-अलग टूल विकसित किए जा रहे हैं। सेना के अधिकारियों ने आईआईटी में चल रहे सभी इनोवेशन को परखा था। सेना के अधिकारियों को प्रो. कांतेश बलानी समेत अन्य वैज्ञानिकों ने विभिन्न नए टूल के बारे में जानकारी दी थी। सूत्रों की माने तो जल्द आईआईटी और सेना के बीच साइबर सुरक्षा एवं रक्षा क्षेत्र से जुड़े इनोवेशन, तकनीक आदि देखे।

- सेना के अधिकारियों ने लैब में देखा काम, साइबर सुरक्षा के अलग-अलग टूल भी देखे

उन्नाव जंक्शन अब बनेगा अमृत स्टेशन, ध्वस्तीकरण हुआ शुरू

अधिकारी स्थानीय स्तर पर नहीं बना रहे कैंप कार्यालय, लखनऊ से ही दे रहे निर्देश

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। उन्नाव जंक्शन को अमृत स्टेशन बनाने का काम शुरू होने से अब इसके आधुनिकीकरण की उम्मीदें बढ़ गई हैं। विभाग द्वारा इसके लिये ध्वस्तीकरण का काम भी शुरू करवा दिया गया है। हालांकि, इस योजना का लखनऊ में बैठकर ही अधिकारी क्रियान्वयन करा रहे हैं। जिससे काम तेजी नहीं पकड़ पा रहा है। निर्माण से पहले ध्वस्तीकरण तो शुरू हुआ है लेकिन, किस्तों में स्टाफ क्वार्टर गिराए जा रहे हैं। इसके बाद प्लेटफार्म-एक पर संचालित आरपीएफ बैरक व इलेक्ट्रीशियन कक्ष ध्वस्त होंगे। अंत में मुख्य भवन को नया लुक देने के लिहाज से आवश्यकतानुसार तोड़फोड़ की जाएगी।

पिछले साल अमृत योजना की आधारशिला रखी गई थी। रेल मंत्रालय की वरीयता में अयोध्या सहित उसी रूट के अन्य स्टेशनों को विकसित बनाना शामिल था, जिससे इधर कोई तवज्जो नहीं दी गई। पिछले माह मुख्य परियोजना प्रबंधक गति शक्ति द्वारा अपनी टीम के साथ यहां निरीक्षण किया था। इसके बाद अब स्टेशन परिसर के पास बने आवासीय भवनों का ध्वस्तीकरण किया जा चुका है। साथ ही आरपीएफ बैरक से लेकर पूछतांछ कार्यालय के पीछे तक बिछाई गई इंटरलाकिंग को भी उखाड़ दिया गया है। कुछ आवासीय भवन सहित स्वच्छता स्टोर व आरक्षण केंद्र (टिकट घर) को ध्वस्त किया जाना बाकी है। माना जा रहा है कि टिकट बिक्री जारी रखते हुए अमृत स्टेशन का नवनिर्माण करने के लिए पहले नया आरक्षण केंद्र बनाकर तैयार करने के बाद भी ध्वस्तीकरण किया जा सकता है। इसी तरह आरपीएफ बैरक व इलेक्ट्रिशियन कक्ष की छतों को भी गिराया जा सकता है। इसके अलावा प्लेटफार्म नंबर एक पर बने प्रथम श्रेणी प्रतीक्षालय सहित कुछ अन्य पुराने बने कक्षों की छतें भी बारिश में टपकती है। इसलिए इन्हें भी ध्वस्तीकरण की जद में लिया जाएगा। स्टाफ सहित अन्य लोग खुलकर बोलने के बजाए दबी जबान स्थानीय स्तर पर कैंप किए बिना निर्माण कार्य की सही मानीटरिंग न होने की बात स्वीकार करते हैं।

जीआरपी थाने के पीछे ढहाए गए भवन। अमृत विचार

आरपीएफ बैरक से पूछताछ कार्यालय के पीछे तक उखाड़ी गई इंटरलॉकिंग।

● गति नहीं पकड़ पा रहा है ध्वस्तीकरण व निर्माण कार्य

सफीपुर बार एसो. ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

सफीपुर उन्नाव। सफीपुर तहसील में कार्यरत बाबूओं, कर्मचारियों व लेखपालों की कार्यशैली से परेशान होकर सफीपुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष यशपतेंद्र सिंह व महामंत्री श्याम सुंदर यादव ने अधिवक्ताओं के साथ चार सूत्रीय प्रस्ताव को एसडीएम से अवगत कराया।

बार एसोसिएशन अध्यक्ष यसपत्येंद्र सिंह द्वारा दिए गए चार सूत्रीय प्रस्ताव में एसडीएम को बताया गया कि तहसील कार्यालय में बाबुओं व नायब तहसीलदार का बोलबाला है। जहां वह अपनी मनमानी करते हैं और वे किसी कार्य में सहयोग नहीं कर रहे हैं। वहीं लेखपालों पर भी आरोप लगाते हुए कहा कि लेखपाल द्वारा जानबूझकर जांच लंबित की गई हैं। जिससे वर्षों से मुकदमे लंबित पड़े हैं। आरोप लगाया कि तहसील सफीपुर में न्यायालय में कई ऐसी फाइलें हैं जिसमें बात सुनने के बाद सुविधा शुल्क न मिलने पर आज तक उन पत्रावलियों में आदेश नहीं किये गये। वहीं यह भी बताया कि न्यायालय में तैनात कर्मचारी व निजी कर्मचारियों द्वारा पत्रवलियों का आदेश अधिवक्ताओं को उपलब्ध नहीं कराया जाता है।

लोडर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

● गोकुल बाबा मंदिर से दर्शन कर लौटते समय हुआ हादसा

अमृत विचार। सदर कोतवाली अंतर्गत शेखपुर नहर के पास मंदिर से दर्शन कर लौट रहे युवक की बाइक में लोडर ने पीछे से टक्कर मार दी। इससे बाइक चला रहा युवक उछलकर लोडर के पहिए के नीचे आकर कुचल गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहंच कर पुलिस ने जांच पड़ताल की।

अरविंद किशोर।

बिहार थानांतर्गत सिघनी सोहरामऊ गांव के मूल निवासी अरविंद किशोर (48) पुत्र राम आसरे परिवार के साथ सदर कोतवाली क्षेत्र के इंद्रा नगर मोहल्ले में रहते थे। वह पुरवा क्षेत्र के बाजीखेड़ा गांव में सीमेंट व सरिया की दुकान किए थे। सोमवार सुबह वह दुकान जाने से पहले मगरवारा स्थित गोकुल बाबा मंदिर दर्शन करने गए थे। वहां से लौटते समय शेखपुर नहर के पास पीछे से आए लोडर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें वह उछलकर सड़क पर गिर गए और तेज गति से चल रहे लोडर ने उन्हें कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई।

राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और परिजनों को इसकी जानकारी दी। एसएचओ पीके मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

कार की टक्कर से ठेला चालक हुआ घायल

सफीपुर। कोतवाली क्षेत्र के कस्बा के सरांय जामी मोहल्ला निवासी शिवम (18) बाग से कच्चे आम ठेले में लादकर लौट रहा था। तभी परियर से आई कार ने कस्बा के पास उसके ठेले में टक्कर मार दी। इसमें शिवम को गंभीर चोट आ गई और उसका ठेला क्षतिग्रस्त होने के साथ कच्चे आम सड़क पर फैलकर खराब हो गए। इसी दौरान मौका पाकर चालक कार लेकर भाग निकला। लोगों की सूचना पर पहुंची पीआरवी ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया। अस्पताल पहुंचे परिजनों ने बताया कि शिवम दही थानांतर्गत गांव नदौली का निवासी है। यहां वह अपनी मौसी के घर आया था।

भाजपा बूथ अध्यक्ष व उसके पिता को पीटा

पुरवा उन्नाव। पुरवा कोतवाली अंतर्गत नाली का गंदा पानी बहाने को लेकर हुई कहासुनी के बाद पड़ोसी गांव के लोगों ने भाजपा के बूथ अध्यक्ष व उसके की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। उन्हें बचाने के लिए ग्रामीणों को आता देख हमलावर मौके से भाग निकले।

कोतवाली क्षेत्र के बनिगांव निवासी रामप्रकाश पांडेय, उनका बेटा सौरभ अलग-अलग क्षेत्र के भाजपा के बूथ अध्यक्ष हैं। सौरभ अपने पिता और भाई निधीश के साथ गांव के मजरा पुरैनीखेड़ा में अपने खेत गया था। जहां गांव के सुंदरलाल के घर की नाली का गंदा पानी उनके खेत में बह रहा था। इसका विरोध करने पर राम प्रकाश व सुंदरलाल में कहासुनी हो गई। आरोप है कि इसी दौरान सुंदरलाल का बेटा मनीष अपने पांच साथियों के साथ आया और मारपीट शुरू की दी। शोर सुन खेतों में काम कर रहे ग्रामीण उन्हें बचाने दौड़े तो हमलावर वहां से भाग निकले। परिजनों ने उन्हें सीएचसी पहुंचाया। जहां से राम प्रकाश को जिला अस्पताल भेजा गया। एसएचओ ने बताया कि मारपीट की सूचना मिली है। जांच की जा रही है।

डीसीए की टीम ने बाराबंकी को हराया

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। यूपीसीए द्वारा खेल सत्र 2024-25 के लिए लखनऊ में आयोजित मंडल स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में डीसीए न बीसीए टीम को पहले मैच में 103 रन के अंतर से शिकस्त दी। विजेता डीसीए टीम बल्लेबाजी में ही नहीं गेंदबाजी में भी प्रतिद्वंदी टीम पर भारी साबित हुई।

बाराबंकी के कप्तान ने टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। इसलिए बल्लेबाजी करने उतारी जिले की टीम ने निर्धारित 45 ओवर बैटिंग करते हुए चार विकेट के नुकसान पर 242 रन बनाने में कामयाबी प्राप्त कर ली। इसमें नवरतन ने नाबाद पारी खेलते हुए जहां 55 गेंद का सामना कर 62 रन बनाए। वहीं अंश पटेल 66 गेंद खेलते हुए टीम के लिए 56 रन की पारी खेली। इसी तरह आयुष 33 रन और उज्जवल चौधरी ने 25 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बाराबंकी की टीम मात्र 109 रन बनाकर ढेर हो गई। टीम का कोई भी बल्लेबाज बहुत देर तक क्रीज पर डटकर प्रतिद्वंदी गेंदबाजों का सामना नहीं कर सका। वहीं उन्नाव की ओर से गेंदबाजी करते हुए आकाश राठौर ने तीन, सचिन कुमार व संदीप यादव ने दो-दो बल्लेबाजों को पवेलियन वापस भेजा। इसी तरह शिवम यादव, सुमित यादव व अनमोल पांडेय ने भी एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। डीसीए महासचिव पीके मिश्र ने बताया कि जिले की टीम का अगला मैच मंगलवार को हरदोई से होगा।

विजेता टीम के खिलाड़ी। अमृत विचार

● लखनऊ में खेली जा रही है मंडल स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता

डिवाइडर से टकरा कर पलटी बाइक दो भाई घायल

बांगरमऊ। पड़ोसी ज़िला हरदोई के गांव मोहब्बत पुर निवासी अनूप कुमार (35) अपने बड़े भाई अरुण कुमार के साथ बाइक से जरूरी काम से लखनऊ गया था। वापस लौटते समय बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर सोमवार को गांव ढोलौवां के सामने तेज रफ्तार बाइक अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। इसमें बाइक सवार अनूप और उसका बड़ा भाई अरुण सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गए। यूपीडा की रेस्क्यू टीम ने एंबुलेंस से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां डाक्टर ने हालत गंभीर देख दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उनका इलाज किया जा रहा है।

हादसों को दावत दे रहे खुले में रखे ट्रांसफार्मर

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। शहर व अन्य क्षेत्र में जगह-जगह विभागीय लापरवाही से खुले में रखे ट्रांसफार्मर हादसों को दावत दे रहे हैं। सड़क किनारे लगे इन ट्रांसफार्मरों से कई बार हादसे हो भी हो चुके हैं। आने वाले बारिश के दिनों में करंट उतरने का खतरा भी बना रहता है। इसके बावजूद विभागीय अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिससे इन ट्रांसफार्मर के आसपास के लोगों में हादसे को लेकर हमेशा भय बना रहता है।

बता दें कि रोड किनारे लगे ट्रांसफार्मरों से होने वाले हादसों को बचाने के लिये शासन ने इन्हें सेफ्टी गार्ड से कवर करने के निर्देश दिये थे। बावजूद इसके विभागीय अधिकारी इस ओर गंभीर नहीं हैं और आमजनमानस के लिये यह ट्रांसफार्मर खतरा बने हुए हैं। शहर स्थित कचहरी के पास, मोती नगर, कृष्णा नगर, पीतांबर नगर, आवास विकास कालोनी, कल्याणी, सिविल लाइन्स समेत कई स्थानों पर ट्रांसफार्मर खुले में रखे हैं। इन ट्रांसफार्मरों पर लोहे की जाली न होने से इनके आसपास खुले व टूटे बिजली के तार सड़क पर पड़े रहते हैं। जिनसे कभी भी हादसा हो सकता है। राहगीरों को मजबूरी में वहां से गुजरना पड़ता है। गर्मी के मौसम में ट्रांसफार्मरों से चिंगारी निकलना व स्पार्किंग होना आम बात है। कभी कभी ट्रांसफार्मरों से निकलने वाली एक छोटी सी चिगारी भी बड़ा रूप ले सकती है।

शहर में रोड किनारे खुले में रखा ट्रांसफार्मर। अमृत विचार

बोले जिम्मेदार

अधिशाषी अभियंता विद्युत प्रथम हेमेंद्र सिंह ने बताया कि काफी ट्रांसफार्मरों पर लोहे की जाली लगाई गई है चुनाव के कारण कार्य रुक गया था। अगर कोई रह गया है तो उसमें भी जाली लगवा दी जाएगी।

बारिश के मौसम में होता है ज्यादा खतरा

बारिश में जमीन पर रखे ट्रांसफार्मर में अक्सर करंट उतरने की शिकायतें आतीं हैं। कई बार ट्रांसफार्मर के लटके तारों में करंट आने से घटनाएं भी हो चुकी हैं। कई पशुओं को अपनी जान से हाथ धोना पड़ चुका है। क्षेत्र की जनता ने बिजली विभाग के अधिकारियों से कई बार खुले में रखे ट्रांसफार्मर की शिकायत की। लेकिन अधिकारियों ने इस ओर कोई ध्यान नही दे दिया और अभी तक जाली नहीं लगाई गई है।

पशुपालक रोड पर कब्जा करके बांध रहे मवेशी

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

अमृत विचार। सरकार जहां एक ओर स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत अधिकारियों को स्वच्छता के लिए नए-नए निर्देश लागू कर नगर व गांव को साफ सुथरा रखने का कार्य कर रही है। वहीं इसके विपरीत नगर के पशुपालक मवेशियों को मार्ग में ही बांध कर गंदगी कर रहे हैं।

नगर पालिका बांगरमऊ अंतर्गत मोहल्ला कटरा सहित अधिकांश मोहल्लों में मार्ग में बांधे गए मवेशियों के चलते गलियों में गंदगी का अंबार लगा है। पालिका द्वारा पशुपालकों को नोटिस जारी करने के बावजूद वे अपने मवेशियों को सार्वजनिक मार्ग पर मवेशी बांधने से बाज नहीं आ रहे हैं। अभी कुछ माह पूर्व नागरिकों की शिकायत पर मार्ग में बंधे मवेशियों को हटाने पहुंची पालिका टीम के साथ पशुपालक राजू व संजय यादव ने गाली-गलौज करने के साथ मारपीट करने पर भी अमादा हो चुके हैं। तब जान बचाकर भागे पालिका कर्मियों ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग की थी।

बोले जिम्मेदार

नगर पालिका अधिशासी अधिकारी मोनिका उमराव ने बताया कि इस बारे में तहसीलदार बांगरमऊ से बात हुई है। लेकिन, तहसील प्रशासन द्वारा भी इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की जा सकी है। बताया कि जल्द ही अतिक्रमणकारी पशुपालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

महिला ने फांसी लगाकर दी जान, हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

● दहेज में दो लाख रुपये न देने पर मारपीट कर फंदे से लटकाने का आरोप

अमृत विचार। अचलगंज थानांतर्गत बसैना ललऊखेड़ा गांव में एक साल की विवाहिता को फंदे से लटका देख परिजन उसे उतारकर लोहचा सीएचसी लाए। जहां डाक्टर के उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर मायका पक्ष पहुंचा और बेटी को फंदे से लटकाने का आरोप लगाया।

सलोनी देवी।

अचलगंज थानाक्षेत्र के गौरी त्रिभनापुर गांव निवासी दिव्यांग नरेंद्र कुमार ने बताया कि उसने अपनी बेटी सलोनी देवी (20) की शादी इसी थानाक्षेत्र के बसैना ललऊखेड़ा गांव निवासी जीतू से आठ मई-2023 में की थी। बताया कि बेटी के ससुराल वाले दिए गए दहेज से संतुष्ट नहीं थे। वे दो लाख रुपये और फ्रिज की मांग को लेकर बेटी को प्रताड़ित करते थे। रविवार शाम बेटी से मारपीट कर ससुरालियों ने उसे फंदे से लटका दिया और मौत होने पर उसे सीएचसी लाए। सूचना पर वे लोग पहुंचे और बेटी की हत्या किए जाने की सूचना पुलिस को दी। जांच के बाद पुलिस ने सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें हैंगिंग से मौत होने होने की बात सामने आई है। पिता ने दामाद जीतू सहित ससुर, सास पुन्नी व ननद प्रियंका सहित अन्य ससुरालियों के विरुद्ध तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं एसओ संजीव कुशवाहा ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पीएम रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

तीन दिन से लापता युवक का शव खंती में मिला

संवाददाता गंजमुरादाबाद उन्नाव

अमृत विचार। बेहटा मुजावर थानांतर्गत मौसी के घर जाने की बात कहकर निकला युवक अचानक लापता हो गया। सोमवार को उसका शव सड़क किनारे खंती में मिला परिजनों ने उसकी हत्या किए जाने आशंका जताई है।

बेहटा मुजावर थानांतर्गत गौरिया कला गांव निवासी शुभम (25) फरीदाबाद में मजदूरी करता था। डेढ़ माह पहले वह घर लौट कर आया था और शनिवार को उसे वापस जाना था। बीती आठ जून की सुबह वह पड़ोसी गांव अरगूपुर अपनी मौसी के घर गया गया था। दोपहर को वह दोस्त से मिलने की बात कहकर मौसी के घर से निकला था। शाम तक घर न लौटने पर परिजनों ने नौ जून को थाने पहुंचकर गुमशुदगी दर्ज कराई। सोमवार सुबह थानाक्षेत्र के अरगूपुर गांव से गौरिया जाने वाली रोड किनारे गहरी खंती में उसका शव पड़ा देख वहां लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। उसकी बाइक वहीं क्षतिग्रस्त हालत में उसके ऊपर पड़ी थी। परिजनों ने बताया कि गले में सूजन होने के साथ कमर के पास खून का रिसाव हो रहा था। वहीं एसओ फूल सिंह ने हादसे में उसकी मौत होने की संभावना जताई है। भाई शिवम ने बताया कि शुभम की फरवरी में शिवानी से शादी हुई थी।

शिक्षकों ने डीएम को बताईं अपनी समस्याएं

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

● एरियर का भुगतान न कर बजट लौटाने व नियम विरुद्ध वेतन कटौती का लगाया आरोप

अमृत विचार। प्राथमिक शिक्षक संघ (पूर्व माध्यमिक) का प्रतिनिधि मंडल डीएम गौरांग राठी से मिला। प्रतिनिधि मंडल ने दो अलग-अलग पत्र सौंपकर जहां शिक्षकों के अवशेष देयों का भुगतान कराने की मांग की। वहीं मनमाने ढंग से निरीक्षण के नाम पर शिक्षक-शिक्षिकाओं का वेतन रोकने की शिकायत भी की।

प्रतिनिधि मंडल की ओर से दिए गए पत्र में बताया गया है कि शिक्षकों ने अवशेष देय (एरियर) भुगतान के लिए मानव संपदा पोर्टल पर आवेदन किया था। मनमाने ढंग से अवशेष देय का भुगतान करने के बजाए आवेदन विलंबित रखे गए। बाद में भुगतान की तिथि बितते ही भुगतान मद में शासन से उपलब्ध कराया गया बजट वापस कर दिया गया। शिक्षक नेताओं ने डीएम को बताया कि भुगतान से वंचित शिक्षकों द्वारा जानकारी देने पर लेखाधिकारी से साक्ष्यों सहित वार्ता करते हुए प्रत्यावेदन दिया गया, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला।

इसलिए संबंधित प्रकरण को संज्ञान में लेकर अवशेष देयों का भुगतान कराया जाए। इसी तरह शासन के निर्देशों को दरकिनार करते हुए निरीक्षण के दौरान शिक्षक-शिक्षिकाओं को अनुपस्थित दिखाते हुए वेतन कटौती के आदेश जारी किए जाते हैं।

समस्या | अपनी क्षतिग्रस्त बसों को वर्कशाप तक लाने के लिये कानपुर का लेना पड़ता है सहारा

एक क्रेन के लिए जद्दोजहद कर रहा विभाग

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। परिवहन विभाग इन दिनों खस्ताहाल बसों की समस्या से जूझ रहा है। रास्ते में खराब होने वाली बसों की मरम्मत करने के लिए डिपो के पास स्टोर ट्रक और बस को वर्कशॉप तक खींचकर लाने के लिए क्रेन भी नहीं है। जरूरत होने पर कानपुर से क्रेन मंगाई जाती है। और कुछ पुरानी बसों को नया दिखाने के लिए रंग पेंटिंग करवाकर भी लोकल मार्गो पर चलाया जा रहा है।

परिवहन विभाग के उन्नाव डिपो के माध्यम से जिले में अलग-अलग रूटों पर 89 बसों का संचालन हो रहा है। इसमें से कई बसें जर्जर हैं। विभाग सिर्फ रंग पेंटिंग करवा कर लोकल रूटों पर चला रहा है। बसें पुरानी होने से अक्सर खराबी आ जाती है। रास्ते में बस खराब होने से भीषण गर्मी में यात्रियों को भी परेशानी उठानी पड़ती है। वर्कशाप में स्टोर ट्रक न होने से बस को मौके पर (खराबी वाले स्थान पर) ठीक नहीं किया जा सकता है। यात्रियों को दूसरी बसों से भेजा जाता है। इसके बाद रीजनल आफिस से क्रेन मंगवाकर या दूसरी रोडवेज बस भेजकर खराब बस को वर्कशाप पहुंचाया जाता है। नियमानुसार डिपो में एक स्टोर ट्रक और क्रेन वर्कशॉप में होना जरूरी है।

दही क्षेत्र स्थित रोडवेज वर्कशाप में कंडम खड़ी बस। अमृत विचार

● नियमानुसार डिपो में एक स्टोर ट्रक और क्रेन वर्कशॉप में होना जरूरी

बोले जिम्मेदार

एआरएम गिरीश चंद्र वर्मा ने कहा कि मुख्यालय पर पत्र भेजकर क्रेन की मांग की गई है। वहां से क्रेन मिलने पर समस्या दूर हो जाएगी। कहा कि जर्जर बसें कोई नहीं हैं सभी सही चल रही हैं। वहीं, बस खराब होने पर यात्रियों की समस्या का ध्यान रखा जाता है।

पेंशन के लिए आधार प्रमाणीकरण अत्यंत जरूरी

उन्नाव। पति की मृत्यु के बाद निराश्रित (विधवा) पेंशन के लाभार्थियों को अगले दो दिन में बैंक शाखा पहुंचकर अपना आधार प्रमाणीकरण करा लेना चाहिए।

अन्यथा उनके बैंक खातों में पेंशन की धनराशि नहीं पहुंच सकेगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि पेंशन राशि का भुगतान आनलाइन किया जाना है। इसके लिए आधार प्रमाणीकरण कराया जाना आवश्यक है। प्रमाणीकरण कराने के लिए लाभार्थियों को बैंक पास बुक व आधार कार्ड लेकर बैंक शाखा पहुंचना होगा और इसे जल्द से जल्द कराने की अति आवश्यकता है।

मौसम ने ली करवट, लोगों को मिली राहत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। पूरे दिन आसमान पर बादलों की आवाजाही बनी रही, जिससे लोगों को तेज धूप व लू के साथ गर्मी से राहत मिली। वातावरण में उमस बनी रहने से मौसम के जानकार बारिश होने की संभावना जता रहे हैं।

मौसम के मिजाज बीते काफी दिनों से तल्ख बने हैं। जिससे लोगों की रातों की नींद व दिन का चैन हराम है। सोमवार को बारिश भले नहीं हुई लेकिन लगभग पूरे दिन आसमान पर बादल छाए रहे। इससे घरों से बाहर आवाजाही करने वालों को धूप के साथ गर्म हवाओं का सामना भी नहीं करना पड़ा। यह बात दूसरी है कि उमस के चलते लोग पसीने से सराबोर होते रहे।

दोपहर के समय आसमान पर छाये बादल। अमृत विचार

● किसान व बागान मालिकों को सिंचाई के लिए बारिश की है दरकार

वहीं हवा के हल्के झोंके लोगों को काफी सकून पहुंचाते रहे। साथ ही कहीं आसपास ही बारिश होने का अनुमान लगाया जाता रहा। मौसम के बदलाव को देखते हुए लोग अब कभी भी बारिश शुरू होने की उम्मीद लगा रहे हैं। मौसम के जानकारों का कहना है कि इस सप्ताह बारिश की शुरुआत होना तय है। हालांकि अधिकांश किसान धान की नर्सरी तैयार कर रहे हैं, लेकिन उनका कहना है कि बारिश हो जाने पर न सिर्फ नर्सरी में तैयार हो रहे पौधों को संजीवनी मिलेगी, बल्कि खेतों में पानी भरते ही बेढ़ की रोपाई भी शुरू हो जायेगी।

शार्टसर्किट से जला मीटर, जलापूर्ति समेत कामकाज ठप

पालिका में हुआ हादसा, पानी के लिए हजारों लोगों को उठानी पड़ी परेशानी, टैक्स जमा करने पहुंचे लोग लौटे बैरंग

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। नगर पालिका परिसर में लगा बिजली का मीटर शार्ट सर्किट के कारण रविवार दोपहर जल गया। जिससे पालिका की बिजली प्रभावित हो गई। बिजली न आने के कारण पश्चिमी क्षेत्र को जलापूर्ति नहीं हो सकी। जिससे हजारों लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। वहीं सोमवार को बिजली न आने से पालिका कर्मी बाहर खड़े रहे। वहीं आदर्श नगर पंप हाउस में भी मोटर की केबिल जलने से रविवार की दोपहर से सोमवार की शाम जलापूर्ति बाधित रही।

पालिका पंप हाउस से सीताराम कालोनी से लेकर गोपीनाथपुरम तक जलापूर्ति सुबह-शाम होती है। रविवार दोपहर विद्युत आपूर्ति चालू होने के दौरान अचानक शार्ट सर्किट होने से मीटर फुंक गया। जिस कारण पंप हाउस नहीं चालू हो सका और पश्चिमी क्षेत्र के दर्जनों मोहल्लों को जलापूर्ति नहीं हो पाई। क्षेत्र में पानी न पहुंचने से गर्मी में लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। जल कल प्रभारी पंकज कुमार ने इसकी जानकारी पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडेय एवं ईओ मुकेश मिश्रा के साथ बिजली विभाग को दी। अध्यक्ष के निर्देश के बाद जलकल प्रभारी ने शाम 6 बजे मीटर और केबिल बदलने के बाद बाधित जलापूर्ति सुचारू करायी। जिसके बाद पश्चिमी क्षेत्र की जलापूर्ति चालू हो सकी। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। वहीं भीषण गर्मी में पानी न मिलने पर हजारों लोग परेशान हो गये। वहीं तमाम लोग पानी खरीदकर पीने को मजबूर हुये।

पंप हाउस का जला पड़ा मीटर।

बिजली न आने से टैक्स जमा करने वाले लोग व कर्मचारी बाहर खड़े रहे।

आग से जला सामान देखते लोग। अमृत विचार

पालिका का कामकाज रहा ठप

मीटर फुंकने के कारण सोमवार को पालिका में टैक्स नहीं जमा हो सके, जिससे पालिका के बाबू बाहर खड़े रहे। वहीं टैक्स जमा करने पहुंचे लोग भी घंटों इंतजार करते रहे। जिसके बाद वापस लौट गये।

आदर्श नगर पंप हाउस की जली केबिल

आदर्श नगर पंप हाउस में भी केबिल जलने के कारण पानी की सप्लाई सोमवार शाम तक बंद रही। जलकल प्रभारी ने बताया कि शाम तक केबिल बदल कर पंप हाउस से बाधित पानी की सप्लाई चालू कर दी गई।

किराया मांगने पर किरायेदार ने चलाये ईंट-पत्थर

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- मकान मालिक ने तहरीर देकर की कार्रवाई की मांग
- ईंट-पत्थर चलाने पर कई लोग बाल-बाल बचे

अमृत विचार। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गोपीनाथपुरम में किराया मांगने पर किरायेदार ने ईंट पत्थर चला दिये। जिससे कई लोग बाल बाल बच गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। वहीं मकान मालिक ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

गोपीनाथपुरम निवासी श्याम लाल गुप्ता ने बताया कि उन्होंने अपना मकान एक युवक को दे रखा था, जिसने मकान में पानी का प्लांट लगा रखा था। इधर कई माह से बिजली का बिल और किराया नहीं दिया और मकान से सामान भी धीरे-धीरे ले जा रहा था। जानकारी होने पर सोमवार सुबह वह पहुंचे और उससे किराये के पैसे मांगे। जिस पर वह आग बबूला हो गया और गाली गलौज करते हुये ईंट पत्थर चला दिये। जिसकी जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। वहीं श्यामलाल ने पुलिस को तहरीर दी है।

लोगों से पूछताछ करती पुलिस। अमृत विचार

शार्टसर्किट से लगी आग, तीन दुकानों का सामान राख

संवाददाता सफीपुर,उन्नाव

- फायर ब्रिगेड ने मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

अमृत विचार। शार्टसर्किट होने से आग लगने से तीन दुकानें जल गईं। जिनमें रखे फ्रिज, कोल्ड ड्रिंक्स, मिष्ठान सामग्री सहित किराने का सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंची दमकल की गाड़ी व ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

कोतवाली क्षेत्र के बृजपालपुर गांव निवासी रमेश पुत्र देवी सहाय व कल्लू पुत्र लल्लू की भैंसहरा चौराहे पर मिष्ठान की दुकाने हैं। वहीं, गांव के मुन्नी लाल पुत्र नन्हक्के की किराने की दुकान है। जिनमें रविवार देररात दो बजे कल्लू की दुकान में शार्टसर्किट होने से आग लग गई। जहां पास में सो रहे कल्लू का छोटा पुत्र अभिषेक ने जैसे ही आग की लपटों को देखा, वह वहां से बाहर निकला और बगल की दुकान में अपने मजदूरों के साथ लेटा रमेश का छोटा पुत्र अखिलेश यादव ने बाहर निकल अपने मजदूरों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया। आग की लपटें तेज होने के कारण आग पर काबू न पा सके। आग की लपटें देख आस पास के लोगों ने गांव में ही निर्माणाधीन अग्निशमन केंद्र पहुंचकर वहां के लोगों को सूचना दी। सूचना पाकर पहुंची दमकल की गाड़ी ने किसी तरह आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक तीनों दुकानों में रखा लाखों रुपयों का सारा सामान जलकर राख हो गया। वही रमेश की दुकान में रखे तीन फ्रिज,कल्लू की दुकान में लगा फ्रिज एवं भारी मात्रा में कोल्ड ड्रिंक की बोतले और मिष्ठान तथा मुन्नी लाल की किराने की दुकान में रखा सामान जलकर राख हो गया।

धरने पर बैठे लोग। अमृत विचार

मांस की दुकानें हटाने की दी चेतावनी

संवाददाता पुरवा उन्नाव

अमृत विचार। पुरवा नगर पंचायत के बेगमगंज में शिव मंदिर के पास खुले में मांस बिक्री को लेकर पश्चिम टोला के समाजिक कार्यकर्ता तमाम लोगों के साथ धरने पर बैठने पर ईओ ने मांस विक्रेताओं को अपनी दुकानें हटाने का अल्टीमेटम दिया है।

बता दें कि मंदिर मोहल्ला बेगमगंज में शिव मंदिर के पास मुर्गा मंडी लगती है। जहां खुलेआम मांस काटकर बेचा जाता है। इसकी शिकायत कई बार नगर पंचायत प्रशासन और एसडीएम से स्थानीय लोगों द्वारा की गई। नगर पंचायत ने इनको नोटिस भी दी थी। लेकिन खुले में मांस बिक्री पर रोक नहीं लगी। क्षेत्र के समाजिक कार्यकर्ता मनीष कुमार इसे लेकर धरने पर बैठ गए। इसकी जानकारी मिलने पर ईओ संदीप कुमार पुलिस के साथ पहुंचे और दुकानें हटाने के निर्देश दिए। साथ ही चेतावनी दी यदि दोबारा यहां दुकानें लगी तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

प्रधान पति ने दबंगों पर मारपीट का लगाया आरोप

औरास। थानाक्षेत्र के अलीपुर मिचलौला गांव निवासी प्रधान पति मंशाराम ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि गांव में लगने वाली बाजार में वह सब्जी लेने गया था।

तभी गांव के हरदयाल पुत्र रतनू, ऋषि पुत्र हरदयाल व आर्यन पुत्र अज्ञात निवासी रामपुर राई, लाली पुत्र रामबाबू के साथ गालियां देते हुए मारपीट कर रहे थे। बीच-बचाव करने गए प्रधान पति मंशाराम आदि ने अभद्र भाषा प्रयोग करते हुए मारपीट की।

मारपीट की खबर सुन पहुंची उसकी पत्नी कौशल्या को भी मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित प्रधान पति ने थाने में प्रार्थनापत्र देकर दबंग के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। एसओ रेखा सिंह ने बताया कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, आधा दर्जन घायल

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के ललता खेड़ा गांव में रविवार देर रात पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई। इस दौरान दोनों पक्षों से जमकर लाठी डंडें चले। जिसमें महिला समेत आधा दर्जन लोगों को चोटें आई। दोनों ने एक दूसरे के खिलाफ तहरीर देकर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

ललता खेड़ा निवासी राम किशन और छतरपाल में पुराना विवाद चला आ रहा है। उसी को लेकर छतरपाल रविवार रात करीब साढ़े नौ बजे गाली गलौज करने लगा। जिसका रामकिशन और उसके भाई रामप्रसाद ने विरोध किया। आरोप है कि इस दौरान छतरपाल अपने पूरे परिवार के साथ लाठी डंडों से उस पर हमला कर दिया। जिससे उसका और उसके भाई का सिर फट गया। वहीं घर की महिलाओं को भी चोटें आई। मारपीट में दोनों पक्षों से आधा दर्जन लोग घायल हो गये।

रामकिशन ने कार्यवाही को लेकर छतर पाल, आनंद, उनकी पत्नी और बेटी के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। जिस पर पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिये भेजा। वहीं दूसरे पक्ष से रंजीता ने रामकिशन, राम प्रसाद समेत उनकी पत्नी के खिलाफ मारपीट की शिकायत की है। पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की है।

मारपीट में घायल राम किशन और राम प्रसाद। अमृत विचार

मारपीट में घायल दंपति। अमृत विचार

दबंगों ने दंपति पर कुल्हाड़ी से किया हमला

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के बनी कंजौरा में पुरानी रंजिश को लेकर रविवार देर रात दबंगों ने पति पत्नी पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जिसमें पति का सिर फट गया। वहीं पत्नी भी घायल हो गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर घायलों को मेडिकल के लिये भेजा है। बनी कंजौरा गांव निवासी सूरज ने बताया कि उसकी गांव निवासी संजय से पुरानी रंजिश चली आ रही है। रविवार रात आठ बजे वह अपने घर के पास बैठा था तभी संजय गालीलगौज करने लगा। जिसका उसने विरोध किया तो संजय, राहुल व उसकी पत्नी ने कुल्हाड़ी से हमला बोल दिया। जिससे उसका सिर फट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। यह देख पत्नी कोमल बीच बचाव करने पहुंची तो उसे भी मारा पीटा। घायलावस्था में दोनों कोतवाली पहुंचे और पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। जिस पर पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिये भेजा और आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

बालिका ने अगवा करने के प्रयास का लगाया आरोप

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- ताइक्वांडो सीखने जा रही बालिका को अगवा करने का बाइक सवारों ने किया प्रयास

अमृत विचार। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के सरैयां हनुमंत विहार में रहने वाली एक बालिका सोमवार सुबह स्टेडियम में ताइक्वांडो सीखने जा रही थी। आरोप है कि तभी बाइक सवार दो युवकों ने उसे रोक लिया और अगवा करने का प्रयास किया। किसी तरह वह वहां से बचकर भागी। जिसके बाद पुलिस को जानकारी दी।

सरैयां हनुमंत विहार निवासी विनोद कुमार ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी की 10 वर्षीय बेटी पलक उर्फ आकांक्षा रावत सोमवार सुबह ताइक्वांडो सीखने के लिये सरैयां स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम जा रही थी। आरोप है कि रास्ते में उसे दो बाइक सवार युवकों ने रोक लिया और उसके मुंह रुमाल से बांधने लगे। जिस पर उसने एक युवक को लात मार दी। वहीं दूसरे युवक के हाथों में काटते हुये शोर मचाकर भाग कर घर पहुंची। जिसके बाद परिजनों को सूचना दी। इसे लेकर कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच की जा रही है। इसके साथ ही सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

आग से झुलसी युवती कानपुर से लखनऊ रेफर

पुरवा। दही थानाक्षेत्र के गांव गौरा निवासी रामखेलावन की 24 वर्षीय बेटी पूनम रविवार रात पुरवा क्षेत्र के गांव सकरन आई थी। जहां वह संदिग्ध परिस्थिति में आग की चपेट में आ गई थी। इस पर उसे जिला अस्पताल ले जाया गया जहां से उसे कानपुर के हैलट अस्पताल भेज दिया गया था।

सोमवार को उसे गंभीर देख हैलट से केजीएमयू लखनऊ रेफर कर दिया गया। जहां उसकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि मामले को लेकर अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

लुटेरों ने युवक से नकदी व मोबाइल लूटा

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। रविवार देररात दुकान बंद कर घर जा रहे युवक को हाजीपुर गांव स्थित बसधना पुलिया के पास बाइक सवार तीन युवकों ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह गिर गया। आरोप है कि इस दौरान वे उससे 5000 रुपये व मोबाइल लूटकर भाग गए। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की है।

लूट होने की जानकारी देता युवक।

सफीपुर के पखरौरा गांव निवासी अनुज पुत्र राम सागर गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गरेरे पुरवा में सीमेंट के गमला व दीवार बनाने का काम करता है। रविवार रात लगभग नौ बजे वह दुकान बंद कर घर जा रहा था, तभी हाजीपुर के बसधना पुलिया के पास बाइक सवार तीन युवकों ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह नीचे गिर गया। आरोप है कि इस दौरान लुटेरों ने उससे मारपीट करते हुये उसकी जेब में रखे पांच हजार की नकदी, एक महंगा मोबाइल लूट कर भाग निकले। उसने लूट की जानकारी हाजीपुर पुलिस चौकी पुलिस को दी। पुलिस ने जांच पड़ताल कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

सड़क के किनारे खड़ी की बाइक, लुटेरा लेकर भागा

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली के ऋषि नगर निवासी एक युवक रविवार देर रात मरहला चौराहे की ओर जा रहा था, तभी उसकी तबीयत बिगड़ गई। जिस पर वह बाइक को सड़क के किनारे खड़ा कर बैठ गया। इसी दौरान एक लुटेरा बाइक लेकर भाग निकला। पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस से की है ऋषि नगर निवासी राजकिशोर द्विवेदी का बेटा दीपांशु द्विवेदी ने बताया कि वह रविवार रात करीब साढ़े दस बजे अपनी बाइक लेकर मरहला चौराहा की ओर जा रहा था, तभी फोरलेन स्थित धोबिन पुलिया के पास उसकी तबियत बिगड़ गई। इस पर वह बाइक को सड़क के किनारे खड़ी कर वहीं बैठ गया। यह देख एक लुटेरा उसके पास पहुंचा और उसकी बाइक स्टार्ट कर भागने लगा। उसने शोर मचाया। जिस पर आस पास के लोग दौड़े और लुटेरे का पीछा किया लेकिन वह तेजी से भाग निकला। दीपांशु ने बताया कि बाइक में टंगे बैग में उसका महंगा मोबाइल भी रखा था, वह भी लुटेरा लेकर भाग निकला। पीड़ित ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस से शिकायत की है।

सार-संक्षेप

राजधानी मार्ग पर राहगीरों को शर्बत पिलाते आयोजक। अमृत विचार

पुण्यतिथि पर राहगीरों को पिलाया शर्बत

शुक्लागंज उन्नाव। सोमवार को राजधानी मार्ग पर शर्बत वितरण कराया गया। जहां आने जाने वाले लोगों ने गर्मी में शर्बत पीकर राहत की सांस ली। ऋषि नगर निवासी अंकित शुक्ला और उमेश शुक्ला ने अपने पिता स्व. उमाशंकर शुक्ला की पुण्यतिथि पर राजधानी मार्ग पर शर्बत वितरण कराया। जहां आने जाने वाले लोगों ने शर्बत पीकर राहत की सांस ली। शर्बत वितरण दोपहर से शाम तक अनवरत चलता रहा।

सती अनुसुइया की कथा सुन मंत्रमुग्ध हुये श्रोता

शुक्लागंज उन्नाव। कंचन नगर बी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास ने मौजूद श्रोताओं को भागवत कथा में सती अनुसुइया की कथा का रसपान कराया। जिसे सुन श्रोता मंत्रमुग्ध हो गये। पं. आशुतोष अवस्थी महाराज ने कहा कि नारद जी ने लक्ष्मी, पार्वती व ब्राह्मणी के पास माता सती अनुसुइया की प्रशंसा की। एक स्त्री दूसरी स्त्री की तारीफ नहीं सुन सकती। इस पर लक्ष्मी ने विष्णु को, पार्वती ने शिव को व ब्राह्मणी ने ब्रह्मा जी को माता सती अनुसुइया की परीक्षा लेने के लिए भेजा। तीनों साधू रूप धारण का माता अनुसुइया के पास अलख जगाते हैं कि माता हमें भोजन करवाओ। हम कई दिन के भूखे हैं। माता उन्हें घर में ले गई और भोजन की व्यवस्था करने लगी। इस मौके पर मंजू तिवारी, प्रवीन तिवारी, नेहा तिवारी के अलावा तमाम भक्त मौजूद रहे।

श्रद्धालुओं को कथा सुनाते पं. आशुतोष अवस्थी।

घर में घुसे चोरों को दौड़ाकर पकड़ा

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गजिया खेड़ा गांव में रविवार देर रात एक मकान में तीन चोर घुस गये। जहां आहट होने पर ग्रामीणों ने दो चोरों को दौड़ाकर पकड़ लिया। वहीं एक चोर मौके से भाग निकला। गजिया खेड़ा गांव में रहने वाले अशोक के घर में रविवार रात करीब नौ बजे तीन चोर घुस गये। आहट होने पर उन्होंने शोर मचाया। जिस पर चोर भागने लगे। ग्रामीणों ने चोरों को काफी दूर तक दौड़ा लिया। इस दौरान ग्रामीणों ने दो चोरों को दौड़ाकर पकड़ लिया। वहीं एक चोर मौके से भाग निकला। जिसकी जानकारी पुलिस को दी गई। जिसके बाद पकड़े गये चोरों को पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

परेशानी दूग्ध वाहन की वजह से लगा जाम, सूचना पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद खुलवाया जाम

नवीन पुल पर दो घंटे तक लगा भीषण जाम, बिलबिलाये लोग

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। सोमवार सुबह कानपुर ड्यूटी जाने के लिये लोग अपने अपने वाहनों से निकले, जिससे नवीन पुल पर वाहनों का भार बढ़ गया और जाम लगना शुरू हो गया। कुछ ही देर में नवीन पुल से लेकर फोरलेन तक वाहनों की लंबी कतारें लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह जाम हटवाया। इस दौरान दो घंटे जाम की स्थिति बनी रही।

सोमवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे कानपुर ड्यूटी जाने के लिये लोग बाइक, कार, साइकिल, टेंपो, ई-रिक्शा से निकले। जिससे नवीन पुल पर वाहनों का भार बढ़ गया। इस बीच सीताराम कॉलोनी मोड़ के पास से एक दूग्ध वाहन निकलने लगा। जिससे एक ओर का यातायात रुक गया। इसी बीच कानपुर और शुक्लागंज की ओर से ई बसें आ गई। जिससे जाम लगना शुरू हो गया।

कुछ ही देर में नवीन पुल से लेकर पोनी रोड मोड़ तक वाहनों की लंबी कतारें लग गई। जाम को देख मौजूद गंगाघाट पुलिस ने किसी तरह मशक्कत कर आड़े तिरछे खड़े वाहनों को सीधा कराया, जिसके बाद वाहन रेंगना शुरू हुए। इस दौरान करीब दो घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। तेज धूप होने के कारण जाम में फंसे वाहन सवार गर्मी में बिलबिला उठे।

नवीन पुल के रास्ते पर जाम में फंसे वाहन सवार। अमृत विचार

भीषण जाम में फंसे वाहन सवार। अमृत विचार

संकरे रास्ते और ई बस के कारण रोज लगता है जाम

नवीन पुल के संकरे रास्ते और ई बस के चलने के कारण आय दिन जाम लग रहा है, कई बार क्षेत्रीय लोगों ने चौड़ीकरण करने की मांग की है। इसके बाद अभी तक चौड़ीकरण नहीं हुआ है। जिस कारण रोजाना सुबह, दोपहर, शाम से लेकर देर रात तक जाम की स्थिति बन रही है। इसके बावजूद जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

यथोश्चित्तेन वा चित्तं निभृतं निभृतेन वा।
समेति प्रज्ञया प्रज्ञा तयोमैत्री न जीवर्यति ॥

दो व्यक्तियों की मित्रता तभी स्थायी रह सकती है जब उनके मन से मन, गूढ़ बातों से गूढ़ बातें तथा बुद्धि से बुद्धि मिल जाती है।

संपादकीय

नई सरकार की चुनौतियां

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरी पारी की शुरुआत की है। तीसरी बार शपथ लेने के बाद नई सरकार का पहला निर्णय किसान कल्याण के बारे में सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सोमवार को प्रधानमंत्री ने किसान निधि की 17 वीं किस्त जारी की। इससे 9.3 करोड़ किसानों को लाभ होगा और उनमें लगभग 20,000 करोड़ रुपये वितरित किए जाएंगे। बेहतर होगा कि नई सरकार मध्यम वर्ग के लिए भी कुछ करे। इस राह पर दो बड़ी चुनौतियां खड़ी हैं जिनकी अनदेखी करते हुए आगे बढ़ना मुमकिन नहीं है। ये हैं बेरोजगारी और असमानता। इंटरनेशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन की इंडिया एम्प्लॉयमेंट रिपोर्ट के मुताबिक देश में 80 प्रतिशत बेरोजगार युवा हैं। जहां तक असमानता की बात है तो उसे अक्सर तेज विकास के आगे ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाता, लेकिन याद रखने की बात है कि तेज विकास को अगर टिकाऊ बनाना हो तो असमानता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। प्रधानमंत्री मोदी ने अगले दशक के लिए सुशासन, समग्र विकास और आम आदमी की जिंदगी में सुधार के लक्ष्य तय किए हैं, लेकिन कुछ विरोधाभास ऐसे हैं कि सुशासन के लिए जरूरी आर्थिक नीतियां प्रभावित हो सकती हैं। सरकार को कथित तौर पर बांटने वाले राजनीतिक मुद्दों से दूरी बनाए रखते हुए विकास के एजेंडे पर पूरा ध्यान केंद्रित करना होगा।

नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष राजीव कुमार ने कहा कि राजग सरकार को अपने तीसरे कार्यकाल में देश में बेरोजगारी की समस्या से निपटना होगा, खासकर असंगठित क्षेत्र और लघु एवं मध्यम उद्यमों में। सरकार को अब चार श्रम संहिताओं को अंतिम रूप देना चाहिए, क्योंकि इसमें अपेक्षा से अधिक देरी हो चुकी है। अमेरिका-भारत व्यापार परिषद (यूएसआईबीसी) के अध्यक्ष अतुल केशप ने कहा कि नरेंद्र मोदी का लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेना बढ़ती भू-रणनीतिक अनिश्चितता के बीच राजनीतिक व आर्थिक स्थिरता का एक मजबूत संदेश देता है। साथ ही भारतीय उद्योग जगत ने उम्मीद जताई कि नई सरकार विकसित भारत के लिए सुधारों के अगले चरण की शुरुआत कर सकती है। आने वाले दिनों में तय की गई बुनियादी प्राथमिकताओं पर काम करने के नई सरकार को राज्यों के सहयोग की आवश्यकता होगी। इससे विकास संबंधी नतीजों में बेहतरी आएगी। कुल मिलाकर अगले पांच सालों में बेहतर नीतिगत नतीजे हासिल करने के लिए अहम है कि संसद को समुचित ढंग से काम करने दिया जाए। जैसा कि प्रधानमंत्री ने कहा है कि उन्हें 18 वीं लोकसभा में ज्यादा चर्चाओं की उम्मीद है। ऐसे में यह सरकार का दायित्व होगा कि वह विपक्ष के साथ सकारात्मक संबंध बनाए तथा बेहतर विधायी परिणाम हासिल करे।

पर्यावरणीय संतुलन का द्योतक है भूमि पुनर्स्थापन

डॉ .शंकर सुवन सिंह
असिस्टेंट प्रोफेसर, प्रयागराज

भूमि क्षरण जलवायु परिवर्तन को भी प्रभावित करता है। जब मिट्टी की गुणवत्ता घटती है तो उसकी कार्बन को अवशोषित करने की क्षमता भी कम होती है। इसके परिणामस्वरूप वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा बढ़ती है, जो ग्रीनहाउस गैसों के स्तर को बढ़ाकर जलवायु परिवर्तन को तेज करता है। भूमि क्षरण की समस्या से निपटने के लिए कई उपाय किए जा सकते हैं।

भूमि, पर्यावरण का एक महत्वपूर्ण घटक है। भूमि की उपयोगिता कृषि के साथ-साथ वन्य जीवों के आवास, जल संरक्षण और जलवायु विनियमन में भी होती है। पिछले कुछ दशकों में भूमि का अत्यधिक दोहन और गलत प्रबंधन ने इसे गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया है। भूमि पुनर्स्थापन एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें हम पर्यावरणीय, आर्थिक और सामाजिक लाभों को पुनःस्थापित करने का प्रयास करते हैं।

भूमि क्षरण एक गंभीर पर्यावरणीय समस्या है, जो वैश्विक स्तर पर पर्यावरण, समाज और अर्थव्यवस्था पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालती है। यह प्रक्रिया तब होती है जब भूमि की गुणवत्ता और उत्पादकता विभिन्न प्राकृतिक और मानव निर्मित कारणों से घट जाती है। लगातार फसलों की खेती से मिट्टी की उर्वरता घटती है। जब एक ही प्रकार की फसल बार-बार उगाई जाती है तो मिट्टी के पोषक तत्वों का असंतुलन होता है जिसके कारण मिट्टी की गुणवत्ता में कमी आती है। इसके अतिरिक्त, रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का अत्यधिक उपयोग मिट्टी की संरचना और जैव विविधता को नुकसान पहुंचाता है। वनों की अंधाधुंध कटाई भूमि क्षरण का एक अन्य महत्वपूर्ण कारण है। वृक्षों की जड़ों की अनुपस्थिति में मिट्टी का अपरदन तेजी से होता है। पेड़, मिट्टी को स्थिर रखने में मदद करते हैं।

पेड़ के बिना, मिट्टी अधिक तेजी से बह जाती है जिसके कारण भूमि बंजर हो जाती है और उसकी उर्वरता समाप्त हो जाती है। जल और वायु प्रदूषण भी भूमि क्षरण में योगदान देते हैं। औद्योगिक अपशिष्ट और रासायनिक उर्वरकों के कारण जल में मौजूद प्रदूषक तत्व मिट्टी में प्रवेश कर जाते है जिससे मिट्टी की गुणवत्ता कम होती है। वायु प्रदूषण से अम्ल वर्षा होती है, जो मिट्टी के पीएच स्तर को प्रभावित करती है और उसकी उर्वरता को नष्ट करती है। तेजी से बढ़ते शहरीकरण और औद्योगिकीकरण ने प्राकृतिक भूमि को कंक्रीट जंगलों में बदल दिया है। इसके कारण भूमि की प्राकृतिक संरचना और जल धारण क्षमता प्रभावित होती है। निर्माण कार्यों और औद्योगिक कचरे के निस्तारण से भूमि में प्रदूषण बढ़ता है जिससे उसकी उत्पादकता कम होती है। जलवायु

पेड़ के बिना, मिट्टी अधिक तेजी से बह जाती है जिसके कारण भूमि बंजर हो जाती है और उसकी उर्वरता समाप्त हो जाती है। जल और वायु प्रदूषण भी भूमि क्षरण में योगदान देते हैं। औद्योगिक अपशिष्ट और रासायनिक उर्वरकों के कारण जल में मौजूद प्रदूषक तत्व मिट्टी में प्रवेश कर जाते है जिससे मिट्टी की गुणवत्ता कम होती है।

परिवर्तन के कारण हो रहे बदलाव भूमि क्षरण का कारण बनते हैं। अत्यधिक वर्षा, बाढ़ और सूखे जैसी प्राकृतिक आपदाओं से मिट्टी का क्षरण होता है। इसके अलावा, तापमान में वृद्धि से मिट्टी की नमी कम होती है जिससे भूमि की उर्वरता प्रभावित होती है। भूमि क्षरण का सबसे प्रत्यक्ष प्रभाव खाद्य सुरक्षा पर पड़ता है। जब भूमि की उर्वरता घटती है तो फसलों की पैदावार कम होती है। इससे कृषि उत्पादन में गिरावट आती है, जो वैश्विक खाद्य सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन जाती है। भोजन की कमी से भुखमरी और कुपोषण की समस्या बढ़ती है। जल संसाधनों पर प्रभाव भूमि क्षरण जल संसाधनों को भी प्रभावित करता है। मिट्टी की जल धारण क्षमता कम होने से जल संचयन घटता है। इसके अलावा मिट्टी के क्षरण से जलाशयों और नदियों में गाद जमा होती है जिससे उनकी जल धारण क्षमता और गुणवत्ता में कमी आती है। इससे जल संकट की स्थिति उत्पन्न होती है। जैव विविधता पर प्रभाव भूमि क्षरण के कारण प्राकृतिक आवास नष्ट होते हैं जिससे जैव विविधता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। वन्यजीवों के आवास नष्ट होने से कई प्रजातियां विलुप्त होने की कगार पर पहुंच जाती हैं। इससे पारिस्थितिकी तंत्र का संतुलन बिगड़ता है और पर्यावरणीय समस्याएं उत्पन्न होती हैं। सामाजिक और आर्थिक प्रभाव भूमि क्षरण का समाज और अर्थव्यवस्था पर भी गहरा प्रभाव पड़ता है। कृषि उत्पादन में गिरावट से किसानों की आय कम होती है जिससे उनकी आर्थिक स्थिति पर असर पड़ता है। ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के साधनों की कमी से प्रवास और शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी की समस्या बढ़ती है। इसके अलावा भूमि क्षरण से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए सरकारों को भारी खर्च करना पड़ता है जिससे आर्थिक विकास में बाधा उत्पन्न होती है। भूमि क्षरण जलवायु परिवर्तन को भी प्रभावित करता है। जब मिट्टी की गुणवत्ता घटती है तो उसकी कार्बन को अवशोषित करने की क्षमता भी कम होती है। इसके परिणामस्वरूप वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा बढ़ती है, जो ग्रीनहाउस गैसों के स्तर को बढ़ाकर जलवायु परिवर्तन को तेज करता है। भूमि क्षरण की समस्या से निपटने के लिए कई उपाय किए जा सकते हैं। जैसे सतत कृषि पद्धतियां अपनाकर भूमि क्षरण को कम किया जा सकता है। फसल चक्रण, जैविक खेती और कम जुताई जैसी तकनीकों का उपयोग मिट्टी की उर्वरता को बनाए रखने में मदद करता है। इसके अलावा वनों का संरक्षण और नए वृक्षारोपण कार्यक्रमों का आयोजन भूमि क्षरण को रोकने में सहायक होता है। इससे न केवल मिट्टी का क्षरण कम होता है, बल्कि जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र का संरक्षण भी होता है। मृदा संरक्षण तकनीकों और कंक्रीटिंग का उपयोग करके मिट्टी के क्षरण को कम किया जा सकता है। ये तकनीकें मिट्टी की संरचना को सुधारने और उसकी जल धारण क्षमता को बढ़ाने में सहायक होती हैं।

मृदा संरक्षण तकनीकें उन विधियों और प्रथाओं का समूह हैं, जो मिट्टी की गुणवत्ता, उर्वरता और स्थिरता को बनाए रखने के लिए उपयोग की जाती हैं। ये तकनीकें भूमि क्षरण को रोकने और कृषि उत्पादन में सुधार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। यहां कुछ प्रमुख मृदा संरक्षण तकनीकें इस प्रकार हैं। फसल चक्रण-फसल चक्रण का मतलब है विभिन्न फसलों को एक निर्धारित क्रम में उगाना। इससे मिट्टी के पोषक तत्वों का संतुलन बना रहता है और कीटों और बीमारियों का प्रकोप कम होता है। कवर क्रॉपिंग (मिट्टी को ढकने वाली फसलें) - कवर क्रॉपिंग में खेत की खाली अवधि के दौरान मिट्टी को ढकने के लिए फसलें उगाई जाती हैं, जैसे कि तिपतिया घास या जई। इससे मिट्टी का कटाव कम होता है और उसकी उर्वरता बनी रहती है। कंटूर जुताई-कंटूर जुताई में ढलान वाली भूमि पर समानांतर रेखाओं में जुताई की जाती है। इससे पानी की धाराओं को नियंत्रित किया जा सकता है और मिट्टी का कटाव कम होता है। टेरेसिंग (सीढ़ीदार)- टेरेसिंग में पहाड़ी क्षेत्रों में सीढ़ीदार ढलानों का निर्माण किया जाता है। इससे पानी की गति धीमी होती है और मिट्टी का क्षरण कम होता है। स्ट्रिप क्रॉपिंग (पट्टियों के साथ फसलें लगाना)- स्ट्रिप क्रॉपिंग में एक के बाद एक पट्टियों में विभिन्न प्रकार की फसलें उगाई जाती हैं। इससे मिट्टी की सतह को सुरक्षित रखा जा सकता है और जल संरक्षण में मदद मिलती है। जैविक खाद का उपयोग- जैविक खाद का उपयोग मिट्टी की उर्वरता और जैव विविधता को बढ़ाता है। इससे मिट्टी की संरचना सुधरती है और उसके पोषक तत्व बनाए रहते हैं। निचली जुताई-निचली जुताई में मिट्टी की सतह को कम से कम उलटा-पलटा जाता है जिससे मिट्टी की संरचना और जल धारण क्षमता बनी रहती है। मृदा संरक्षण तकनीकों का उपयोग करके हम न केवल मिट्टी की गुणवत्ता को बनाए रख सकते हैं, बल्कि भूमि की उत्पादकता को भी बढ़ा सकते हैं। इन तकनीकों को अपनाकर, किसानों को दीर्घकालिक लाभ प्राप्त होते हैं और पर्यावरणीय स्थिरता को भी बढ़ावा मिलता है।

जल संसाधन प्रबंधन जल संसाधनों का उचित प्रबंधन भूमि क्षरण को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन और सिंचाई तकनीकों का उपयोग करके जल संसाधनों को संरक्षित किया जा सकता है। सामुदायिक सहभागिता भूमि क्षरण की समस्या से निपटने के लिए सामुदायिक सहभागिता आवश्यक है। स्थानीय समुदायों को जागरूक करना और उन्हें भूमि पुनर्स्थापन के प्रयासों में शामिल करना प्रभावी समाधान हो सकता है। भूमि पुनर्स्थापन एक सामूहिक जिम्मेदारी है जिसमें सरकार, गैर-सरकारी संगठन और नागरिक समाज की भागीदारी आवश्यक है। हमें यह समझना होगा कि हमारी भूमि की स्थिति हमारे पर्यावरण, हमारी अर्थव्यवस्था और हमारे समाज के लिए कितनी महत्वपूर्ण है। सतत कृषि, मृदा संरक्षण, और सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से हम भूमि पुनर्स्थापन के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

प्रसंगवश

किशोरों को बचाना होगा जहरीली हवाओं से

गीता यादव
वरिष्ठ पत्रकार

पर्यावरण प्रदूषण 21 वीं शताब्दी की सबसे बड़ी समस्या है। दिनोंदिन बढ़ती जनसंख्या औद्योगीकरण, शहरीकरण और अनियोजित विकास इस समस्या में इजाफा कर रहे हैं। प्रदूषण के कारण भूमि, आकाश, जल, वायु सब प्रदूषित हो रहा है, लेकिन आधुनिकता की अंधी दौड़ के चलते किसी को इसकी चिंता नहीं कि आने वाली पीढ़ी और वर्तमान जनसंख्या इसके लिए कितनी भारी कीमत अदा कर रहे हैं।

प्रदूषित हवा और उसके प्रभाव को जानने के लिए वैज्ञानिक नित नए शोध में जुटे हुए हैं, लेकिन हाल में हुए एक शोध में इस बात का खुलासा हुआ है कि प्रदूषित हवा का अपराध से भी गहरा ताल्लुक है। क्योंकि वायु प्रदूषण बढ़ने से लोगों की चिंताएं बढ़ जाती हैं। तनाव और हार्मोन कार्टिसोल में वृद्धि का असर उनके मस्तिष्क को प्रभावित करने लगता है। उनमें बेचैनी और कसमसाहट होती है तथा वे अनैतिक और आपराधिक व्यवहार करने लगते हैं। शोधकर्ताओं के अनुसार वायु प्रदूषण न केवल स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि यह आपके अनैतिक व्यवहार के लिए जिम्मेदार भी है। 'एक्सपेरिमेंटल स्टडीज के अनुसार वायु प्रदूषण शारीरिक रूप से या मानसिक रूप से हमारे अनैतिक व्यवहार से जुड़ा हुआ है।

न्यूयॉर्क के 'कोलंबिया बिजनेस स्कूल में हुए शोध में शोधकर्ताओं ने पाया कि जिन स्थानों पर प्रदूषित हवा का स्तर ज्यादा है, वहां अपराध की दर भी अधिक है। शोध के लेखक डॉ. जैक्सन जी लू कहते हैं, वायु प्रदूषण न केवल लोगों की सेहत खराब करता है, बल्कि उनकी नैतिकता को भी दूषित कर सकता है। हमने पाया कि हवा में मौजूद जहरीले तत्व सेहत और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने के साथ लोगों के व्यवहार को भी प्रभावित करते हैं। वहीं 'लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स द्वारा किए एक अध्ययन में इस बात का खुलासा हुआ है कि वायु प्रदूषण के उच्च स्तर के कारण लंदन में अपराध दर में वृद्धि हुई है। बड़े अपराध नहीं, बल्कि दुकानों में चोरी और जेबकतरी जैसे कम गंभीर अपराध ही ऐसे अपराध हैं, जिन पर वायु गुणवत्ता का अधिक प्रभाव पड़ता है। शोधकर्ताओं ने प्रदूषण के आंकड़ों का उपयोग करके अपराध पर वायु प्रदूषण के प्रभाव की गणना की और इसकी तुलना 2004-2005 के दौरान लंदन में दर्ज 1.8 मिलियन आपराधिक अपराधों से की। फिर उन्होंने उच्च स्तर के प्रदूषण के संपर्क में आने वाले लोगों में तनाव, हार्मोन कार्टिसोल में वृद्धि देखने के बाद वायु प्रदूषण और अपराध के बीच एक संबंध स्थापित किया। शोध इस बात की पुष्टि करता है कि किशोरों का आक्रामक व्यवहार और अपराध के बीच भी गहरा संबंध है।

प्रदूषित हवा में सांस लेने से किशोरों में बेचैनी बढ़ती है, जो उन्हें आपराधिक कृत्य के लिए उकसाती है। अब तक के साक्ष्य बताते हैं कि वायु प्रदूषण में बुरे व्यवहार को बढ़ाने की क्षमता अधिक है। बचपन में वायु प्रदूषण का सामना करने वाले बच्चों में किशोरावस्था में अवसाद, व्यग्रता और अन्य मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। उस समय उत्पन्न हुई यह समस्याएं उनके समूचे जीवन को प्रभावित कर सकती हैं और उनके विकास की राह में बाधक बन सकती हैं। वैज्ञानिक मानते हैं कि वायु प्रदूषण के उच्चतम स्तर की वजह से छोटे और विषैले कण विकसित हो रहे मस्तिष्क में प्रवेश कर जाते हैं जिससे मस्तिष्क में सूजन होती है। इससे भावना और फैसले लेने के लिए जिम्मेदार मस्तिष्क के हिस्से को नुकसान पहुंचता है। यह रिसर्च स्वच्छ हवा के महत्व को बताने वाली एक चेतावनी है, जो यह दिखाती है कि शहरी क्षेत्रों में हरियाली की कितनी जरूरत है।

मार्च 2019 के एक अध्ययन से यह भी पता चला है कि जहरीली, प्रदूषित हवा के संपर्क में आने वाले किशोरों में मनोवैज्ञानिक घटनाओं का जोखिम अधिक होता है। जैसे कि आवाजें सुनना या घबराहट। लेड के बारे में कहा जाता है कि यह व्यवहार बदल डालता है। इससे सीखने और समझने में दिक्कत आती है। यह बच्चों के इंटेलीजेंट क्योशेंट को कम कर देता था। इस समस्या से निपटने के लिए राष्ट्रीय और स्थानीय सरकारों द्वारा अधिक टिकाऊ परिवहन, कुशल और नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन और उपयोग तथा अपशिष्ट प्रबंधन विकसित करके ठोस कार्रवाई की आवश्यकता है ताकि हमारे देश के भविष्य और आने वाली पीढ़ियों की सुरक्षा की जा सके।

देखना होगा गठबंधन का कितना दबाव काम करेगा



अशोक मधुप
वरिष्ठ पत्रकार

2024 के इस आम चुनाव में भाजपा को बहुमत नहीं मिला और उसे सत्ता में लगातार बने रहने के लिए एनडीए की सहयोगी पार्टियों के समर्थन की जरूरत होगी।

रविवार शाम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरे कार्यकाल की शपथ ली। उनके नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन राजग ने देश की सत्ता संभाल ली। प्रधानमंत्री के साथ ही 72 मंत्रियों ने भी मंत्री पद की शपथ ली। हालांकि अभी मंत्रियों के विभागों का बंटवारा होना बाकी है, किंतु टीम में पुराने साथियों को जगह मिलना बताता है कि सब नरेंद्र मोदी की योजना के अनुसार हो रहा है। उन्हें अपनी टीम पर पूरा भरोसा और विश्वास है।

2024 के इस आम चुनाव में भाजपा को बहुमत नहीं मिला और उसे सत्ता में लगातार बने रहने के लिए एनडीए की सहयोगी पार्टियों के समर्थन की जरूरत होगी। अब तक ठसक से सत्ता चलाने वाले नरेंद्र मोदी को गठबंधन के घटक दलों की सुननी और माननी होगी। चुनाव से पूर्व ही नरेंद्र मोदी अपना एजेंडा बताते रहे हैं, किंतु इस बार उनके सामने कई और भी चुनौतियां होगी। नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण के समय जम्मू में आंतकियों ने श्रद्धालुओं की बस हमला कर मोदी की नई सरकार के सामने अपनी उपस्थिति दर्ज कर दी है। सरकार पहले ही आंतकवाद से मजबूती से जूझ रही है। उसे आंतकवाद की जड़े खत्म करने के लिए इस कार्यकाल में काम करना होगा। पाक अधिकृत कश्मीर में बैठे आंतकियों के आकाओं के खात्मे के लिए भी उसे लगना होगा।

लोकसभा चुनाव के पहले ही भाजपा ने यह साफ कर दिया था कि मोदी सरकार 3.0 में यूनिफॉर्म सिविल कोड कोर एजेंडे में शामिल होगा। उत्तराखंड में भाजपा सरकार पहले ही इसे लागू कर चुकी है। ऐसे में माना जा रहा था कि केंद्र की सत्ता में लौटने के बाद भाजपा प्राथमिकता के साथ इसे आगे बढ़ाएगी, लेकिन अब सहयोगी दल भाजपा के लिए मुश्किलें पैदा कर सकते हैं। नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू भाजपा पर इस निर्णय को वापस लेने पर दबाव बना सकते हैं। भाजपा के एजेंडे में वन नेशन, वन इलेक्शन भी शामिल है। इस संबंध में बनी कमेटी ने अपनी रिपोर्ट भी सौंप दी हैं। 47 राजनीतिक दलों में से 32 दल तैयार हैं। एनडीए गठबंधन में इस बार जदयू और टीडीपी की भूमिका अहम है। ऐसे में वे भाजपा के इस एजेंडे पर भी रोड़ा बन सकते हैं।

तीसरे कार्यकाल में केंद्र सरकार की प्रमुख स्वास्थ्य बीमा योजना आयुष्मान भारत का विस्तार भी शामिल है। नरेंद्र मोदी चुनावी कार्यक्रमों में यह कहते रहे हैं कि तीसरे कार्यकाल में बड़े फैसलों के लिए 'मोदी की गारंटी' पूरी की जाएगी। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मोदी ने भविष्य के लिए अपने विजन को रेखांकित किया था। भाजपा के 2024 के घोषणा पत्र में आयुष्मान भारत के कवरेज को 70 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों और ट्रांसजेंडर समुदाय को शामिल करने के लिए आगे बढ़ाने का भी वादा किया गया है। इस एजेंडे को लागू करने में गठबधंन को कोई आपत्ति नहीं होगी और यह सरलता से लागू हो जाएगा। इसके अलावा पाक अधिकृत कश्मीर भी नई सरकार के एजेंडे में शामिल है जिसको लेकर भाजपा के नेता और मंत्री पीओके पर कब्जे को लेकर बयान देते रहे हैं।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मोदी सरकार पर देशभर में जातिगत जनगणना कराने को लेकर दबाव बना सकते हैं, क्योंकि बिहार में पिछड़ी जातियों के अलावा दलित और मुस्लिम मतदाताओं का अच्छा खासा प्रभाव है। नीतीश अपने राज्य बिहार में इस जनगणना को करवा चुके हैं। वे लंबे समय से देश में इसे करवाने की डिमांड कर रहे हैं। हालांकि भाजपा इसके विरूद्ध है। नीतीश कुमार वर्षों से बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाने की मांग कर रहे है। भाजपा में शामिल होने के पहले भी नीतीश ने केंद्र सरकार से बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग की थी। उन्होंने इस मांग को लेकर बिहार में अभियान चलाने की बात भी कही थी। इसके अलावा चंद्रबाबू नायडू भी आंध्र के लिए स्पेशल पैकेज की मांग कर सकते हैं। ये दोनों नेता अब अपनी इन मांगों को लेकर मोदी सरकार पर दबाव रहेगा। वैसे मोदी ऐसे दबाव से निपटना बखूबी जानते हैं। महाराष्ट्र की शिवसेना को गठबंधन में लेकर ये दबाव कम किया जा सकता। चुनाव से पूर्व विपक्षी गठबंधन से जैसे नीतीश कुमार पलटी मारकर भाजपा के साथ आ गए, ऐसे ही विपक्ष में बैठे कई दल भाग सकतें हैं। बस इशारे की जरूरत है। मोदी पुराने राजनयिक हैं। कब किस हालात से कैसे जूझना है, वह जानते हैं। उम्मीद है कि वह अपनी सूझबूझ से सरकार को सरलता से पांच साल चलाते रहेंगे।

सोशल फोरम

क्षयकारी घटनाओं पर रखें दृष्टि

रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

जो जन्म लेगा उसकी मृत्यु भी अवश्य होनी है। सृष्टि के साथ विनाश भी अवश्यंभावी है। प्रत्येक प्राणी के लिए यह धरती कुरुक्षेत्र है। उसका जीवन इस धरती की जलवायु, पर्यावरण, विप्लव और आपदाओं के साथ जुड़ा तो है ही, लेकिन आकाश और अंतरिक्ष से संबंधित अनापेक्षित घटनाओं से भी प्रभावित होता है।

इन सबको सकारात्मक मान भी लिया जाए तो भी प्राणी मात्र के विनाश के लिए हर युग में मनुष्य ने अनेकानेक उपक्रम स्वयं ही तैयार किए हैं। आज इक्कीसवीं सदी में तो एक चिंगारी ही काफी है। आठ सौ करोड़ की जनसंख्या को नष्ट-भ्रष्ट करने के लिए। पिछले कुछ सालों से हम इस बात के साक्षी होते जा रहे हैं कि कुछ मनोरोगी राष्ट्रीय प्रमुख या आतंकवादी संगठन इस धरती को विश्व युद्ध की कगार पर खड़ा करने में लगे हैं।

यह संभवतः किसी अदृश्य शक्ति या कहें कि ईश्वर की कृपा रही है कि अभी मानवता आशावादी दृष्टिकोण से आगे बढ़ रही है। कुछ बरस पहले विश्व कोरोना वायरस के प्रकोप से पीड़ित हुआ और याद ही नहीं है कि कितने अपने असमय ही छोड़कर चले गए। एक दिन पंचांग को देख रहा था तो आने वाले आषाढ़ कृष्ण के पन्ने पर नजर डाली। यह पक्ष विश्वघर्ष पड़ गया है। कुरुक्षेत्र के युद्ध के समय भी विश्वघर्ष पक्ष था और कोरोना काल में भी। बीच बीच में अनेक वर्ष इस तरह के आते रहते हैं।

यह एक खगोलीय घटना है। जब चन्द्रमा पूरे पक्ष में पृथ्वी से करीब से गतिमान हो जाता है तो पंद्रह दिन का पक्ष तेरह दिन का हो जाता है अर्थात् एक ही पक्ष में दो तिथियां क्षय हो जाती हैं। इसे विश्वघर्ष पक्ष कहा जाता है। मेरे विश्वास में यह पृथ्वीवासियों के लिए कष्टकारी ही होता है। जो मित्र खगोलीय घटनाएं और उनके ज्योतिषी प्रभाव के अध्ययन में रुचि रखते हैं, उनको आगामी एक वर्ष की विश्व की क्षयकारी घटनाओं पर दृष्टि रखने के लिए तत्पर रहना चाहिए। अनेक सकारात्मक प्रभाव भी पृथक-पृथक व्युत्पन्न होते हैं अन्य ग्रहों की स्थिति शुभ स्थिति के कारण।

-फेसबुक वॉल से

मोदी को ताज: क्या है सितारों की आवाज

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

मोदी के जन्मांग में तो सूर्य राज्य भाव के स्वामी भी हैं। संप्रति मंगल को शनि देख रहे हैं और शनि की दृष्टि हानि करती है। शनि और मंगल परस्पर शत्रु हैं और उनका संबंध होने पर स्थिति संकटमय होती है। चाहे युति हो या दृष्टि संबंध।

रविवार को सायंकाल 7.18 बजे से कुछ मिनटों में नरेंद्र मोदी का शपथ ग्रहण संपन्न हो गया। पृथ्वी पर नवग्रहों का पूरा नियंत्रण है और वे भविष्य को प्रभावित करते हैं। चुनाव परिणाम आने से काफी पहले 16 मई को मैंने "अमृत विचार" के पृष्ठों पर परिणामों को लेकर एक लेख लिखा था जिसमें मोदी की स्थिति में 'ह्रास' की संभावना बताई थी, जो सही निकली। अब शपथ ग्रहण काल को आधार बनाकर मैं यहां देख रहा हूं कि सरकार का भविष्य क्या है?

मीडिया का एक वर्ग मोदी की उक्त समय ली गई शपथ काल में वृश्चिक लग्न बता रहा है, जो सही नहीं है। उस दिन वृश्चिक लग्न तो सात बजकर पांच मिनट तक ही थी। शपथ धनु लग्न में हुई है जिसका पहला नवांश तत्समय चल रहा था। धनु का स्वामी वृहस्पति होता है और धनु का पहला नवांश मेष है जिसका स्वामी मंगल होता है। मोदी की जन्म लग्न वृश्चिक जरूर है, जहां मंगल के साथ चंद्रमा भी बैठा है। किसी समय का फलादेश करते समय तत्कालीन दशा और गोचर विशेष रूप से दृष्टव्य होता है। 24 अप्रैल, 2024 से मोदी की कुंडली में मंगल की महादशा में शनि की भुक्ति यानी अंतर्दशा चल रही है। अर्थात् आगामी घटनाचक्र में मंगल का रोल प्रबल होगा। शनि और गुरु भी अहम् रोल में हैं तथा राज्य संबंधी मामलों में सूर्य की स्थिति को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, क्योंकि वे दशम भाव यानी राजकाज का कारक हैं।

मोदी के जन्मांग में तो सूर्य राज्य भाव के स्वामी भी हैं। संप्रति मंगल को शनि देख रहे हैं और शनि की दृष्टि हानि करती है। शनि और मंगल परस्पर शत्रु हैं और उनका संबंध होने पर स्थिति संकटमय होती है। चाहे युति हो या दृष्टि संबंध। राजा दशरथ द्वारा राजसभा में राम के राज्याभिषेक की घोषणा ऐसे ही शनि मंगल संबंधों के समय हुई, जब प्रबल 'राजभंग योग' था, सो परिणाम सब कोई जानता है। मंगल की महादशा में शनि का अंतर हो तो आचार्य मानसागर के अनुसार- उपर्युपरि जायन्ते दुःखान्यपि सहस्रशः।/ जनक्षयं कुजस्यार्की या प्राप्तोऽन्तर्दशा यदा।। अर्थात् मंगल की महादशा में शनि की अंतर्दशा हो तो एक के बाद एक हमेशा दुःख आते ही रहते हैं तथा जन का नाश हो जाता है।)

नवांश लग्नानुसार सूर्य दूसरे भाव में तथा मोदी के जन्म चक्रानुसार सातवें भाव में गोचर कर रहे हैं। दूसरा भाव मारक होता है तथा सातवां प्रणय/विवाह का। इस संदर्भ में प्रणय का मतलब घटक दलों से संबंध से है, जिसे सूर्य भस्म करेंगे। अलबत्ता वृष पर बैठे गुरु मोदी की जन्म लग्न को देख रहे हैं। उनकी दृष्टि शुभ होती है। गुरु ज्योतिष में ब्राह्मण मान्य हैं। प्रतीत होता है कि विप्र वर्ग और प्रबुद्ध वर्ग सहायक होकर मोदी को बल प्रदान करेगा। कुल मिलाकर मोदी का राजमार्ग दुर्गम और कंटकाकीर्ण है। मंगल दो घर के स्वामी होते हैं। दिसंबर से वे छठे भाव (शत्रु, रोग, ऋण) के स्वामी होकर महादशानाथ होंगे, तब कठिनाइयों में और इजाफा होगा। कार्यकाल पूरा होना बेहद कठिन है।

भूख से बिलखते बच्चे

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

दूसरे विश्वयुद्ध के महाविनाश के बाद बच्चों के चहुंमुखी विकास और सुरक्षा के मकसद से 11 दिसंबर 1946 को संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय आपातकालीन कोष (यूनिसेफ) की स्थापना की गई थी। इसका मुख्यालय न्यूयार्क में है। इसमें दुनियाभर के 193 देश शामिल हैं और हमारा देश भी इसका सदस्य है, किंतु इस पूंजीवादी दौर में सभी देश चाहें वो विकासशील देश हो या विकसित, चंद मुट्ठीभर लोगों के पास बेशुमार दौलत इकट्ठी हो रही है।

इस कारण अमीर-गरीब की खाई चौड़ी होती जा रही है। ज्यादातर देशों में सामाजिक सुरक्षा ध्वस्त हो रही है और इसका दुष्प्रभाव सबसे ज्यादा बच्चों में देखने को मिल रहा है। यूनिसेफ की हाल ही में जारी रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर में पांच वर्ष से कम उम्र के 37.2, करोड़ बच्चों में विटामिन की बेहद कमी है। 14.8 करोड़ की वृद्धि भुखमरी के कारण रुकी हुई है और 4.5 करोड़ तो भयंकर भुखमरी का शिकार हैं। तमाम प्रयासों के बावजूद इन बच्चों को संतुलित और पोषणयुक्त भोजन नहीं मिल पा रहा। दुनियाभर में भुखमरी के शिकार हो रहे बच्चों का अध्ययन करने और उसका निराकरण सुझाने के उद्देश्य से यूनिसेफ ने बाल भोजन दरिद्रता नाम का एक विभाग स्थापित किया है जिसमें इन 193 में से 137 अत्यंत गरीब देशों का चयन किया गया है। यहां दुनिया के करीब 90 प्रतिशत गरीब बच्चे रहते हैं। इन 137 देशों में 63 देशों में तो यूनिसेफ ने एक विशेष अध्ययन किया है, जहां बच्चे लगभग नियमित रूप से भोजन प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं।

इन 63 देशों में भारत का स्थान 40 वां है, जो एक दुखद पहलू है।

ऐसे में देश के विकास को समर्पित नए हुक्मरानों को यूनिसेफ की इस रिपोर्ट का बारीकी से अध्ययन करना चाहिए जिसके लिए इनकी समाजिक जिम्मेदारी और जबाबदेही है। सबसे दुःखद बात यह है कि भारत यूनिसेफ की जारी होने वाली रिपोर्ट्स पर कभी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। जब भी पूछा गया तो जिम्मेदारों ने रिपोर्ट्स को झूठा करार दिया।

चौकी इंचार्ज समेत पांच पुलिसकर्मी निलंबित

सिपाही की मौत के बाद खनन मामले में पुलिस अधीक्षक ने की बड़ी कार्रवाई

संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। अवैध खनन रोकने गए सिपाही के ऊपर खनन माफियाओं ने टैक्टर चढ़ा दिया था। जिससे इलाज के दौरान सिपाही रोहित की मौत हो गई थी। आरोपित खनन माफिया प्रदीप यादव पुत्र सहवीर यादव निवासी चंदन नगला नवाबगंज व भूपेन्द्र यादव पुत्र सतीश चन्द्र यादव निवासी नगला लाहौरी मेरापुर को रविवार शाम को मुठभेड़ में गोली लगने के बाद गिरफ्तार किया था। उनका उपचार अस्पताल में चलता रहा, फिर सोमवार को कोर्ट में पेश करने पर उन्हें जेल भेज दिया गया।

हायर सेंटर जाते घायल हत्यारोपी।

जहानगंज में हो रहा खनन। अमृत विचार

चौकी इंचार्ज भूपेंद्र सिंह।

सोमवार को मामले में पुलिस अधीक्षक ने बड़ी कार्यवाही कर दी है। थाना नबावगंज के बबना चौकी इंचार्ज सहित पांच पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। खनन मामले में दोषी नवाबगंज के बबना चौकी प्रभारी भुओएन्द्र सिंह, थाना जहानगंज के हेड कांस्टेबल सुनील यादव, थाना नवाबगंज के कांस्टेबल चमन सिंह, कर्मवीर सिंह व 112 मोबाइल के सिपाही टिंकू को एसपी विकास कुमार ने निलंबित किया है। एसपी विकास कुमार ने खनन मामले में संदेश दिया है कि अगर कोई भी पुलिसकर्मी खनन के मामले में दोषी पाया जाता है तो उसे पर कड़ा एक्शन तय है।

सिपाही के हत्यारोपियों को भेजा गया जेल

फर्रुखाबाद। थाना नवाबगंज में तैनात सिपाही की हत्या में आरोपित खनन माफियाओं को पुलिस व एसओजी टीम ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया था। दोनों हत्यारोपियों को सोमवार को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। वही पुलिस तीसरे आरोपित सुमित तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है। घायल अवस्था में रविवार देर शाम मोहम्मदाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया था। रविवार रात करीब 9 :45 बजे मोहम्मदाबाद सीएचसी से जिला अस्पताल लोहिया रेफर किया गया। रात 10 :30 बजे दोनों घायल आरोपियों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। करीब 40 मिनट तक उपचार चलने के बाद दोनों हत्यारोपियों को डॉक्टर ने हायर सेंटर रेफर कर दिया।

खेती की अनुमति पर खनन

फर्रुखाबाद। रविवार को खनन माफियाओं के हमले में एक सिपाही की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मुठभेड़ के बाद दो आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया। लेकिन खनन माफियाओं के अंदर पुलिस प्रशासन का भय नहीं नजर आ रहा है। अवैध खनन का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। थाना जहानगंज के मीरपुर में अवैध खनन का वीडियो सोमवार को वायरल हुआ। हालाकि अमृत विचार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। वायरल विडियो में एक बड़े क्षेत्र में खनन होता नजर आ रहा है। एक ट्रैक्टर ट्रॉली पर दूसरे ट्रैक्टर में लगे अवैध खनन कर मिट्टी लोड की जा रही है। माफिया 100 घन मीटर निजी कृषि कार्य हेतु परमिशन लेते हैं। जिसके नाम पर हजारों घन मीटर मिट्टी खोदकर अवैध खनन करते हैं। अब पूरा खेल उजागर होता नजर आता है। सीओ मोहम्मदाबाद अरुण कुमार ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नही है।

नेपाल को भा रही कन्नौज के 'सेंचुरी' तरबूज की मिठास

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। यूं तो कन्नौज इत्र और इतिहास की नगरी की रूप में जाना जाता है, लेकिन देश में तरबूज उत्पादन में भी इसका अग्रणी स्थान है। सुगंध नगरी की मिट्टी में पैदा होने वाले तरबूज 'सेंचुरी' और 'रामधारी' की मिठास देश में ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी पहुंच चुकी है। नेपाल को प्रतिदिन यहां से एक हजार क्विंटल तरबूज भेजा जा रहा है।

गंगा की कटरी में करीब डेढ़ हजार एकड़ से अधिक जमीन पर तरबूज का बंपर उत्पादन होता है, जो भारत के बड़े शहरों के अलावा नेपाल, पाकिस्तान व अफगानिस्तान तक जाता है। कटरी में फरवरी माह में किसान तरबूज की फसल बोते हैं, जो अप्रैल के अंतिम सप्ताह में तैयार हो जाती है। कटरी इलाके में कम लागत में तरबूज का बेहतर उत्पादन होता है और आम खेतों के अलावा उसमें मिठास भी अधिक होती है। एक क्विंटल तरबूज की बिक्री से किसानों के करीब 300-500 रुपये आमदनी हो जाती है।

पूर्वी बाईपास पर ट्रक में तरबूज लोड करते पल्लेदार। अमृत विचार

विदेशी बाजार में 'सेंचुरी' की मांग अधिक

तरबूज व्यापारी नजर खान ने बताया कि कटरी इलाके में दो वैरायटी के तरबूज होते हैं, एक काले रंग का तरबूज होता है, जिसे 'सेंचुरी' कहा जाता है, काटने पर अंदर लाल निकलता है। यह कई दिन तक खराब नहीं होता है। रामधारी तरबूज जल्दी खराब हो जाता है, इसलिए उसे भारत के बड़े शहरों में भेजा जाता है। यह तरबूज पाकिस्तान के कराची, लाहौर, रावलपिंडी व इस्लामाबाद जैसे शहरों में भी भेजा जाता है, वहां से अफगानिस्तान भी चला जाता है।

हत्या में चार लोगों को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। भौली गांव में पुरानी रंजिश को लेकर हुई गोलीबारी में एक युवक की मौत हो गई थी। जबकि मृतक का चचेरा भाई घायल हुआ था। सोमवार को विशेष न्यायाधीश कोर्ट-प्रथम पीके जयंत ने दोष साबित होने पर चार आरोपियों को उम्रकैद व 15-15 हजार अर्थदंड की सजा सुनाई।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता मणिकर्ण शुक्ल व सहायक शासकीय अधिवक्ता सुभाष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि वादी राम सिंह निवासी भौली ने 10 अगस्त 1990 को कुरारा थाने में तहरीर देकर बताया कि 10 अगस्त सुबह 7.30 बजे वह उसका छोटा भाई गुलाब सिंह, छोटे सिंह, चचेरा भाई कप्तान सिंह चबूतरे में बैठकर आपस में बातचीत कर रहे थे। तभी गांव निवासी रघुवीर सिंह, अमोल सिंह, कामता सिंह उर्फ कल्लू, रज्जन सिंह, रविभान सिंह, रणविजय सिंह, शिवभान सिंह, शिवसरन सिंह, निरोत्तम सिंह, लालजी सिंह, राजेश सिंह, जगमोहन सिंह, इंद्रजीत सिंह व नाथूराम शुक्ला ठेकेदार आ पहुंचे और ललकारा कि कोई भी बचने न पाये। इसके बाद फायरिंग कर दी। गोली लगने से उसके भाई गुलाब सिंह की मौके पर मौत हो गई। जबकि चचेरा भाई कप्तान सिंह घायल हो गया।

सरकारी राइफल छीन पुलिस पर तानी, मुठभेड़

कार्यालय संवाददाता,फतेहपुर

अमृत विचार। थरियांव थाना क्षेत्र में लूट के गिरफ्तार आरोपियों को लेकर पुलिस सीएचसी मेडिकल परीक्षण कराने जा रही थी। तभी रास्ते में एक बदमाश ने मौका पाकर सिपाही की राइफल छीनकर उसी पर तान दी। बदमाश गोली चलाता कि उससे पहले ही पुलिस ने आत्मरक्षार्थ गोली चला दी। गोली बदमाश के पैर में लगी। घायल बदमाश का इलाज जारी है।

बदमाशों के पास से एक लाख नगद तमंचा कारतूस लूट में इस्तेमाल बाइक और बैंक के कागजात भी बरामद हुआ। मेडिकल कराने लेकर जा रही पुलिस की रायफल छीनकर बदमाश ने पुलिस पर तानी थी। थरियांव थाना क्षेत्र में हुई बीसी संचालक के साथ लूट में यह आरोपी शामिल थे। युवक को गोली मारकर लाखों रुपये लूटकर बदमाश फरार हो गए थे। थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे-2 के हसवा के पास की घटना बताई जा रही है। थाना थरियांव व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा कोर्रा सादात मोड़ के पास से विनोद पासवान पुत्र रघुनाथ पासवान निवासी अहिमात मजरे जानिकपुर व सबी पुत्र कैलाश पासवान निवासी टीकर थाना असोथर को गिरफ्तार किया गया। बाल अपचारी पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। इनकी निशानदेही पर अभियुक्त अनिल पासवान को पुलिस ने गिरफ्तार किया। उसके पास से 1,02,000 रूपये, घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद हुई।

मुठभेड़ में घायल बदमाश। अमृत विचार

- आत्मरक्षार्थ पुलिस ने चलाई गोली, एक बदमाश घायल
- मेडिकल परीक्षण कराने जा रहे थे सीएचसी

थरियांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राहक सेवा केंद्र संचालक के साथ हुई लूट की घटना में गिरफ्तार चार अभियुक्तों को प्रात: पुलिस आज हस्वा सीएचसी मेडिकल के लिए ले जा रही थी। तभी एक अभियुक्त पेशाब करने के बहाने नीचे उतरा और पुलिस की राइफल छीन कर उन पर तान दी। आत्मरक्षा में की गई फायरिंग में बदमाश घायल हुआ है। बदमाशों के कब्जे से नगदी, खरीदे गए मोबाइल व बाइक बरामद की गई है। एक अभियुक्त फरार है जिसकी शीघ्र गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

–उदय शंकर सिंह, पुलिस अधीक्षक

ई-केवाईसी के बाद मोबाइल पर मिलेगी राशन की सूचना

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। राशन कार्ड लाभार्थियों को गेहूं, चावल तो फ्री में मिल ही रहा है। इसी बीच कार्ड धारकों को एक और राहत देने वाली खबर सामने आई है। जिला पूर्ति अधिकारी का कहना है कि समस्त राशनकार्ड लाभार्थियों की ई-केवाईसी कराए जाने का अभियान इस महीने शुरू हो गया है। लाभार्थियों की ई-केवाईसी का कार्य ई-पॉस से उचित दर विक्रेताओं के सहयोग से निःशुल्क कराया जाएगा।

लाभार्थी अपनी निकटतम किसी भी उचित दर दुकान पर जाकर ई-केवाईसी करा सकते हैं। बताया कि ई-केवाईसी के साथ इस विकल्प के अन्तर्गत राशनकार्ड से मोबाइल नम्बर जोड़े जाने की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी, जिसका उपयोग राशनकार्ड मुखिया द्वारा करते हुए मोबाइल नम्बर फीड संशोधित किया जा सकेगा।

कार्ड से लिंक होगा मोबाइल नंबर

आपूर्ति विभाग सभी राशन कार्ड धारकों की ई-केवाईसी करवाएगा। ई-पॉश के माध्यम से राशन डीलरों के सहयोग से लाभार्थियों का बायोमैट्रिक अथेंटिकेशन होगा। राशन कार्ड से मोबाइल नंबर जोड़े जाने की भी सुविधा होगी जिससे राशन की सूचना उपभोक्ता को एसएमएस से मिलेगी। राशन कार्ड में अगर किसी सदस्य का रिश्ता मुखिया से गलत प्रदर्शित है तो उसे भी सुधारा जा सकेगा।

सौतेले पिता ने किशोरी से कई बार किया दुष्कर्म, मां ने लिखाई रिपोर्ट

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

अमृत विचार। किशोरी का सौतेला पिता लगातार उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। मां को इस बात की जानकारी हुई तो उसने विरोध किया। इस पर उसने मां-बेटी के साथ मारपीट की और साथ लेकर गुजरात चला गया। वहां से किसी तरह से छूटकर आई पीड़िता व मां ने पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने किशोरी को डॉक्टरी परीक्षण के लिए भेज दिया है।

ठठिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी शादी करीब 15 साल पहले क्षेत्र के एक व्यक्ति के साथ हुई थी जिसकी 13 साल पहले हुई दुर्घटना में मौत हो गई। उससे उसके एक पुत्री हुई थी जिसकी आयु इस समय 13 साल है। पति की मृत्यु के कुछ समय बाद उसने ठठिया क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति के साथ दूसरी शादी कर ली। उससे उसके चार बच्चे हैं। पति ने चार साल पहले एक अन्य महिला से दूसरी शादी कर ली थी जिसके कोई संतान नहीं है। पति दोनों पत्नियों व पांचों बच्चों के साथ ही रहता है। आरोप लगाया कि पति लगातार उसकी बड़ी पुत्री से दुष्कर्म करता रहा और जब उसने विरोध किया तो उसके साथ गालीगलौज-मारपीट करके उसे और पुत्री को लेकर तीन माह पहले गुजरात चला गया। इससे वह मामले की शिकायत न कर सके। वहां भी पुत्री के साथ दुष्कर्म करता था जिसका वह विरोध करती थी। 15 दिन पहले किसी तरह से वह बेटी को लेकर अपने गांव आ गई। अब पति भी गुजरात से आ गया है। रविवार को भी उसने बेटी के साथ गलत काम करने का प्रयास किया। इस पर उसने पति के खिलाफ थाने में तहरीर दी। ठठिया थानाध्यक्ष किशनपाल सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। किशोरी की डॉक्टरी रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

- तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने पीड़िता को मेडिकल के लिए भेजा

चोरी की 12 बाइकें बरामद पुलिस ने दो आरोपी पकड़े

संवाददाता कार्यालय,चित्रकूट

अमृत विचार। कर्वी कोतवाली पुलिस को उल्लेखनीय सफलता मिली है। पुलिस ने चोरी की 12 बाइक बरामद की हैं। दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने सोमवार को पत्रकारों को इसकी जानकारी दी।

एसपी ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक कोतवाली उपेंद्र प्रताप सिंह को रविवार को मुखबिर से पता चला कि दो युवक चोरी की बाइक से कसहाई की ओर से रगौली जा रहे हैं। इस पर प्रभारी निरीक्षक ने रात लगभग पौने 12 बजे पुलिसकर्मियों के साथ मौके से बाइकसवार रज्जू उर्फ राजू पुत्र रामऔतार निवासी खटेहटा थाना बदौसा (बांदा) और संतोष कुमार पुत्र बुद्धिविलास निवासी सेमरिया अतर्रा (बांदा) को पकड़ लिया। दोनों ने स्वीकारा कि वे भीड़भाड़ वाले स्थानों से रेकी कर बाइक चुराते हैं और बेंच देते हैं। पुलिस ने इनके बताने पर कंचनपुर लौढ़िया में नाले में छिपाकर रखा हुआ है। अभियुक्तों की निशानदेही पर कंचनपुर लौढ़िया नाले से 11 बाइक बरामद कीं। पुलिस के अनुसार आरोपियों का आपराधिक इतिहास भी है। रज्जू के खिलाफ बदौसा और कर्वी में और संतोष के खिलाफ कर्वी में मामले दर्ज हैं।

पुलिस की गिरफ्त में चोरी के दो आरोपी।

बालू के भंडारण में जुटे खनन कारोबारी

कार्यालय संवाददाता, बांदा

अमृत विचार। खनिज संपदाओं की धरोहर कहे जाने वाले बुंदेलखंड पर अब सूबे समेत आसपास के प्रदेशों के माफियाओं की नजरें लग गईं है। जीवनदायिनी केन, यमुना और बागेन नदी के सीने को छलनी कर लाल सोने के कारोबारी मालामाल हो रहे हैं और लाखों के राजस्व को चूना लगाते हुए यहां के लोगों को प्यास के बीच छोड़ रहे हैं। आगामी 30 जून से प्रदेश में बाल खनन की डेड लाइन को देखते हुए इन दिनों बालू कारोबारियों में अधिक से अधिक खनन करके बालू के विशालकाय भंडारण तैयार करने को लेकर होड़ सी मची है। ऐसे में बालू खनन को लेकर निर्धारित सभी नियम-कानून ताक पर रख दिए गए हैं और धड़ल्ले से अवैध तरीके से बालू का खनन किया जा रहा है। बालू खदानों में लाठी और बंदूक की नोक पर जहां ग्रामीणों को जमकर धमकाया जाता है वहीं सैकड़ों की तादाद में आए ट्रकों के झुंड से धूल का गुबार उड़ता है, इससे फसलों पर तो प्रतिकूल प्रभाव पड़ ही रहा है साथ ही साथ ग्रामीण दमा रोग के शिकार भी हो रहे हैं।

सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ के सख्त आदेशों के बाद भी जिले में बालू खनन के पट्टाधारकों के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है।

इस तरह किया जा रहा बालू का भंडारण। अमृत विचार

- खदानों में महज दिखावे को लगे सीसीटीवी और धर्मकांटा

बागेन का सीना छलनी कर रहे बालू माफिया

- बदौसा क्षेत्र से बहने वाली बागेन नदी की कोख को छलनी करने के लिए बालू माफिया वर्षाकाल नजदीक आते देख सभी सीमाएं लांघते हुए अवैध खनन का खुला खेल शुरू कर दिया है। बताते हैं कि जलधारा में मशीनें उतारकर धड़ल्ले से बालू निकाली जा रही है। हालांकि बार बार शिकायतों के बाद भी कोई कार्रवाई न हो पाने के कारण बालू माफिया के हौसले खासे बुलंद हो रहे हैं।

सेहत को नुकसान | मुनाफे के चक्कर में पाम ऑयल मिलाकर बेच रहे सरसों का तेल

सरसों के तेल में मिलावट का केंद्र बना है बिंदकी कस्बा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। सरसों के तेल में मिलावट कर बाजारों में उसे बेचा जा रहा है। यह काम बाजारों में धड़ल्ले से जारी है। धंधेबाज मुनाफे के चक्कर में पाम ऑयल मिलाकर सरसों का तेल बेच रहे हैं। सुनियोजित तरीके से बाजारों में इसकी खेप पहुंचाई जा रही है। इसके सेवन से लोगों की सेहत बिगड़ रही है।

बिंदकी कस्बा सरसों के तेल का मिलावटी हब बन चुका है। रोजाना तेल की बड़ी खेप टैंकर, पिकअप व लोडर आदि वाहनों से मंगवायी जाती है।

दो टैंकर यानी 30 हजार लीटर मिलावटी सरसों का तेल बिंदकी व आसपास के कस्बों में खपा दिया जाता। इसकी बढ़ती मांग से कारोबारी खूब फल फूल रहे है। बिंदकी के थोक कारोबारी का गोदाम पैगम्बर में दूसरे कारोबारी धियाही गली के पास स्थित मकान में बना रहा है। इसकी जानकारी खाद्य विभाग को भी है। विभाग उन पर कार्यवाही नहीं कर रहा है। बता दें कि अधिकतर खुले या टिन में बिकने वाले सरसों के तेल में यह मिलावट की जा रही है। सरसों का तेल शरीर को स्वस्थ रखने में अहम भूमिका भले निभाता हो मगर इसमें मिलावट कर दी जाए तो यह बड़ी बीमारियों को दावत देने लगता है। ऐसे में उपभोक्ताओं को बाजारों में सरसों का तेल लेते वक्त काफी सतर्क रहने की जरूरत है।

कढ़ाई में तेल डालते ही तेज झाग: फुटपाथ की दुकानें हों या घर सरसों के तेल को कढ़ाई में डालते ही तेज झाग देते हुए लोगों ने देखा होगा। अगर तेल को कढ़ाई में डालते ही तेज झाग उठने लगे तो यह समझ लें कि घंधेबाजों ने तेल में मिलावट कर दी है। यही कारण है कि शुद्धता से सरसों का कारोबार करने वाले कारोबारी भी इन मिलावट खोरों से परेशान हैं। व्यापारियों के अनुसार सरसों के तेल में पाम ऑयल की मिलावट की जा रही है।

यह पूरी तरह से प्रतिबंधित है। थोक भाव में 140 से 150 रूपये लीटर में बिकने वाले सरसों के तेल में पाम ऑयल और रिफाइंड ऑयल की मिलावट हो रही है। पाम ऑयल से तेल गाढ़ा हो जाता है तो उसमें रिफाइंड मिलाकर उसे हल्का किया जाता है। इस काले कारोबार से जुड़े व्यापारी उसमें कलर और सेंट मिला कर बेच देते हैं।

शुद्ध सरसों का तेल मशीन से निकालकर बेचने वाले कारोबारी ने बताया कि एक क्विंटल सरसों की पेराई के बाद पैंतीस से छत्तीस लीटर सरसों का तेल निकल पाता है। सरसों की कीमत 55 से 60 रूपए प्रति किलो के आस पास है। ऐसे में एक लीटर शुद्ध सरसों के तेल की कीमत बढ़ जाती है। मिलावटी सरसों का तेल बाहर से बाजारों में धड़ल्ले से सप्लाई किया जा रहा है।

होटल, रेस्टोरेंट और ढाबों में खपत

- मिलावटी तेल की खपत होटल रेस्टोरेंट और ढाबों पर होती है। यहां धन्धेबाज पाम आयलयुक्त सरसों का तेल भारी मात्रा में पहुंचा रहे हैं। इस व्यवसाय से जुड़े हुए कारोबारियों की जेबें मोटी होती जा रही हैं। जिले के अधिकतर होटल ढाबे और रेस्टोरेंटों पर शुद्ध सरसों के तेल का उपयोग नहीं किया जा रहा है। खुले या टीन के डिब्बे में आने वाले तेल का उपयोग किया जा रहा। इन तेलों से बने हुए खाद्य पदार्थो के सेवन से ग्राहकों की सेहत को नुकसान हो रहा है।

मिलावटी तेल का सेवन करने से लीवर पर असर पड़ता है। शुरू में इसका कोई नुकसान नहीं पता चलता पर बाद में यह असर डालता है। खानपान में अशुद्धियों के चलते ही पेट जनित बीमारी से लोग परेशान हो रहे हैं।

–डॉ .इश्तियाक, कार्यवाहक सीएमओ

विभाग के द्वारा खाद्य तेलों के नमूने निरंतर लिए जा रहे हैं। नमूनों की जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई भी की जाती है। उपभोक्ताओं के द्वारा अगर कहीं से भी किसी तरह की मिलावट की शिकायत मिलती है तो तत्काल छापेमारी कर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई भी की जाती है।

–देवेंद्र कुमार, अभिहित अधिकारी, खाद्य सुरक्षा

सॉल्वर गैंग का 15 हजार रुपये का इनामी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी संवर्ग सीधी भर्ती परीक्षा-2023 में सॉल्वर गैंग के 15 हजार रुपये के इनामी वांछित आरोपी को बढपुरा थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से एक लैपटॉप, एक एडॉप्टर तथा एक मोबाइल फोन बरामद हुआ है। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे जेल भेज दिया।

एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि आरक्षी भर्ती 2023 में मनोज कुमार महतो पुत्र रंग लाल निवासी बौडहा मधुवनी, बिहार का नाम प्रकाश में आया था। तभी से पुलिस उसकी गिरफ्तारी के प्रयास में लगी थी। पुलिस ने उस पर 15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। बढपुरा पुलिस उसके पीछे लगी थी। मुखबिर ने सूचना दी कि वह बलिया जिले के थाना नरही क्षेत्रान्तर्गत कस्बा भरौली इंटर कॉलेज गेट के पास खड़ा है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। तलाशी ली गई तो उसके पास से 01 मोबाइल, 01 लैपटॉप व 01 एडोप्टर बरामद हुए। अभियुक्त से पुलिस को बताया कि इसी लैपटॉप में उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी संवर्ग सीधी भर्ती परीक्षा-2023 के अभ्यर्थियों के विवरण तथा पैसै का लेन देन विवरण रखता था। एसएसपी ने बताया कि बढ़पुरा पुलिस ने 03 अभियुक्त लोकेश यादव पुत्र मनोज कुमार निवासी परसउआ, थाना जसवन्त नगर इटावा, राजदीप पुत्र रणवीर सिंह निवासी नगला धीर, थाना सिरसागंज, जनपद फिरोजाबाद एवं हरी कुमार गुप्ता पुत्र इन्दल कुमार निवासी वार्ड न0 13 ,माधौपुर जिला मधुवनी थाना लोकहा बिहार को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

- लैपटॉप, मोबाइल व अन्य सामान हुआ बरामद

छात्रा से छेड़छाड़, नहीं हो रही कार्रवाई

कन्नौज। छेड़छाड़ के आरोपी पर कार्रवाई न होने से पीड़ित नर्सिंग छात्रा कोतवाली से लेकर एसपी दफ्तर तक के चक्कर काट रही है। पुलिस के कार्रवाई न करने से आरोपी लगातार जान से मारने की धमकी दे रहा है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की निवासी युवती एक पैरामेडिकल कॉलेज से नर्सिंग का कोर्स कर रही है। आये दिन पाल चौराहे का युवक रास्ते में रोक कर अश्लील हरकत करता है। विरोध करने पर धमकी देता है। बीते सप्ताह छात्रा के दरवाजे पहुंच गया और छेड़छाड़ की। विरोध करने पर गला दबाकर जान से मारने की धमकी दी। शोर सुन कर छात्रा की मां घर से निकली और युवक को रोकने का प्रयास किया तो उससे भी मारपीट की। परेशान छात्रा कोतवाली पुलिस के पास पहुंची और युवक के खिलाफ तहरीर दी। दो दिन बाद भी पुलिस न तो जांच करने पहुंची न ही आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की।

प्रदेश के दो तीर्थयात्रियों की मौत, 22 घायल

जम्मू-कश्मीर में बस पर आतंकी हमले का मामला, घायलों में 10 बलरामपुर, 8 गोंडा और 4 गोरखपुर के

समाचार डेस्क, लखनऊ

अमृत विचार। रविवार रात जम्मू के रियासी जिले में हुए आतंकी हमले व बस दुर्घटना में बलरामपुर, गोंडा व गोरखपुर जिले के 22 श्रद्धालु घायल भी हुए हैं। हादसे में बलरामपुर जिले के दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई है जबकि 12 अन्य घायल हैं। बलरामपुर के जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने बताया कि जिले के 12 लोगों का एक जत्था वैष्णो देवी दर्शन करने के लिए गया था। जिसमें बलरामपुर तहसील के आठ और उतरौला तहसील के चार श्रद्धालु शामिल थे। मृतकों में बलरामपुर जिले के कंधभरी गांव निवासी किशोरी रूबी (15) और अनुराग वर्मा (10) शामिल हैं।

घटना में उषा पांडेय ग्राम भगवतपुर बलरामपुर, संतोष कुमार वर्मा ,गीता , दिनेश कुमार वर्मा, शिवा वर्मा सभी निवासी ग्राम मधवा जोत, विकास वर्मा ग्राम नारायनपुर, विमला देवी, मैना ग्राम कांदभारी, काजल देवी,ऊषा देवी ग्राम लाला डीह शाहपुर ईटई,शारदा देवी व रजत राम ग्राम नया नगर बिशनपुर बनकटवा घायल हैं। घायल रजत राम व शारदा देवी मृतक अनुराग के माता-पिता है। मृतक रूबी की मां एवं बहन भी घायल हैं। जिलाधिकारी ने दुर्घटना में पीड़ितों की तत्काल मदद के लिए डीएम गौतमबुद्ध नगर(नोएडा) के जिलाधिकारी से सम्पर्क कर रात में ही एडीएम गौतमबुद्ध नगर एवं एसीपी रैंक के पुलिस अधिकारी को जम्मू रवाना करा दिया है।

- **मरने वाले दोनों श्रद्धालु बलरामपुर जिले के रहने वाले**

बलरामपुर से भी दो अधिकारियों यानी ज्ञानेंद्र सिंह व ओम प्रकाश चौहान को जम्मू के लिए रवाना कर दिया है।जनपद स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम के नम्बर- 9170277336 पर कॉल करके उक्त घटना से संबंधित जानकारी या मदद ली जा सकती है। श्रावस्ती के पूर्व सांसद दद्दन मिश्र सक्रिय हो गए हैं। उन्होंने जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा से सम्पर्क स्थापित कर पूरी घटना का अपडेट लिया। साथ ही जम्मू जिला प्रशासन के सम्पर्क में भी वह निरंतर बने रहे। पूर्व सांसद दद्दन मिश्र ने कहा जम्मू में बस में हुए हमले से पूरा देश शर्मिंदा है। इस सन्दर्भ में उनकी एवं जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल से वार्ता हुई है।आतंकी घटना पर सदर विधायक पलटूराम तथा तुलसीपुर विधायक कैलाश शुक्ला ने दुख जताया है।

बलरामपुर के मृतक श्रद्धालु के घर पहुंच कर सांत्वना देते अधिकारी। अमृत विचार

गोंडा में पीड़ित देवी प्रसाद के घर पर मौजूद अधिकारी। अमृत विचार

पुलिस उपाधीक्षक रैंक के अधिकारी को जम्मू भेजा

- **गोंडा।** जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि हमले में घायल लोगों में जिले के आठ श्रद्धालु भी शामिल हैं। पीड़ितों की मदद के लिए जिले से एक मजिस्ट्रेट व एक पुलिस उपाधीक्षक रैंक के अधिकारी को आज ही जम्मू भेजा जा रहा है। घायलों में छपिया, मनकापुर व वजीरगंज थाना क्षेत्र के लोग शामिल हैं। इन सभी का जम्मू के नारायण हॉस्पिटल व जम्मू मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। छपिया थाना क्षेत्र के भिखारीपुर गांव निवासी सूर्यनाथ गुप्ता ने बताया कि उनके परिवार के आठ सदस्य मां वैष्णो देवी का दर्शन करने के लिए गत चार जून को जम्मू गए थे। हादसे में देवी प्रसाद गुप्ता, नीलम, राजेश कुमार, बिट्टन, दीपक, दिनेश, पलक व प्रिंस गुप्ता घायल हो गए। इनमें दिनेश को कटरा स्थित सरकारी अस्पताल में व शेष को जम्मू के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हमले की कहानी पीड़ित की जुबानी

- आतंकी हमले में घायल देवी प्रसाद ने फोन पर घटना का आंखों देखा हाल बताया। देवी प्रसाद ने कहा कि सभी लोग मां वैष्णो देवी का दर्शन करने के बाद शिवखोड़ी दर्शन के लिए गए थे। वहां से दर्शन कर रविवार को वापस लौट रहे थे कि रास्ते में जंगल में छिपे आतंकियों ने बस पर फायरिंग शुरू कर दी। बस चालक गोली लगने से घायल हो गया और वह बस से नियंत्रण खो बैठा जिससे बस खाई में जा गिरी और बस में सवार सभी लोग घायल हो गए। देवी प्रसाद ने बताया कि हमले में उनका साला दिनेश गुप्ता भी घायल है। उसे किस अस्पताल में भर्ती कराया गया है, इसकी जानकारी नहीं है।

आतंकी हमले में घायल चार श्रद्धालु गोरखपुर के

संवाददाता, गोरखपुर

अमृत विचार। जम्मू में आतंकी हमले में घायल चार श्रद्धालु गोरखपुर के हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जनप्रतिनिधि और प्रशासन के अधिकारी घायलों के घर पहुंचे और आर्थिक सहायता प्रदान की। इस दौरान घायलों के परिजनों को आश्वस्त किया कि सरकार घायलों के इलाज में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। मुख्यमंत्री खुद पूरे मामले पर नजर बनाए हुए हैं। जम्मू कश्मीर के रियासी जिले में रविवार को श्रद्धालुओं से भरी बस पर हुए आतंकी हमले में घायल हुए लोगों में पुर्दिलपुर निवासी राजेश, उनकी पत्नी रिकसोना, भैरोपुर की गायत्री तथा सोनी शामिल हैं। ये सभी रिश्तेदार हैं। इन घायलों समेत 17 लोगों का समूह गोरखपुर से माता वैष्णो व शिवखोड़ी मंदिर का दर्शन करने जम्मू गया था। इनमें से

- **सीएम योगी के निर्देश पर घायलों के घर पहुंचे जनप्रतिनिधि और अधिकारी**

राजेश, रिकसोना, गायत्री और सोनी उस बस में सवार थे जो रविवार को शिवखोड़ी से लौट रही थी। सीएम योगी के निर्देश पर सोमवार सुबह प्रशासन की टीम ने भैरोपुर और पुर्दिलपुर जाकर घायलों के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें आर्थिक सहायता उपलब्ध करायी। पुर्दिलपुर और भैरोपुर में परिजनों से मुलाकात के दौरान गोरखपुर ग्रामीण के विधायक विपिन सिंह भी उपस्थित रहे।

इस बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार गोरखपुर के जिला प्रशासन ने जम्मू कश्मीर प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर सुरक्षित श्रद्धालुओं को गोरखपुर लाने के लिए टेंपो ट्रैवलर की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली है और सभी गोरखपुर लौट रहे हैं।

बिजली कंपनियां श्रेणीवार बिजली दरों का प्रस्ताव पेश करें

लखनऊ। राज्य विद्युत नियामक आयोग ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन समेत सहायक बिजली कंपनियों को श्रेणीवार उपभोक्ताओं की नई बिजली दरों से संबंधित प्रस्ताव आयोग में पेश करने का निर्देश दिया है। बिजली कंपनियों की ओर से बीते नवंबर में भेजे गये प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए आयोग ने कहा कि विस्तृत प्रस्ताव शीघ्र पेश किया जाय। आयोग ने नोयडा पावर कंपनी के प्रस्ताव को भी स्वीकार कर लिया है।

आयोग ने कहा कि श्रेणीवार बिजली दर का प्रस्ताव दाखिल होने पर उपभोक्ताओं के सामने सही स्थिति रखी जा सकेगी और विधिवत सुनवाई शुरू होगी। आयोग ने अगले तीन दिनों के भीतर प्रस्ताव से संबंधित आंकड़ों को समाचार पत्रों में प्रकाशित करने का निर्देश दिया है। कॉरपोरेशन समेत सहायक बिजली कंपनियों ने आयोग में वर्ष 2024-25 के लिए प्रस्ताव दिया था, जिस पर अब कार्रवाई शुरू हुई है। नियमों के तहत अब 120 दिनों में नियामक आयोग को नई बिजली दरों का निर्धारण करना होगा।

नकल के साथ पकड़े गए 59 छात्रों की परीक्षा निरस्त

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार। रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने परीक्षा में नकल सामग्री के साथ पकड़े गए 135 छात्रों पर कार्रवाई की है। इनमें 59 छात्रों की वर्ष 2024 की परीक्षा ही निरस्त कर दी है और 76 छात्रों पर एक-एक हजार रुपये का जुर्माना लगाते हुए नकल के इस्तेमाल से दोषमुक्त कर दिया गया है।

परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक 135 छात्रों को स्नातक, व्यावसायिक पाठ्यक्रमों, कृषि, बीएएलएलबी और एलएलबी आदि की विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं में सचल दल ने नकल सामग्री के साथ पकड़ा था। विश्वविद्यालयक की अनुचित साधन निस्तारण समिति ने कुलपति प्रो. केपी सिंह के आदेश के अनुपालन में अनुचित साधन के प्रयोग के नियमों, उपलक्ष्य साक्ष्यों और विशेषज्ञों की आख्या के आधार यह निर्णय लिया है। जिन छात्रों की परीक्षा निरस्त की गई है, उन्हें अब अगले वर्ष परीक्षा देनी होगी। वहीं मौजूदा समय में विश्वविद्यालय की स्नातक, एलएलबी, कृषि आदि की सम सेमेस्टर की परीक्षाएं चल रहीं हैं। इन परीक्षाओं में भी काफी संख्या में छात्र नकल सामग्री के साथ पकड़े गए हैं। महाविद्यालयों ने इन छात्रों की रिपोर्ट विश्वविद्यालय भेज दी है।

- **स्नातक, व्यावसायिक कृषि और एलएलबी विषय के सेमेस्टर की परीक्षाओं में 135 छात्र नकल करते पकड़े गए थे**

बिनसर के ग्रामीणों ने जंगली जानवरों के आतंक से निजात की उठाई मांग

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार। बिनसर अभ्यारण क्षेत्र से लगे गांवों में रहने वाले ग्रामीणों ने जंगली जानवरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग वन विभाग के अधिकारियों से की है। ग्रामीणों ने कहा है कि क्षेत्र के लोग जंगली जानवरों के आतंक से दहशत में हैं। कई बार की मांग के बाद भी विभाग उन्हें इस समस्या से निजात दिलाने में नाकाम साबित हो रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर इस मामले में शीघ्र कोई कार्रवाई नहीं की गई तो वह आंदोलन शुरू कर देंगे।

संसाधन पंचायत संगठन ने वन क्षेत्राधिकारी मनोज सनवाल के माध्यम से उच्च अधिकारियों को भेजे ज्ञापन में कहा है कि बिनसर अभ्यारण से लगे डोटियालगांव, भेटुली, सुनौली, कुमसाऊं व अन्य अनेक गांवों में तेंदुओं का आतंक काफी बढ़ गया है। ऊपर से अभ्यारण क्षेत्र में दिख रहा टाइगर भी अब ग्रामीणों के लिए खौफ का सबब बन गया है। सामाजिक कार्यकर्ता ईश्वर जोशी ने कहा है कि अभ्यारण की सीमा के अंतर्गत 9 गांव, 14 रिसॉर्ट व विश्राम गृह और 11 मंदिर स्थित हैं। जिस कारण अभ्यारण के प्रत्येक हिस्से में ग्रामीणों और पर्यटकों की आवाजाही हमेशा रहती है। जोशी ने कहा है माना जा रहा है कि अभ्यारण में टाइगर की मौजूदगी के कारण तेंदुओं का मूवमेंट ग्रामीण क्षेत्रों की ओर बढ़ा है। उन्होंने कहा है कि जंगली जानवरों की आतंक के कारण जहां बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं वहीं महिलाएं जंगलों से चारा लाने में डर रही हैं। संगठन ने इन जंगली जानवरों को पकड़ने की मांग की है।

वन क्षेत्राधिकारी को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण। अमृत विचार

माफिया अशरफ के साले सद्दाम की संपत्ति चिह्नित

बरेली। माफिया रहे अशरफ के साले सद्दाम की पांच संपत्तियों को प्रयागराज पुलिस ने चिह्नित कर रिपोर्ट राजस्व विभाग को भेजी गई है। गैंगेस्टर एक्ट में संपत्ति जब्त की जाएगी। प्रयागराज पुलिस जल्द बरेली पुलिस को भी पूरे मामले में रिपोर्ट भेजेगी।

अशरफ के साले सद्दाम पर उमेश पाल हत्याकांड में शामिल शूटरों को बरेली जेल में बंद रहे अशरफ से मिलवाने और जेल में अशरफ को सभी सुविधा मुहैया कराने का आरोप था। मामले में बिथरी चैनपुर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। सद्दाम कई दिनों तक फरार रहा था। उसे दिल्ली से एक पूर्व मंत्री की बेटी के फ्लैट से गिरफ्तार किया गया था। उसे पहले केन्द्रीय कारागार-दो बरेली में रखा गया था और बाद में उसका प्रशासनिक आधार पर बदायूं की जिला जेल में स्थानांतरण कर दिया गया था।

एडवांस सिग्नल प्रणाली से रेलवे देगा ट्रेनों को रफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार। मुरादाबाद-बरेली-लखनऊ रेल खंड पर आने वाले समय में ट्रेनें 130 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ेंगी। इसके लिए रेलवे एडवांस सिग्नल प्रणाली पर काम कर रहा है। फिलहाल, इस रेल खंड पर ट्रेनों की रफ्तार 100 से बढ़ाकर 110 किमी प्रतिघंटा कर दी गई है।

मुरादाबाद रेल मंडल के अधिकारियों के मुताबिक बीते दिनों मुरादाबाद-बरेली-लखनऊ रेल खंड रेल पथ विभाग की ओर से पटरियों की मरम्मत और ट्रैक उच्चीकरण का काम किया गया। आने वाले दिनों में इस रेल खंड पर सिग्नल प्रणाली को अपग्रेड करने की तैयारी है। फिलहाल, जो सिग्नल लगे हैं, उनकी संख्या बढ़ाई जाएगी।

एक से दूसरे स्टेशन के बीच सिग्नलों की संख्या बढ़ेगी, ताकि ट्रेन जब रफ्तार में चले तो लोको पायलट को दिखने वाला सिग्नल आगे आने वाले सिग्नल की जानकारी दे सके। इसके लिए डिस्टेंट और डबल डिस्टेंट सिग्नलों की संख्या को बढ़ाया जाएगा। जबकि कई तरह के कार्य रेलवे ट्रैक पर किए जाने हैं, जिसमें कई ऐसे प्वाइंट चिह्नित किए गए हैं।

- **110 किमी प्रतिघंटा है बरेली-लखनऊ रेल मार्ग पर रफ्तार**

वंदेभारत की औसत रफ्तार 66 किमी प्रतिघंटा

लगभग 325 किमी लंबे मुरादाबाद-बरेली-लखनऊ रेल खंड पर ट्रेनों की रफ्तार बढ़ा तो दी गई है लेकिन इसका बहुत फायदा होता नहीं दिख रहा। ट्रेनें अपनी पुरानी स्पीड के साथ ही दौड़ रही हैं। सेमी हाईस्पीड ट्रेन देहरादून-लखनऊ वंदेभारत एक्सप्रेस की औसत रफ्तार 66 किमी प्रतिघंटा है। जबकि इस ट्रेन की अधिकतम रफ्तार 110 किमी प्रतिघंटा है।

केन्द्र में यूपी को भी मिले महत्वपूर्ण विभाग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंत्रिमंडल में उप्र. के राज्य मंत्रियों को भी खासा महत्व दिया है। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी को कौशल विकास एवं उद्यमिता विकास की जिम्मेदारी मिली है। इसके अलावा उन्हें शिक्षा विभाग का राज्यमंत्री भी बनाया गया है। कीर्तिवर्धन सिंह को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन के साथ विदेश मामलों का मंत्री बनाकर कद ऊंचा किया गया है। जितिन प्रसाद को वाणिज्य एवं उद्योग के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालयों की जिम्मेदारी मिली है।

- **कीर्तिवर्धन को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन के साथ विदेश मामलों का मंत्री बनाया**

मोदी सरकार-तीन मंत्रिमंडल में उप्र. से दो कैबिनेट मंत्री राजनाथ सिंह और हरदीप पुरी हैं। रालोद के जयंत चौधरी को महत्वपूर्ण विभाग देकर जाट मतदाताओं में उनकी पकड़ को और मजबूत करने का संदेश दिया गया है। मंत्रिपरिषद में दुबारा स्थान पाने वाले बीएल वर्मा उपभोक्ता मामलों, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण और सामाजिक न्याय एवं सशक्तीकरण विभाग के राज्यमंत्री होंगे। एसपी सिंह बघेल को इस बार मत्स्य, पशुपालन व डेयरी और पंचायती राज विभाग में जिम्मेदारी मिली है। पंकज चौधरी पुनः वित्त राज्यमंत्री बनाए गए हैं। पहली बार मंत्री बने कमलेश पासवान को ग्रामीण विकास विभाग का राज्यमंत्री बनाया गया है। वहीं, अपना दल (एस) की राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और रसायन एवं उर्वरक विभाग की मंत्री बनाई गई हैं।

महिला की मौत, जहर खाने की आशंका

हल्द्वानी। कालाढूंगी के नया गांव कमोली की रहने वाली 26 वर्षीय सोनिया देवी को दो दिन पहले गंभीर हालत में डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। रविवार की रात सोनिया की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक सोनिया मूलरूप से पश्चिम बंगाल की रहने वाली थी। नया गांव कमोली निवासी पृथ्वीपाल सिंह से शादी के बाद वह कालाढूंगी आ गई थी। बताया कि दो दिन पहले अचानक उसकी तबीयत घर पर बिगड़ी थी।

तस्कर गिरोह के सरगना व सदस्य की संपत्ति कुर्क

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार। मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के सरगना व सक्रिय सदस्य की लगभग साढ़े सात करोड़ की चल-अचल संपत्ति को सोमवार को प्रशासन की मौजूदगी में कुर्क कर ली गयी।

जैदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम टेरा निवासी मादक पदार्थों की तस्करी करने वाला सरगना मो. तारिक पर जैदपुर थाने में एनडीपीएस गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। गिरोह के एक अन्य सदस्य सरगना का करीबी सक्रिय सदस्य टेरा निवासी मो. शादाब पर जैदपुर थाने में एनडीपीएस व गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। सोमवार को भारी पुलिस बल की मौजूदगी में दोनों तस्करों की साढ़े सात करोड रुपए से अधिक की चल-अचल संपत्ति को जब्त कर लिया गया। गिरोह के सरगना तारिक व उसके करीबी शादाब ने यह संपत्ति बीते आठ दस सालों में अपराध व मादक पदार्थों की तस्करी करके अर्जित की थी। पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ. अखिलेश नारायण सिंह ने बताया कि संगठित गिरोह व मादक पदार्थों की तस्करी कर संपत्ति अर्जित करने वाले माफिया के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट लगाकर कार्रवाई की जा रही है और आगे ऐसे अपराधियों को चिह्नित कर कार्रवाई की जाएगी।

कुर्क की गई संपत्ति

- संगठित गिरोह बनाकर मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले सरगना वह उसके गिरोह की लगभग साढ़े सात करोड़ से अधिक की संपत्ति प्रशासन ने जब्त कर ली। जब्त की गई संपत्तियों में गिरोह के सरगना तारिक अनवर की मां के नाम ग्राम कोला गडबड़ी में करीब 40 लाख रुपए से अधिक का भूखंड व राइस मिल शामिल है। इसी गांव में गिरोह के सदस्य शादाब की मां के नाम 25 लाख रुपए से बनी 18 दुकानें शामिल हैं। शादाब ने मां के नाम 25 लाख रुपए बैंक में जमा कर रखे थे। शादाब ने अपनी मां के नाम ग्राम टेरा में करीब 40 लाख का भूखंड भी ले रखा है। गिरोह के सरगना ने चाचा इम्तियाज के नाम ग्राम टेरा में 25 लाख का एक भूखंड लिया है। शादाब ने अपने पिता के नाम 40 लाख का भूखंड परगना तहसील में ले रखा है।

- **मादक पदार्थों की तस्करी कर परिवार के सदस्यों के नाम बनाई थी करोड़ों की संपत्ति**

खेलकूद प्री-स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता समारोहपूर्वक शुरू, विभिन्न प्रदेशों के लगभग तीन हजार शूटर्स ले रहे हिस्सा

पहले दिन 450 शूटर्स ने निशाना साधकर दिखाया दम

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

अमृत विचार। उप्र स्टेट राइफल्स एसोसिएशन के तत्वावधान में सोमवार को यहां भवदीय शूटिंग रेंज में प्री-स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता समारोहपूर्वक शुरू हुई। मुख्य अतिथि यूपीएसआरए के अध्यक्ष श्याम सिंह यादव व आईजी अयोध्या जोन प्रवीण कुमार, विशिष्ट अतिथि यूपीएसआरए के महासचिव जीएस सिंह, उपाध्यक्ष महिपाल सिंह यादव ने फीता काटकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। पहले दिन एयर राइफल व एयर पिस्टल शूटिंग में महारत रखने वाले लगभग 450 शूटर्स ने बुल्स आई पर निशाना लगाते हुए भाग्य आजमाया।

मुख्य अतिथि यूपीएसआरए अध्यक्ष यादव ने कहा कि यहां प्रतियोगिता आयोजन का उद्देश्य है इस क्षेत्र से प्रतिभावान खिलाड़ी शूटिंग खेल में प्रतिभाग करें। आइजी प्रवीण कुमार ने कहा कि अयोध्या के लिए यह हर्ष का विषय है कि पहली बार रामनगरी में यूपीएसआरए की प्रतियोगिता आयोजित हो रही है। आयोजन से लगता है कि भविष्य में यहां राज्य स्तरीय प्रतियोगिता भी आयोजित होगी और यहां के खिलाड़ी राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग कर क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।

आयोजक व कोच शनि वर्मा ने बताया कि चार दिवसीय प्री-स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता में उप्र के विभिन्न क्षेत्रों सहित राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, नोएडा, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, कोलकाता,, छत्तीसगढ़ आदि राज्यों के लगभग तीन हजार महिला, पुरुष व बच्चे अपने वर्गों में प्रतिभाग कर रहे हैं। इसी प्रतियोगिता से क्वालीफाई होकर शूटर्स स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के पात्र हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि सोमवार को पहले दिन हुई प्रतियोगिता के पहले राउंड में महिला, पुरुष व बच्चों सहित लगभग 450 प्रतिभागियों ने अपने वर्ग में प्रतिभाग कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में यूपीएसआरए से नामित चीफ रेफरी फरीरुद्दीन व अन्य ऑफीसियल्स में अभिनव चौधरी, कमल सेन, यामिनी राजन, जैनुल अबादीन, विजय चंदेल, नीतू आदि ने निष्पक्ष निर्णय दिए। इस मौके पर भवदीय स्कूल के प्रबंधक अवधेश वर्मा, सीओ यातायात अयोध्या राजेश तिवारी, डॉ. एमएस विष्णु, राष्ट्रीय खिलाड़ी ध्रुव सिंह, धीरेन्द्र मणि त्रिपाठी, डॉ. फिरोज अख्तर, डॉ. एसएन द्विवेदी सहित अनेक खेल प्रेमी मौजूद रहे।

फीता काटकर उद्घाटन करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

निशाना साधते प्रतिभागी। अमृत विचार

रायबरेली व अमेठी में आज पहुंचेगा गांधी परिवार

लखनऊ। लोकसभा चुनाव में जीत पर नेहरू-गांधी परिवार 11 जून को रायबरेली व अमेठी की जनता को धन्यवाद देने पहुंचेगा। इस दौरान आभार सभा का आयोजन होगा, जिसे पार्टी नेता राहुल गांधी व प्रियंका गांधी वाड्रा संबोधित करेंगी।

पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने बताया कि पार्टी की ओर से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राहुल व प्रियंका गांधी रायबरेली व अमेठी पहुंचेगे और आभार सभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में रायबरेली की जनता ने राहुल गांधी व अमेठी की जनता ने पार्टी नेता किशोरी लाल शर्मा को भारी मतों से जीत दिलाई है।पार्टी नेताओं ने बताया कि लोकसभा चुनाव में प्रदेश में इंडी गठबंधन को मिले जनसमर्थन को देखते हुए प्रदेश के सभी लोकसभा क्षेत्रों में सोमवार से 15 जून तक विधानसभावार धन्यवाद यात्राओं का आयोजन होगा।

चम्पावत में चाय बोर्ड के निदेशक ने चाय बागान का किया निरीक्षण। अमृत विचार

चाय बोर्ड के निदेशक ने चाय बागान का किया निरीक्षण

टनकपुर। सोमवार को चाय बोर्ड के निदेशक महेंद्र पाल ने जिला मुख्यालय चम्पावत के सीलिंगटाक स्थित चाय बागान का निरीक्षण किया। उन्होंने जैविक चाय की प्रोसेसिंग की जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि चम्पावत में चाय बागानों का क्षेत्रफल बढ़ाने के लिए कार्य किया जा रहा है। कहा कि चाय बागानों में पर्यटक भी घूमने आते हैं। अन्य प्रदेशों की तरह यहां के बागानों में भी पर्यटक आएं, इसके लिए इन बागानों को टी पर्यटन के रूप में भी विकसित किया जा रहा है। उन्होंने चाय की गुणवत्ता को बनाए रखने के साथ ही चाय की पैकिंग को आकर्षक बनाने तथा पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए बागान परिसर में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि चम्पावत में चाय उत्पादन को बढ़ावा देने से पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। चाय विकास बोर्ड प्रबंधन राकेश कुमार ने चाय उत्पादन संबंधी जानकारी दी।

एक नजर

अशासकीय सहायता प्राप्त प्रबंधकों ने किया प्रदर्शन

अमृत विचार, लखनऊ: प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय प्रबंधक सभा के विद्यालय प्रबंधकों ने हजरतगंज स्थित माध्यमिक शिक्षा निदेशालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रबंधकों ने अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। धरने पर बैठे प्रबंधकों के साथ कार्यकारी अध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि 6 महीने पहले भी हम अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर चुके हैं। फिर चुनाव के कारण उसे स्थगित करना पड़ गया था।

एयर कमोडोर प्रशांत ने संभाली कमान

अमृत विचार, लखनऊ : एयर कमोडोर प्रशांत ने सोमवार को वायु सेना स्टेशन गोरखपुर की कमान संभाली है। ये चार्ज उन्हें एयर कमोडोर मनीष सहदेव ने सौंपा। लखनऊ मध्यकमान के प्रवक्ता शांतनु प्रताप ने बताया कि एयर कमोडोर प्रशांत को जून 1996 में भारतीय वायु सेना की लड़ाकू शाखा में नियुक्त किया गया था।

आशिक मिजाज पुलिसवालों के कारण विभाग हो रहा बदनाम

डीपी शुक्ल, लखनऊ

अमृत विचार: कहने को तो जनता की सुरक्षा की जिम्मेदारी पुलिस के कंधे पर है, लेकिन महकमे में मौजूद कुछ लोग वर्दी पर दाग लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी के बार-बार निर्देश देने के बाद भी कुछ पुलिसकर्मी अपना आचरण नहीं सुधार पा रहे हैं। इन पर भ्रष्टाचार व मारपीट करने का आरोप लगता रहता है। शासन की तरफ से आए दिन महिलाओं के प्रति सम्मान देने की बात कही जाती है, परंतु सम्मान देने की बात तो दूर, थाने में गाली गलौज का उन्हें शिकार होना पड़ता है। बस्ती जिले के सीओ सिटी विनय चौहान पर लगे आशनाई का आरोप पहली घटना नहीं है, इस तरह के पहले भी कई पुलिसजनों पर गम्भीर आरोप लगते आये हैं। प्रदेश में खाकीधारियों की शिकार हुई कई युवतियों की दास्तान पूर्व समय से सुनने को मिलता रहा है। पुलिस विभाग में आशनाई का रंग सिपाही से लेकर एडीजी स्तर के अधिकारियों तक चढ़ा है। वहीं ऐसे मामलों में पुलिस के अधिकारी बात करने से कतराते हैं लेकिन उनका यह जरूर कहना होता है कि इन प्रकरणों में बड़े अधिकारी तो अक्सर बच जाते हैं लेकिन छोटे कर्मियों कर गाज गिरती है जो कि पूर्ण रूप से न्यायसंगत नहीं है।

ये मामले रहे चर्चा में, विभाग की हुई किरकिरी

अभी हाल में ही केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर गये एक अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एडीजी को गृह मंत्रालय ने समय से पहले ही उनकी आशिक मिजाजी के कारण यूपी वापस भेज दिया। बताया जाता है कि एडीजी का मन गुवाहाटी एयरपोर्ट पर एक युवती को देखते ही मचल उठा और वह उसका हाथ पकड़कर प्यार का इजहार कर बैठे। युवती की लिखित शिकायत पर उक्त एडीजी के खिलाफ जांच हुई तो मामला सही पाया गया। बताया जाता है कि एडीजी के माफी मांगने पर युवती ने अपनी शिकायत वापस ले ली थी। इसी तरह का एक मामला सोशल मीडिया में खूब फैला। बताया जाता है कि उन्नाव जनपद में तैनात एक सीओ साहब प्रेमिका सिपाही के साथ कानपुर के एक होटल में जाकर ठहरे। इस होटल में सिपाही के निर्वस्त्र नहाते सीओ का वीडियो सोशल मीडिया में खूब वायरल हुआ।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के एक जिले में जहां थाने में दुष्कर्म की रिपोर्ट लिखाने आई युवती के साथ दरोगा जी ने दुष्कर्म किया। वहीं, राजधानी के अलीगंज में तैनात एक दरोगा जी ने तो अपने हाथ पर ही अपनी प्रेयसी सिपाही का नाम गोदवा लिया था। इसी तरह विजिलेंस के इंस्पेक्टर महेश दुबे जो लखनऊ के कृष्णा नगर व मोहनलालगंज प्रभारी रहे हैं, पर विकास नगर की रहने वाली एक महिला ने गर्भवती करने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई। इसी तरह का एक और मामला लखनऊ के विभूति खंड में दर्ज कराया गया। यहां शोध छात्रा ने सिपाही विवेक सिंह सिसोदिया पर शारीरिक शोषण का आरोप लगाया।

इसी क्रम में जनपद मुरादाबाद के सिविल लाइन में सेवानिवृत्ति एक सीओ पर रिवाल्वर के बल पर दुराचार करने का आरोप लगा। 8 मई 2023 की रात्रि घटना का समय बताते हुए महिला ने सीओ और उनके परिजनों पर एफआईआर दर्ज कराई। एक और मामला मुरादाबाद जनपद में ही सुनने को मिला। बताया जाता है कि अमरोहा में तैनात एक महिला सिपाही से दारोगा ललित चौधरी द्वारा दुष्कर्म किए जाने का आरोप लगा। इसी तरह सुल्तानपुर की शहर कोतवाली में सेवानिवृत्त एक डीआईजी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई। इसके अलावा राजकीय रेलवे में तैनात एक बड़े अफसर पर पुलिस अधीक्षक स्तर की महिला आईपीएस अफसर ने उत्पीड़न का आरोप लगाकर सबको आश्चर्यचकित कर दिया। हालांकि आरोपों की जांच डीजी स्तर की महिला अधिकारी को सौंपी गई। बताते है कि आरोपी अधिकारी का तो कुछ नहीं बिगड़ा, मगर पुलिस अधीक्षक को ही अपने पद से हटना पड़ा।

आशिक मिजाज के पुलिस वालों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। वह भी ऐसी कार्यवाई हो, जो नजीर बने। बस्ती में तैनात सीओ ने महिला के साथ गलत काम भी किया और वर्दी का दुरुपयोग करते हुए महिला को बंद भी करवा दिया। इस घटना की शीघ्र जांच कराकर दोषी सीओ पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।

– बृजलाल, सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक उप्र. व राज्यसभा सांसद

मामले की जांच शीघ्र कराकर दोषी सीओ पर कठोर से कठोर कार्यवाई होनी चाहिए। जांच में देरी होगी तो दोषी को संभलने का मौका मिलेगा। ऐसे में दोषी, पीड़िता को प्रलोभन देकर या उसे डरा-धमका कर जांच अपने पक्ष में करा सकता है, विभाग को ऐसे प्रकरणों के प्रति गंभीर होने की आवश्यकता है।

–सुलखान सिंह, सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक उप्र.

पुलिसकर्मियों के बहुत सारे किस्से

आशिक मिजाज वाले और तमाम पुलिसकर्मियों के बहुत किस्से हैं, जिसे लिखने में कागज छोटा पड़ जाएगा। मामला जो भी हो, आने वाले दिनों में खाकीधरियों में सुधार आता है या वह इस तरह के मामलों में और मीडिया की सुर्खियां बटोरेंगे यह तो वक्त ही बताएगा।

सीओ विनय चौहान को बस्ती से हटाया गया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: अपनी प्रेमिका के साथ आपत्तिजनक हालत में पकड़े गये बस्ती के सीओ सिटी विनय चौहान को हटाकर उन्हें डीजीपी मुख्यालय से संबद्ध किया गया है। वहीं दूसरी तरफ आईजी रेन्ज ने सीओ के निलम्बन की संस्तुति करते हुए डीजीपी मुख्यालय को पत्र लिखा है।

जानकारी के अनुसार बस्ती में तैनात सीओ विनय चौहान को हटाकर उन्हें डीजीपी मुख्यालय से सम्बद्ध किया गया है। बताया जाता है कि सीओ विनय चौहान के निलम्बन की संस्तुति करते हुए आईजी रेन्ज बस्ती ने डीजीपी मुख्यालय को पत्र लिखा है।

उल्लेखनीय है कि सीओ विनय चौहान गत दिनों अपने सरकारी आवास में अपनी प्रेमिका के साथ आपत्तिजनक हालत में पकड़े गये थे। दोनों को रंगेहाथ पकड़ने के बाद सीओ की पत्नी और बेटी ने जमकर पिटाई की थी। इस मामले में सीओ की प्रेमिका ने सीओ विनय चौहान, उनकी पत्नी और बेटी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी है।

दो और पुलिस उपाधीक्षकों के तबादले

तबादले के क्रम में पुलिस उपाधीक्षक कुंवर प्रभात सिंह को रेलवे वाराणसी से हटाकर जनपद बस्ती और डीजीपी मुख्यालय से संबद्ध श्यामजीत प्रमिला सिंह को पुलिस उपाधीक्षक रेलवे वाराणसी के पद पर भेजा गया है।

इस माह सभी क्षेत्रों को मिलेगी 24 घंटे बिजली

शासन ने लिखा पावर कॉरपोरेशन को पत्र, मुख्यमंत्री का निर्देश लागू करने को कहा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जून भर प्रदेश के सभी क्षेत्रों को चौबीस घंटे बिजली मिलेगी। शासन ने इस सिलसिले में उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन को निर्देश जारी किया है। प्रमुख सचिव ऊर्जा नरेंद्र भूषण की ओर से इस आशय का पत्र कॉरपोरेशन के अध्यक्ष को भेजा गया है। पत्र में मुख्यमंत्री के निर्देश का हवाला दिया गया है।

सूत्रों के अनुसार भेजे गये पत्र में कहा गया है कि हर हाल में सभी लोगों को चौबीस घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित किया जाय, ताकि लोगों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े। बिजली अधिकारी जनप्रतिनिधियों व उपभोक्ताओं के फोन जरूर 'रिसीव' करें। बिजली आपूर्ति बंद होने के दौरान जनप्रतिनिधियों व मीडिया प्रतिनिधियों को यथास्थिति से अवगत कराया जाय। पत्र में मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक का उल्लेख किया गया है, जिसमें जनप्रतिनिधियों व उपभोक्ता प्रतिनिधियों के फोन के विभागीय अधिकारियों के न उठाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की गई है।

शासन ने बिजली आपूर्ति बाधित होने के दौरान लोगों का फोन 'रिसीव' कर उन्हें यथास्थिति से अवगत कराने व समस्या का निस्तारण करने को कहा गया है। पिछले दिनों ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने भी समीक्षा बैठक में वितरण निगमों के प्रबंध निदेशकों को पूरे प्रदेश में हर हाल में लोगों को चौबीस घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये थे। उन्होंने निर्धारित समय में बिजली आपूर्ति की समस्या दूर करने को कहा था। साथ ही, दो घंटे से ज्यादा की अवधि तक 'शटडाउन' न लिये जाने का निर्देश दिया था।

- जनप्रतिनिधियों व उपभोक्ताओं के फोन जरूर रिसीव करें
- ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने भी समीक्षा बैठक में दिए थे निर्देश

जूझ रहे बिजली संकट से

पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार स्थानीय खराबी के कारण राजधानी लखनऊ समेत पूरे प्रदेश में बिजली संकट का कहर बना हुआ है। खराबियों के समय पर दूर न होने के कारण लोगों को घंटो बिजली संकट से जूझना पड़ रहा है। कई उत्पादन इकाइयों के बंद होने के दौरान एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आपूर्ति लेकर मांग को पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है, पर स्थानीय खराबी पर प्रभावी अंकुश न लग पाने के कारण लोगों को समुचित बिजली नहीं मिल पा रही है।

भेंट के दौरान केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह को पुष्पगुच्छ देते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

योगी ने राजनाथ-शाह व गडकरी से की मुलाकात

अमृत विचार, लखनऊ: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवनियुक्त केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह और नितिन गडकरी से सोमवार को नई दिल्ली में मुलाकात की। भाजपा के तीनों नेताओं ने रविवार को मोदी-3.0 में कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली थी। 2024 लोकसभा चुनाव जीतने के बाद तीनों वरिष्ठ नेताओं से योगी आदित्यनाथ की यह पहली मुलाकात है।

योगी रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे और बाद में नई दिल्ली में ही रात्रि विश्राम किया। सोमवार की सुबह उन्होंने केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह व नितिन गडकरी से मुलाकात कर तीनों नेताओं को मंत्रिमंडल में शामिल होने की शुभकामना दी।

धर्म दर्शन

पौराणिक साहित्य में अयोध्या

विष्णु पुराण के अनुसार राजा कल्माषपाद या सौदास मित्रसह के बाद की दसवीं अर्थात् इक्ष्वाकु की 60 वीं पीढ़ी में दशरथ द्वितीय के पुत्र श्रीराम का अवतरण हुआ था। जहां तक दशरथ प्रथम का प्रश्न है, राजा कल्माषपाद के बाद 51 वीं पीढ़ी में अश्मक, 52 वीं मे मूलक या नारी कवच के बाद 52 वीं पीढ़ी में राजा दशरथ प्रथम हुए थे। महाभारत के सभापर्व के अनुसार अयोध्या के समकालीन नरेश धर्मपरायण नरेश महाबली दीर्घ यज्ञ को भीमसेन ने अपनी व्यवहार कुशलता से बिना युद्ध के ही वशवर्ती बना लिया था। वनपर्व के विभिन्न अध्यायों में रामकथा के प्रसंग में कई बार अयोध्या का उल्लेख हुआ है। उद्योगपर्व (115/18) में भी अयोध्या का नाम आया है।

डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

पौराणिक साहित्य एवं लोक अनुश्रुतियों में अयोध्याः सूर्यवंशी मानवेन्द्र मनु द्वारा बसाई, इक्ष्वाकुओं की गौरवशाली राजधानी रही अयोध्या के गौरवशाली अतीत से सभी परिचित हैं। यशस्वी चक्रवर्ती सम्राट सगर भी यहीं के थे। पुराणों में अयोध्या श्रीराम और सगर के नगर के रूप में प्रतिश्रुत है। यही नहीं यही पुराण अन्यत्र भारत की सात पवित्र पुरियों - "अयोध्या, मथुरा, माया, काशी, कांची, अवंतिका। पुरी द्वारावती, ह्येता सप्तैते मोक्षदायिका।" (अर्थात् अयोध्या, मथुरा, हरिद्वार, काशी, कांची, उज्जयिनी तथा द्वारका) में प्रथम स्थान देता है। ब्रह्मांड पुराण अयोध्या के दूसरे नाम साकेत का भी उल्लेख करता है। राम नवमी के अवसर पर यहां आयोजित आनंदोत्सव या मेले में भक्तजन की भारी संख्या जुटती है। धर्मप्राण हिन्दुओं के लिए सात ऊपर लिखित मोक्षदायिका पुरियों की भांति, सभी मांगलिक कार्यों में प्रयुक्त पूजन जल में गंगा, यमुना, गोदावरी, सरस्वती, नर्मदा, सिंधु एवं कावेरी नामक सात अति पवित्र नदियों के पावन जल की उपस्थिति की कल्पना की जाती है- "गंगे च यमुने चैव गोदावरी सरस्वती। नर्मदे सिंधु कावेरी जलेस्मिन सन्निधिं कुरु ।।" संस्कृत भाषा से परिचित हर श्रोता का मन इस पावन मंत्र का मंगलोच्चार सुनते ही रोमांचित हो उठता है।

पुराणों के अनुसार सरयू नदी की उत्पत्ति श्रीहरि विष्णु के आनन्दाश्रुओं से हुई। शंखासुर ने हमारे चारों वेदों को चुराकर समुद्र में छिपा दिया था और स्वयं भी छिप गया। संपूर्ण संसार में अज्ञान का अंधकार व्याप्त हो गया। श्रीहरि विष्णु ने मत्स्यावतार लेकर शंखासुर का वध कर चारों वेदों को ब्रह्मा जी को सुरक्षित सौंपकर पुनः अपना वास्तविक स्वरूप धारण किया। वेदों की सुरक्षित वापसी से प्रसन्न भगवान विष्णु के नेत्रों से टपके आनंद के आंसुओं को ब्रह्माजी ने सुरक्षित रख लिया था। बाद में उनको सुरक्षित रखने के उद्देश्य से विधाता ने कैलास के निकट स्थित मानसरोवर मे उड़ेल दिया। अश्वबिंदुओं के पड़ते ही मानसरोवर में आए उछाल से सरोवर का तटबंध टूट गया। उसी निकली जलधारा से टूट गया जिससे सरयू नदी की उत्पत्ति हुई।

वेद अनुभूतिजन्य ज्ञान

हमारे ऋषियों ने 'वेद' शब्द का संबोधन किसी पुस्तक विशेष के लिए नहीं किया है। वेद का अर्थ है दिव्य साक्षात्कार से उद्धत ज्ञान। इस आधार पर वेद कोई पुस्तक न होकर ज्ञान की एक विशिष्ट परिष्कृत धारा है।

गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी विभूतियों का वर्णन करते हुए "वेदानां सामवेदोऽस्मि", 'वेदों में मैं सामवेद हूं 'कहकर सामवेद की गरिमा को प्रकट किया है। गीता के इस कथन से यह भाव निकलता है कि वेद की सामधारा या विधा को समझ लेने से मुझे अर्थात् परमात्म चेतना को भी समझा जा सकता है। प्रत्यक्ष रूप से यहां ज्ञान के साथ भावना के सहयोग का महत्व समझाया गया है। यह सत्य है कि ज्ञान दृष्टि से ईश्वर का साक्षात्कार किया जा सकता है, किंतु भावना के बिना ज्ञानदृष्टि भी अपूर्ण ही रहती है। भावना में उफान होता है। उसे भटकन से बचाकर दिशाबद्ध ज्ञान विवेक ही करता है। इसीलिए ज्ञान एवं भावना का युग्म ही ईश्वर साक्षात्कार का सुनिश्चित आधार बनता है। तुलसीदास जी ने भी श्रद्धा और विश्वास के बिना अपने ही अंतःकरण में स्थित ईश्वर को न देख पाने की बात कही है। ज्ञान की परिपक्वता से विश्वास उपजता है तथा भावना की परिपक्वता श्रद्धा है। यदि वेद ज्ञान है तो साम है गान। गान का सीधा-सीधा संबंध भाव संवेदना से है। अनुभूति की अभिव्यक्ति में शब्दों की सामर्थ्य बहुधा छोटी पड़ जाती है।

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

वेद अनुभूतिजन्य ज्ञान हैं। उन्हें व्यक्त करने में शब्दशक्ति अपर्याप्त हैं। ऋषियों ने अपने अनुभूति जन्य ज्ञान को शब्दों में व्यक्त करने का प्रयास किया, किंतु जब वे इससे संतुष्ट नहीं हुए तो उन्होंने ईमानदारी से 'नेति नेति' कहकर अपनी बात पूरी की। शब्दों द्वारा अभिव्यक्ति की तीन धाराएं कही गई हैं गद्य, पद्य एवं गान। ज्ञान की किसी भी धारा को इन्हीं माध्यमों से व्यक्त किया जाता रहा है। ज्ञान की सार्थकता, पूर्णता तभी है, जब वह पुनः अपने उद्गम तक जा पहुंचे। ईश्वर तक पहुंचाने के लिए उसे भावना का योग चाहिए। भाषा को भावपूर्ण बनाने के प्रयास में ही मंत्र बने। गद्य की अपेक्षा पद्य में भाव-संयोग एवं उभार की क्षमता अधिक पाई गई।

वर्ग पहेली-97

बाएं से दाएं

1.1. जर्मनी का एक प्रसिद्ध राजनीतिक दल जिसका पराभव द्वितीय विश्वयुद्ध में हुआ 2. उक्त दल का सदस्य।
2.1. हंसने का उपक्रम 2. हंसने का तरीका।
7. जो जनता के लिए उपयोगी या हितकर हो (बात या काम)।
10.1. जो सुलझी न हो, जो सुलझाई न जा सकी हो, उलझी हुई 2. जिस समस्या का समाधान न किया गया हो उसका विशेषण।

ऊपर से नीचे

3. सहयोग या सहायता करने वाला व्यक्ति।
4.1. खोटे या दुष्ट होने की अवस्था
5. रोला छंद का एक नाम।
6. पाश्चात्य चिकित्सा प्रणाली या पद्धति अर्थात एलोपैथी द्वारा उपचार करने वाला डॉक्टर।
8.1. बहुत अधिक थका हुआ, शिथिल, थका-मांदा, अशक्त 2. जो असफल होने पर उत्साह रहित हो गया हो, पस्त।
9.1. उतनी मात्रा जितना एक बार में पेरने या पीसने के लिए चक्की में डाला जाए 2. उतना अंश जितना एक बार में बनाया या पकाया जाए 3. कठोर प्रहार, चोट।



वर्ग पहेली -96 का हल

1 च	2 ना	■	3 उ	■	■	4 अ
■	5 सा	गू	दा	ना	■	फ़
■	ज़	■	री	■	■	सो
■	■	6 चो	क	■	■	स
■	7 खँ	खा	र	■	■	ज
■	■	■	ण	■	■	न
8 झाँ	झ	न	■	9 पो	त	क

सुडोकू-10

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	1	3		5			7	
		2		1			9	8
4		6			8			3
			5			4		2
	8						1	
9		1			7			
2			1			3		5
1	7			6		8		
	3			4		7	2	

सुडोकू - 9 का हल

4	2	3	7	8	1	9	5	6
9	8	5	3	6	4	1	7	2
6	1	7	2	9	5	3	4	8
7	4	6	9	3	8	5	2	1
8	9	1	4	5	2	6	3	7
5	3	2	1	7	6	8	9	4
3	6	9	8	2	7	4	1	5
1	7	8	5	4	9	2	6	3
2	5	4	6	1	3	7	8	9

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 जून मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पंचमी 17.27 तक तत्पश्चात षष्ठी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्लेशा 23.39 तक तत्पश्चात मघा।

मेष — आज इस समय आपको किसी से ज्यादा अपेक्षा नहीं रखनी चाहिए। सबके प्रति अच्छा व्यवहार रखें, वरना आपके अपने ही लोग आपके प्रति बैरभाव रख सकते हैं। व्यावसायिक गतिविधियों के लिए समय उत्तम नहीं है। धन उधार देने से आपको नुकसान हो सकता है।

वृष — आज व्यवसाय को लेकर आप यात्रा कर सकते हैं। आपकी आर्थिक स्थिति काफी अच्छी रहेगी। थोक व्यापारियों के लिए दिन बहुत लाभकारी रहेगा। आपकी योजना पूरी तरह से सफल होगी। प्रेमीजन से विवाह को लेकर चर्चा कर सकते हैं।

मिथुन — आज कुछ स्वजनों की बातें आपको निराश कर सकती हैं। दूरस्थ मित्रों के साथ बातें करके आपका मन शांत होगा। आप अपने लक्ष्य से कुछ विचलित हो सकते हैं। भविष्य को लेकर योजना बनाना फिलहाल उचित नहीं है।

कर्क — आज यदि आप व्यापारी हैं तो आप अपने उत्पादों की उत्तम ब्रांडिंग कर सकते हैं। प्रभावशाली व्यक्तियों के बीच आपका संपर्क मजबूत होगा। आप कर्मक्षेत्र में बेहतरीन सफलता प्राप्त करेंगे जिसके कारण आप लोगों की दृष्टि में काफी सम्मानित रहेंगे।

सिंह — आज व्यवसाय में बड़ा निवेश करने से बचें। परिजनों के ऊपर आप नाराज हो सकते हैं। आपको ऐसा प्रतीत होगा की लोग आपकी अनदेखी कर रहे हैं। जॉब में सहकर्मियों का साथ मिलेगा, लेकिन किसी से अपनी गुप्त बातें शेयर न करें।

कन्या — आज उच्चाधिकारी आपका वेतन बढ़ा सकते हैं। विदेश में कारोबार के इच्छुक हैं तो उसके योग बन रहे हैं। समय आपके अनुकूल रहेगा। संतान की प्रगति से उत्साहित रहेंगे। आप लोगों की काफी मदद करेंगे। धार्मिक विषयों के प्रति आपका रुझान बढ़ने वाला है।

तुला — आज कार्यक्षेत्र में आपका सम्मान बढ़ेगा। किसी पारिवारिक उत्सव में सम्मिलित हो सकते हैं। दिनचर्या काफी अच्छी रहेगी। आय के नए स्रोत बना सकते हैं। किसी नए कार्य की शुरुआत होने के योग बन रहे हैं। आपके द्वारा कही हुई बात सही सिद्ध होगी।

वृश्चिक — आज घर में अतिथियों का आगमन हो सकता है। सहयोगियों के साथ मतभिन्नता देखने को मिलेगी। अधिकारियों से आप बहुत कुछ सीख सकते हैं। अति आत्मविश्वास से आपको बचना चाहिए। वैवाहिक संबंधों में संवादहीनता हो सकती है।

धनु — आज व्यवसाय में आय सामान्य रहेगी, लेकिन आपके खर्चे अचानक से बढ़ सकते हैं। मन में अनावश्यक विचार आपको एकाग्र नहीं होने देंगे। शत्रुओं को लेकर आपको सावधान रहना चाहिए। किसी की गारंटी आपको नहीं लेनी चाहिए।

मकर — आज आप मनोरंजन और मित्रों के साथ समय बिताना पसंद करेंगे। आपकी विनम्रता से लोग काफी प्रभावित रहेंगे। सरकारी कार्यों में कुछ बाधा देखने को मिल सकती है, लेकिन आप समझदारी से परिस्थितियों को अपने पक्ष में कर लेंगे।

कुंभ — आज लोगों की मदद करने से आप पीछे नहीं हटेंगे। कमीशन से जुड़े कार्यों से लाभ हो सकता है। संतान की उन्नति से आप प्रभावित होंगे। महिलाओं के लिए समय काफी अच्छा है। प्रियजनों से भेंट हो सकती है। आप अपनी जीवनशैली में सुधार हेतु प्रयत्न करेंगे।

मीन — आज यदि आप किसी यात्रा पर जा रहे हैं तो आपके लिए दिन बहुत अच्छा है। संतान की उन्नति से आपको लाभ होगा। बेरोजगार लोगों को नई नौकरी मिल सकती है। सरकारी कार्यों में आपको अच्छा लाभ हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपका सम्मान बढ़ेगा।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- हैसियत — सुबह : 09.00
- तकदीर का तमाशा — शाम : 06.00

&pictures
- खट्टा मीठा — सुबह : 10.54
- गुडबाय — रात : 08.00

SONY PIX
- घोस्टबस्टर्स : आफ्टरलाइफ — सुबह : 11.15
- द लेजेंड ऑफ टार्जन — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- हम साथ साथ हैं — दोपहर : 12.00
- नागभूमि — रात : 08.00

colors CINEPLEX
- नई पड़ोसन — सुबह : 08.55
- हम तुम्हारे हैं सनम — रात : 08.37

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

एक गंजे ने किसी नाई से बाल कटवाया। उसने बाल कटवाने के बाद नाई से पूछा-कितने पैसे हुए?
नाई- पचास रूपये।
आदमी बोला- क्यों? सबसे तो चालीस रूपये ही लेते हो, हमसे दस रूपये ज्यादा क्यों?
नाई ने कहा- दस रूपये बाल खोजने के हैं, बाकी काटने के।

एक आदमी पुलिस स्टेशन आया और बोला- मुझे अरेस्ट कर लो, मैंने अपनी पत्नी के सर पर डंडा मारा है।
पुलिस- क्या वो मर गई?
आदमी- जी नहीं वो तो बच गई, अब मेरी खैर नहीं।

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	76,490.08	23,259.20
नुकसान	203.28	30.95
प्रतिशत में	0.27	0.13

अमृत विचार
www.amritvichar.com
कानपुर, मंगलवार, 11 जून 2024

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 955 फ्लैग 1065 डीएमओ 840 बोल्ड 1125, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 940 फ्लैग 1065 बोल्ड 1105 डीएमओ 845।

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-	
गेहूंदड़ा	2400-2450
आरआर 21	2550-2600
गेहूंफ़ारम	2600-2700
जौ	2000-2100
ज्वार	2000-4000
बाजरा	2100-2150
मकाई	2200-2400
दलहन (प्रति क्वि.)	
लोकल	मिल डिलीवरी
चना	6500-6600
अरहर	9000-10000
मसूर	5500-5600
मटर	3700-4000
उड़दहरा	10000-10700
उड़दकाला	6000-8000
मूंग	7700-7800
दाल (प्रति क्वि.)	
अरहरफूल	17300-17400
अरहरस्पेशल1	14700-14800
चनादाल	8300-8400
मटरदाल	4850-4950
मसूरमलका	7300-7350
मसूरदाल	7500-7550
उड़ददाल	9000-11800
उड़द धोवा	10000-13000
मूँगदाल	8700-9500
मूँग धोवा	9700-11000
चावल (प्रति क्वि.)	
अरवा	2000-2300
बासमती नं.1	8500-10000
सेला	2500-3000
बासमती नं.2	6500-7500
आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)	
आटा	1380-1430
मैदा	1350-1400
सूजी	1410-1430
चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)	
शाहपसंद	1325-1350
तिलहन (प्रति क्वि.)	
लाही	5600-5800
अलसी	4500-4600 रुपये।

राजग सरकार को देश में बेरोजगारी की समस्या से होगा निपटना: राजीव कुमार

नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष ने कहा-असंगठित और लघु एवं मध्यम उद्यमों पर देना होगा ध्यान

नई दिल्ली, एजेंसी

नीति आयोग के पूर्व वाइस चेयरमैन राजीव कुमार ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार को अपने तीसरे कार्यकाल में देश में बेरोजगारी की समस्या से निपटना होगा, खासकर असंगठित क्षेत्र और लघु एवं मध्यम उद्यमों पर ध्यान देना होगा।

कुमार ने इस बात पर भी जोर दिया कि सरकार को अब चार श्रम संहिताओं को अंतिम रूप देना चाहिए क्योंकि इसमें अपेक्षा से अधिक देरी हो चुकी है। उन्होंने एक साक्षात्कार

में कहा-हमें यह स्वीकार करना होगा कि कोविड-19 वैश्विक महामारी के बाद आर्थिक सुधार के आकार का रहा है। मुझे लगता है कि मोदी सरकार को सबसे महत्वपूर्ण सुधार बेरोजगारी की समस्या से निपटना होगा, खासकर असंगठित और लघु एवं मध्यम उद्यमों में...। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में भारत की कुल बेरोजगार आबादी में से 83 प्रतिशत बेरोजगार युवा थे। प्रख्यात अर्थशास्त्री ने कहा-देश की बड़ी कंपनियों ने अभी बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है।

मोदी 3.0 बढ़ती भू-रणनीतिक अनिश्चितता के बीच राजनीतिक, आर्थिक स्थिरता का संदेश : केशप

यूएसआईबीसी के अध्यक्ष अतुल केशप ने कहा कि नरेन्द्र मोदी का लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेना बढ़ती भू-रणनीतिक अनिश्चितता के बीच राजनीतिक व आर्थिक स्थिरता का एक मजबूत संदेश देता है। मोदी ने रविवार को तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली और भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार में 72 सदस्यीय केंद्रीय मंत्रिपरिषद का नेतृत्व किया। अमेरिका-भारत व्यापार परिषद के अध्यक्ष केशप ने रविवार को दिए साक्षात्कार में कहा-प्रधानमंत्री मोदी का ऐतिहासिक तीसरा कार्यकाल बढ़ती भू-रणनीतिक अनिश्चितता के बीच भारत के मतदाताओं द्वारा राजनीतिक व आर्थिक स्थिरता और निरंतरता का एक मजबूत संदेश देता है।

भारतीय सेना को ड्रोन प्रणाली उपलब्ध कराएगी एक्सिसकेड्स टेक्नोलॉजीज

नई दिल्ली। इंजीनियरिंग समाधान प्रदाता एक्सिसकेड्स टेक्नोलॉजीज ने सोमवार को कहा कि वह 100 करोड़ रुपये के ठेके के तहत भारतीय सेना को ड्रोन प्रणाली उपलब्ध कराएगी। कंपनी की ओर से जारी बयान के अनुसार, मैन पोर्टेबल काउंटर ड्रोन सिस्टम (एमपीसीडीएस) को एक्सिसकेड्स द्वारा विकसित किया गया है। बयान में कहा गया कि एक्सिसकेड्स टेक्नोलॉजीज ने भारतीय सेना से मिले 100 करोड़ रुपये के ठेके के तहत उन्नत काउंटर-ड्रोन प्रणालियों की आपूर्ति शुरू कर दी है। कंपनी ने कहा है कि उसका लक्ष्य 2024 के अंत तक पूरी आपूर्ति करने का है। एक्सिसकेड्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अरुण कृष्णमूर्ति ने कहा-यह भारतीय रक्षा बलों में मैन पोर्टेबल श्रेणी में शामिल किया जाने वाला पहला काउंटर ड्रोन सिस्टम है।

पेटीएम ने पुनर्गठन के तहत की कर्मचारियों की छंटनी

नई दिल्ली, एजेंसी

- कंपनी ने कर्मचारियों की संख्या नहीं की उजागर

वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस ने कर्मचारियों की छंटनी की है। वन97 कम्युनिकेशंस के पास पेटीएम का स्वामित्व है। कंपनी ने एक बयान में दावा किया कि वह कर्मचारियों के सुचारू रूप से स्थानांतरण के लिए उन्हें आउटप्लेसमेंट (कहीं और भर्ती) सहायता उपलब्ध करा रही है। हालांकि, बयान में कितने कर्मचारियों की छंटनी की गई है इसकी संख्या उजागर नहीं की गई।

जनवरी-मार्च 2024 तिमाही में पेटीएम के कर्मचारियों (बिक्री) की संख्या तिमाही आधार पर करीब 3,500 घटकर 36,521 रह गई, जिसका मुख्य कारण भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा पेटीएम पेमेंट्स बैंक की सेवाओं पर प्रतिबंध लगाना था। कंपनी ने सोमवार को एक बयान

में कहा-कंपनी के मानव संसाधन दल 30 से अधिक कंपनियों के साथ सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं जो वर्तमान में कर्मचारियों की भर्ती कर रही हैं। उन कर्मचारियों को सहायता प्रदान कर रही हैं जिन्होंने अपनी जानकारी साझा करने का विकल्प चुना है, जिससे उनके तत्काल दूसरी जगह भर्ती में मदद मिल रही है। आरबीआई ने व्यापारियों सहित ग्राहकों के हित को ध्यान में रखते हुए लेनदेन या टॉप-अप स्वीकार करने से 15 मार्च से रोक दिया था।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	91,250
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	95,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	72,900
गिन्नी (प्रति नग)	54,300-54,550
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	72,850
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	72,700
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	89,000
चांदी तैयार	89,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	71,400
सोना जेवरात गिन्नी	70,400
चांदी पक्की	880 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	71,750
चांदी आभूषण	89,200।

इक्विटी म्यूचुअल फंड में मई में निवेश बढ़कर 34,697 करोड़ रुपये पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी

इक्विटी म्यूचुअल फंड में मई में निवेश जोरदार बढ़त के साथ 34,697 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया। यह आंकड़ा इससे पिछले महीने के मुकाबले 83 प्रतिशत अधिक है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) ने सोमवार को जारी आंकड़ो में बताया कि यह इक्विटी फंड में शुद्ध निवेश का लगातार 39वां महीना है।

इसके अलावा, व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी) से मासिक योगदान बढ़कर मई में 20,904 करोड़ रुपये हो गया, जो अप्रैल में 20,371 करोड़ रुपये था। इन योजनाओ में मासिक निवेश लगातार दूसरे महीने 20,000 करोड़ रुपये से अधिक है। म्यूचुअल फंड उद्योग ने मई में कुल मिलाकर 1.1 लाख करोड़ रुपये का प्रवाह देखा, जो इससे पहले अप्रैल में 2.4 लाख करोड़ रुपये था। यह प्रवाह इक्विटी के साथ ही ऋण योजनाओं में निवेश के कारण हुआ। इस निवेश के साथ ही उद्योग की प्रबंधन के तहत शुद्ध संपत्तियां (एयूएम) बढ़कर मई के अंत में 58.91 लाख करोड़ रुपये हो गईं, जो अप्रैल के अंत में 57.26 लाख करोड़ रुपये थीं।

दबाव वाली आवासीय परियोजनाओं की सुधरेगी कर्ज वसूली दर

मुंबई। दबाव वाली आवासीय परियोजनाओं में फंसे कर्ज की वसूली दर चालू वित्त वर्ष में बेहतर होने की उम्मीद है। घरों की कीमतें बढ़ने के अलावा नियमों में बदलाव से भी इसमें मदद मिलने की संभावना है। सोमवार को एक रिपोर्ट में यह उम्मीद जताई गई।

देश के लिए घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में फंसी हुई आवासीय परियोजनाओं से कर्ज की वसूली दर बढ़कर 16-18 प्रतिशत हो जाने का अनुमान है जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह आंकड़ा 11 प्रतिशत था।

सेबी ने डीमैट और एमएफ खाते के लिए नामांकन अनिवार्यता के नियम में दी ढील

नई दिल्ली, एजेंसी

- बाजार नियामक ने खातों पर रोक लगाने का नियम कर दिया खत्म

बाजार नियामक सेबी ने मौजूदा निवेशकों के लिए नियमों को आसान बनाते हुए नामांकन का विकल्प न देने की स्थिति में डीमैट और म्यूचुअल फंड खातों पर रोक लगाने (फ्रीज करने) का नियम सोमवार को खत्म कर दिया।

इसके अलावा भौतिक रूप में प्रतिभूतियां रखने वाले निवेशक अब लाभांश, ब्याज या प्रतिभूतियों को भुनाने जैसे किसी भी भुगतान को पाने के लिए पात्र होंगे। इसके साथ ही निवेशक नामांकन का विकल्प

न चुनने पर भी शिकायत दर्ज करने या आरटीए (निर्गम के रजिस्ट्रार और शेयर हस्तांतरण एजेंट) से किसी भी सेवा का अनुरोध पाने के हकदार होंगे। इससे पहले भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सभी मौजूदा व्यक्तिगत म्यूचुअल फंड धारकों के लिए नामित व्यक्ति (नॉमिनी) का विवरण देने या नामांकन से बाहर निकलने के लिए 30 जून की समयसीमा तय की थी। नियम का पालन न करने पर उनके खातों से निकासी पर रोक लगाई जा सकती थी। हालांकि, सेबी ने सोमवार को जारी परिपत्र में कहा कि अनुपालन में सुगमता और निवेशकों की सुविधा को लेकर मौजूदा निवेशकों या यूनिटधारकों के लिए नामांकन का विकल्प न देने पर डीमैट खातों के साथ म्यूचुअल फंड खाते पर रोक नहीं लगाने का फैसला किया गया है।

राष्ट्रीय

सुप्रीम कोर्ट ने जल संकट याचिका में खामियों को दूर न करने पर दिल्ली सरकार को लगाई फटकार

आपने त्रुटियां क्यों नहीं कीं दूर, याचिका कर देंगे खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय राजधानी में मौजूदा जल संकट को दूर करने के लिए हिमाचल प्रदेश द्वारा दिये गये अतिरिक्त पानी को छोड़ने के लिए हरियाणा को निर्देश देने की मांग करने वाली दिल्ली सरकार की याचिका में त्रुटियां नहीं दूर करने के लिए उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को आप सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि हमारे बारे में कोई पूर्व राय नहीं बनाएं और आपने त्रुटियां क्यों नहीं दूर कीं, इसके चलते हम याचिका को खारिज कर देंगे।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा दाखिल याचिका में त्रुटियों के कारण रजिस्ट्री में हलफनामा स्वीकार नहीं किया गया। पीठ ने कहा-आपने त्रुटियां क्यों नहीं दूर कीं? हम याचिका को खारिज कर देंगे। पिछली तारीख पर भी त्रुटियां गिनाई गई थीं और आपने इन्हें दूर नहीं किया। आपका मामला चाहे जितना भी महत्वपूर्ण क्यों न हो, अदालत की कार्यवाही के बारे में कोई पूर्व राय नहीं बनाएं। पीठ ने मामले की सुनवाई 12 जून के लिए स्थगित करते हुए कहा-हमें कभी हल्के में नहीं लीजिये। दस्तावेजीकरण स्वीकार नहीं किया जा रहा। आपने अदालत में सीधा दस्तावेजों का पुलिंदा रख दिया और कह रहे हैं कि आप पानी की कमी से जूझ रहे हैं तथा आपने खुद ही आज एक आदेश पारित कर दिया। आप सभी तरह की तात्कालिकता जता रहे हैं और खुद आराम से बैठे हैं। सब कुछ रिकॉर्ड पर आ जाने दीजिए। हम इस पर बुधवार को सुनवाई करेंगे।

सुप्रीम कोर्ट ने आप के राउज एवेन्यू स्थित पार्टी कार्यालय को खाली करने की बढ़ाई समय सीमा

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) को राष्ट्रीय राजधानी के राउज एवेन्यू में स्थित पार्टी कार्यालय को खाली करने के लिए दी गई समय सीमा 10 अगस्त तक बढ़ा दी। शीर्ष अदालत ने चार मार्च को पार्टी को 15 जून तक अपना कार्यालय खाली करने का निर्देश दिया था क्योंकि अदालत ने पाया था कि यह भूखंड न्यायिक बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय को आवंटित किया गया था। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाशकालीन पीठ ने आप और अन्य की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी की दलीलों पर गौर किया और समय सीमा 10 अगस्त तक बढ़ा दी। पीठ ने कहा कि यह अंतिम मौका है और पार्टी को 10 अगस्त तक या उससे पहले राउज एवेन्यू स्थित इमारत संख्या 206 का कब्जा सौंपना होगा। राष्ट्रीय राजधानी में जिला न्यायपालिका के लिए बुनियादी ढांचा तैयार करने के लिए 2020 में दिल्ली उच्च न्यायालय को परिसर आवंटित किया गया था।

शीर्ष अदालत ने कहा कि वह मामले पर सुनवाई से पहले सभी दस्तावेज पढ़ना चाहता है क्योंकि अखबारों में बहुत सी चीजों की खबरें आ रही हैं। पीठ ने कहा-अगर हम अपने आवासीय कार्यालय में दस्तावेज नहीं पढ़ेंगे तो हम अखबारों में छपी खबरों से प्रभावित होंगे। यह किसी भी पक्ष के लिए अच्छा नहीं है। हरियाणा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने सुनवाई की शुरुआत में राज्य सरकार की ओर से दाखिल जवाब पेश किया। शीर्ष अदालत ने दीवान से पूछा कि उन्होंने अब जवाब क्यों दाखिल किया, तो दीवान ने कहा कि दिल्ली सरकार की याचिका में खामियों को दूर नहीं किया गया इसलिए रजिस्ट्री ने जवाब दाखिल करने की अनुमति नहीं दी।

सीबीएसई ने फर्जी पाठ्यक्रम, नमूना प्रश्न पत्र को लेकर जारी की चेतावनी

नई दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने सोमवार को एक परामर्श जारी कर छात्रों और अभिभावकों को 2024-25 सत्र के पाठ्यक्रम, संसाधनों और नमूना प्रश्न पत्रों के बारे में भ्रामक जानकारी के प्रति आगाह किया। बोर्ड ने विद्यार्थियों से असत्यापित खबरें फैलाने वाले ऑनलाइन पोर्टलों का शिकार न बनने का आग्रह किया। परामर्श में कहा गया है, हमें पता चला है कि कुछ ऑनलाइन पोर्टल और वेबसाइट नमूना प्रश्न पत्रों, पाठ्यक्रम, सीबीएसई संसाधनों और गतिविधियों से संबंधित पुराने लिंक और असत्यापित समाचार प्रसारित कर रहे हैं। ये लिंक और समाचार सत्र 2024-25 की अद्यतन जानकारी प्रदान करने का झूठा दावा करते हैं।

दिल्ली हाईकोर्ट ने एक व्यक्ति को 30 पौधे लगाने का दिया निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

- महिला की लज्जा भंग करने के मामले को निरस्त करते हुए दिया आदेश

दिल्ली उच्च न्यायालय ने 61 वर्षीय एक व्यक्ति के खिलाफ दर्ज महिला की लज्जा भंग करने के मामले को रद्द करते हुए उसे 30 पेड़ लगाने का निर्देश दिया। आरोपी के महिला से समझौता करने के बाद अदालत ने यह आदेश दिया।

आरोपी द्वारा उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 354 (किसी महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उस पर हमला या आपराधिक बल का इस्तेमाल करना) के तहत दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने के लिए दायर याचिका पर न्यायमूर्ति अनूप कुमार मेंदीरत्ता ने सुनवाई की। अदालत ने कहा कि मामला सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझा लिया गया है, इसलिए इस मामले को लंबित रखने से कोई उद्देश्य पूरा नहीं होगा। न्यायाधीश ने कहा, मामले को जारी रखना अदालत की प्रक्रिया के दुरुपयोग के अलावा कुछ नहीं होगा। अदालत ने पिछले महीने पारित एक आदेश में कहा वसंत कुंज, दक्षिण पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 354 के तहत दर्ज की गई प्राथमिकी और इसके चलते होने वाली कार्यवाही रद कर दी जाती है। अदालत ने कहा-याचिकाकर्ता पर जुर्माना लगाने के बजाय उसे सक्षम प्राधिकारी से संपर्क करने के बाद स्थानीय इलाके में या वसंत कुंज, दक्षिण पुलिस थाना क्षेत्र में 30 पौधे लगाने का निर्देश दिया गया है। पौधों की ऊंचाई लगभग तीन फुट तक हो।

एक नजर

दिल्ली में डीडीए फ्लैट में आग लगने से महिला की दम घुटने से मौत

नई दिल्ली। दिल्ली के वेलकम इलाके में दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के फ्लैट में सोमवार को आग लगने से 40 वर्षीय महिला की दम घुटने से मौत हो गई। यह जानकारी अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने दी। दिल्ली अग्निशमन सेवा के प्रमुख अतुल गर्ग ने बताया-हमें अपराह्न 3.15 बजे दो मंजिला एक मकान में आग लगने की सूचना मिली। दो दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया, जिन्हें आग बुझाने में दो घंटे लगे।" गर्ग ने बताया कि शाम पांच बजे के बाद आग पर काबू पा लिया गया है। गर्ग ने बताया कि एयर कंडीशनर और बिजली के मीटर में आग लग गई थी।

कार खाई में गिरी पुलिसकर्मी की मौत

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में एक कार सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर गई जिससे उसमें सवार पुलिसकर्मी की मौत हो गई। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि परयोटे गांव निवासी हेड कांस्टेबल राम राज (47) जम्मू बस स्टैंड पर तैनात थे और रविवार देर रात दुर्घटना के समय डोडा स्थित अपने घर जा रहे थे।

आरोपी की मौत से जुड़ी याचिका से अभिनेता का नाम हटाया जाए: कोर्ट

मुंबई, एजेंसी

बंबई उच्च न्यायालय ने सोमवार को अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर गोलीबारी के मामले में एक आरोपी की हिरासत में मौत की सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका में प्रतिवादी के रूप में उनका (अभिनेता का) नाम हटाने का आदेश दिया। आरोपी अनुज थापन एक मई को यहां अपराध शाखा पुलिस हवालात के शौचालय में मृत पाया गया था। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते-डेरे और न्यायमूर्ति श्याम चांडक की खंडपीठ ने याचिकाकर्ता रीता देवी और थापन की मां को निर्देश दिया कि वे याचिका से खान का नाम हटा दें।

अदालत ने कहा-उसका नाम हटा दें। याचिकाकर्ता ने प्रतिवादी 4 (सलमान खान) का नाम हटाने के लिए याचिका में संशोधन करने की अनुमति मांगी है क्योंकि उसके खिलाफ कोई दलील नहीं है और उसके खिलाफ कोई राहत नहीं मांगी गई है। यहां बांद्रा इलाके में 14 अप्रैल को बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर मोटरसाइकिल सवार दो लोगों ने गोलीबारी की थी। कथित तौर पर गोलीबारी करने वालों-विक्की गुप्ता और सागर पाल को बाद में गुजरात

सलमान खान के घर गोलीबारी का मामला

से गिरफ्तार कर लिया गया। थापन को खान के आवास पर गोलीबारी करने के लिए हमलावरों को हथियार मुहैया कराने के आरोप में एक अन्य व्यक्ति के साथ 26 अप्रैल को पंजाब से गिरफ्तार किया गया था। पुलिस का दावा है कि थापन ने खुद को मार डाला, जबकि रीता देवी ने तीन मई को उच्च न्यायालय में दायर अपनी याचिका में गड़बड़ी का आरोप लगाया और दावा किया कि उसकी हत्या की गई है। अपनी याचिका में उन्होंने अदालत से उनके बेटे की मौत की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से कराने का निर्देश देने का अनुरोध किया। याचिका में कहा गया है कि थापन को हिरासत में पुलिस ने शारीरिक रूप से हमला किया और प्रताड़ित किया। रीता देवी ने अपनी याचिका में खान को प्रतिवादी बनाया था।

1.30 करोड़ का सोना चुराने के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

ठाणे, एजेंसी

महाराष्ट्र के ठाणे शहर में पुलिस ने 1.30 करोड़ रुपये के सोने की चोरी के सिलसिले में आभूषणों की दुकान के एक कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

ठाणे के नौपाड़ा की सहायक पुलिस आयुक्त प्रिया ढकने ने बताया कि पुलिस के एक दल ने 11 मई को नौपाड़ा इलाके में एक दुकान में

महाराष्ट्र के ठाणे का मामला, प्राथमिकी दर्ज

हुई चोरी के सिलसिले में शुक्रवार को आरोपी विशाल सिंह कानसिंह राजपूत (29) को राजस्थान के माउंट आबू से गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि आरोपी दुकान में कर्मचारी के रूप में काम करता था और उसने कथित तौर पर 1.30 करोड़ रुपये के आभूषणों की चोरी कर ली। अधिकारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 381 (चोरी) और अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। उन्होंने बताया कि जांच में पता चला कि विशाल की आपराधिक पृष्ठभूमि रही है और मुंबई में उसके नाम पर चोरी का एक मामला दर्ज है। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी ने दुकान से अपना आधार कार्ड और पहचान से जुड़े अन्य दस्तावेज भी ले लिए थे।

केरल में आर्थिक समस्याओं के चलते एक परिवार के 3 लोगों ने की आत्महत्या

तिरुवनंतपुरम। केरल के नेय्याट्टिनकारा में कथित रूप से वित्तीय समस्याओं के चलते एक ही परिवार के 3 सदस्यों ने अपने आवास में आत्महत्या कर ली। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी है। पुलिस ने बताया कि नेय्याट्टिनकारा निवासी मणिलाल (52), उनकी पत्नी स्मिता (45) और उनके बेटे अभिलाल (22) को स्थानीय लोगों ने रविवार रात बेहोशी की हालत में पाया। परिवार ने अपने रिश्तेदारों और दोस्तों को यह जानकारी दी थी कि वह अपनी जान देने जा रहे हैं। पुलिस ने कहा-परिवार ने अपने कुछ दोस्तों को अपने इस अतिवादी कदम के बारे में बताया था। सूचना मिलते ही स्थानीय पार्षद सहित रिश्तेदार घर पहुंचे, लेकिन उन्हें बेहोश पाया। परिवार के तीनों सदस्यों को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका।

राहुल गांधी 12 को वायनाड की करेंगे यात्रा

तिरुवनंतपुरम। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी 12 जून को केरल के वायनाड का दौरा कर सकते हैं। पार्टी सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में वायनाड निर्वाचन क्षेत्र में बड़ी जीत हासिल करने के कुछ दिन बाद उनकी यह पहली यात्रा होगी। उन्होंने अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी और भाकपा उम्मीदवार एनी राजा को 3,64,422 मतों के अंतर से हराया। गांधी वायनाड का दौरा ऐसे समय कर रहे हैं, जब अटकलें लगाई जा रही हैं कि वह यह सीट छोड़ देंगे और उत्तर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के पारंपरिक गढ़ रायबरेली का संसद में प्रतिनिधित्व करेंगे।

वामपंथी छात्रों ने शिक्षा मंत्रालय के पास किया प्रदर्शन

नई दिल्ली, एजेंसी

- नीट परीक्षा में अनियमितताओं को लेकर जांच की मांग की

वामपंथी छात्र संघों के सदस्यों ने सोमवार को शिक्षा मंत्रालय के पास प्रदर्शन किया और राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) में हुई कथित अनियमितताओं की जांच की मांग की। एक बयान में यह जानकारी दी गई।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को कहा था कि शिक्षा मंत्रालय ने परीक्षा में 1,500 से अधिक उम्मीदवारों को दिए गए अनुग्रह अंकों की समीक्षा के लिए चार सदस्यीय समीति का गठन किया है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब आरोप लगे हैं कि 'राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश

परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) मेडिकल प्रवेश परीक्षा में अंक बढ़ा-चढ़ाकर दिये गए हैं जिसके कारण 67 अभ्यर्थियों को प्रथम स्थान मिला है।

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ के उपाध्यक्ष अविजीत घोष ने कहा, छात्र जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए नीट परीक्षा में हुई कथित अनियमितताओं की स्वतंत्र और पारदर्शी जांच की मांग करते हैं। घोष ने कहा-हम मंत्रालय से मांग करते हैं कि प्रवेश परीक्षाओं की शुचिता की रक्षा के लिए वह अधिक विश्वसनीय और सुरक्षित परीक्षा प्रणाली स्थापित करे। घोष ने एक बयान में कहा कि असंख्य छात्रों का भविष्य दांव पर लगा है और मंत्रालय को इन गंभीर मुद्दों को हल करने के लिए तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए।

नीट-यूजी परीक्षा में धांधली को लेकर राजस्थान में एबीवीपी ने की सीबीआई जांच की मांग

अजमेर। राजस्थान के अजमेर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की ओर से नीट यूजी परीक्षा -2024 के परीक्षा आयोजन से लेकर परिणामों में हुई धांधली के विरोध में सोमवार को जिला कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन किया गया। एबीवीपी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य आसूराम डूकिया के नेतृत्व में संगठन के कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए मानव श्रृंखला बनाई और अतिरिक्त जिलाधीश (प्रशासन) को राज्यपाल के नाम का ज्ञापन सौंप कर परीक्षा में हुई धांधली के लिए केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच की मांग की। मीडिया से बातचीत में श्री डूकिया ने चेतावनी दी है कि परीक्षा की जांच नहीं होने पर एबीवीपी पूरे देश में बड़ा आंदोलन करेगी।



विश्वकप में जीत को जरूरी हैं बुमराह

भारतीय कप्तान रोहित बोले- जसप्रीत जीनियस है, चाहता हूं इसी मानसिकता से आगे के मुकाबलों भी खेलें

4 ओवर में 14 रन देकर पाकिस्तान के खिलाफ बुमराह ने तीन विकेट चटकाकर भारत को दिलाई जीत

119 रन पर सिमटी भारतीय टीम ने गेंदबाजी के दम पर पाकिस्तान को 6 रनों से दी थी शिकस्त, 20 ओवर में 113 रन ही बना सकी प्रतिद्वंद्वी टीम

न्यूयॉर्क, एजेंसी

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने जसप्रीत बुमराह को जीनियस करार देते हुए कहा कि वह चाहते हैं कि यह तेज गेंदबाज टी-20 विश्व कप में आगे भी इसी तरह का प्रदर्शन जारी रखे। बुमराह की शानदार गेंदबाजी की बदौलत भारत ने अपने कम स्कोर का बचाव करते हुए चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 6 रन से हराया। भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 119 रन पर आउट हो गई। इसके जवाब में पाकिस्तान की टीम सात विकेट पर 113 रन ही बना पाई। बुमराह ने चार ओवर में 14 रन देकर तीन विकेट लिए।

रोहित ने मैच के बाद कहा बुमराह के प्रदर्शन में लगातार निखार आ रहा है। हम सभी जानते हैं कि वह क्या कर सकता है। उसके बारे में बहुत अधिक बात नहीं करूंगा। हम चाहते हैं कि वह पूरे विश्व कप में इसी तरह की मानसिकता के साथ खेले। वह जीनियस है। हम सभी यह जानते हैं। भारतीय कप्तान ने कहा कि कम स्कोर बनाने के बावजूद उनको मैच जीतने का विश्वास था क्योंकि पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूल नहीं थी। हमारे पास जिस तरह का गेंदबाजी आक्रमण है उससे हम आश्वस्त थे। जब वे बल्लेबाजी कर रहे थे तो हमने आपस में कहा कि अगर हमारे साथ ऐसा हो सकता है तो उनके साथ भी हो सकता है। भारत का स्कोर एक समय तीन विकेट पर 89 रन था लेकिन इसके बाद उसने 30 रन के अंदर सात विकेट गंवा दिए। रोहित ने स्वीकार किया कि उनकी टीम को अच्छी बल्लेबाजी करनी चाहिए थी। हमने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की। हमारी पारी के आधे भाग तक हम अच्छी स्थिति में थे। हम अच्छी साझेदारी निभाने में नाकाम रहे। हमने बात की की इस तरह की पिच पर प्रत्येक रन मायने रखता है। ईमानदारी से कहूं तो पिछले मैच की तुलना में यह अच्छा विकेट था।

भारत की जीत में बुमराह को निभानी होगी बड़ी भूमिका : कुंबले

न्यूयॉर्क। दिग्गज स्पिनर अनिल कुंबले का मानना है कि जसप्रीत बुमराह अपनी अनुकूलन क्षमता और अद्वितीय कौशल से परिस्थितियों से सामंजस्य बिठा लेते हैं और अगर भारत को टी-20 विश्व कप जीतना है तो इस प्रमुख तेज गेंदबाज को अहम भूमिका निभानी होगी। बुमराह (14 रन पर तीन विकेट) ने मैच विजयी प्रदर्शन करते हुए भारत को रविवार को यहां बहुप्रतीक्षित मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर छह रन से रोमांचक जीत दिलाई। नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की असमान गति वाली पिच पर भारत के 119 रन के जवाब में पाकिस्तान की टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 113 रन ही बना सकी। बुमराह और हार्दिक पंड्या (24 रन पर दो विकेट) की तेज गेंदबाजी जोड़ी ने अपनी धारदार गेंदबाजी से भारत को वापसी दिलाई। कुंबले ने कहा हमने 15वें ओवर में देखा कि उन्होंने विकेट (मोहम्मद रिजवान का) लिया और फिर 19वें ओवर में, जब आपको पता था कि अगर उन्होंने उस ओवर में कुछ बाउंड्री खाई होती तो आखिरी ओवर में 10 या 12 रन रह जाते। लेकिन एक बार जब यह 18 या 19 रन पर पहुंच जाता है तो इस तरह की सतह पर पुछल्ले बल्लेबाजों के लिए आकर रन बनाना असंभव हो जाता है। इसलिए अगर भारत यह टूर्नामेंट जीतता है तो जसप्रीत बुमराह को इसमें अहम भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा, जसप्रीत बुमराह आपकी टीम की सूची में नंबर एक खिलाड़ी होना चाहिए। प्रारूप को भूल जाइए, जसप्रीत बुमराह आपके नंबर एक खिलाड़ी हैं।

टी-20 विश्वकप अंक तालिका

ग्रुप ए	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट	रद
भारत	2	2	0	4	1.455	0
अमेरिका	2	2	0	4	0.626	0
कनाडा	2	1	1	0	-0.274	0
पाकिस्तान	2	0	2	0	-0.150	0
आयरलैंड	2	0	2	0	-1.712	0
ग्रुप बी	**मैच**	**जीत**	**हार**	**अंक**	**रन रेट**	**रद**
स्कॉटलैंड	3	2	0	5	2.164	1
ऑस्ट्रेलिया	2	2	0	4	1.875	0
नामीबिया	2	1	1	2	-0.309	0
इंग्लैंड	1	0	1	1	-1.800	1
ओमान (बा)	3	0	3	0	-1.613	0
ग्रुप सी	**मैच**	**जीत**	**हार**	**अंक**	**रन रेट**	**रद**
अफगानिस्तान	2	2	0	4	5.225	0
वेस्टइंडीज	2	2	0	4	3.574	0
युगांडा	3	1	2	2	-4.217	0
पापुआ न्यू गिनी	2	0	2	0	-0.434	0
न्यूजीलैंड	1	0	1	0	-4.200	0
ग्रुप डी	**मैच**	**जीत**	**हार**	**अंक**	**रन रेट**	**रद**
दक्षिण अफ्रीका	2	2	0	4	0.789	0
बंगलादेश	1	1	0	2	0.379	0
नीदरलैंड	2	1	1	2	0.024	0
नेपाल	1	0	1	0	-0.539	0
श्रीलंका	2	0	2	0	-0.777	0

पाकिस्तानी टीम में आमूलचूल बदलाव की जरूरत : नकवी

कराची, एजेंसी

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने भारत के खिलाफ टी-20 विश्व कप में हार के बाद कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम में आमूलचूल बदलाव करने की जरूरत है।

भारत के खिलाफ न्यूयॉर्क में खेले गए मैच में पाकिस्तान के सामने 120 रन का लक्ष्य था लेकिन उसकी टीम सात विकेट पर 113 रन ही बना पाई। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार नकवी ने न्यूयॉर्क में कहा मुझे लगता था कि मैच जीतने के लिए टीम में कुछ बदलाव करने की जरूरत है लेकिन अब लगता है कि टीम में आमूलचूल बदलाव करने होंगे। नकवी ने इसके साथ कहा कि अब उन खिलाड़ियों पर भी ध्यान देने की जरूरत है जो पिछले कुछ समय से टीम से बाहर हैं। हमने जिस तरह से अमेरिका और अब भारत के खिलाफ मैच गंवाए, वह बेहद निराशाजनक है। हमें अब उन खिलाड़ियों पर गौर करना होगा जो इस समय टीम में नहीं हैं। हर कोई पूछ रहा है कि टीम अच्छा प्रदर्शन क्यों नहीं कर रही है। अभी विश्व कप चल रहा है लेकिन निश्चित तौर पर हमें हर चीज पर गौर करने की जरूरत है।

चैंपियंस ट्रॉफी के सभी मैच लाहौर में खेले भारत: पीसीबी

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने भारत के लिए सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करने की मुहिम में सुझाव दिया कि पड़ोसी देश अगले साल की आईसीसी चैंपियंस ट्राफी के दौरान लाहौर में अपने सभी मैच खेले। पीसीबी के एक विश्वस्त सूत्र ने कहा कि आईसीसी को भेजे गए टूर्नामेंट के ड्राफ्ट कार्यक्रम में यह सुझाव दिया है। सूत्र ने कहा हां, भारतीय टीम की यात्रा कम करने और सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा इंतजाम मुहैया कराने के लिए उनके सभी मैच लाहौर में कराने का सुझाव दिया है। आईसीसी कार्यकारी बोर्ड को अभी ड्रॉफ्ट कार्यक्रम को मंजूरी देनी है लेकिन पीसीबी ने चैंपियंस ट्राफी के मैचों के लिए अन्य स्थलों में कराची और रावलपिंडी को भी रखा है। बीसीसीआई को अभी आधिकारिक रूप से पुष्टि करनी है कि वह राष्ट्रीय टीम को आईसीसी टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान भेजेगा या नहीं।

कनाडा के खिलाफ पाकिस्तान की निगाह उम्मीद जीवंत रखने पर

न्यूयॉर्क। अमेरिका से उलटफेर का शिकार होने के बाद भारत के हाथों हार से आहत पाकिस्तानी टीम मंगलवार को यहां टी20 विश्व कप में ग्रुप चरण के मैच में कनाडा के खिलाफ मुकाबले में बड़ी जीत दर्ज करना चाहेगी क्योंकि उसके पास खेलने के लिए ज्यादा कुछ नहीं बचा है लेकिन गंवाने के लिए सब कुछ है। पाकिस्तान का अब सुपर आठ में क्वालीफाई करने का मौका कनाडा और आयरलैंड के खिलाफ बड़ी जीत पर निर्भर करेगा, लेकिन इसके लिए उसे उम्मीद करनी होगी कि अमेरिकी टीम भारत और आयरलैंड के खिलाफ मुकाबलों में बुरी तरह हार जाए। इस हालत में दोनों टीमों के चार चार अंक होंगे और फैसला बेहतर नेट रन रेट से होगा। पाकिस्तान की टीम इस तरह आंकड़े अपने पक्ष में रहने की बस दुआ ही कर सकती है। अमेरिका का नेट रन रेट दो जीत के बाद 0.626 है और आयरलैंड के खिलाफ जीत उसके लिए काफी होगी। वहीं पाकिस्तान का नेट रन रेट -0.150 है जो निराशाजनक है जिससे उसे जीत नहीं बल्कि बड़े अंतर से जीत की दरकार होगी।

गलत फैसले लेने के कारण पाकिस्तान को मिली हार : गैरी

न्यूयॉर्क, एजेंसी

पाकिस्तान टीम के कोच गैरी कर्स्टन ने कहा है कि गलत फैसले लेने के कारण भारत के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। भारत के खिलाफ मैच हारने के बाद कर्स्टन ने कहा शायद हमने सही फैसले नहीं लिए। हमने खेल के महत्वपूर्ण चरणों में गलत फैसले लिए और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आप पर यह चीजे भारी पड़ती हैं। रिजवान ने हमारे लिए अच्छा प्रदर्शन किया।

विकेट बल्लेबाजी के लिए आसान नहीं थी, इसके बावजूद हमने लक्ष्य को अच्छे मैनेज किया था लेकिन अंत में यह मैच हमारे हाथ से फिसल गया। यह हार निश्चित तौर पर निराशाजनक है। मुझे लगा था कि 120 का लक्ष्य विशेषकर भारत के सामने हासिल करना इतना आसान नहीं रहने वाला है। हम सामान्य तरह से खेलने की सोच रहे थे। पहले छह ओवरों को भुनाते हुए 40-45 रन बनाना चाहते थे लेकिन हम इसे अमली जामा नहीं पहना पाए और पहले 10 ओवर के बाद हमने इस तरह की गलती एक बार फिर दोहराई। पांच या छह रन प्रति ओवर बनाने हैं, स्ट्राइक रोटेट करना है और बाउंड्री हासिल करने के बाद अधिक उत्साहित नहीं होना है। हमारे पास इस टूर्नामेंट में वापसी करने के लिए अभी भी अवसर है। हम इस उम्मीद में हैं कि चीजे हमारे पक्ष में जाएंगी। इसके लिए हमें बेहतर क्रिकेट खेलनी होगी।

खेल डायरी

एमसीए अध्यक्ष अमोल काले का न्यूयॉर्क में निधन

मुंबई। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के अध्यक्ष अमोल काले का भारत और पाकिस्तान के बीच टी-20 विश्व कप मैच देखने के बाद न्यूयॉर्क में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। रविवार को काले सचिव अजिंक्य नाईक और शीर्ष परिषद के सदस्य सूरज सामत सहित अन्य एमसीए अधिकारियों के साथ चिर प्रतिद्वंद्वी टीमों के बीच मैच देखने के लिए नासाउ काउंटी क्रिकेट स्टेडियम में मौजूद थे। अक्टूबर 2022 में हुए चुनावों में 47 वर्षीय काले भारत और मुंबई के पूर्व क्रिकेटर संदीप पाटिल को हराने के बाद एमसीए अध्यक्ष बने थे। उनके कार्यकाल के दौरान कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जिसमें आगामी 2024-25 सत्र के लिए लाल गेंद के प्रारूप में अपने सभी खिलाड़ियों के लिए बीसीसीआई के बराबर मैच फीस भी शामिल है।

प्रो लीग में शानदार टीमवर्क दिखाया : हरमनप्रीत

नई दिल्ली। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि उनके खिलाड़ियों ने एफआईएच प्रो लीग के मैचों में शानदार जज्बे और टीमवर्क का नमूना पेश किया तथा पेरिस ओलंपिक से पहले उन्हें अच्छी सीख मिली। भारत ने 16 मैच में 24 अंक लेकर प्रो लीग में अपने अभियान का समापन किया। उसने 5 मैच जीते लेकिन इतने ही मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। उसने पेनल्टी शूटआउट में तीन मैच जीते लेकिन इतने ही मैच में उसे हार भी झेलनी पड़ी। भारतीय टीम अंक तालिका में अभी चौथे स्थान पर है। हरमनप्रीत ने कहा एफआईएच प्रो लीग 2023-24 में हमारा सफर शानदार रहा। नीदरलैंड 2-2 (शूटआउट में 4-2), अर्जेंटीना (5-4) और जर्मनी (3-0) जैसी मजबूत टीमों के खिलाफ हमारी जीत टीम की कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प को दिखाती है। हमने पूरे टूर्नामेंट में शानदार जज्बे और टीमवर्क का प्रदर्शन किया। हरमनप्रीत ने पेरिस ओलंपिक से पहले इस टूर्नामेंट में खेलने के महत्व पर भी बात की। हमें अपने मजबूत पक्षों को समझने और किन क्षेत्रों में हमें सुधार करने की जरूरत है यह जानने में इस लीग की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

ऑस्ट्रेलिया ओपन में भारत की अगुवाई करेंगे प्रणय

सिडनी। पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म में चल रहे एचएस प्रणय मंगलवार से यहां शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। प्रणय को यहां पांचवीं वरीयता दी गई है और उनकी निगाह फिर से लय हासिल करने पर टिकी होगी। पिछले दो टूर्नामेंट में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। वह थाईलैंड ओपन के पहले दौर में और सिंगापुर ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में हार गए थे। प्रणय ब्राजील के यगोर कोएलो के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। पुरुष एकल में भाग लेने वाले अन्य भारतीयों में मिथुन मंजूनाथ इंडोनेशिया के अल्वी फरहान से, किरण जार्ज कनाडा के शियाओडोंग शेंग से और एस शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम इंडोनेशिया के शीर्ष वरीयता प्राप्त जोनाथन क्रिस्टी से भिड़ेंगे।

आखिरी दो लीग मैच के लिए टीम से जुड़ेंगे लामिछाने

किंग्सटाउन (सेंट विंसेंट)। नेपाल के स्टार क्रिकेटर संदीप लामिछाने टी-20 विश्व कप के वेस्टइंडीज में होने वाले अंतिम दो लीग मैच के लिए राष्ट्रीय टीम से जुड़ेंगे। नेपाल क्रिकेट संघ ने सोमवार को यह जानकारी दी। अमेरिका ने बलात्कार के आरोपी रहे लामिछाने को वीजा देने से इनकार कर दिया था जिस कारण वह नेपाल के अमेरिकी चरण के मैचों में नहीं खेल पाए थे। इस 23 वर्षीय स्पिनर को पहले नेपाल की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया था। अमेरिका और वेस्टइंडीज टी-20 विश्व कप की संयुक्त मेजबानी कर रहे हैं। नेपाल क्रिकेट संघ ने कहा कि नेपाल के खिलाड़ी संदीप लामिछाने को वेस्टइंडीज में खेले जा रहे टी-20 विश्व कप के लिए नेपाल की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम में शामिल किया है।

गुलवीर सिंह ने 5000 मीटर दौड़ में तोड़ा अविनाश का राष्ट्रीय रिकॉर्ड

पोर्टलैंड, एजेंसी

एशियाई खेलों के पदक विजेता भारतीय धावक गुलवीर सिंह ने सोमवार को माउंट हूड कम्युनिटी कॉलेज में आयोजित पोर्टलैंड ट्रैक फेस्टिवल 2024 एथलेटिक्स मीट में पुरुषों की 5000 मीटर स्पर्धा में हमवतन अविनाश साबले के राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ दिया। पिछले साल एशियाई खेलों में 10 हजार मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाले गुलवीर सिंह ने पुरुषों की एलीट पांच हजार मीटर दौड़ में 13:18.92 का समय लेकर दूसरा स्थान हासिल किया। अमेरिका के डायलन जैकब्स (13:18.18) समय के साथ शीर्ष पर रहे। केन्या के वेस्ले किप्टू को (13:21.77) समय के साथ तीसरा स्थान मिला।

5000 मीटर में भारत का पिछला राष्ट्रीय रिकॉर्ड 13:19.30 अविनाश साबले के नाम था। उन्होंने पिछले वर्ष लॉस एंजिल्स में साउंड रनिंग ऑन ट्रैक फेस्ट में यह रिकॉर्ड बनाया था। साबले ने सोमवार को पोर्टलैंड ट्रैक फेस्टिवल में भाग लिया लेकिन वह दौड़ पूरी नहीं कर पाए। कार्तिक कुमार 13:41.07 के समय के साथ 17वें स्थान पर रहे और फिनिश लाइन पार करने वाले एथलीटों में सबसे आखिरी स्थान पर रहे। पुरुषों की 5000 मीटर आमंत्रण स्पर्धा में भाग ले रहे अभिषेक पाल ने फाइनल में 13:41.57 का समय लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। ग्रेट ब्रिटेन के टॉम एंडरसन (13:37.89) और एली बेनेट (13:41.26) ने शीर्ष दो स्थान प्राप्त किए।

महिलाओं की 5000 मीटर की एलीट दौड़ में 2023 एशियाई चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता अंकिता ध्यानी ने 15:35.06 समय में दौड़ पूरी कर 15वां स्थान हासिल किया। नीदरलैंड की ओलंपिक चैंपियन सिफान हसन ने 14:43.85 के समय के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया और अमेरिका की धावक एलिस क्रैनी (14:46.49) समय के साथ दूसरे और कैरिसा श्वेजर को (14:48.60) तीसरा स्थान मिला।

द. अफ्रीका ने बांग्लादेश को 4 रन से हराया

न्यूयॉर्क, एजेंसी

हेनरिक क्लासेन की जुझारू पारी के बाद बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका ने आईसीसी टी20 क्रिकेट विश्व कप के ग्रुप डी के कम स्कोर वाले मैच में सोमवार को यहां बांग्लादेश को चार रन से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की और सुपर आठ में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली।

दक्षिण अफ्रीका के 114 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश तौहीद हृदय (37 रन, 34 गेंद, दो छक्के, दो चौके) और महमूदुल्लाह (20 रन, 27 गेंद) के बीच पांचवें विकेट की 44 रन की साझेदारी के बावजूद 20 ओवर में सात विकेट पर 109 रन ही बना सका। दक्षिण अफ्रीका की तरफ से महाराज ने 27 रन देकर तीन विकेट चटकाए जबकि एनरिच नोर्किया ने 17 और कागिसो रबादा ने 19 रन देकर दो-दो विकेट हासिल किए। मार्को यानसेन ने भी किफायती गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 17 रन दिए लेकिन उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। दक्षिण अफ्रीका इससे पहले क्लासेन (46 रन, 44 गेंद, दो चौके, तीन छक्के) की जुझारू पारी के अलावा डेविड मिलर (29 रन, 38 गेंद, एक छक्का, एक चौका) के साथ पांचवें विकेट के लिए उनकी 79 रन की साझेदारी से छह विकेट पर 113 रन बनाने में सफल रहा। ये दोनों उस समय क्रीज पर साथ आए जब टीम 23 रन पर चार विकेट गंवाने के बाद संकट में थी। बांग्लादेश की ओर से तंजीम हसन साकिब ने तीन जबकि तास्किन अहमद ने दो विकेट हासिल किए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे बांग्लादेश ने दूसरे ओवर में ही तंजीद हसन (09) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने कागिसो रबादा की गेंद पर विकेटकीपर क्विंटन डिकॉक को कैच थमाया। कप्तान नजमुल हसन शंटो और लिटन दास ने पावर प्ले में टीम का स्कोर एक विकेट पर 29 रन तक पहुंचाया। शंटो ने इस बीच ओटनील बार्टमैन पर पारी का पहला छक्का भी जड़ा जबकि लिटन ने मार्को यानसेन पर चौके से खाता खोला। लिटन हालांकि नौ रन बनाने के बाद केशव महाराज की पहली ही गेंद पर मिलर को कैच दे बैठे। नोर्किया ने लगातार ओवरों में शाकिब अल हसन (03) और शंटो (14) को आउट करके 10वें ओवर में बांग्लादेश का स्कोर चार विकेट पर 50 रन किया।

स्कोर बोर्ड

दक्षिण अफ्रीका : 113/6, 20 ओवर डिकॉक 18, क्लासेन 46, मिलर 29। **विकेट :** तंजीम 3, तकसीन 2।

बांग्लादेश : 109/7, 20 ओवर नजमुल 14, हृदय 37, महमूदउल्लाह 20। **विकेट :** केशव 3, रबादा 2।

पहलवानों का सहयोग करेगा आईओए और डब्ल्यूएफआई

नई दिल्ली, एजेंसी

- ट्रेनिंग के लिए और अधिक मदद पर विनेश का अनुरोध स्वीकार

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ओलंपिक जाने वाले देश के छह पहलवानों को पूर्ण सहायता प्रदान करेगा तथा राष्ट्रीय ओलंपिक समिति और डब्ल्यूएफआई ने शीर्ष पहलवान विनेश फोगाट की ट्रेनिंग के लिए और अधिक मदद के अनुरोध को भी स्वीकार कर लिया है।

छह भारतीय पहलवानों में महिला वर्ग में विनेश फोगाट (50 किग्रा), अंतिम पंघाल (53 किग्रा), अंशु मलिक (57 किग्रा), निशा दहिया (68 किग्रा) और रीतिका हुड्डा (76 किग्रा) तथा पुरुष वर्ग में अमन सहरावत (57 किग्रा) ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया है। आईओए अध्यक्ष पीटी ऊषा ने सोमवार को कहा कि इस कदम का उद्देश्य पहलवानों के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन सुनिश्चित करना है। हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि हमारे पहलवानों को सर्वश्रेष्ठ संसाधन की मदद मिले जिससे वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें। यह फैसला हमारी ऐसे माहौल को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है जिसमें खिलाड़ी आगे बढ़ सकें। आईओए और डब्ल्यूएफआई पहलवानों के लिए ओलंपिक तक एक ऐसी सहयोगी टीम बनाने की योजना बना रहे हैं जिसमें कोच, फिजियोथेरेपिस्ट, मेंटल कंडिशनिंग कोच और अन्य जरूरी स्टाफ शामिल हों। डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता विनेश को पेरिस ओलंपिक की ट्रेनिंग के लिए और सहयोगी स्टाफ मुहैया कराया जाएगा।

विंबलडन खिताब के बचाव को अभियान शुरू करेंगे अल्कारेज

पेरिस। कार्लोस अल्कारेज ने ग्रैंड स्लैम खिताबों का जश्न मनाने की अपनी परंपरा को जारी रखने की योजना बनाई है और इसके लिए उन्होंने अपनी पहली फ्रेंच ओपन चैंपियनशिप जीतने की तारीख और एफिल टॉवर का टैटू बनाया है। रविवार को रोलां गैरो पर फाइनल में एलेक्जेंडर ज्वेरेज के खिलाफ पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 6-3, 2-6, 5-7, 6-1, 6-2 की जीत को याद रखने के लिए यह टैटू अल्कारेज के बाएं टखने के पास होगा। उनके दाहिने टखने पर पहले से ही 2023 विंबलडन जीत की तारीख और एक स्ट्रॉबेरी की छवि बनी है। उनके बाएं हाथ पर उनकी पहली ग्रैंडस्लैम ट्रॉफी की तारीख है जो 2022 अमेरिकी ओपन में आई थी। अल्कारेज जिस गति से आगे बढ़ रहे हैं, स्पेन के इस 21 वर्षीय खिलाड़ी की त्वचा कम पड़ सकती है। उन्होंने हालांकि रविवार को बताया कि उन्होंने अपनी मां को आश्वासन दिया है कि वह अपने करियर के बाकी समय में हर ग्रैंडस्लैम जीत की तारीख अपने शरीर पर नहीं लिखेंगे।

नागल एटीपी रैंकिंग में 77वें स्थान पर

नई दिल्ली। भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल सोमवार को जारी एटीपी रैंकिंग में 18 पायदान की छलांग से 77वें स्थान पर पहुंच गये हैं जिससे उनका पेरिस ओलंपिक पुरुष एकल ड्रा में स्थान लगभग पक्का हो गया। नागल के 713 एटीपी अंक हैं। नागल ने रविवार को जर्मनी में हीलब्रॉन नेकरकप 2024 चैलेंजर टूर्नामेंट में पुरुष एकल खिताब अपने नाम किया जिसकी बदौलत उन्होंने रैंकिंग में इतनी ऊंची छलांग लगाई। पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन मानदंड के अनुसार दोनों ही वर्ग में शीर्ष 56 खिलाड़ी ओलंपिक के लिए स्वत: क्वालीफाई कर लेंगे।

सिनर एटीपी रैंकिंग में जोकोविच को हटाकर पहली बार शीर्ष पर

पेरिस। इटली के यानिक सिनर ने सोमवार को जारी एटीपी रैंकिंग में चोटिल नोवाक जोकोविच को हटाकर पहली बार शीर्ष स्थान हासिल किया। सिनर एक पायदान के फायदे से पहले नंबर पर पहुंचे। इस तरह 22 साल के सिनर 1973 में शुरू हुई कम्प्यूटरीकृत रैंकिंग के बाद पहले नंबर पर काबिज होने वाले इटली के पहले खिलाड़ी हैं। उन्हें एक जुलाई से शुरू होने वाले विम्बलडन में शीर्ष वरीयता मिलेगी। सिनर ने इस सत्र में तीन खिताब जीते जिसमें जनवरी में आस्ट्रेलियाई ओपन में पहला ग्रैंडस्लैम खिताब भी शामिल है। कार्लोस अल्काराज तीसरे ग्रैंडस्लैम की बदौलत रैंकिंग में दूसरे नंबर पर पहुंचे जबकि जोकोविच तीसरे और एलेक्जैंडर ज्वेरेव चौथे स्थान पर हैं। अल्काराज ने रविवार को ज्वेरेव को हराकर फ्रेंच ओपन खिताब जीता था। महिलाओं के वर्ग में इगा स्वियातेक रोलां गैरों पर लगातार तीसरी ट्राफी (पांच मेजर खिताब) की बदौलत डब्ल्यूटीए रैंकिंग में पहले स्थान पर अपनी बढ़त बढ़ाने में सफल रहीं। अमेरिका की 20 वर्षीय कोको गॉफ तीसरे नंबर से दूसरे नंबर पर पहुंची जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। वह फ्रेंच ओपन एकल के सेमीफाइनल में पहुंची लेकिन स्वियातेक से हार गयीं। गॉफ ने कैटरीना सिनियाकोवा के साथ मिलकर पहला ग्रैंडस्लैम युगल खिताब अपने नाम किया। दो बार की आस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन आर्यना सबालेंका दूसरे से तीसरे स्थान पर खिसक गईं। 2022 विम्बलडन विजेता एलीना रिबाकिना चौथे स्थान पर हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

आदित्य-एल1 ने सौर लपटों की तस्वीरें लीं

बेंगलुरु, एजेंसी

इसरो के आदित्य-एल1 अंतरिक्ष यान के दो रिमोट सेंसिंग उपकरणों ने हाल ही में हुए सौर लपटों की तस्वीरें कैद कीं। अंतरिक्ष एजेंसी ने सोमवार को यह जानकारी दी। भारत का पहला सौर मिशन आदित्य-एल1 इस साल छह जनवरी को लैग्रेंजियन बिंदु (एल1) पर पहुंचा। यह अभियान दो सितंबर, 2023 को शुरू हुआ था, जिसके 127 दिन बाद उपकरणों ने ये तस्वीरें भेजी हैं।

एल1 पृथ्वी से 15 लाख किमी दूर स्थित है और लगातार सूर्य की तस्वीरें ली जा रही हैं। इसरो ने एक बयान में बताया कि 'सोलर अल्ट्रा वॉयलेट इमेजिंग टेलीस्कोप' (एसयूआईटी) और 'विजिबल एमिशन लाइन कोरोनाग्राफ' (वीईएलसी) ने मई 2024 के दौरान सूर्य की गतिशील गतिविधियों की तस्वीरें लीं। कोरोनल मास इजेक्शन' (सीएमई) से जुड़े कई एक्स-क्लास और एम-क्लास फ्लेयर्स, जो महत्वपूर्ण भू-चुंबकीय तूफानों को जन्म देते हैं, रिकॉर्ड किए गए। सूर्य के सक्रिय क्षेत्र में आठ से 15 मई के सप्ताह के दौरान कई बार सौर लपटे उठीं।

माता-पिता व अन्य आरोपी 14 तक पुलिस हिरासत में

पुणे। महाराष्ट्र में पुणे की एक अदालत ने पोर्श कार दुर्घटना में कथित रूप से शामिल 17 वर्षीय लड़के के माता-पिता और एक अन्य आरोपी की पुलिस हिरासत 14 जून तक बढ़ा दी। इन पर सबूतों को नष्ट करने का आरोप है।

पुणे कार दुर्घटना

नाबालिग आरोपी के पिता विशाल अग्रवाल और मां शिवानी अग्रवाल को किशोर के रक्त के नमूने बदलने में उनकी संदिग्ध भूमिका के मामले में गिरफ्तार किया गया था। विशाल अग्रवाल रियल एस्टेट कारोबारी हैं। कल्याणी नगर में 19 मई को हुई दुर्घटना के समय किशोर कथित रूप से नशे में था। इस घटना में मोटरसाइकिल सवार दो आईटी पेशेवरों की जान चली गई थी।

प्रकृति का रूप

दक्षिण-पश्चिमी आइसलैंड में तटीय शहर ग्रिंडाविक के करीब लाल लावा उगल रहा एक ज्वालामुखी। ● एजेंसी

इजरायली सेना ने की दो फिलिस्तीनियों की हत्या

रामल्ला, एजेंसी

- वेस्ट बैंक के शहर तुबास और तुलकर्म में दिया घटना को अंजाम

वेस्ट बैंक में दो अलग-अलग घटनाओं में सोमवार को इजरायली गोलीबारी में एक किशोर सहित दो फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। यह जानकारी फिलिस्तीनी सूत्रों ने दी। एक बयान में, फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने पुष्टि किया कि 15 वर्षीय लड़का महमूद नबरीसी उत्तरी वेस्ट बैंक शहर तुबास के पास अल-फारा शरणार्थी शिविर में मारा गया।

फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने कहा कि एक इजरायली विशेष बल इकाई ने वांछित लोगों को गिरफ्तार करने के लिए शिविर पर धावा बोल दिया, जिसके बाद फिलिस्तीनी युवाओं के साथ उनका हिंसक टकराव हुआ। एक फिलिस्तीनी चिकित्सा सूत्र ने शिन्हुआ से कहा कि नबरीसी ने तुबास के सरकारी अस्पताल में दम तोड़ दिया जबकि पांच अन्य घायल युवकों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

इस बीच, उत्तरी वेस्ट बैंक शहर तुलकर्म के पूर्व में धनाना उपनगर में यूसुफ अब्देल दायेम नामक एक 21 वर्षीय व्यक्ति की कथित रूप से हत्या कर दी गई। स्थानीय सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि इजरायली सेना बलों ने उपनगर पर धावा बोला, कई घरों पर छापा मारा और तलाशी ली।और स्थानीय फिलिस्तीनियों पर गोलियां चलाईं।

एक नजर

अफगानिस्तान में सड़क हादसे में चार की मौत

फैजाबाद। अफगानिस्तान के उत्तरी प्रांत बदख्शां में एक यात्री वाहन के घाटी में गिर जाने से चार लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गये। प्रांतीय सूचना एवं संस्कृति निदेशक हिकमतुल्लाह मोहम्मदी ने बताया कि यह दुर्घटना रविवार रात प्रांत के यफ्ताल-ए-पायन जिले में हुई। वाहन रगिस्तान जिले से बदख्शां प्रांत की राजधानी फैजाबाद शहर लौट रहा था। उसी दौरान, वाहन सड़क से फिसलकर घाटी में पलट गया। इसमें चार लोगों की मौत हो गयी और सात लोग घायल हो गये। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

गैंट्ज़ ने आपातकालीन सरकार से इस्तीफा दिया

यरूशलम। इजरायल में युद्ध कैबिनेट के सदस्य बेनी गैंट्ज़ ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की आपातकालीन सरकार से इस्तीफा दे दिया है। गैंट्ज़ ने रविवार को एक टेलीविज़न संबोधन में कहा, नेतन्याहू हमें सच्ची जीत की ओर बढ़ने से रोक रहे हैं। यही कारण है कि हम भारी मन से लेकिन पूरे आत्मविश्वास के साथ आज आपातकालीन सरकार छोड़ रहे हैं। उन्होंने नेतन्याहू से शीघ्र चुनाव की तारीख तय करने का भी आह्वान किया। गैंट्ज ने मई के मध्य में कहा कि अगर आठ जून तक गाजा पट्टी में सैन्य अभियान की नई योजना नहीं अपनाई गई तो वह आपातकालीन सरकार से इस्तीफा दे देंगे।

कनाडा में भारतीय मूल के व्यक्ति की हत्या

ओटावा। कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में 28 वर्षीय भारतीय मूल के एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है और उन पर हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। हत्या के मामलों की जांच करने वाली रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस की इकाई ने पीड़ित की पहचान युवराज गोयल के रूप में की है। उसने बताया कि पुलिस शुक्रवार सुबह सरे में गोलीबारी की सूचना मिलने पर जब घटनास्थल पर पहुंची तो उसे वहां गोयल का शव मिला। ग्लोबल न्यूज ने मृतक की बहन चारु सिंघला के हवाले से बताया कि उसका भाई सरे में कार बेचने वाले एक शोरूम में काम करता था। उसने कहा कि परिवार को नहीं पता कि युवरात की हत्या क्यों की गई।

आईजी ने की सुरक्षा की समीक्षा

अमरनाथ यात्रा शुरू होने में एक पखवाड़ा शेष, रविवार को रियासी में हुआ था आतंकी हमला

श्रीनगर, वार्ता

- मध्य कश्मीर के गंदेरबल जिले के बालटाल और दक्षिण कश्मीर के पहलगाम से शुरू होगी यात्रा
- मेला खीर भवानी और ईद-उल-अजहा के लिए सुरक्षा व्यवस्था पर भी चर्चा की गई

वार्षिक अमरनाथ यात्रा शुरू में सिर्फ एक पखवाड़ा शेष रह गया है, जिसके मद्देनजर कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक वीके बिरदी ने सोमवार को यहां सुरक्षा की समीक्षा की। यह बैठक इसलिए भी अहम थी, क्योंकि और रविवार शाम जम्मू के रियासी में हुए आतंवादी हमले में नौ तीर्थयात्रियों की हत्या हुयी थी।

अमरनाथ यात्रा 29 जून से मध्य कश्मीर के गंदेरबल जिले के बालटाल और दक्षिण कश्मीर के पहलगाम के दोहरे मार्गों से शुरू होगी। बैठक में इस महीने मनाए जाने वाले मेला खीर भवानी और ईद-उल-अजहा के लिए सुरक्षा व्यवस्था पर भी चर्चा की गई। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) ने अधिकारियों को ड्रोन और सीसीटीवी का उपयोग करके असामाजिक/राष्ट्रविरोधी तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने और चौबीसों घंटे नाका/कटऑफ प्वाइंट स्थापित करने का निर्देश दिया। उन्होंने विशिष्ट खुफिया जानकारी उत्पन्न करके आतंकवाद विरोधी ग्रिड को बढ़ाने और सभी जिलों में सीएएसओ/आतंकवाद विरोधी अभियानों को तेज करने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में क्षेत्र के उप महानिरीक्षक (डीआईजी), वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) और पीसीआर कश्मीर के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। इस दौरान एसएसपी गांदरबल ने 13 जून को मनाए जा रहे मेला खीर भवानी त्योहार और श्री अमरनाथ जी यात्रा -2024 की तैयारियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। अधिकारियों ने मेला खीर भवानी के लिए सावधानीपूर्वक योजना बनाई गई सुरक्षा व्यवस्था के बारे में विस्तार से बताया, जो जिला गांदरबल के अलावा कश्मीर घाटी में विभिन्न मंदिरों में होने वाला है।

युवा कांग्रेस ने कश्मीर में आतंकी हमले की निंदा की

नयी दिल्ली, एजेंसी। भारतीय युवा कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमले में मारे गए तीर्थयात्रियों को सोमवार को कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि दी। युवा कांग्रेस के श्रीनिवास बी.वी. ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में श्रद्धालुओं से भरी बस पर आतंकियों द्वारा कायराना हमला बेहद दुखद, शर्मनाक और निंदनीय है। उन्होंने दावा किया, पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी हमले की निंदा करने के बजाय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पाकिस्तानी प्रधानमंत्री की शुभकामनाएं स्वीकार करने में व्यस्त हैं। कहा कि इधर उधर की बात न करते हुए कड़े से कड़े कदम उठाएं।

आतंकवादी समूहों ने ली जिम्मेदारी, फिर पलटे

जम्मू, एजेंसी। प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े तीन छद्म समूहों ने रविवार को जम्मू में तीर्थयात्रियों पर हुए हमले की जिम्मेदारी ली है। हालांकि हमले में दो साल के बच्चे समेत नौ लोगों की मौत को लेकर व्यापक निंदा और आक्रोश के बाद समूहों ने तुरंत अपने बयान वापस ले लिए। अधिकारियों ने बताया कि (जैश से जुड़े) पीपुल्स एंटी-फासिस्ट फोर्स (पीएएफएफ), रिवाइवल ऑफ रेजिस्टेंस और (लश्कर-ए-तैयबा से संबद्ध) द रेजिस्टेंस फ्रंट ने शुरू में सोशल मीडिया पर रियासी में शिवखोड़ी से कटरा जा रही बस पर हमले में अपनी संलिप्तता का दावा किया था। हमलावरों ने पोनी क्षेत्र के तेरयाथ गांव के पास बस पर गोलीबारी की, जिससे वह एक खाई में गिर गई और नौ लोगों की मौत हो गई जबकि 41 अन्य घायल हो गए। पांच लोगों की गोली लगने से मौत हो गई, जबकि दस अन्य का फिलहाल जम्मू क्षेत्र के अस्पतालों में इलाज किया जा रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, हमले में खासतौर पर बच्चों के मारे जाने की व्यापक निंदा होने पर संदिग्ध समूहों ने तुरंत अपने बयान वापस ले लिए और इसके बजाय सरकारी एजेंसियों पर दोष मढ़ने का प्रयास किया।

दो जहाजों पर हूती विद्रोहियों का हमला

मनामा (बहरीन), एजेंसी

- एंटीगुआ एवं बारबूडा के झंडे वाले मालवाहक जहाज नॉर्दर्नी को मिसाइल से निशाना बनाया गया

यमन के हूती विद्रोहियों द्वारा अदन की खाड़ी में किये गये मिसाइल हमले में दो जहाजों को नुकसान पहुंचा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अमेरिकी सेना की मध्य कमान ने बताया कि रविवार देर रात एक जहाज रोधी बैलेस्टिक क्रूज मिसाइल से एंटीगुआ एवं बारबूडा के झंडे वाले मालवाहक जहाज नॉर्दर्नी को निशाना बनाया गया, जिससे जहाज पर आग लग गयी और उस पर सवार सभी लोगों को उतारना पड़ा। सेना ने कहा कि उस जहाज पर दो बार मिसाइल से हमला किया गया।

ब्रिटिश सेना के समुद्री व्यापार परिचालन केंद्र ने भी अदन के इस इलाके में हमले होने की सूचना देते हुए कहा कि नुकसान पर काबू पाने का प्रयास जारी है। हूती सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सारी ने रविवार को एक वीडियो संदेश जारी कर हमले की जिम्मेदारी ली और कहा कि जहाज को मिसाइलों और ड्रोन दोनों से निशाना बनाया गया। द एसोसिएटेड प्रेस द्वारा किये गये विश्लेषण से पता चला कि नॉर्दनी जहाज रविवार अपराह्न तक अदन की खाड़ी में था। हूती विद्रोहियों ने दूसरे हमले में बैलिस्टिक मिसाइल से अदन की खाड़ी में लाइबेरियाई ध्वज वाले मालवाहक जहाज ताविशी को निशाना बनाया।

सारी ने दावा किया कि हमला अरब सागर में किया गया हालांकि इसका कोई सबूत नहीं दिया गया है। आंकड़ों से पता चला कि हमले के समय ताविशी अदन की खाड़ी में था। मध्य कमान ने कहा, ताविशी को नुकसान हुआ है लेकिन वह आगे बढ़ रहा है। सेना ने कहा कि हूती द्वारा जहाज पर दागी गई दूसरी बैलिस्टिक मिसाइल को एक युद्धपोत ने गिरा दिया। सारी ने एक युद्धपोत पर भी हमले का दावा किया लेकिन इस हमले की पुष्टि नहीं हुई।

मैक्रों ने असेंबली को किया भंग

पेरिस, एजेंसी

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने 2024 के यूरोपीय संसद चुनावों में अपनी पार्टी की हार के बाद रविवार शाम नेशनल असेंबली को भंग करने की घोषणा की। स्थानीय मीडिया बीएफएमटीवी ने लाइव प्रसारण से यह जानकारी दी।

मैक्रों ने एक संक्षिप्त भाषण में कहा, मैंने वोट के माध्यम से आपको आपके संसदीय भविष्य का विकल्प वापस देने का फैसला किया है। इसलिए मैं नेशनल असेंबली को भंग कर रहा हूं। मैक्रों की पार्टी को यूरोपीय संसद चुनावों में 15.2 प्रतिशत वोट मिले, जबकि धुर दक्षिणपंथी नेशनल रैली को 31.8 प्रतिशत वोट मिले हैं।

यूक्रेन शांति शिखर सम्मेलन में 90 देश भाग लेंगे

बर्न (स्विटजरलैंड)। दो साल से अधिक समय से जारी रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच सप्ताहांत में स्विटजरलैंड की मेजबानी में आयोजित यूक्रेन शांति शिखर सम्मेलन में 90 देशों और संगठनों ने शामिल होने की पुष्टि की है, जबकि मॉस्को ने इसमें शरीक होने से इनकार कर दिया है। स्विटजरलैंड की राष्ट्रपति वियोला एमहर्ड ने सोमवार को संवाददाताओं को यह जानकारी दी। रूस के इनकार करने के बावजूद सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

मलावी के उपराष्ट्रपति चिलिमा को ले जा रहा विमान लापता

लिलोंग्वे, एजेंसी

- उपराष्ट्रपति सौलोस चिलिमा और नौ अन्य लोगों को लेकर जा रहा था मलावी रक्षा बल का विमान

मलावी के उपराष्ट्रपति सौलोस चिलिमा और नौ अन्य लोगों को लेकर जा रहा मलावी रक्षा बल का विमान सोमवार को लापता हो गया। मलावी के राष्ट्रपति एवं कैबिनेट के सचिव कोलीन ज़ांबा ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विमान सोमवार को स्थानीय समयानुसार पूर्वाह्न 10:02 बजे देश के उत्तर में स्थित म्जुज़ू हवाई अड्डे पर अपनी निर्धारित लैंडिंग करने में विफल रहा।

उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, विमान के रडार से गायब होने के बाद से विमानन अधिकारियों द्वारा उससे संपर्क करने की कोशिश की गयी, लेकिन सभी प्रयास अब तक विफल रहे हैं। मलावी के राष्ट्रपति लाजरस चकवेरा ने सभी क्षेत्रीय और राष्ट्रीय एजेंसियों को विमान का पता लगाने के लिए तत्काल खोज और बचाव अभियान चलाने का आदेश दिया है। उन्होंने बहामास के निर्धारित दौरे को भी रद्द कर दिया है, जहाँ वे अफ्रेक्सिमबैंक की एक बैठक में भाग लेने जा रहे थे। बताया जा रहा है कि चिलिमा पूर्व अटॉर्नी जनरल एवं न्याय मंत्री राल्फ कासाम्बारा के अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे।

शहबाज शरीफ ने मोदी को दी बधाई

इस्लामाबाद, एजेंसी

- अनुच्छेद 370 को समाप्त करने के बाद दोनों देशों के बीच सामान्य नहीं हैं संबंध

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सोमवार को नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर शुभकामनाएं दी। मोदी ने रविवार को रिकॉर्ड तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली।

शरीफ भारत के पड़ोसी देशों से एकमात्र प्रधानमंत्री हैं, जिन्हें शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित नहीं किया गया था। उन्होंने पाकिस्तान के सदाबहार मित्र चीन से लौटने पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के माध्यम से बधाई दी। पोस्ट में कहा, भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने पर नरेन्द्र मोदी को बधाई। पांच अगस्त 2019 को भारतीय संसद द्वारा अनुच्छेद 370 को समाप्त करने के बाद इस्लामाबाद ने नई दिल्ली के साथ अपने संबंधों को कमतर कर दिया था। तब से दोनों देशों के बीच संबंध सामान्य नहीं हैं। भारत ने लगातार कहा है कि वह पाकिस्तान के साथ सामान्य पड़ोसी के संबंध चाहता है।

सात सैनिकों की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सोमवार को देश से आतंकवाद को खत्म करने का संकल्प लिया। एक दिन पहले अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हुए आतंकवादी हमले में एक कैप्टन समेत सात सैनिकों की मौत हो गई थी।

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में जीप के नदी में गिरने से छह की मौत

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के नीलम जिले में एक जीप के नीलम नदी में गिरने से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई, दो घायल हो गये और 10 अन्य लापता हो गये। शिन्हुआ ने स्थानीय अधिकारियों का हवाला देते हुए सोमवार को यह जानकारी दी। बचाव सेवा ने बताया कि यह दुर्घटना रविवार को जिले के करीमाबाद इलाके के पास तब हुई, जब क्षतिग्रस्त सड़क पर चढ़ते समय जीप फिसल कर नदी में गिर गयी। स्थानीय लोगों ने पाकिस्तानी सेना के जवानों के साथ मिलकर बचाव अभियान चलाया। इस दौरान छह शव बरामद किए गए, जबकि लापता लोगों की तलाश अब भी जारी है।

पांच देशों के ब्रिक्स में शामिल होने पर भारत ने जताई खुशी

मॉस्को, एजेंसी

- रूस की ओर से आयोजित बैठक में देशों ने पहली बार लिया हिस्सा

भारत ने मिस्र, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सऊदी अरब और इथियोपिया के ब्रिक्स समूह में शामिल होने का स्वागत किया है। इन देशों के प्रतिनिधियों ने रूस की ओर से आयोजित ब्रिक्स की एक महत्वपूर्ण बैठक में पहली बार हिस्सा लिया।

भारत के वरिष्ठ राजनयिक दम्मू रवि ने पश्चिमी रूस के निजनी नोवगोरोद में आयोजित ब्रिक्स समूह के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, विस्तारित ब्रिक्स समूह के परिवार के प्रारूप में एक महत्वपूर्ण बैठक। भारत नए सदस्यों का तहे दिल से स्वागत करता है। सोमवार को हुई बैठक 2023 में ब्रिक्स के विस्तार के बाद पहली मंत्रिस्तरीय बैठक थी। मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात ब्रिक्स समूह के पूर्ण सदस्य बन गए हैं। ब्रिक्स में इससे पहले ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका पहले से इसके सदस्य हैं। आमतौर पर विदेश मंत्री ऐसी बैठकों में भाग लेते हैं। चूंकि एस जयशंकर को रविवार को शपथ ग्रहण समारोह के बाद सोमवार को ही विदेश मंत्री के रूप में फिर से नियुक्त किया गया था, इसलिए वे बैठक में भाग लेने के लिए रूस नहीं जा सके।

बॉलीवुड हलचल

रत्नाकर और अंजना की बड़की भाभी की शूटिंग शुरू

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा की लोकप्रिय अभिनेत्री अंजना सिंह और निर्माता रत्नाकर कुमार की आने वाली फिल्म बड़की भाभी की शूटिंग शुरू हो गई है। फिल्म बड़की भाभी की शूटिंग वाराणसी के खूबसूरत लोकेशन में की जा रही है। वर्ल्ड वाइड रिकॉर्ड के बैनर से बन रही फिलमची भोजपुरी से प्रस्तुत फिल्म बड़की भाभी एक पारिवारिक ड्रामा है, जिसमें अंजना सिंह अपने दमदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीतने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। यह महिला प्रधान फिल्म है। इस फिल्म में अंजना सिंह के साथ माही श्रीवास्तव और शालिनी श्रीवास्तव भी मुख्य भूमिका में हैं। अंजना सिंह ने कहा कि, मैं इस फिल्म को लेकर बहुत उत्साहित हूं। बड़की भाभी एक ऐसी कहानी है जो हर दर्शक को अपनी ओर आकर्षित करेगी। मुझे पूरा विश्वास है कि यह फिल्म दर्शकों को पसंद आएगी और हमारे मेहनत को सराहा जाएगा। रत्नाकर कुमार ने कहा कि हमारी कोशिश है कि हम भोजपुरी सिनेमा को एक नई उंचाई पर ले जायें। बड़की भाभी की कहानी और इसके किरदार दर्शकों के दिलों को छू लेंगे। यह फिल्म भी अनोखी और मनोरंजक है। उम्मीद है सबों को फिल्म पसंद आएगी।

कल्कि 2898 एडी से दीपिका पादुकोण का नया पोस्टर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण की आने वाली फिल्म कल्कि 2898 एडी से उनका पोस्टर रिलीज हो गया है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित सायंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। कल्कि 2898 एडी के निर्माताओं ने दीपिका पादुकोण का नया पोस्टर रिलीज किया है। इस पोस्टर में दीपिका बिखरे बाल, चेहरे पर शिकन लिए खड़े नजर आ रही हैं। वहीं, उनके पीछे कुछ लोग दिखाई दे रहे हैं, जो हाथों में तलवार और भाला लिए हुए हैं। पोस्टर को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए दीपिका ने कैप्शन में लिखा कि आशा की शुरुआत उसके साथ होती है। दीपिका के इस पोस्ट पर उनके पति और अभिनेता रणवीर सिंह ने भी रिएक्ट किया है। उन्होंने कमेंट करते हुए लिखा कि बूम, स्टनर।

जॉली एलएलबी-3 में काम करेंगी अमृता राव

मुबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री अमृता राव फिल्म जॉली एलएलबी-3 में काम करती नजर आयेंगी। अक्षय कुमार और अरशद वारसी स्टारर फिल्म जॉली एलएलबी-3 इन दिनों सुर्खियों में हैं। इस फिल्म की शूटिंग राजस्थान के अजमेर शुरू हो गयी है।अमृता राव को इस फिल्म से जोड़ दिया गया है। अमृता राव एक बार फिर अरशद वारसी के साथ काम करती नजर आएंगी। इससे पहले दोनों ने जॉली एलएलबी में साथ काम किया था। अमृता राव ने जॉली एलएली के पहले पार्ट में संध्या का किरदार निभाया था, जो वर्ष 2013 में रिलीज हुई थी। अमृता राव, जॉली एलएलबी 3 में अरशद की पत्नी के रूप में लौट रही हैं, जो पहले भाग से उनकी कहानी को जारी रखती है। इस फिल्म का निर्देशन सुभाष कपूर कर रहे हैं।

खगोल विज्ञान 7 हजार मिलियन वर्ष पहले पृथ्वी पर आया था बड़ा जलवायु परिवर्तन

कभी पूरी तरह बर्फ की चादर में लिपट गई थी पृथ्वी

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : हमारी धरती कितने विकट उतार चढ़ाव से गुजरी है, हम शायद ही इसकी कल्पना कर सकें। मगर पृथ्वी को एक बार ऐसे दौर से भी गुजरना पड़ा कि वह पूरी तरह बर्फ से ढक गई। जलवायु संबंधित ताजा शोध में बताया गया है कि सात हजार मिलियन वर्ष पहले पृथ्वी को यह मार झेलनी पड़ी थी।

इसे वैज्ञानिक भाषा में अर्थ स्नोबॉल कहा जाता है। इसकी वजह कार्बन डाइऑक्साइड गैस थी, जिसकी मात्रा में भारी कमी आ जाने के कारण जलवायु में जबरदस्त परिवर्तन आया और पूरी पृथ्वी बर्फ की चादर में लिपट गई। कार्बन डाइऑक्साइड ग्रीनहाउस गैस है, जो हमारी जलवायु को प्रभावित करने में बड़ा रोल अदा करती है। यदि इसकी मात्रा अधिक हुई तो वातावरण गर्म होने लगता है और कम होने से पृथ्वी अधिक ठंडी हो जाती है। वैज्ञानिकों का मानना है कि लगभग 700 मिलियन वर्ष पहले पृथ्वी में कार्बन डाइऑक्साइड की भारी कमी आई थी, जिसके परिणाम स्वरूप पृथ्वी बर्फ से जम गई।

बर्फ में ढकी पृथ्वी का काल्पनिक चित्र।

नए शोध से पता चलता है कि दोहरी जलवायु की मार ने स्नोबॉल अर्थ को जन्म दिया। कार्बन डाइऑक्साइड कमी की वजह टेक्टोनिक्स से ज्वालामुखीय विघटन को न्यूनतम कर दिया। उसी समय कनाडा के महाद्वीपीय ज्वालामुखीय ने कार्बन डाइऑक्साइड का उपभोग करना शुरू कर दिया और हिमाच्छादन शुरू हो गया। पृथ्वी को स्नोबॉल पृथ्वी में परिवर्तन में लाखों वर्ष लगे। साथ ही अपने स्वरूप में लौटने में भी इतना ही समय लग गया। जियोलॉजिकल सोसायटी ऑफ अमेरिका ने यह शोध किया है।

पृथ्वी की जलवायु परिवर्तन समझने के लिए शोध महत्वपूर्ण

नैनीताल : पृथ्वी में जलवायु परिवर्तनों के अध्ययन से हमें मानवजनित जलवायु परिवर्तन को समझने में मदद मिल सकती है। पृथ्वी के अतीत में हुए जलवायु परिवर्तन की तुलना में वर्तमान में हो रहा परिवर्तन दस गुना अधिक तेजी से हो रहा है। पूर्व में आए परिवर्तन प्राकृतिक थे, मगर वर्तमान जलवायु परिवर्तन की देन इंसान की है। जिसके भयानक परिणाम भविष्य में देखने को मिल सकते हैं।